फाल्गुन शुक्ल पक्ष चतुर्थी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 13 मार्च 2024
वर्ष -2, अंक -202, पृष्ठ - 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



नवाज के करीबी इशाक डार बने विदेश मंत्री 16

सेल्वराज की फिल्म में होंगे ध्रुव और अनुपमा 2

## एसबीआई ने निर्वाचन आयोग को सौंपा बॉण्ड का ब्योरा

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट ने 12 मार्च तक का दिया था समय

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुपालन में मंगलवार शाम को निर्वाचन आयोग को चुनावी बॉण्ड का विवरण सौंपा।

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को एसबीआई को 12 मार्च तक निर्वाचन आयोग को चुनावी बॉण्ड के विवरण सौंपने का आदेश दिया था। आदेश के मुताबिक, निर्वाचन आयोग को 15 मार्च शाम पांच बजे तक बैंक द्वारा साझा की गई जानकारी अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित करनी होगी। निर्वाचन आयोग ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि उच्चतम न्यायालय के 15 फरवरी और 11 मार्च, 2024 के आदेश के सिलसिले में एसबीआई ने निर्वाचन आयोग को चुनावी बॉण्ड पर विवरण सौंपा है। एसबीआई ने 2018 में योजना की शुरुआत के बाद से 30 किस्त में 16,518 करोड़ रुपये के चुनावी बॉण्ड जारी किए। हालांकि, उच्चतम न्यायालय ने 15 फरवरी को एक ऐतिहासिक फैसले में केंद्र की चुनावी बॉण्ड योजना को रद करते हुए इसे असंवैधानिक करार दिया था।

# अपनी विरासत को संजोते हुए तेजी से आगे बढ़ रहा प्रदेश : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- मुख्यमंत्री ने शहरी विकास से जुड़ी 11 हजार करोड़ की परियोजनाओं का किया लोकार्पण-शिलान्यास

**अमृत विचार** : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह नए भारत का नया उत्तर प्रदेश है, जो विकास भी करता है और विरासत को संरक्षित भी करता है। युवाओं के आजीविका की व्यवस्था करता है और आमजन की आस्था को सम्मान भी देता है। राज्य में सुरक्षा का बेहतर माहौल देता है तो समृद्धि के नित नए सोपान की ओर से अग्रसर करने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य भी करता है।

मुख्यमंत्री के मुताबिक, 2017 में 24 फीसदी आबादी नगरीय क्षेत्रों में रहती थी, आज यह आबादी 30 फीसदी है और आने वाले पांच वर्ष में यह आबादी 40 फीसदी पहुंचने वाली है। उन्होंने कहा कि पहले लोग केवल मनुष्य को कहते थे कि बड़ा स्मार्ट बन रहा है, लेकिन प्रधानमंत्री ने सिटी को भी स्मार्ट बना दिया। योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में नगर विकास विभाग की 11 हजार करोड़ रुपये की 3419 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। यहां योगी ने प्रदर्शनी-स्टॉल को देखकर नगर विकास विभाग की मार्गदर्शिका का भी विमोचन किया। विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित भी किया।

इस मौके पर केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर, कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना, एके शर्मा, राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु, महापौर सुषमा खर्कवाल, राज्यसभा सांसद बृजलाल, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा, रामचंद्र प्रधान, उमेश द्विवेदी, मोहसिन रजा, विधायक नीरज बोरा, योगेश शुक्ला, मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र आदि मौजूद रहे।

### प्रदेश को मिलीं तीन नई वंदे भारत, एक का हुआ विस्तार

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को वर्चुअल माध्यम से भारतीय रेलवे की 85 हजार करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी लखनऊ में अपने सरकारी आवास से वर्चुअली इस कार्यक्रम में शामिल रहे। योगी ने उप्र. में तीन नई वंदे भारत ट्रेनें शुरू करने के साथ ही लखनऊ-गोरखपुर वंदे भारत ट्रेन को प्रयागराज तक विस्तार देने के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताया। माना जा रहा है कि वंदे भारत ट्रेनों की संख्या बढ़ने से इन स्थानों पर यात्री अब और अधिक सुविधा के साथ अपने गंतव्य को पहुंच सकेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बार तो प्रयागराज कुंभ का मेला होने वाला है तो इसका और भी महत्व बढ़ जाएगा। मोदी ने आस्था स्पेशल ट्रेनों का भी जिक्र करते हुए कहा, आस्था स्पेशल ट्रेनें तो देश भर से रामभक्तों को अयोध्या तक ले जा रही हैं।

### सरकारी बसों की यात्रा और सुरक्षित व सुलभ

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने मंगलवार को परिवहन निगम मुख्यालय स्थित कमांड कंट्रोल सेंटर की शुरुआत की। इस कमांड कंट्रोल सेंटर के माध्यम से बसों की लाइव ट्रैकिंग, आपात स्थिति में रियलटाइम लोकेशन पर तत्काल सहायता समेत पैनिक बटनअलर्ट जैसी सुविधाएं मिलेंगी। इससे निगम की बसों को और अधिक सुरक्षित बनाने में मदद मिलेगी। मंगलवार को निगम द्वारा 3067 करोड़ रुपये की लागत से दस बस स्टेशनों के नव निर्माण और पुनर्निर्माण के कार्य का शिलान्यास किया गया, जबकि 1048 करोड़ की लागत से बने कमांड एंड कंट्रोल सेंटर और तीन अन्य बस स्टेशन का लोकार्पण भी किया गया।

## एक नजर

### संजय सिंह की याचिका पर 19 को सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि वह आम आदमी पार्टी (आप) के नेता संजय सिंह की एक याचिका पर 19 मार्च को सुनवाई करेगा, जिसमें उन्होंने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में जमानत देने से इनकार करने संबंधी दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से पेश वकील ने न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति, दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ को बताया कि वे सिंह की याचिका पर आज जवाब दाखिल करेंगे।

### चार राज्यों में 30 ठिकानों पर एनआईए का छापा


**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने आतंकवादियों और कुख्यात अपराधियों की साठगांठ के मामले की जांच के तहत मंगलवार को चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में छापे मारे। इस मामले में एनआईए द्वारा पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में 30 स्थानों पर बड़े पैमाने पर छापेमारी की कार्रवाई जारी है। एनआईए के एक प्रवक्ता ने पहले कहा था कि आतंकवाद और माफिया के इस प्रकार के नेटवर्क और उनकी मदद करने वाले बुनियादी ढांचे को नष्ट करने के अपने प्रयासों के तहत, एनआईए ने हालिया महीनों में कई लक्षित रणनीतियां अपनाई हैं।

**लोकसभा चुनाव से पहले हरियाणा की राजनीति में नाटकीय घटनाक्रम**

# खट्टर का इस्तीफा, सैनी बने हरियाणा के नए मुख्यमंत्री

## राज्यपाल दत्तात्रेय ने नई सरकार के पांच मंत्रियों को भी दिलाई शपथ

नई दिल्ली/चंडीगढ़, एजेंसी





आगामी लोकसभा चुनाव से पहले हरियाणा की राजनीति में मंगलवार को हुए एक नाटकीय घटनाक्रम में मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया और कुछ ही देर बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राज्य इकाई के अध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने राज्य के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। सैनी के साथ ही कंवरपाल गुर्जर, मूलचंद शर्मा, चौधरी रंजीत सिंह चौटाला, जय प्रकाश दलाल और बनवारी लाल ने मंत्री पद की शपथ ली। सैनी (54) को खट्टर का करीबी माना जाता है। अक्टूबर के अंत में मुख्यमंत्री के रूप में खट्टर का दूसरा कार्यकाल खत्म होना था।

इससे पहले, भाजपा विधायक दल की बैठक में सैनी को नेता चुना गया। बैठक में केंद्रीय पर्यवेक्षक के तौर पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ और हरियाणा मामलों के प्रभारी बिप्लब देब मौजूद थे।

नेता चुने जाने के बाद सैनी ने खट्टर और अन्य नेताओं के साथ राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से मुलाकात कर सरकार बनाने का दावा पेश किया। अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) से ताल्लुक रखने वाले सैनी कुरुक्षेत्र से सांसद हैं और पिछले साल अक्टूबर में ओम प्रकाश धनखड़ को हटाकर उन्हें प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। इस बदलाव को ओबीसी समुदाय पर अपनी पकड़ मजबूत करने के भाजपा के प्रयास के तौर पर देखा गया था। राज्य में सबसे अधिक आबादी जाट समुदाय की है। माना जाता है कि जाट वोट कांग्रेस, जननायक जनता पार्टी (जजपा) और इंडियन नेशनल लोकदल के बीच बंट जाता है।

### हरियाणा में राष्ट्रपति शासन लगाया जाए : हुड्डा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने मंगलवार को कहा कि प्रदेश में राष्ट्रपति शासन लगाने की जरूरत है, क्योंकि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार अपना नैतिक अधिकार खो चुकी है। उन्होंने मनोहर लाल खट्टर के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने से संबंधित घटनाक्रम का हवाला देते हुए यह दावा भी किया कि सत्ता विरोधी माहौल से बचने और लोगों का ध्यान भटकाने के लिए भाजपा और जननायक जनता पार्टी (जजपा) ने 'मिलीभगत' के तहत यह सब किया है।

### जजपा से लोकसभा की सीटों पर नहीं बनी बात

जजपा आगामी लोकसभा चुनाव में हिसार और भिवानी-महेंद्रगढ़ सीट से अपना उम्मीदवार उतारना चाह रही थी, लेकिन भाजपा दोनों सीट छोड़ने के लिए तैयार नहीं थी, क्योंकि पिछले लोकसभा चुनाव में उसने राज्य की सभी 10 सीट पर जीत हासिल की थी। दुष्यंत चौटाला ने सोमवार को भाजपा अध्यक्ष नड्डा के साथ सीटों के बंटवारे के सिलसिले में बातचीत भी की थी, लेकिन संभवतः वह विफल रही। इससे पहले कि गठबंधन टूटने को लेकर कोई औपचारिक घोषणा होती, भाजपा ने मुख्यमंत्री खट्टर का इस्तीफा दिला दिया और विधायक दल के नए नेता का चयन कर लिया। वर्तमान में, 90 सदस्यीय हरियाणा विधानसभा में भाजपा के 41 विधायक और जजपा के 10 विधायक हैं। इस गठबंधन को सात में से छह निर्दलीय विधायकों का भी समर्थन प्राप्त था।

## पहाड़ का टीला धसका, खदान में काम कर रहे चार श्रमिकों की मौत

संवाददाता, कबरई (महोबा)

- मलबे में दबे श्रमिकों को निकालने के लिए चलाया गया रेस्क्यू ऑपरेशन
- जिलाधिकारी, एसपी व खनिज विभाग के अफसर घटनास्थल पर पहुंचे
- हादसे के बाद मची चीख पुकार के बाद ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर हुई इकट्ठा

**अमृत विचार** : थाना कबरई के ग्राम पहरा में खनन कार्य करते समय अचानक पहाड़ का टीला धसक गया। मिट्टी और पत्थर के मलबे में दबने से खदान पर काम कर रहे तीन श्रमिकों की मौत हो गई जबकि एक श्रमिक ने जिला अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। तीन घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। दबे श्रमिकों को बाहर निकालने को बचाव कार्य किया जा रहा है। मलबे को हटाने के लिए जेसीबी, एलएनटी मशीनों को लगाया गया है। हादसे की जानकारी मिलते ही जिलाधिकारी मृदुल चौधरी, पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता और खनिज विभाग के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए।

ग्राम पहरा में धनराज सिंह निवासी कबरई का पहाड़ पर खनन चल रहा था। नीचे के हिस्से में आधा दर्जन से ज्यादा मजदूर काम कर रहे थे। ट्रैक्टर भी लगभग 100 फिट नीचे खदान से पत्थर लेने जा रहे थे। तभी अचानक खदान के ऊपरी हिस्से का टीला धसक कर नीचे काम कर रहे श्रमिकों पर जा गिरा। जिससे रामफूल 28 निवासी पहरा कबरई, प्रेमचंद्र कुशवाहा (19) निवासी घटेहरी व कुलदीप रैकवार निवासी नहदौरा की मलवे में दबने से घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि राम मिलन की जिला अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। मलबे में दबने से नीरज (26), अखिलेश (23) निवासी ग्राम पहरा घायल हो गए। रेस्क्यू टीम ने आनन-फानन में घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कबरई में भर्ती कराया।

पत्थर लेने जा रहा ट्रैक्टर भी मलवे में दब गया, जिससे खदान में भगदड़ मच गई। हादसा होने की खबर मिलते ही जिले के आला प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी मय फोर्स मौके पर पहुंच गए। दो घंटे तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर मृतकों और घायलों को बाहर निकाला गया। एक श्रमिक की तलाश के लिए ऑपरेशन शाम तक जारी रहा। हादसे के बाद मची चीख पुकार के बाद ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जमा हो गई। मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंचकर चीखने चिल्लाने लगे।

**हादसा**



मजदूर को मलबे से निकालकर ले जाते बचावकर्मी।

## कांग्रेस की दूसरी सूची जारी, दो पूर्व मुख्यमंत्रियों के बेटों को दिया टिकट

नई दिल्ली, ब्यूरो

**लोकसभा चुनाव**

- वैभव गहलोत जालौर, नकुलनाथ छिंदवाड़ा से लड़ेंगे चुनाव
- उत्तराखंड से प्रदीप टम्टा सहित तीन उम्मीदवारों के नाम घोषित

**अमृत विचार** : लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने राजस्थान एवं मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री के बेटों एवं हाल ही में भाजपा छोड़कर कांग्रेस में आए एक सांसद को टिकट दिया है। दूसरी सूची में 6 राज्यों के 43 नाम है। जिसमें उत्तराखंड, असम, मध्य प्रदेश, गुजरात, राजस्थान व दमन दीव शामिल हैं।

दूसरी सूची में मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के बेटे नकुल नाथ को छिंदवाड़ा से एवं राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत को जालौर से टिकट मिला है। उत्तराखंड के अल्मोड़ा सीट से प्रदीप टम्टा को फिर टिकट मिला है। भाजपा छोड़ कर कांग्रेस में आए सांसद राहुल कस्वा को चूरू से टिकट मिला है। बसपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष फूल सिंह बरैया को मध्य प्रदेश के भिंड से टिकट मिला है। केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक के बाद कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकारों के समक्ष सूची जारी करते हुए पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा है कि 43 उम्मीदवारों में 13 पिछड़ा वर्ग, 10 सामान्य, 10 अनुसूचित जाति, एवं 9 अनुसूचित जनजाति एवं एक मुस्लिम है। उत्तराखंड में अल्मोड़ा सुरक्षित सीट से प्रदीप टम्टा, पौड़ी गढ़वाल से गणेश गोदियाल एवं टिहरी गढ़वाल से जोत सिंह को टिकट दिया है। 43 उम्मीदवारों में उत्तराखंड से 3, मध्य प्रदेश एवं राजस्थान से 10-10, असम से 12, गुजरात से 7 एवं दमन दीव से एक उम्मीदवार का नाम है।

## नए मंत्रियों को मिले विभाग, ओमप्रकाश को अहमियत, दारा चौहान का कद घटा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- ओमप्रकाश को पंचायती राज के साथ हज व मुस्लिम वक्फ, दारा चौहान को मिला केवल कारागार
- कैबिनेट मंत्री योगेश शर्मा और अनिल कुमार को योगेश उपाध्याय से वापस लेकर दो विभाग सौंपे

**अमृत विचार** : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा चारों नए कैबिनेट मंत्रियों को विभाग सौंपने में मंगलवार को उनके कद का भी ध्यान रखा गया। सुभासपा प्रमुख ओमप्रकाश राजभर को पंचायती राज के साथ हज व मुस्लिम वक्फ विभाग देकर अहमियत दी तो दलबदल में माहिर दारा सिंह चौहान को कारागार विभाग देकर कद घटाया। कैबिनेट मंत्री योगेश शर्मा और अनिल कुमार को योगेश उपाध्याय से दो विभाग वापस लेकर सौंपा गया है। बंटवारे में धर्मपाल सिंह और धर्मवीर प्रजापति के विभाग भी प्रभावित हुए हैं।

राज्य सरकार ने बीते पांच मार्च को दूसरी बार मंत्रिमंडल विस्तार किया था। चार नए कैबिनेट मंत्री बनाए गए थे। मंगलवार को मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त मंत्रियों के विभागों का बंटवारा कर दिया। नए मंत्रियों में ओमप्रकाश राजभर को पंचायती राज, अल्पसंख्यक कल्याण और हज व मुस्लिम वक्फ विभाग सौंपा गया। दारा सिंह चौहान को कारागार विभाग। पहली बार मंत्री बने सुनील शर्मा को सूचना प्रौद्योगिकी व इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग और अनिल कुमार को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग दिया गया। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मवीर प्रजापति अब नागरिक सुरक्षा एवं होमगार्ड विभाग के मंत्री होंगे। सुभासपा प्रमुख ओमप्रकाश राजभर को दिया गया पंचायती राज विभाग पहले भूपेंद्र चौधरी के पास था, जिसे उन्होंने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने के बाद छोड़ दिया था।

**सीएए को सुप्रीम कोर्ट में दी चुनौती**

## मुस्लिमों को भी नागरिकता के आवेदन की मिले अनुमति

नई दिल्ली, एजेंसी



उच्चतम न्यायालय में मंगलवार को एक अर्जी दायर कर नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए), 2019 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं के शीर्ष अदालत के समक्ष लंबित रहने तक नागरिकता संशोधन नियम, 2024 के अमल पर रोक लगाने का केंद्र को निर्देश जारी करने का अनुरोध किया गया। 31 दिसंबर, 2014 से पहले बिना दस्तावेज के भारत आए पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान के गैर-मुस्लिम प्रवासियों के लिए त्वरित नागरिकता प्रदान करने से संबंधित नियमों को अधिसूचित करके सीएए लागू किए जाने के एक दिन बाद यह अर्जी दायर की गई है।

सीएए को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ताओं में से एक इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) ने अदालत से यह सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है कि पूर्व में दायर रिट याचिकाओं का निपटारा किए जाने तक मुस्लिम समुदाय से संबंधित लोगों के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई न की जाए। याचिका में केंद्र को यह निर्देश देने का शीर्ष अदालत से आग्रह किया गया है कि मुस्लिम समुदाय के लोगों को भी नागरिकता के लिए आवेदन करने की अस्थायी अनुमति दी जाए और उनकी पात्रता पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। 'डेमोक्रेटिक यूथ फेडरेशन ऑफ इंडिया' ने भी एक पृथक याचिका दायर करके सीएए पर रोक लगाने का अनुरोध किया है। शीर्ष अदालत पहले से ही सीएए की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली विभिन्न याचिकाओं पर विचार कर रही है।

### नागरिकता चाहने वालों के लिए पोर्टल लॉन्च

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने नागरिकता (संशोधन) अधिनियम 2019 के तहत भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन करने के पात्र लोगों के लिए मंगलवार को एक पोर्टल लॉन्च किया। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी।

### जल्द ही मोबाइल एप भी शुरू करेगा गृह मंत्रालय

केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने कहा है कि नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के नियमों के तहत भारत की नागरिकता के लिए आवेदन करने वाले लोगों की सहूलियत के लिए जल्द ही एक मोबाइल एप शुरू किया जाएगा। गृह मंत्रालय ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि इस अधिनियम के तहत नियमों के बारे में अधिसूचना जारी कर दी गई है।

## पोखरण भारत की आत्मनिर्भरता और विश्वास का गवाह

पोखरण (राजस्थान), एजेंसी

**भारत शक्ति : प्रधानमंत्री मोदी ने देखा तीनों सेनाओं की क्षमताओं का प्रदर्शन**



- स्वदेश निर्मित हथियारों ने दिखाई अपनी ताकत

राजस्थान में यहां मंगलवार को 'भारत शक्ति' अभ्यास के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पोखरण भारत की आत्मनिर्भरता, विश्वास और आत्म-गौरव का गवाह बन गया है। सेना के तीनों अंगों का समन्वित अभ्यास पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में करीब 50 मिनट तक हुआ, जहां भारत ने अपने स्वदेशी रक्षा उपकरणों की उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया।

हल्के लड़ाकू विमान तेजस ने आसमान में गर्जना की और अत्याधुनिक हल्के हेलीकॉप्टर एमके-4 ने उड़ान भरी, जबकि मुख्य लड़ाकू टैंक अर्जुन और के-9 वज्र, धनुष तथा सारंग तोपखाना प्रणालियों ने जमीन पर गोलाबारी की। पिनाक उपग्रह प्रणाली जैसे प्लेटफॉर्म और कई ड्रोन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि भारत शक्ति अभ्यास के दौरान आसमान में विमान की गर्जना और जमीन पर प्रदर्शित किया गया पराक्रम नए भारत का आह्वान है। उन्होंने याद किया कि यह पोखरण ही था, जहां अतीत में भारत का परमाणु परीक्षण किया गया। मोदी ने कहा कि पोखरण भारत की आत्मनिर्भरता, विश्वास और आत्म-गौरव का गवाह बन गया है।

यह अभ्यास जैसलमेर शहर से करीब 100 किलोमीटर की दूरी पर किया गया, जिस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी उपस्थित थे। रक्षा प्रतिष्ठान के सूत्रों ने कहा कि इतने व्यापक स्तर पर किया गया अपनी तरह का यह पहला अभ्यास है जो किसी (उत्तरी या पश्चिमी सीमा की) दिशा या किसी विरोधी के प्रति निर्देशित नहीं था। प्रधानमंत्री कार्यालय ने रविवार को कहा था कि यह स्वदेश में तैयार किए गए समाधानों के जरिए समकालिक और भविष्य की चुनौतियों का मुकाबला करने एवं उनसे निपटने की भारत की तैयारियों का एक स्पष्ट संकेत देते है। साथ ही भारत शक्ति वैश्विक स्तर पर देश की रक्षा क्षमताओं की मजबूती और इसमें नवाचार को प्रदर्शित करता है।

### लड़ाकू विमान तेजस क्रैश, पायलट सुरक्षित

**जैसलमेर/नई दिल्ली।** वायुसेना का एक हल्का लड़ाकू विमान तेजस मंगलवार को राजस्थान के जैसलमेर के नजदीक प्रशिक्षण उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वायुसेना ने बताया कि विमान का पायलट सुरक्षित बाहर निकल गया। दुर्घटना के कारण का पता लगाने के लिए जांच का आदेश दिया गया है। वायुसेना ने कहा कि दुर्घटना पोकरण से लगभग 100 किमी दूर हुई। यहां मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और शीर्ष सैन्य अधिकारियों की उपस्थिति में मेगा युद्ध अभ्यास 'भारत शक्ति' चल रहा था। सैन्य सूत्रों ने संकेत दिया कि तेजस जेट को इस अभ्यास का हिस्सा बनना था।

## ईडी ने लालू के करीबी के परिसरों पर छापे मारे

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद के परिवार के कथित करीबी सहयोगी अमित कात्याल द्वारा प्रवर्तित एक रियल्टी और शराब कंपनी के खिलाफ धनशोधन जांच के सिलसिले में मंगलवार को दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में विभिन्न परिसरों पर छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। कात्याल को पिछले वर्ष ईडी ने कथित नौकरी के बदले रेलवे भूमि घोटाले में गिरफ्तार किया था। इस घोटाले में प्रसाद, उनकी पत्नी राबड़ी देवी, बेटे और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, बेटी एवं सांसद मीसा भारती एवं कुछ अन्य कथित रूप से संलिप्त हैं।

## यशस्वी बने आईसीसी माह के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

दुबई, एजेंसी

भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन के बाद मंगलवार को फरवरी के लिए आईसीसी के महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार के लिए चुना गया। यशस्वी ने इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला में 712 रन बनाए, जो इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में किसी भारतीय बल्लेबाज की ओर से बनाया बड़ा स्कोर है।

उन्होंने दो दोहरे शतक और तीन अर्धशतक लगाकर भारत को 4-1 से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने राजकोट में दोहरी शतकीय पारी के दौरान 12 छक्के लगाकर टेस्ट की एक पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने के रिकॉर्ड की बराबरी की। जायसवाल ने आईसीसी का महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने जाने के बाद कहा कि मैं पुरस्कार पाकर खुश हूं और मुझे उम्मीद है कि भविष्य में मुझे और भी पुरस्कार मिलेंगे। यह मेरे लिए सर्वश्रेष्ठ और मेरी पहली श्रृंखला थी। मैंने वास्तव में इसका लुत्फ उठाया। मैंने अच्छा खेल दिखाया और हम श्रृंखला 4-1 से जीतने में सफल रहे। मेरे सभी साथी खिलाड़ियों के साथ यह मेरे लिए एक अविश्वसनीय अनुभव रहा है। उन्होंने विशाखापत्तनम में 219 रन की पारी खेलने के बाद राजकोट में नाबाद 214 रन बनाए थे।



### दो दोहरे शतक जड़ने वाले तीसरे युवा खिलाड़ी

दो दोहरे शतक जड़ने वाले वह डॉन ब्रैडमैन और विनोद कांबली के बाद दुनिया के तीसरे सबसे युवा खिलाड़ी बने। उन्होंने फरवरी में तीन टेस्ट मैचों में 112 की औसत से 560 रन बनाए, जिसमें 20 छक्के थे। जायसवाल ने न्यूजीलैंड के केन विलियमसन और श्रीलंका के पथुम निसांका को पछाड़ते हुए यह पुरस्कार जीता।

## मुंबई ने विदर्भ को दिया 538 रन का विशाल लक्ष्य

### मुशीर खान ने 136, श्रेयस अय्यर ने 95 और कप्तान अजिंक्य रहाणे ने 73 रन की खेली शानदार पारी

मुंबई, एजेंसी


मुशीर खान (136) के शतक के अलावा श्रेयस अय्यर (95) और कप्तान अजिंक्य रहाणे (73) के अर्धशतकों से मुंबई ने रणजी ट्रॉफी फाइनल के तीसरे दिन मंगलवार को विदर्भ को 538 रन का विशाल लक्ष्य दिया।



दिन का खेल खत्म होने तक विदर्भ ने बिना विकेट खोए 10 रन बना लिए हैं। ध्रुव शोरे सात और अथर्व ताइडे तीन रन बनाकर खेल रहे है। टीम को जीत के लिए 528 रन और बनाने हैं। मुंबई के बल्लेबाज मंगलवार को अधिक स्वच्छंद होकर खेले और टीम ने दूसरी पारी में 418 रन बनाए। मुंबई की पहली पारी के 224 रन के जवाब में विदर्भ ने पहली पारी में 105 रन ही बनाए और 119 रन से पिछड़ गए। मुंबई ने दिन की शुरुआत 2 विकेट पर 141 रन से की। रहाणे ने 58 रन से आगे खेलते हुए चौका जड़ा लेकिन हर्ष दुबे (5 विकेट) की गेंद पर विकेटकीपर अक्षय वाडकर को कैच दे बैठे। उन्होंने 143 गेंद पर पांच चौके और एक छक्का मारा। अय्यर ने 111 गेंद की पारी में 10 चौके और 3 छक्के मारे। उन्होंने मुशीर के साथ चौथे विकेट के लिए 168 रन की साझेदारी की। अय्यर शतक से सिर्फ 5 रन से चूक गए। उन्होंने आदित्य ठाकरे (1 विकेट) की गेंद पर लॉग ऑन पर अमन मोखाडे को कैच दे दिया। मुशीर ने बल्लेबाजी करते हुए आसानी से एक और दो रन जुटाए। उन्होंने खराब गेंद को सबक सिखाने में कोताही भी नहीं बरती। इस साल रणजी नॉकआउट मुकाबलों में नाबाद 203 और 55 रन की पारी खेलने वाले मुशीर ने मुंबई के मध्य क्रम को मजबूती दी और 326 गेंद पर 10 चौके मारे। दुबे ने पहली की तरह दूसरी पारी में भी मुशीर को पगबाधा किया। मुंबई के शम्स मुलानी ने 85 गेंद में 6 चौकों की मदद से नाबाद 50 रन बनाकर टीम की बढ़त को 500 रन के पार पहुंचाया।

## खेल डायरी

### रोनाल्डो के गोल के बावजूद बाहर हुआ अल नासर



**रियाद (सऊदी अरब), एजेंसी।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो के गोल के बावजूद अल नासर की टीम एशियाई चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में हार के बाहर हो गई। संयुक्त अरब अमीरात के अल ऐन के खिलाफ पहले चरण के मुकाबले में 0-1 की हार के बाद अल नासर ने सोमवार को दूसरे चरण का मुकाबला 4-3 से जीता। कुल स्कोर पर मुकाबला 4-4 से बराबर होने के बाद पेनल्टी शूट आउट में अल नासर को 1-3 से शिकस्त मिली। शूट आउट में मेजबान टीम की ओर से सिर्फ रोनाल्डो गोल कर पाए। रोनाल्डो ने नियमित समय में कई मौके गंवाए। एक बार तो वह सिर्फ दो मीटर की दूरी से गेंद को गोल में डालने में नाकाम रहे जबकि अल ऐन के गोलकीपर खालिद ईसा मैदान पर गिरे हुए थे।

### चेल्सी ने ईपीएल में न्यूकासल को हराया

**लंदन, एजेंसी।** कोल पाल्मर ने एक गोल करने के अलावा एक गोल करने में मदद की, जिससे चेल्सी ने इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में न्यूकासल को 3-2 से हराया। इंग्लैंड के मैनेजर गैरेथ साउथगेट की मौजूदगी में पाल्मर चेल्सी के लिए पांच मैच में गोल करने वाले छठे खिलाड़ी बने। पाल्मर ने 57वें मिनट में गोल दागा जो उनका सत्र का 11वां गोल है। वहीं निकोलस जैकसन (छठे मिनट) और मिखाइलो मुद्रिक (76वें मिनट) ने भी चेल्सी की ओर से गोल किए। न्यूकासल के एलेक्सांद्र आइसेक और जैकब मर्फी ने गोल दागे। इससे 10वें स्थान पर न्यूकासल और 11वें पर चेल्सी के बीच 4 अंक का अंतर अब सिर्फ एक अंक का रह गया है।

### उडिनेस ने सिरी ए में लाजियो को दी मात

**रोम, एजेंसी।** उडिनेस ने सिरी ए फुटबॉल टूर्नामेंट में यहां लाजियो को 2-1 से मात दी। उडिनेस की यह साल की सिर्फ दूसरी जीत है, लेकिन इसकी बदौलत वह निचली लीग में खिसकने वाली टीमों के समूह से बाहर आ गया है। टीम ने इस साल इससे पहले सिर्फ यूवेंटस को हराया था और संभावित 27 में से सिर्फ सात अंक जुटा पाई थी। इस जीत से उडिनेस चार स्थान के फायदे से 13वें स्थान पर पहुंच गया है जबकि लाजियो नौवें स्थान पर है। लोरेंजो लुका ने 47वें मिनट में उडिनेस को बढ़त दिलाई, लेकिन लाजियो ने दो मिनट बाद लॉटेरो जियानेटी के गोल से बराबरी हासिल की। ओएर जरागा ने 51वें मिनट में उडिनेस को 2-1 की बढ़त दिलाई जो निर्णायक स्कोर साबित हुआ।

### लुका नार्डी ने जोकोविच को हराकर किया उलटफेर



**इंडियन वेल्स (अमेरिका), एजेंसी।** लुका नार्डी ने शीर्ष वरीय नोवाक जोकोविच को बीएनपी परिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में 3 सेट तक चले कड़े मुकाबले में हराकर उलटफेर किया। दुनिया के 123वें नंबर के खिलाड़ी नार्डी ने जोकोविच को 6-4, 3-6, 6-3 से हराया। इटली के नार्डी ने 'लकी लूजर' के रूप में टूर्नामेंट के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई थी। लकी लूजर वह खिलाड़ी होता है जो क्वालीफाइंग के अंतिम दौर में हार जाता है लेकिन पहले दौर से पूर्व हटने वाले चोटिल खिलाड़ी के विकल्प के तौर पर उसे मौका मिलता है। नार्डी ने मुख्य ड्रॉ में टॉमस मार्टिन एचवेरी की जगह ली थी और उन्हें पहले दौर में बाई मिली थी। नार्डी ग्रैंडस्लैम या एटीपी मास्टर्स 1000 स्तर के टूर्नामेंट में जोकोविच को हराने वाले सबसे अधिक रैंकिंग वाले खिलाड़ी हैं। इससे पहले 2008 में मियामी के केविन एंडरसन ने जोकोविच को हराया था। महिला एकल में कोको गॉफ ने लूसिया ब्रोनजेटी को हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। गॉफ ने लूसिया के खिलाफ 6-2, 7-6 से जीत दर्ज की। उन्होंने 11 में से 10 ब्रेक प्वाइंट बचाए। इस जीत के साथ अमेरिका में गॉफ की जीत का क्रम 18 मैच तक पहुंच गया है, जिसमें पिछले साल अमेरिकी ओपन की जीत भी है। दो बार की ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन और दूसरी वरीय एरिना सबालेंका ने ऐमा राडुकानु को हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। पुरुष वर्ग में होल्गर रूने ने टूर्नामेंट में पहला मैच खेलते हुए लोरेंजो मुसेटी को हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। गेल मोनफिल्स ने कैमरन नोरी को तीन सेट में हराया जबकि अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज और टॉमी पॉल ने भी सीधे सेट में जीत दर्ज की।

## पंत आईपीएल के लिए फिट, दिल्ली के कप्तान के रूप में होगी वापसी

### बेहतर प्रदर्शन पर टी-20 विश्व कप के लिए राष्ट्रीय टीम में वापसी की संभावना

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को ऋषभ पंत को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के लिए फिट घोषित कर दिया, जिससे टी-20 विश्व कप के लिए राष्ट्रीय टीम में वापसी की उनकी संभावना बढ़ गई।

पंत को 14 महीने पहले कार दुर्घटना में चोटें लगी थीं। पंत आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान के रूप में वापसी करेंगे और विस्तृत रिहैबिलिटेशन से गुजरने के बाद 22 मार्च से शुरू हो रहे टूर्नामेंट में दोहरी जिम्मेदारी निभाने को तैयार हैं। इससे लीग में उनकी भूमिका को लेकर लग रही अटकलों पर भी विराम लग गया है। बीसीसीआई ने कहा कि 30 दिसंबर 2022 को उत्तराखंड के रूड़की में पास सड़क दुर्घटना में चोटिल होने के बाद 14 महीने के रिहैबिलिटेशन और उबरने की प्रक्रिया से गुजरने के बाद पंत को आईपीएल 2024 के लिए विकेटकीपर-बल्लेबाज के रूप में फिट घोषित किया गया है। टी-20 विश्व कप जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में होना है। कुछ हफ्ते पहले पंत ने कहा था कि उन्हें याद है कि डॉक्टर ने उनसे कहा कि ठीक होने में 16 से 18 महीने लगेंगे। मैंने कहा कि इसमें छह महीने कम कर दूंगा। राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) ने उन्हें एक हफ्ते पहले फिट घोषित किया था जब उन्होंने सभी फिटनेस परीक्षण पास किए थे। उन्होंने एनसीए द्वारा तैयार मैच जैसी स्थिति में लंबी बल्लेबाजी और लंबे समय तक विकेटकीपिंग की। ऐसी अटकलें थीं कि वह आईपीएल में केवल 'इम्पैक्ट प्लेयर' या बल्लेबाज के रूप में खेल सकते हैं लेकिन छह वर्षों में भारत के सबसे बड़े मैच विजेताओं में से एक पंत वापसी करने को तैयार हैं। पंत के विकेटकीपिंग का मतलब यह भी है कि अगर वह आईपीएल में प्रभावशाली पारियां खेल पाते हैं तो उनके पास टी-20 विश्व कप खेलने का मौका होगा। पंत पिछले साल आईपीएल नीलामी के दौरान कैपिटल्स के अधिकारियों के साथ मौजूद थे और दुर्घटना के बाद से वह एनसीए में फिटनेस पर काम कर रहे हैं। बीसीसीआई ने पुष्टि की कि गुजरात टाइटंस के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी एड़ी की सर्जरी से आईपीएल में नहीं खेल पाएंगे। उनके सितंबर से पहले वापसी की उम्मीद नहीं है। इस गेंदबाज की दाहिनी एड़ी की समस्या के लिए 26 फरवरी को सर्जरी हुई। बीसीसीआई की मेडिकल टीम उन पर नजर रख रही है और वह आईपीएल से बाहर हैं। मेडिकल टीम राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा पर भी नजर रखे हुए हैं। बीसीसीआई ने कहा कि तेज गेंदबाज की 23 फरवरी को बाईं जांघ की सर्जरी हुई।



### कोहली की आक्रामकता टीम को जरूरी जज्बा देती है: कुंबले



**बेंगलुरू।** पूर्व भारतीय कप्तान अनिल कुंबले स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के प्रदर्शन में निरंतरता से हैरान हैं और उनका मानना है कि मैदान पर उनकी आक्रामकता, वह जिस भी टीम के लिए खेलते हैं, उसे जरूरी जज्बा देती है। कुंबले इसे कोहली की बड़ी विरासत मानते हैं जो आईपीएल के सभी 16 सत्र में सिर्फ एक फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) से खेलने वाले खिलाड़ी हैं। कुंबले ने कहा कि मैं इसे प्रदर्शन में निरंतरता कहूंगा। जब मैं आरसीबी का हिस्सा था तो मैंने उसे आरसीबी में देखा था जहां अंडर-19 विश्व कप जीतने के बाद उसने टी-20 करियर की शुरुआत की थी। वह जिस तरह क्रिकेट खेलना चाहता है उस तरीके और सफेद गेंद के क्रिकेट में उसके प्रदर्शन में बदलाव आया। टेस्ट में हम उसकी महानता के बारे में जानते हैं।

## अंग्रेजी टीम कुलदीप के रहस्य सुलझाने में विफल: बॉयकॉट

लंदन, एजेंसी



महान बल्लेबाज ज्योफ बॉयकॉट ने कहा कि अंग्रेजी टीम के बल्लेबाजों की स्पिनर कुलदीप यादव से निपटने में विफलता टेस्ट श्रृंखला में भारत के खिलाफ करारी हार के मुख्य कारणों में से एक थी। इंग्लैंड ने 5 मैचों की श्रृंखला की शुरुआत हैदराबाद में जीत से की लेकिन श्रृंखला 1-4 से हार गई। कुलदीप ने आखिरी 4 मैच में 19 विकेट लिए।

बॉयकॉट ने कहा कि मैं हैरान था कि उनमें से कितने (बल्लेबाज) कुलदीप यादव को नहीं पढ़ सके और श्रृंखला के अंत तक भी समझदारी नहीं दिखा रहे थे। एक गेंदबाज आपके लिए शुरुआती कुछ मौकों पर ही रहस्य बन सकता है। उन्होंने कहा कि लेकिन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बल्लेबाजों को उनसे निपटने का तरीका ढूंढने में सक्षम होना चाहिए। बहुत से खिलाड़ी उसके खिलाफ कभी भी सहज नहीं दिखे और पिच पर ध्यान दिए बगैर उसका सामना करने का प्रयास किया। बॉयकॉट ने श्रृंखला में इंग्लैंड के बल्लेबाजों के अत्यधिक आक्रामक रवैये की भी आलोचना की। उन्होंने कहा कि इंग्लैंड के बल्लेबाज डिफेंस की अपनी क्षमता को लेकर आश्वस्त नहीं थे, खासकर बल्ले के चारों ओर क्षेत्ररक्षकों की मौजूदगी में, इसलिए उन्होंने इसके बजाय आक्रमण करना चाहा। यह विचार स्तरीय स्पिनरों के खिलाफ खतरे से भरा है।



टेस्ट क्रिकेट में 8114 रन बनाने वाले इंग्लैंड के पूर्व सलामी बल्लेबाज ने कहा कि यही कारण है कि हमने कुछ गलत तरीके से आउट होने वाले खिलाड़ी देखे। जैसे कि ओली पोप जो आगे बढ़कर खेलने की कोशिश में काफी दूरी से स्टंप आउट हुए और बेन डकेट भी अश्विन को आगे बढ़कर खेलते हुए बल्ले के निचले हिस्से पर गेंद लगने के बाद बोल्ड हुए।

## भारतीय पुरुष हॉकी टीम रैंकिंग में चौथे और महिला टीम नौवें स्थान पर

नई दिल्ली, एजेंसी

- एशियाई खेलों में स्वर्ण जीतकर पुरुष टीम ने पेरिस ओलंपिक में बनाई थी जगह

भारतीय पुरुष हॉकी टीम मंगलवार को जारी एफआईएच विश्व रैंकिंग में एक पायदान नीचे चौथे स्थान पर खिसक गई जबकि हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर्स में प्रभावशाली प्रदर्शन करने वाला जर्मनी तीसरे स्थान पर है।

भारत के 2761 रैंकिंग अंक हैं। उसने पिछले साल एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीत कर पेरिस ओलंपिक में जगह बना दी थी और इस कारण ओलंपिक क्वालीफायर्स में हिस्सा नहीं लिया। जर्मनी (2786) ओमान में खेले गए ओलंपिक क्वालीफायर्स में अजेय था। नीदरलैंड (3060) शीर्ष पर है। उसके बाद बेल्जियम (2848), जर्मनी, भारत और ऑस्ट्रेलिया (2757) है। ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड (2720) को पीछे छोड़ पांचवा स्थान पाया। अर्जेंटीना (2524) और स्पेन (2296) सातवें और आठवें हैं। फ्रांस (2085) और न्यूजीलैंड (2025) शीर्ष 10 में दो अन्य टीम हैं। महिलाओं की रैंकिंग में ओलंपिक क्वालीफाई करने में नाकाम रही भारत नौवें स्थान पर है। नीदरलैंड शीर्ष पर, उसके बाद अर्जेंटीना, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया, बेल्जियम, इंग्लैंड, स्पेन और चीन है।

## ली के मुकाबले से हटने पर सिंधू दूसरे दौर में

बर्मिंघम, एजेंसी

**ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप**

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता भारत की पीवी सिंधू ने मंगलवार को यहां जर्मनी की यिवोनी ली के पहले दौर के मुकाबले के बीच से हटने पर ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के महिला एकल के दूसरे दौर में जगह बनाई।

पूर्व विश्व चैंपियन और दुनिया की 11वें नंबर की खिलाड़ी सिंधू ने पहला गेम 21-10 से जीता, जिसके बाद दुनिया की 26वें नंबर की खिलाड़ी ली ने मुकाबले से हटने का फैसला किया। हैदराबाद की 28 साल की सिंधू अगले दौर में कोरिया की आन से यंग से भिड़ेंगी, जिनके खिलाफ उन्होंने अब तक सभी छह मुकाबले गंवाए हैं। सिंधू कोरियाई खिलाड़ी के खिलाफ सिर्फ एक बार गेम जीतने में सफल रही हैं और उन्होंने पिछले साल दुबई में एशियाई चैंपियनशिप के दौरान दोनों खिलाड़ियों के बीच पिछली बार हुए मुकाबले में ऐसा किया था। दाएं घुटने की चोट से उबर रहीं आन से ने रविवार को फ्रेंच ओपन के रूप में सत्र का अपना दूसरा खिताब जीता था।



सिंधू ने ली के खिलाफ अच्छी शुरुआत की और 4-4 के स्कोर के बाद लगातार अंक बनाते हुए ब्रेक तक 11-7 से आगे हो गईं। भारतीय खिलाड़ी ने इसके बाद आसानी से अंक जुटाए। ली ने नेट पर सर्विस मारकर सिंधू को 11 गेम प्वाइंट दिए। जर्मनी की खिलाड़ी ने इसके बाद बाहर शॉट मारकर पहला गेम सिंधू की झोली में डाल दिया।

# बॉलीवुड हलचल

## सिद्धार्थ की फिल्म योद्धा का गाना तिरंगा रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्म योद्धा का गाना तिरंगा रिलीज हो गया है। सागर आम्ब्रे और पुष्कर ओझा के निर्देशन में बनी योद्धा का निर्माण करण जौहर ने किया है। योद्धा का गाना तिरंगा रिलीज हो गया है। यह देशभक्ति गाना अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा के राष्ट्र के प्रति अटूट प्रेम और समर्पण को दर्शाता है। गाने को बी प्राक ने अपनी आवाज दी है और इसे कंपोज तनिष्क बागची ने किया है। वहीं, इसके लिरिक्स मनोज मुंतशिर शुक्ला ने लिखे हैं। फिल्म योद्धा में सिद्धार्थ मल्होत्रा, दिशा पाटनी और राशी खन्ना की अहम भूमिका है। यह एक एक्शन फिल्म है। फिल्म योद्धा इस साल 15 मार्च को रिलीज होगी।

## काजमी की सामाजिक मानदंडों को चुनौती देने वाली फिल्म बैंडिट शकुंतला




**मुंबई, एजेंसी।** फिल्मकार हैदर काजमी की फिल्म बैंडिट शकुंतला का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म का ट्रेलर डायमेंशन म्यूजिक के ऑफिसियल यूट्यूब से रिलीज किया गया है। इसके निर्माता लियाकत गोला, उपेन्द्र कुमार, पिंटू कुमार, शरवन प्रसाद, हैदर काजमी हैं। यह फिल्म बिहार की शकुंतला देवी के जीवन पर आधारित है। दिलचस्प बात यह है कि शकुंतला देवी खुद मुख्य किरदार में है। इस फिल्म की शूटिंग बिहार के जहानाबाद जिला स्थित काको पाली गांव में हुई है। हैदर काजमी ने कहा कि फिल्म की झलक जनता ट्रेलर के माध्यम से देख सकती है। उन्होंने कहा कि बैंडिट शकुंतला सिर्फ एक फिल्म नहीं है, यह अदम्य का प्रमाण है ऐसे व्यक्तियों की भावना जो सामाजिक मानदंडों को चुनौती देने और प्रतिकूल परिस्थितियों के बीच अपना रास्ता खोजने का साहस करते हैं, अंतर्राष्ट्रीय आलोचकों ने फिल्म को पसंद किया है।

## सेल्वराज की फिल्म में होंगे ध्रुव और अनुपमा

**मुंबई, एजेंसी।** अप्लॉज एंटरटेनमेंट प्रस्तुत और मारी सेल्वराज निर्देशित अन्टाइटल्ड प्रोजेक्ट में ध्रुव विक्रम और अनुपमा परमेश्वरन की मुख्य भूमिका होगी। अपनी पहली तमिल फिल्म पोर थोज़िल की सफलता के बाद, अप्लॉज एंटरटेनमेंट फिल्म निर्माता पा रंजीत और अदिति आनंद के साथ मल्टी फिल्म पार्टनरशिप की घोषणा कर रोमांचित हैं। इसके अंतर्गत सबसे पहला प्रोजेक्ट एक स्पोर्ट ड्रामा होगा, जिसका निर्देशन मारी सेल्वराज कर रहे हैं। इस ड्रामा में एक युवा व्यक्ति के जीवन के साहस, धैर्य और महिमा की कहानी को दर्शाया जाएगा। इस फिल्म में सुपरस्टार अभिनेता चियान विक्रम के बेटे ध्रुव विक्रम ने मुख्य भूमिका में हैं। उनके साथ अनुपमा परमेश्वरन नजर आएंगी। समीर नायर, प्रबंध निदेशक, अप्लॉज एंटरटेनमेंट ने कहा, नीलम स्टूडियोज के साथ हमारा कलेबॉरशन अप्लॉज एंटरटेनमेंट के लिए एक रोमांचक अध्याय का प्रतीक है। एक एक्सट्राऑडिनारी स्पोर्ट्स ड्रामा के साथ शुरू होने वाली यह साझेदारी, प्रभावशाली कथाओं को बुनने की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। पा रंजीत और मारी सेल्वराज जैसी प्रतिभा को एक साथ लाना, एक प्रतिभाशाली समूह द्वारा समर्थित, हमारे लिए साउथ इंडियन सिनेमा की जीवंत दुनिया में एक महत्वपूर्ण स्थान बनाने की नींव रखती है। नीलम स्टूडियोज के पा रंजीत और अदिति आनंद का मानना है कि पेरीयेरम पेरुमल की सफलता के बाद नीलम स्टूडियोज इस परियोजना पर मारी सेल्वराज के साथ साझेदारी करने के लिए बहुत उत्साहित है। हम सार्थक सिनेमा और प्रामाणिक कहानियों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए अप्लॉज एंटरटेनमेंट के साथ सहयोग करके बेहद खुश हैं। निर्देशक मारी सेल्वराज ने कहा, पा रंजीत अन्ना के साथ मेरी पहली फिल्म पेरीयेरुम पेरुमल थी। यही एक प्रमुख कारण था कि फिल्म इतनी मजबूत ऊंचाइयों तक पहुंची। यह मेरी अगली फिल्मों के लिए भी एक महत्वपूर्ण कदम था। मैं अपनी 5वीं फिल्म के लिए एक और मजबूत साथी - अप्लॉज एंटरटेनमेंट के साथ एक बार फिर काम करने के लिए बेहद उत्साहित हूं।



## भोजपुरी फिल्म फसल का गाना मरून कलर सड़िया रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी स्टार दिनेश लाल यादव निरहुआ और आम्रपाली दुबे की फिल्म फसल का गाना मरून कलर सड़िया का वर्ल्डवाइड रिकॉड्र्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज कर दिया गया है। गाने के वीडियो में दिखाया गया है कि किस तरह से एक किसान अपनी बीवी की खूबसूरती की तारीफ कर रहा है। इस गाने में पति-पत्नी बने निरहुआ और आम्रपाली ने सबका दिल जीत लिया है। किसान बने निरहुआ प्यार भरी नजरों से आम्रपाली को निहार रहे हैं। उन्हें ऐसी नजर से ताकते हुए देखकर आम्रपाली कह रही हैं कि देखतानी मीठी मीठी मुस्की तू मारा तारा, टुक टुक काहे निहारा तारा, काथी तोरा मन मे साँवरिया हो तब दिनेश लाल यादव निरहुआ कहते हैं कि हटे हटावले ना हटे नजरिया हो, जन मारे जान हमर मारून कलर सड़िया हो मन कर कस लिहिं भरि अकवरिया हो, जन मारे जान हमर मारून कलर सड़िया हो मरून कलर सड़िया गाने को कल्पना पटवारी और नीलकमल सिंह ने गाया है। गीत प्यारेलाल यादव कवि ने लिखा है और संगीत ओझा ने दिया है। श्रेयस फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले बनी भोजपुरी फिल्म के निर्माता प्रेम राय हैं और निर्देशन पराग पाटिल ने किया है। फसल की कहानी पराग पाटिल ने लिखी है, जबकि पटकथा एवं संवाद राकेश त्रिपाठी एवं पराग पाटिल ने लिखे हैं। फिल्म के गीत अरविंद तिवारी, प्यारेलाल यादव, विमल बावरा एवं विजय चौहान ने लिखे हैं, जिन्हें ओम झा एवं आर्या शर्मा ने संगीतबद्ध किया है। आलोक कुमार, कल्पना पटवारी, नीलकमल सिंह, प्रिया सिंह राजपूत, ममता राउत एवं शिल्पी राज ने गाने गाए हैं। फिल्म फसल के सह निर्माता सतीश आशवानी हैं। फिल्म की सिनेमेटोग्राफी साहिल जे अंसारी ने की है, वहीं मारधाड़ का पक्ष हीरा यादव ने देखा है।

## ए आर मुरुगदोस की फिल्म में काम करेंगे सलमान खान

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान दक्षिण भारतीय फिल्मों के निर्देशक ए आर मुरुगदोस की फिल्म में नजर आ सकते हैं। ए आर मुरुगदोस ने आमिर खान को लेकर सुपरहिट फिल्म गजनी बनाई थी। अब सलमान खान, ए आर मुरुगदोस की फिल्म में काम करने जा रहे हैं। सलमान ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी अगली फिल्म की घोषणा की है। उन्होंने एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, ए आर मुरुगदोस और मेरे दोस्त साजिद नाडियाडवाला को अगले एक्साइटिंग प्रोजेक्ट में ज्वाइन करके बेहद खुश हूं। ये कोलाब्रेशन बहुत ही स्पेशल है, इस सफर में आपका प्यार और ढेर सारा आशीर्वाद चाहिए। ईद 2025 में रिलीज हो रही है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com. आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### घर में महिला को सांप ने डसा, हैलट रेफर

**रसूलाबाद।** क्षेत्र के भगवंतपुर कहिंजरी गांव के रहने वाले दयाशंकर की पत्नी सुनीता देवी (28) मंगलवार को घर में काम कर रही थी, तभी सांप ने उनके हाथ में डस लिया। परिजन आनन-फानन उन्हें लेकर उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां ईएमओ डॉ. सौरभ शाक्य ने हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद हैलट कानपुर के लिए रेफर कर दिया। हालत गंभीर बताई जा रही है।

### मंदिर से चांदी का मुकुट दानपेटी व घंटे चोरी

**रूरा।** थाना क्षेत्र के रोशनमऊ गांव स्थित शिव मंदिर से सोमवार रात चोरों ने देवी की मूर्ति में लगा चांदी का कीमती मुकुट, पीतल के घंटे व दान पेटी पार कर दी। मंगलवार सुबह जब ग्रामीण मंदिर में पूजा करने पहुंचे तो उन्हें चोरी की जानकारी मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू की। दानपेटी कुछ दूर गेहूं के खेतों में पड़ी मिली, जिसका ताला टूटा था। थानाध्यक्ष देवनारायण ने बताया कि मामले में संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है।

# रूरा और झींझक को दो-दो ट्रेनों की सौगात

## रूरा में टाटानगर-जम्मू तवी व पटना-कोटा, पुखरायां में गोरखपुर-बांद्रा व लोकमान्य तिलक-गोरखपुर एक्सप्रेस रुकेगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात



पुखरायां रेलवे स्टेशन। अमृत विचार

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव से पहले दिल्ली-हावड़ा रूट के रूरा स्टेशन और कानपुर-झांसी ट्रैक के पुखरायां स्टेशन को दो-दो ट्रेनों के ठहराव की सौगात मिली है। इससे यात्रियों को आवागमन में कानपुर सेंट्रल समेत अन्य रेलवे स्टेशनों की भाग-दौड़ नहीं करनी पड़ेगी। ट्रेनों का ठहराव होने पर लोगों ने खुशी जताई है।

कोरोना काल से पहले दिल्ली-हावड़ा रेल लाइन के रूरा रेलवे स्टेशन और कानपुर-झांसी लाइन के पुखरायां स्टेशन पर कई महत्वपूर्ण ट्रेनों का ठहराव होता था, लेकिन कोरोना महामारी को देखते हुए ट्रेनों का ठहराव बंद कर दिया गया था। संक्रमण काल बीतने के बाद भी ट्रेनों का ठहराव शुरू न होने पर लोगों को दूरी की यात्रा करने में दिक्कत उठानी पड़ रही थी। जनपदवासी काफी समय से अकबरपुर सांसद देवेंद्र सिंह भोले से ट्रेनों के ठहराव की मांग कर रहे थे, जिस पर सांसद ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र देकर ट्रेनों का स्टॉपेज शुरू करने की मांग की थी।

लोकसभा चुनाव से पहले रेलवे बोर्ड ने रूरा और पुखरायां स्टेशन पर दो-दो ट्रेनों के स्टॉपेज की हरी झंडी दे दी है। स्टेशन अधीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि रेलवे बोर्ड की ओर से रूरा स्टेशन पर अप व डाउन की टाटानगर-जम्मू तवी एक्सप्रेस व पटना-कोटा एक्सप्रेस का ठहराव होने संबंधी अधिकृत पत्र प्राप्त हो गया है। जल्द ही दोनों ट्रेनों का ठहराव शुरू होगा।

इसी तरह पुखरायां रेलवे स्टेशन पर अप व डाउन की गोरखपुर-बांद्रा टर्मिनल एक्सप्रेस व लोकमान्य तिलक टर्मिनल-गोरखपुर एक्सप्रेस का ठहराव किया गया है। अकबरपुर सांसद देवेंद्र सिंह भोले के प्रयास से जनपद के दोनों रेल खंडों के रूरा व झींझक स्टेशनों पर ट्रेनों का ठहराव होनेद पर जनता ने खुशी जताई है।

## रूरा स्टेशन में दुग्ध स्टाल चालू

संवाददाता, रूरा


रूरा स्टेशन पर दुग्ध स्टाल का लोकार्पण करतीं जिला पंचायत अध्यक्ष नीरज रानी और पूर्व सांसद अनिल शुक्ला वारसी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री ने रूरा रेलवे स्टेशन पर एक स्टेशन एक उत्पाद के तहत दुग्ध उत्पादों के लगाए गए स्टॉल का वर्चुअल माध्यम से लोकापर्ण किया। स्टॉल से दूध से निर्मित पेड़ा, मिल्क केक समेत अन्य मिठाईयों की निर्धारित रेट पर बिक्री की जाएगी।

मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 85 हजार करोड़ रुपये से अधिक की रेल परियोजनाओं का लोकापर्ण किया। जिसके क्रम में पीएम ने रूरा रेलवे स्टेशन पर एक स्टेशन एक उत्पाद के तहत लगे स्टाल का वर्चुअल माध्यम से राष्ट्र को समर्पित किया। इस दौरान विभिन्न स्कूलों से आए स्कूली छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। जिला पंचायत अध्यक्ष नीरज रानी व पूर्व सांसद अनिल शुक्ला वारसी ने लोकार्पण पट्ट का पर्दा हटाया। पूर्व सांसद ने कहा कि जिले के दुग्ध उत्पादों का देश भर में नाम हो। इसीलिए स्टॉल शुरू किया गया है। लोग शुद्ध मिठाई खरीद सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान स्टेशन अधीक्षक अशोक कुमार, स्टेशन मास्टर ज्ञानेंद्र पांडेय, रूरा थानाध्यक्ष देवनारायण, आरपीएफ प्रभारी अशोक, खजान सिंह आदि रहे।

## सार-संक्षेप



स्कूली बच्चों की बस को झंडी दिखाकर रवाना करते डीएम आलोक सिंह।

### डीएम ने स्कूली बच्चों को शैक्षिक भ्रमण पर किया रवाना

**कानपुर देहात।** बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शासन व प्रशासन द्वारा विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को डीएम आलोक सिंह व सीडीओ लक्ष्मी एन. ने सर्व शिक्षा अभियान के तहत एकदिवसीय शैक्षणिक भ्रमण के लिए परिषदीय स्कूलों के सौ बच्चों की बस को हरी झंडी दिखाकर कलेक्ट्रेट परिसर से रवाना किया। यह बस चिड़ियाघर, ग्रीनपार्क आदि स्थानों पर जाएगी। इसके माध्यम से बच्चों को देश की समृद्ध एवं पुरातन ऐतिहासिक स्मारक, धरोहर एवं भारतीय संस्कृति की समझ विकसित कर सकेंगे। इस मौके पर बीएसए रिद्धि पांडेय आदि उपस्थित रहे।


रूरा में मंगलवार को निकाली गई कलश यात्रा। अमृत विचार

### रूरा में कलश यात्रा के साथ श्रीविष्णु महायज्ञ शुरू

**रूरा।** थाना ग्राउंड में श्रीविष्णु महायज्ञ एवं मानस संगीत सम्मेलन मंगलवार से शुरू हो गया। जिसके चलते गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। आचार्य रामकेश त्रिपाठी ने विधिविधान से पूजन कराया। कलश यात्रा थाना ग्राउंड से चलकर रूरा नहर पुल तक आई। वहां से जल लेकर वापस थाना ग्राउंड पहुंची। इस मौके पर चेयरमैन रामजी गुप्ता, रवि शशि द्विवेदी, मनीष द्विवेदी, रजोल शुक्ला, आशुतोष मिश्रा, छोटे भईया, रामकुमार शुक्ला, श्याम जी वैश्य, बबलू कुशवाहा, संजय द्विवेदी, महेश मुनीम, राज बहादुर, रजऊ आदि कई लोग रहे।


संदिग्ध गलाघोंटू मरीज का सैंपल लेते स्वास्थ्य कर्मी। अमृत विचार

### गलाघोंटू बीमारी का मरीज मिला, जांच को भेजा सैंपल

**राजपुर।** ब्लॉक क्षेत्र के कांधी गांव में डिप्थीरिया यानी गलाघोंटू रोग का संदिग्ध मरीज मिलने से हड़कंप मच गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मरीज का सैंपल लेकर जांच के लिए जिला अस्पताल भेजा है। राजपुर ब्लॉक क्षेत्र के कांधी गांव निवासी रमेश चंद्र (53) को पिछले कई दिनों से बुखार के साथ कमजोरी, खांसी और सांस लेने में दिक्कत थी। उनका उपचार प्राइवेट अस्पताल में चल रहा था। मंगलवार को डब्ल्यूएचओ की सूचना पर राजपुर पीएचसी प्रभारी डाक्टर अरुणेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में स्वास्थ्य टीम कांधी पहुंची और गलाघोंट के संदिग्ध मरीज का सैंपल लेकर बीमारी से बचाव के लिए जागरूक किया। पीएचसी प्रभारी ने बताया कि संदिग्ध मरीज की सूचना मिलने पर उपचार किया गया है। साथ ही बीमारी से बचाव के लिए परिवार के लोगों को जागरूक किया गया है।



स्थानांतरण पर सीओ का स्वागत करते थाना प्रभारी। अमृत विचार

### स्थानांतरण पर सीओ प्रिया सिंह को दी गई विदाई

**सिकंदरा।** क्षेत्राधिकारी प्रिया सिंह का तबादला सीओ लाइन/ट्रैफिक पद पर होने के चलते मगलवार को विदाई दी गई। इस दौरान थाना प्रभारी महेश कुमार, पुलिस स्टाफ व क्षेत्रीय लोगों ने उन्हें माला पहनाकर अपराध नियंत्रण को लेकर किए गए खुलासों की सराहना की। इस मौके पर वरिष्ठ उप निरीक्षक मनजीत दयाल, अवध बिहारी, गजेंद्र सिंह, महिला कांस्टेबल साक्षी चतुर्वेदी आदि लोग मौजूद रहे।

### आशा व आंगनबाड़ी कार्यकत्री के बनने लगे आयुष्मान कार्ड

**राजपुर।** सरकार ने आशा बहुओं को मुफ्त इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए है। इससे आशा व संगिनियों को पांच लाख रुपये तक कैशलेस इलाज की सुविधा मिलेगी। राजपुर पीएचसी में कार्ड बनाने का कार्य शुरू हो गया है। ब्लॉक क्षेत्र में कुल 166 आशा कार्यकर्ता हैं। मंगलवार को 35 कार्यकर्ताओं के गोल्डन कार्ड बनाए गये। पीएचसी प्रभारी डॉ .अरुणेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि 131 आशाबहू, 146 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और 116 आंगनबाड़ी सहायिकाओं के गोल्डन कार्ड बनने हैं।

## पिपरी के पास मिला किशोर का शव

**पुखरायां।** पिपरी गांव के समीप से झांसी-लखनऊ रेल लाइन पर एक किशोर का शव पड़े होने की सूचना लोगों ने पुलिस को दी। पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन पहचान नहीं हो सकी।

भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के पिपरी गांव के समीप से निकली झांसी-लखनऊ रेलवे लाइन पर मंगलवार सुबह करीब 17 वर्षीय युवक का शव पड़े होने ही सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे अमरौधा चौकी इंचार्ज कौशल कुमार ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल की। पुलिस ने स्थानीय लोगों से मृतक की पहचान कराने का काफी प्रयास किया, लेकिन उसकी पहचान नही हो सकी। आशंका जताई जा रही कि वह किसी ट्रेन से जा रहा होगा और नीचे गिरने से मौत हो गई। चौकी इंचार्ज ने बताया कि मृतक किशोर नीली चेक शर्ट, नीली गरम बनियान व खाकी रंग का पैंट पहने हुए था। शव को मोर्च्युरी में रखा गया है। शिनाख्त के प्रयास हो रहे हैं।

# कंपोजिट ग्रांट की अवशेष दूसरी किस्त जारी की गई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- जनपद के 1925 स्कूलों को मिलेंगे 3 करोड़ 14 लाख 27,500 रुपये

**अमृत विचार।** परिषदीय विद्यालयों के लिए शासन ने अवशेष 50 फीसदी कंपोजिट ग्रांट भी जारी कर दी है। इसके तहत जनपद के सभी स्कूलों के लिए दूसरी किस्त के 3 करोड़ 14 लाख 27500 रुपये दिए गए हैं।

जनपद के 1925 स्कूलों के लिए दो बार में कुल कंपोजिट ग्रांट 6 करोड़ 28 लाख 55 हजार रुपये दी गई है। पहली किस्त के तौर पर पूर्व में तीन करोड़ 14 लाख 27 हजार पांच सौ रुपये दिए गए थे। इससे विद्यालय में मूलभूत जरूरत की सामग्री खरीद व मरम्मत आदि कार्य कराए गए थे। वहीं दूसरी किस्त का इंतजार था। शासन ने वर्ष 2023-24 में परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, कंपोजिट विद्यालयों के लिए 50 फीसदी की द्वितीय किस्त की कंपोजिट ग्रांट जारी की है। महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने बीएसए को पत्र भेजकर इसे जल्द से जल्द विद्यालय प्रबंधन समिति को हस्तांतरित करने को कहा है।

वित्तीय व भौतिक प्रगति की जानकारी पीएमएस पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए हैं। इस राशि से विद्यालय अपने यहां रंगाई-पुताई, छोटी मरम्मत, लाइट, पंखा, प्रिंटर एवं स्वास्थ्य से संबंधित दवाइयों की खरीद कर सकेंगे। बीएसए रिद्धी पांडेय ने बताया कि कंपोटि ग्रांट की धनराशि का प्रयोग विद्यालय की परीक्षा में कॉपियों के लिए भी किया जाता है। बजट से विद्यालयों को दिए गए दो-दो टैबलेट के लिए सिम की खरीद में भी प्रयोग किया जा सकता है।

### बच्चों को पढ़ाई के साथ खेल में भी निपुण बनाने के लिए बजट मिला

कानपुर देहात। परिषदीय विद्यालयों के विद्यार्थी अब पढ़ाई के साथ खेल में भी निपुण होंगे। शासन ने परिषदीय विद्यालयों में खेल सामग्री की खरीद के लिए धनराशि जारी कर दी है। प्राथमिक विद्यालयों को पांच हजार रुपये और उच्च प्राथमिक विद्यालयों को दस हजार रुपये प्रति विद्यालय के हिसाब से बजट जारी किया गया है। इससे परिषदीय विद्यालयों में खेलकूद की गतिविधियां बढ़ेंगी। स्थानीय स्तर पर खेले जाने वाले पारंपरिक खेलों को भी समाहित किया जाएगा। खेलकूद सामग्री की खरीद के लिए विद्यालय परिसर में उपलब्ध खेल मैदान को भी ध्यान में लिया जाएगा। मैदान के अनुसार ही खेल सामग्री की खरीद होगी।

## टप्पेबाजी के शिकार युवक को पुलिस ने टरकाया

**रसूलाबाद:** वैन सवारों ने युवक को नशीला पदार्थ सुंघा कर बेहोश कर दिया और उसकी जेब काट कर हजारों रुपये पार कर दिए। होश आने पर पीड़ित ने एक टप्पेबाज को पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपी को याकूबपुर चौकी पुलिस के हवाले किया गया है। चौकी पुलिस ने पीड़ित को शिकायत के बेला और वहां से रसूलाबाद थाने भेजा गया।

जनपद औरैया के थाना बेला क्षेत्र के भोलापुर्वा मल्हौसी निवासी सुरेंद्र कुमार अपने साले की शादी में शामिल होकर घर वापस लौट रहे थे। रास्ते में शिवली चौराहा पर वैन सवार तीन लोगों ने बेला जाने की बात कहकर सुरेंद्र को बैठा लिया। इसके बाद नशीला पदार्थ सुंघा कर बेहोश कर दिया और उसकी जेब काटकर पड़े साढ़े दस हज़ार रुपये निकाल लिए। होश आने पर सुरेंद्र को जेब कटी मिली। उसने वैन रुकवा कर एक टप्पेबाज को पकड़ लिया। जबकि उसके दो साथी भागने में कामयाब हो गए।

# किसी से भेदभाव नहीं करना चाहिए

संवाददाता, पुखरायां


भागवत कथा सुनने के लिए पहुंचे श्रद्धालु। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कस्बा के तिलक नगर स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर नाथू तालाब में नवदुर्गा एवं खाटूश्याम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव पर श्रीमद भागवत कथा के दूसरे दिन शुकदेव आगमन व ध्रुव चरित्र कथा सुनाई गई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान के जयकारे लगाए।

आचार्य संदीप कृष्ण वशिष्ठ ने ध्रुव चरित्र कथा में बताया कि सतयुग के दौरान अवधपुरी में राजा उत्तानपात राज करते थे। उनकी बड़ी रानी सुनीति के कोई संतान नहीं थी। जिसपर वह रानी की छोटी बहन सुरुचि से शादी कर लेते हैं। समय आने पर उससे एक संतान की उत्पत्ति होती है। कुछ दिनों बाद बड़ी रानी भी एक बालक को जन्म देती है। पांच वर्ष बाद जब राजा अपने बेटे का जन्मदिन मना रहे थे। तब बड़ी रानी का पुत्र ध्रुव भी बच्चों संग खेलता हुआ राजा की गोद में बैठ जाता है। जिस पर छोटी रानी राजा की गोद से बालक धुव को उतार देती हैं और कटु वचन कहती हैं।


श्रीमद्भागवत कथा सुनाते आचार्य।

यह बात बालक ध्रुव को चुभ जाती है और वह वन में जाकर कठिन तपस्या करने लगते हैं। उसकी तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान विष्णु उन्हें दर्शन देकर मनचाहा वरदान देने का वचन देते हैं। इस प्रसंग से यह शिक्षा मिलती है किसी के साथ भेदभाव नहीं करना चाहिए और प्रभु की भक्ति में कभी विघ्न नहीं डालना चाहिए। इस दौरान परीक्षित शिवम गौड़, सुप्रिया, संगीता अग्रवाल, पूजा गौड़, जानकी सोनी, दीपिका गुप्ता, साधना देवी, विद्या देवी, पूनम गुप्ता, संदीप गौड़, प्रदीप गौड़, अंशू गौड़, जगदीश द्विवेदी, कुलदीप, मदन मिश्रा, रिंकू बाजपेई आदि लोग मौजूद रहे।

- नवदुर्गा एवं खाटू श्याम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के दूसरे दिन सुनाई गई कथा

## नगर पंचायत बोर्ड बैठक का सभासदों ने किया बहिष्कार

**रनियां:** नगर पंचायत की बैठक के दौरान अध्यक्ष व सभासदों के बीच आपसी तालमेल न होने के चलते मतभेद हो गया। जिससे करीब तेरह सभासदों ने बैठक का बहिष्कार कर अध्यक्ष के खिलाफ आवाज उठाई है।

नगर पंचायत रनियां की मासिक बैठक के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष की अध्यक्षता में सभी 16 वार्डों के सदस्यों की बैठक आहूत की गई, लेकिन किसी कारणवश अध्यक्ष व सभासदों में परस्पर कहासुनी होने लगी। जिससे करीब तेरह सभासद बैठक का बहिष्कार कर नगर पंचायत कार्यालय के बाहर आ गए। सभासदों ने कहा कि जब से उन्होंने पार्टी की सदस्यता ली है तब से अध्यक्ष का व्यवहार अलग है। सभासद विशाल सिंह सेंगर, प्रमीत तिवारी उर्फ निक्कू, अनूप त्रिवेदी, सचिन शर्मा, मतलूम अली, रमजान बेगम, पप्पू, सोनू कमल, रोहित कुमार, अतुल कश्यप, शीलू मिश्रा, सोनू शर्मा, लवली सविता मौजूद रहे।

हेलो डाक्टर
दाँतों से सम्बन्धित समस्याओं के लिए करें सवाल!
टेढ़े मेढ़े दांत, मसूड़ो से खून आना, पॉयरिया, दांतो मे कीड़े लगना एवं दांतो में सड़न जैसी समस्याओं के उपचार के लिए नारायना मेडिकल कॉलेज एण्ड रिसर्च सेन्टर के दंत रोग विभाग की विशेषज्ञ डा0 अनु मयंक से करें सवाल।

दिनांक 13 मार्च दिन बुधवार
समय दोपहर 12 से 02 बजे।
मो.नं.: 9219805718

चुनावी चर्चा — जोनल कोआर्डिनेटर नौशाद अली ने बैठक के दौरान की घोषणा

# अकील अहमद कन्नौज से बसपा प्रत्याशी

संवाददाता, रसूलाबाद



बैठक में बसपा के जोनल कोआर्डिनेटर नौशाद अली व कन्नौज प्रत्याशी अकील अहमद।

**अमृत विचार:** बसपा सुप्रीमो मायावती के निर्देश पर जोनल कोआर्डिनेटर ने अकील अहमद पट्टा को कन्नौज लोकसभा से बसपा का प्रत्याशी घोषित किया है, जिस पर कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई है।

बैठक में बसपा जिलाध्यक्ष व विधानसभा प्रभारियों के साथ जोनल कोआर्डिनेटर नौशाद अली ने बसपा सरकार में सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय की नीति में किए गए विकास कार्यों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि शोषित, पिछड़ों च अल्पसंख्यक समुदाय के हक व सम्मान के लिए बसपा का संघर्ष हमेशा याद किया जाएगा। मायावती के सख्त प्रशासन की आज भी जनता सराहना करती है। उन्होंने कन्नौज लोकसभा सीट पर चर्चा करते हुए बसपा सुप्रीमो के निर्देश पर अकील अहमद पट्टा को प्रत्याशी घोषित किया । अकील अहमद के प्रत्याशी बनाए जाने पर कार्यकर्ताओ में खुशी की लहर दौड़ गई। इस मौके पर वीपी आंबेडकर, नरेंद्र कुशवाहा, मुकेश कठेरिया, मंडल प्रभारी संतोष त्रिपाठी, ज्ञानचंद संखवार, कानपुर देहात जिलाध्यक्ष कमल कमल दोहरे, जिलाध्यक्ष औरैया महेंद्र पाल, मंडल प्रभारी विनोद दोहरे, विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष आरपी निराला व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अब घर बैठे आपके ज़ीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

The Ano Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)

Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles)
भगन्दर (Fistula)
एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338
8005423919
www.anorectalclinic.com

## एक नजर

### मारपीट, लूटपाट का आरोप

**रूरा।** ग्वालियर के साकेत नगर निवासी शिवम ने बताया कि वह अपने ममेरे भाई की बारात में ककवन आया था। जहां से बारात नौरंगा लालपुर आनी थी। जब वह बारात के साथ रूरा थाना क्षेत्र के गहलो गांव में पहुंचा तो रोड पर एक कार लिए कुछ अज्ञात लोग आपस में नशे में लड़ रहे थे। उसने उक्त लोगों से साइड देने को कहा। इसपर उक्त लोगों ने उससे मारपीट कर दी। आरोप है कि छीनाझपटी में उसकी चेन भी तोड़ ली है और गाड़ी में रखे दो मोबाइल, एक लाख रुपये व प्लाट की रजिस्ट्री लूट ले गए। थाना प्रभारी डीएन दुबे ने बताया की मामला केवल मारपीट का लग रहा है। छानबीन की जा रही है।

### कथा के समापन पर भंडारा

**रसूलाबाद।** कस्बे के निरालानगर के दुर्गा माता के मंदिर में आचार्य कृष्ण मुरारी पांडेय ने कथा समापन पर सुबह हवन कराया। इसके बाद भंडारे में ब्राह्मण, साधु-संतो को भोजन कराने के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद बांटा गया। भंडारे में लोगों ने सहयोग किया। रात्रि में भजन कीर्तन हुए। यहां अमित पांडेय, हकीम शर्मा, विनोद पांडेय, महेश पांडेय, अवधेश पांडेय, धीरेंद्र सिंह, पवन शर्मा, अवधेश पांडेय, विनोद गुप्ता, बउआ पांडेय, मनीष पांडेय, शिवांशु पांडेय, शिवजी तिवारी, मोदी पांडेय, श्याम पांडेय, रानू पांडेय, अनिल पाल, राजा रामपाल सहित सैकड़ों श्रद्धालु रहे।

# शेयर ट्रेडिंग के नाम पर एक करोड़ से ज्यादा की ठगी

**नई मुसीबत**

गौरव श्रीवास्तव, कानपुर

- साइबर ठगों ने एक हफ्ते में शहर में सात लोगों को हाई रिटर्न का झांसा देकर बनाया शिकार
- सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक, टेलीग्राम, और व्हाट्सएप पर फैलाया तगड़ा नेटवर्क

**अमृत विचार।** शहर में साइबर अपराधी रोज नए-नए तरीकों से किसी न किसी को शिकार बना रहे हैं। मजे की बात यह है कि साइबर ठगों ने अब पढ़े लिखे शेयर ट्रेडिंग करने वाले लोगों को ठगना शुरू कर दिया है। इसके लिए उन्होंने सोशल मीडिया पर तगड़ा नेटवर्क फैला रखा है। कमिश्नरेट के थानों में शेयर ट्रेडिंग के जरिए हाई रिटर्न का झांसा देकर एप डाउन लोड कराकर बीते सात दिन में सात लोगों से सवा करोड़ रुपये की ठगी की घटनाएं सामने आई हैं। पीड़ितों की शिकायत पर साइबर सेल ठगों का पता लगाने में जुटी है।

शेयर ट्रेडिंग के नाम पर ठगी करने वाले साइबर अपराधियों ने ज्यादातर मामलों में एक जैसा तरीका अपनाया। सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप के जरिए ठगी का जाल फैलाया गया। शिकार को व्हाट्सएप ग्रुप 'गोल्डमैन सैक्स स्टॉक पुल' से जोड़ा। इसे कुछ दिन देखने पर लगा कि लोग इसमें ट्रेडिंग ही करते हैं और एप सेबी से सर्टिफाइड है। इसमें जुड़ने वाले सभी लोगों ने ग्रुप एडमिन से चैट की। एडमिन के कहने पर लिंक शेयर करके धानिन 1 ए नामक एप डाउन लोड कराया गया। इस एप के जरिए ट्रेडिंग कराई गई।

पहले छोटा अमाउंट निवेश कराकर मुनाफे की रकम निकालने दी गई। इसके बाद खाते को प्रीमियम बताकर शिकार से मोटी रकम निवेश कराई गई लेकिन रिफंड नहीं दिया गया, जबकि ट्रेडिंग एप अकाउंट के वॉलेट में निवेश से तीन या चार गुना रकम दिख रही थी। हालत यह है कि लोग तेजी के साथ ठगों के चंगुल में फंस रहे हैं।

### अमीर बनने के झांसे में फंस रहे लोग

एडीसीपी क्राइम मनीष सोनकर ने बताया कि साइबर ठगों ने इस समय शेयर बाजार को अपना हथियार बनाया हुआ है। लोगों को रातों-रात करोड़ों रुपये मुनाफे का झांसा देकर जाल में फंसाते हैं। इसके बाद फर्जी शेयर ट्रेडिंग एप डाउनलोड करवाकर ठगी करते हैं। एक सप्ताह में सात बड़े मामले सामने आए हैं। इनमें एक करोड़ से ज्यादा की ठगी हुई है। सभी मामलों में रिपोर्ट दर्ज करके कार्रवाई की जा रही है।

"साइबर ठगों के खातों को फ्रीज कराया गया है। उनके खाते में करीब 3.50 करोड़ कैश जमा मिला है। ठगी के शिकार लोगों को उनकी पूरी रकम जल्द ही कोर्ट के आदेश पर बैंक से वापस करा दी जाएगी। मामले की गहन जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

–मनीष सोनकर, एडीसीपी अपराध"



### कृष्णा नगर की महिला से 23 लाख रुपये ठगे

चकेरी थानाक्षेत्र के कृष्णा नगर निवासी महिला से साइबर ठगों ने 23 लाख रुपये ठग लिए। महिला ने साइबर सेल को बताया कि उसे झांसे में लेकर फर्जी शेयर ट्रेडिंग एप डाउनलोड कराया गया। इसके बाद निवेश कराकर पूरी रकम हड़प ली गई। वह सोशल मीडिया के जरिए शातिर ठगों के संपर्क में आई और अपने नजदीकियों से उधार लेकर रकम निवेश की थी। पहले उन्होंने थोड़ी रकम लगाई तो तगड़ा मुनाफा हुआ। इस पर धीरे-धीरे कर 23 लाख लगा दिए। साइबर सेल की टीम मामले की जांच कर रही है।

### पीयूष मोहन से 31 लाख रुपये ठगे

नवाबगंज निवासी पीयूष मोहन से साइबर ठगों ने शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 31 लाख रुपये की ठगी कर ली। पीयूष ने साइबर सेल को बताया कि उन्हें फेसबुक और अन्य सोशल मीडिया के जरिए शेयरों में निवेश के सुझाव देकर झांसे में लिया गया। ठगों ने दावा किया कि उनकी बताई गई कंपनियों के शेयर खरीदें ज्यादा मुनाफा होगा। उन्हें अपने व्हाट्सएप ग्रुप से जोड़ लिया और फर्जी शेयर ट्रेडिंग एप डाउनलोड कराया। पीयूष ने पहले पांच लाख लगाए तो उनकी रकम रातोंरात दोगुनी हो गई। उन्होंने कई बार में एप के जरिए 31 लाख 80 हजार रुपये निवेश कर दिया। पीयूष ने साइबर सेल को बताया कि मोबाइल पर तो उन्हें एप में लाखों की रकम दिखाई दे रही थी, लेकिन जब अपनी रकम को उन्होंने निकालने का प्रयास किया तो असफल रहे। उन्होंने ठगों के व्हाट्सएप और टेलीग्राम ग्रुप पर शिकायत की तो ग्रुप से उन्हें रिमूव कर दिया गया।

### कारोबारी ने 51 लाख रुपये गंवाए

लाजपत नगर में रहने वाले कारोबारी पंकज मिश्रा ने साइबर सेल को बताया कि उन्हें सोशल मीडिया के जरिए कौन सा शेयर खरीदें इसके सुझाव मिले। उन्होंने बताई गई कंपनियों के शेयर खरीदे, तो भारी उछाल देखने को मिला। र रातों-रात उन्होंने लाखों रुपये कमा लिए। इसके बाद साइबर ठगों ने उन्हें झांसे में लिया। उन्हें अपने व्हाट्सएप और ट्रेलीग्राम ग्रुप से जोड़ लिया। कुछ कंपनियों के शेयर में तेजी से उछाल की जानकारी दी। इस पर उन्होंने उन शेयर को खरीदने का प्रयास किया, लेकिन नाकाम रहे। इस पर ठगों ने कहा कि इसके लिए उन्हें कार्पोरेट अकाउंट खोलना पड़ेगा। उन्हें लिंक शेयर करके फर्जी शेयर ट्रेडिंग एप डाउनलोड कराया गया। उन्होंने 51 लाख रुपये एप के जरिए शेयर में निवेश किया। एप पर उन्हें मुनाफा तो दिखने लगा, लेकिन रकम निकालने का प्रयास किया तो एप काम नहीं कर रहा था।

### जागरुकता ही बचाव

**कानपुर।** शेयर बाजार लगातार नई ऊंचाइयां छू रहा है। ऐसे में शेयर ट्रेडिंग के नाम पर मोटे मुनाफ़े का लालच देकर ठगी करने वाले सक्रिय हैं। ठगों के जाल में पढ़े-लिखे लोग भी फंस रहे हैं। इससे बचाव में वित्तीय साक्षरता और जागरूकता की अहम भूमिका है। यह कहना है, आर्थिक विशेषज्ञ राजीव सिंह का। शेयर बाजार में पैसा लगाने वाले निवेशकों को गांठ बांध लेनी चाहिए कि रातों-रात अमीर नहीं बना जा सकता है। सोशल मीडिया पर मोटा मुनाफा दिलाने का दावा करने वाले जालसाजों से बचें। राजीव सिंह के अनुसार सोशल मीडिया पर ऐसे जालसाजों की भरमार है जो रील्स बनाकर कई गुना मुनाफे का दावा करते हैं। लालच में लोग फंस जाते हैं। गारंटी वाले मुनाफे के झांसे में भी न आयें। शेयर बाजार में मुनाफे की गारंटी नहीं होती है। डीमैट और ट्रेडिंग खाता खोलते समय कंपनी के बारे में पता कर लें कि कंपनी सेबी और एक्सचेंज में पंजीकृत है या नहीं। अनजान व्यक्ति से पैन, आधार, बैंक विवरण, ईमेल, ओटीपी साझा मत करें। कोई व्यक्ति शेयर बाजार का रिसर्च एनालिस्ट होने का दावा करता है, तो जांच कर लें।



राजीव सिंह।

# सभी महाविद्यालयों को अनुसंधान और नवाचार के लिए मिलेगी आर्थिक मदद

## वित्त समिति ने शैक्षिक उन्नयन और उपकरणों के लिए 20 करोड़ का बजट पास किया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सीएसजेएमयू की वित्त समिति की मंगलवार को हुई बैठक में कई महत्वपूर्ण योजनाओं को मंजूरी प्रदान की गई। तय हुआ कि अनुसंधान और नवाचार के लिए संबद्ध महाविद्यालयों को सीएसजेएमयू आर्थिक मदद मुहैया कराएगा। इसके तहत महाविद्यालयों के शिक्षकों के प्रस्ताव पर विश्वविद्यालय 30 हजार रुपये तक आर्थिक मदद देगा। बैठक में 20 करोड़ रुपये के प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गई।

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के सेंटर ऑफ अकादमिक भवन में कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक की अध्यक्षता में हुई वित्त समिति की बैठक में विश्वविद्यालय का आगामी बजट पास किया गया। इसमें उपकरणों और शैक्षिक विकास के लिए 20 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया। विश्वविद्यालय कर्मचारियों के ग्रुप इंश्योरेंस पॉलिसी में विश्वविद्यालय की ओर से 60 फीसदी भुगतान व कर्मचारियों से 40 फीसदी भुगतान के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गयी। इसके साथ विश्वविद्यालय की ओर से संचालित स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम व संघटक महाविद्यालयों में नई टीचिंग व नॉन टीचिंग भर्ती किए जाने का प्रावधान किया गया, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। विश्वविद्यालय के नए संघटक कॉलेज राजकीय महाविद्यालय घाटमपुर के लिए बजट प्रावधान के साथ ही विश्वविद्यालय के डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए बजट रखा गया। रिसर्च को बढ़ावा देने के लिए माइनर रिसर्च स्कीम को भी बजट दिया गया। इसका लाभ विश्वविद्यालय में अनुसंधान की दिशा में मिल सकेगा। विऑनलाइन कोर्स चलाने के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर स्थापना बजट का प्राविधान किया गया। विश्वविद्यालय में नए भवन के निर्माण के लिए भी बजट रखा गया है। प्रति कुलपति प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी, वित्त अधिकारी अशोक कुमार त्रिपाठी, कुलसचिव डॉ अनिल कुमार यादव आदि रहे।



वित्त समिति की बैठक की अध्यक्षता करते कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक।

- महाविद्यालयों में टीचिंग व नॉन टीचिंग में होगी भर्ती तैयारियां शुरू हुईं

## फार्मासिस्ट के घर से कैश-जेवर चोरी

**पुखरायां।** बरौर कस्बे में एक सूने पड़े हमीरपुर में तैनात फार्मासिस्ट के घर का ताला तोड़कर चोरों ने नगदी व जेवरात पार कर दिए।

बरौर कस्बा निवासी मनोज कुमार सैनी ने बताया कि वह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राठ हमीरपुर में फार्मासिस्ट के पद पर तैनात है। उनकी मां कैंसर रोग से पीड़ित हैं। जिनका ग्वालियर में उपचार चल रहा है। मां उनके साथ राठ हमीरपुर में रहती हैं। मंगलवार को जब मां व भांजी मूल निवास बरौर आए तो मेन गेट के अलावा दरवाजों के ताले टूटे पाए जाने पर वह अवाक रह गए। घर के अंदर सारा सामान बिखरा हुआ था और छत में लगे जाल की चार पत्तियां टूटी हुई थीं।

उन्होंने बताया कि चोरों ने सूने पड़े घर को निशाना बनाकर 70 हजार रुपये व कीमती गहने पार कर दिए। थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह ने बताया कि उन्हें अभी तक चोरी की तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# हादसों में दो बाइक सवारों की मौत

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** अकबरपुर क्षेत्र में अलग-अलग सड़क हादसों में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

रसूलाबाद थाना क्षेत्र के गाऊपुर निवासी वंशगोपाल (40) मंगलवार को किसी काम से अकबरपुर आए थे। शाम को वह माती की ओर से आ रहे थे। तभी अकबरपुर माती रोड पर राजावत हॉस्पिटल के पास अज्ञात ट्रैक्टर ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वंशगोपाल गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी पर भांजा विवेक उन्हें एंबुलेंस से जिला अस्पताल ले गया। जहां ईएमओ डॉ. निशांत ने घायल को मृत घोषित कर दिया। जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर लेकर मौके से फरार हो गया।

दूसरी घटना में अकबरपुर क्षेत्र के जगजीवनपुर निवासी कलाम (42) बाइक में बैठकर किसी काम से जा रहे थे। तभी बारा जोड़ के पास सामने से आ रहे बाइक सवार अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के स्वरूपपुर निवासी अनिल (40) व बनाअलीपुर निवासी बबलू (35) की कलाम की बाइक में जोरदार टक्कर हो गई।

हादसे में दोनों बाइकों पर सवार तीनों युवक घायल हो गए। उन्हें एंबुलेंस से जिला अस्पताल लाया गया। जहां ईएमओ डॉ. निशांत पाठक ने कलाम को मृत घोषित कर दिया। जबकि दोनों घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है। अकबरपुर कोतवाल सतीश कुमार ने बताया कि दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रही है।



बारा जोड़ में भिड़ंत के बाद हाईवे पर पड़ी बाइक, घायल व मौजूद भीड़। अमृत विचार

- अकबरपुर के माती रोड और बारा जोड़ के पास हुईं सड़क दुर्घटनाएं, दो गंभीर घायल

### हादसे में युवक की मौत, शिनाख्त नहीं

कानपुर देहात। अकबरपुर थाना क्षेत्र में एक पेट्रोल पंप के पास हाईवे पर सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। शाम करीब सात बजे हाईवे पर पड़े मिले युवक को एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल में रखा गया है।

# खाटू श्याम के नाम से जाने जाते हैं बर्बरीक

संवाददाता, शिवली

**अमृत विचार।** सांवरा श्याम मंदिर बैरी दरियाव में चल रही श्याम कथा के दूसरे दिन चुलकाना धाम से आई भागवत विदुषी श्यामा दीदी ने मोरवी और घटोत्कच के सबसे बड़े पुत्र बर्बरीक के जन्म की कथा सुनाई। जिन्हें खाटूश्याम के नाम से भी जाना जाता है।

उन्होंने बताया कि बर्बरीक बाल्यकाल से ही बहुत वीर और महान योद्धा थे। अपनी माता के कहने पर उन्होंने युद्ध कला भगवान श्री कृष्ण से सीखी और उनके प्रशिक्षण में वे अजेय योद्धा बन गए। मां आदिशक्ति की तपस्या कर उन्होंने असीमित शक्तियों को भी अर्जित कर लिया। इसके बाद गुरु श्रीकृष्ण की आज्ञा से कई वर्षों तक महादेव की घोर तपस्या कर प्रसन्न किया। जिससे उन्हें तीन अभेद्य बाण प्राप्त किए। अग्निदेव ने उन्हें प्रसन्न होकर अपना दिव्य धनुष प्रदान किया। बर्बरीक को उनकी माता मोरवी ने यही सिखाया था कि सदा ही पराजित पक्ष की तरफ से युद्ध करना और वे इसी सिद्धांत पर लड़ते भी रहे। परसौली गांव से भक्तों ने बाबा खाटू श्याम के ध्वज निशान बाइक से लेकर सांवरा श्याम मंदिर बैरी दरियाव में अर्पित की। इस यात्रा में आलोक पाल, पवन कुशवाहा, लालू यादव, दीपक, राजा, प्रिंशू, ब्रजेश चौहान, अर्पित, शिखा, अंकिता, मिथलेश, आदि मौजूद रहे।



कथा सुनाती श्यामा दीदी।

## डॉक्टर के खाते से साइबर ठग ने पार किए डेढ़ लाख

**कानपुर।** साइबर ठगों ने एक डॉक्टर के खाते से डेढ़ लाख रुपये पार कर दिए। काकादेव निवासी डॉ. रमेश कुमार के अनुसार पत्नी अनीता के साथ बेंगुलुरू जाने के लिये 25 नवंबर को मेक माई ट्रिप से इंडिगो की फ्लाइट बुक की थी। बाद में फ्लाइट कैंसिल हो गई है। इस पर उन्होंने रुपये वापस लेने के लिए गूगल पर मेक माई ट्रिप का कस्टमर केयर नंबर निकाला। फोन मिलाने पर साइबर ठग ने उनसे एक एप डाउन लोड करने को कहा। एप इंस्टाल करते ही उनके एसबीआई खाते से 98,363, एचडीएफसी के खाते से 47.006 और बीओबी में 1995 रुपये निकल जाने का मैसेज आया। उन्होंने बैंक में जाकर शिकायत की। साइबर सेल व रावतपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# भाजपा के पूर्व जिला मंत्री की मौत

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** मोहम्मदपुर गांव के पास हाईवे पर देर रात घर जाते समय भाजपा के पूर्व जिला मंत्री व पूर्व मंडल अध्यक्ष को वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। गंभीर हालत में उन्हें अकबरपुर के निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां उनकी मौत हो गई। जानकारी पर सांसद, पूर्व सांसद व भाजपा कार्यकर्ताओं में शोक की लहर दौड़ गई।

अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के मोहम्मदपुर निवासी विनोद तिवारी भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला मंत्री व अकबरपुर के पूर्व मंडल अध्यक्ष थे। सोमवार को वह अकबरपुर में भाजपा के विधानसभा कार्यालय शुभारंभ पर शामिल होने आए थे। देर रात वह बाइक से वापस घर जा रहे थे। तभी मोहम्मदपुर गांव के पास कानपुर-इटावा हाईवे पर उन्हें अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जानकारी पर पूर्व चेयरमैन जितेंद्र सिंह गुड्डन, गोपाल सैनी, दुर्गेश शर्मा आदि मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल पूर्व मंडल अध्यक्ष को अकबरपुर के माती रोड स्थित एक निजी अस्पताल ले गए। जहां उपचार के दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष विनोद की मौत हो गई।



पूर्व जिला मंत्री विनोद तिवारी।

- अकबरपुर से घर जाते समय मोहम्मदपुर के पास हाईवे पर हुए हादसा का शिकार

जानकारी पर बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता जुट गए और परिजनों में कोहराम मच गया। मंगलवार को अकबरपुर सांसद देवेंद्र सिंह भोले, भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज शुक्ला, लोकसभा प्रभारी राजेश तिवारी, पूर्व सांसद अनिल शुक्ला वारसी, विधानसभा संयोजक डॉ. सतीश शुक्ला, चेयरमैन दीपाली सिंह समेत अन्य भाजपा नेताओं ने पीड़ित परिजनों को सांत्वना दी। अकबरपुर कोतवाल सतीश कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। विधिक कार्रवाई की जा रही है।

**त्योहार की रौनक** सिकंदरा, राजपुर, अफसरिया, सट्टी आदि मस्जिदों में रोजेदारों की उमड़ी भीड़

# रमजान के पहले रोजा पर अदा की नमाज

संवाददाता, राजपुर

**अमृत विचार।** मुकददस रमजान महीने का पहला रोजा मंगलवार को रोजेदारों ने पाबंदी के साथ पांच वक्त की नमाज अदा कर इबादत के साथ गुजारा। रोजेदारों ने कुरान-ए-पाक की तिलावत कर गुनाहों से तौबा कर वतन की खुशहाली की दुआ मांगी। इफ्तार के दौरान मस्जिदों में नमाजियों का हुजूम नजर आया।

मुकददस रमजान में इबादतों का सिलसिला शुरू हो गया है। बरकत के इस महीने में रोजेदार पूरे दिन अल्लाह की इबादत में मशगूल रहे। नमाज अदा करने के साथ ही मस्जिदों में तरावीह पढ़ी गई और कुरान शरीफ का पाठ भी हुआ। उधर रोजेदारों के इफ्तार के लिए बाजार में दुकानें सजी रही। वहीं घरों में महिलाओं व बच्चों ने कुरान का पाठ किया।

राजपुर की नूरी जामा मस्जिद के इमाम मौलाना सैय्यद अजमत अली ने कहा कि रमजान के महीने में कुरान पाक नाजिल हुई। यह इबादत और फजीलत का महीना है। रोजे का मतलब दिन भर सिर्फ सूखे-प्यासे रहना नहीं है। बल्कि सभी तरह की बुराइयों से तौबा करना भी है। रमजान में पांच वक्त की नमाज तरावीह और कुरान पाक की तिलावत करना जरूरी है।



पहले रोजे पर मस्जिद में नमाज अदा करते रोजेदार। अमृत विचार

# गैंगरेप की तहरीर दी पुलिस जांच में जुटी

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- पड़ोसी गांव के युवकों पर सामूहिक दुष्कर्म का आरोप
- प्रेम प्रसंग और मारपीट का मामला मान रही पुलिस

**अमृत विचार:** एक गांव की एक युवती ने सामूहिक दुष्कर्म का आरोप लगाकर मंगलवार की शाम पुलिस को तहरीर दी है। घटना एक दिन पहले की है। दो गांवों के युवकों के बीच मारपीट के बाद मंगलवार को मामला तूल पकड़ गया है। पुलिस प्रेम प्रसंग और आपसी मारपीट का मसला मान रही है। पुलिस जांच कर रही है।

शिवली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती ने आरोप लगाया कि वह पड़ोसी के यहां कार्यक्रम में जा रही थी। उसी समय पड़ोस के गांव के कुछ युवक आ गए और उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना से संबंधित पीड़िता का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि अमृत विचार उसकी पुष्टि नहीं करता है।

मंगलवार को इसी प्रकरण को लेकर युवती के गांव के कुछ लड़कों को पीट दिया। जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। कोतवाल देवेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। अभी तक प्रेम प्रसंग और दो गांवों के लड़कों के बीच मारपीट का मामला सामने आया है, फिर भी हर पहलू पर बारीकी से छानबीन की जा रही है।


## अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार क्लासीफाइड

### सूचना

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2005 अनुक्रमांक– 1017171, इंटर मीडियट वर्ष 2007 अनुक्रमांक– 0548744, जीएनएम नर्सिंग वर्ष 2014 अनुक्रमांक– 111707941 के शैक्षिक प्रमाण पत्र व जीएनएम नर्सिंग रजिस्ट्रेशन नंबर 25100 के सभी प्रमाणपत्र कही खो गये हैं। **अमित कुमार पुत्र लाखन लाल निवासी ग्राम पोस्ट बरौना थाना मल्लांवा जनपद हरदोई। मोबाइल नंबर– 7619002556**

### सूचना

मैं आनुली देवी अपने पुत्र लक्ष्मण सिंह के आर्मी नं.– 4198003P, ग्राम–पिंगलो, पो.ओ.– पिंगलो, तहसील–गरूड, जिला– बागेश्वर, उत्तराखण्ड, मेरे पुत्र के सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम आनंदी देवी दर्ज है जबकि मेरा सही नाम आनुली देवी है। अत: मेरे पुत्र के सर्विस रिकॉर्ड में आनुली देवी दर्ज किया जाये।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता कि शपथकर्ता धर्मेंद्र यादव पुत्र बुधराम निवासी ग्राम अनारपटी मजरे शरवन टिकठा थाना असंद्रा तहसील रामसनेहीघाट जिला बाराबंकी का नाम त्रुटिवश धर्मेंद्र कुमार यादव हो गया है। जिनका सही व सत्य नाम धर्मेंद्र यादव है। जिनको भविष्य में धर्मेंद्र यादव के नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

### सूचना

मैं संगीता सिंह राना अपने पति राजकिशोर के आर्मी नं.– 4200648Y, ग्राम–पिपलिया पिस्तौर, पो.आ.– नानकमत्ता, जिला– उधमसिंहनगर, उत्तराखण्ड, मेरे पति के सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम संगीता राना दर्ज है जबकि मेरा सही नाम संगीता सिंह राना है। अत: मेरे पति के सर्विस रिकॉर्ड में संगीता सिंह राना दर्ज किया जाये।

### सूचना

सदर तहसील में दिनांक– 05/06/2009 के बैनामा जिसका बही संख्या 01 जिल्द संख्या– 4771 पेज् नं. 233 से 252 क्रम संख्या 6771 तथा दूसरा बैनामा दिनांक– 05/06/2009 के बही संख्या 01 जिल्द संख्या– 4773 पेज् नं. 181 से 206 क्रम संख्या 6769 हैं। मेरे पास से उपरोक्त दोनों मूल रजिस्ट्री दिनांक– 05/02/2024 को पटेल नगर चौराहे के पास कहीं गिर गयी है। **प्रदीप सिंह पुत्र श्री सत्यनारायण सिंह निवासी– ग्राम गढ़ी, पोस्ट मवैया, जिला– फतेहपुर।**

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल पीरामल कैपिटल ऐंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा अपने ग्राहक श्री मोहम्मद तनवीर आलम, पुत्र श्री इफ़्तिखार हुसैन खान को उनकी संपत्ति भूखंड संख्या 01, क्षेत्रफल 1700 वर्गफीट जो खसरा संख्या 335 मिन, स्थित भूहर, वार्ड हैदरगंज, लखनऊ के विरूद्ध ऋण दिया जाना प्रस्तावित है। यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को इस प्रस्तावित ऋण के विरूद्ध कोई आपत्ति हो तो वह अपने पक्ष में विधिक साक्ष्य के साथ मुझसे 7 दिनों के अंदर संपर्क कर सकता है। उक्त अवधि में कोई विधिक व पोषणीय आपत्ति न प्राप्त होने पर मेरे उपरोक्त मुवक्किल द्वारा उक्त ऋण प्रदान कर उक्त संपत्ति को बंधक किया जायेगा तथा उक्त संपत्ति पर मेरे मुवक्किल का प्रथम प्रभार होगा।

**(तरुण प्रकाश श्रीवास्तव)**
**एडवोकेट, मो0- 9335914262**
रूम नं0–110–111, सिटी होटल, बी.एन. रोड, लालबाग, लखनऊ–226001

### बैठक सूचना

प्रस्तावित मत्स्य जीवी सहकारी समिति लि. खोजारामपुर वि0खं0 राजपुर तहसील सिकंदरा कानपुर देहात की एक द्वितीय आवश्यक बैठक दिनांक 13/03/2024 को ग्राम सभा खोजारामपुर के पंचायत भवन परिसर में दोपहर 12: 30 बजे प्रस्तावित की गई है। जिसमें इच्छुक मछुवा समुदाय व मछली शिकार से जुड़े व्यक्ति प्रतिभाग कर बैठक को सफल बनाएं।

निवेदक- **पिंटू सिंह**
**ग्राम- खोजारामपुर, कानपुर देहात**

### सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि न्याय पंचायत बहुवन मदार मांझा विकास खण्ड–परसपुर जनपद गोण्डा के अन्तर्गत प्रस्तावित मत्स्य जीवी सहकारी समिति लिमिटेड नन्दौर रेती का गठन कराया जाना है। उक्त के सम्बन्ध में दिनांक 18/03/2024 को ग्राम पंचायत नन्दौर के पंचायत भवन प्रांगण में दिन में 12:00 बजे बैठक की जायेगी जिसमें उक्त न्याय पंचायत के महुआ समुदाय/अनुसूचित जाति के व्यक्ति समिति में सदस्यता ग्रहण करने हेतु भाग ले सकते हैं।

**मुख्य प्रवर्तक**
**मत्स्यजीवी सहकारी समिति लिमिटेड नन्दौर रेती, गोण्डा**

# परिषदीय विद्यालयों में नहीं आ रहे 50 फीसदी बच्चे, परीक्षाएं शुरू होने वाली

## परिषदीय विद्यालयों में परीक्षाएं 16 से, विभाग में नहीं दिख रही है किसी प्रकार की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित परिषदीय विद्यालयों में 16 मार्च से परीक्षाएं शुरू हो रही हैं। हालांकि परीक्षाओं को लेकर अभी कोई तैयारियां नहीं दिख रही हैं। अधिकांश विद्यालयों में 50 फीसदी बच्चे भी नहीं पहुंच रहे हैं। जिसके चलते उनका कोर्स भी अधूरा है। ऐसे में बच्चे परीक्षाओं में कितना अच्छा प्रदर्शन कर सकेंगे, इसका सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

जिले भर में 2165 परिषदीय विद्यालयों में वार्षिक परीक्षा कराने की तैयारी चल रही है। 16 मार्च की परीक्षाएं शुरू हो जाएंगी। लेकिन विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति की स्थिति बेहद खराब है। अधिकांश विद्यालयों में 50 फीसदी बच्चे भी नहीं आ रहे हैं। विद्यालयों में कोर्स लगभग पूरा हो चुका है। किसी में एक दो चैप्टर रह गए हैं। लेकिन विद्यालय ना आने वाले बच्चों का कोर्स अधूरा पड़ा है। ऐसे में वह बच्चे अधूरे कोर्स के साथ वार्षिक परीक्षाएं देंगे। परीक्षाओं में बच्चों की उपस्थिति कैसे पूरी होगी। फिलहाल विभाग की तरफ से अभी कोई व्यवस्था नहीं हुई है। स्कूलों में सिर्फ व्हाट्सएप के जरिए स्कीम भेजी।

### फेल न होने का डर भी कारण

परिषदीय स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की परीक्षाएं महज औपचारिकता ही है। कारण है कि किसी भी छात्र-छात्रा को फेल नहीं किया जाता है। सभी को अगली कक्षा में प्रोन्नति कर दिया जाता है। कुछ अभिभावकों ने बताया कि जब बच्चों के अंदर फेल होने का डर नहीं रहता है, तो वह परीक्षा को लेकर गम्भीर भी नहीं दिखते हैं।

### आलू खुदाई में जुटे हैं बच्चे

इनदिनों किसानों की फसलों की कटाई-मड़ाई का कार्य तेजी पर है। मौसम साफ होने के बाद किसान खेतों में आलू खुदाई करा रहे हैं। परिजनों के साथ बच्चों को भी खेत में ले जाते हैं और काम कराते हैं। शिक्षक बताते हैं कि अधिकांश बच्चे अपने परिजनों के साथ खेतों में काम करने चले जाते हैं। इसीलिए वह स्कूल नहीं आते हैं। कहने के बाद भी अभिभावक बच्चों को स्कूल नहीं भेजते हैं।

# डीजे का सामान लेकर जा रहा ट्रैक्टर पलटा

**फतेहपुर।** गाजीपुर थाना क्षेत्र के बराहुवा निवासी प्रियांशू, ज्ञानेंद्र निवासी बहुआ बाइक पर सवार होकर गाजीपुर से बहुआ अपने घर जा रहा थे। तभी कमलापुर चौराहे के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार दूसरी बाइक से उसकी भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उधर कानपुर नगर के थाना गोविंदनगर गांव गुजैनी निवासी शिवम शुक्ला स्टील बर्तन का व्यापारी है। बताया गया है कि वह बांदा से मंगलवार सुबह लौट रहा था। सुकेती गांव के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं किशनपुर के सरौली गांव निवासी मंदीप डीजे का सामान लेकर ट्रैक्टर से बांदा के थाना कमासिन क्षेत्र के गांव मुसीमा जा रहा था। ट्रैक्टर गांव के पास पहुंचा तभी पलट गया।

# सीएए को लेकर हाईअलर्ट, अफसरों ने पुलिस फोर्स के साथ किया पैदल मार्च

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर



गश्त करती पुलिस टीम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नागरिकता संसोधन अधिनियम 2019 के लागू होने के बाद शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिये जिले भर में हाईअलर्ट जारी कर दिया गया है। जिले के प्रशासनिक अफसरों व पुलिस अफसरों ने शहर के मुख्य बाजारों व मार्गों पर पैदल मार्च करके शांति का संदेश दिया। साथ ही गड़बड़ी फैलाने वालों को चेतावनी दी कि सख्त कार्यवाही की जाएगी।

सोमवार को देश में नागरिकता संशोधन अधिनियम 2019 को लागू कर दिया गया है। इसका नोटिफिकेशन जारी होने के बाद ही प्रदेश सरकार ने अलर्ट जारी किया है। उच्चाधिकारियों की ओर से निर्देश मिलते ही यहां के अफसर भी अलर्ट दिखाई दिए। दोपहर बाद एसएसपी, अपर जिलाधिकारी के अलावा पुलिस के जवानों ने पैदल मार्च किया। पुलिस फोर्स के साथ गश्त की गई। हालांकि अधिनियम का नोटिफिकेशन जारी होने के बाद यहां कोई विरोध नहीं दिखा।

### सीएए लागू होने का भाजपा ने किया स्वागत

सरकार ने सीएए लागू कर दिया है। इसे लेकर राजनैतिक दलों की मिली जुली प्रतिक्रिया सामने आ रही हैं। एक ओर भारतीय जनता पार्टी ने सीएए लागू होने का स्वागत किया है और इसे समय की जरुरत बताया है। इसके विपरीत सपा, कांग्रेस जैसे विपक्षी दलों ने इस कानून को लागू करने का विरोध किया है और भाजपा की मंशा पर संदेह जताया है।

# बाइकों की टक्कर में दो लोगों की मौत

संवाददाता, बहुआ

- वैवाहिक कार्यक्रम में जा रहे थे बाइक सवार, अन्य सड़क हादसों में आठ लोग घायल
- घटना के बाद मौके पर जुटे लोगों ने पुलिस को सूचना दी घर में मचा कोहराम

**अमृत विचार।** दो बाइकों की टक्कर में एक युवक की मौके पर मौत हो गई और चार लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि निमंत्रण में जाते समय हादसा हुआ है। वहीं गाजीपुर थाना क्षेत्र के सुजानपुर गांव के पास सोमवार देर रात दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी और एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए।

पहले हादसे में ललौली थाना क्षेत्र के गांधी नगर निवासी चंद्रभूषण अपनी पत्नी सावित्री, बेटी रजनी, सजनी, प्रतिमा व बेटा मुकेश के साथ बरौहा गांव जा रहे थे। तभी सुजानपुर गांव के पास सामने से तेज रफ्तार में आ रहे दूसरी बाइक से जा टकराये। दोनों बाइकों की टक्कर बाद सभी लोग सड़क पर गिर गए। हादसे में चंद्रभूषण की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। पत्नी और बच्चे को मामूली चोट आई। वहीं दूसरा बाइक सवार विमल निवासी दतौली गंभीर रूप से घायल हो गया। थाना प्रभारी तारकेश्वर राय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



रामू।

### बाइकों की भिड़ंत में युवक की मौत

**फतेहपुर।** गाजीपुर थाना क्षेत्र के सुजानपुर गांव निवासी रामू अपनी पत्नी सीता और गांव के ही रमेश के साथ सोमवार की रात एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने बाइक से कहीं जा रहे थे। तभी रास्ते में उनकी बाइक सामने से आ रही दूसरी बाइक से जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में रामू की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं हादसे में सीता और रमेश गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों का कहना है दोनों बाइक सवार तेज गति से गाड़ी चला रहे थे। सड़क पर अंधेरा होने के कारण उन्हें सामने से आ रही बाइक दिखाई नहीं दी।

# बहन ही डोली उठने से पहले ही उठी भाइयों की अर्थी

फालोअप

संवाददाता औंग

**अमृत विचार।** बहन की शादी की अगवानी के दौरान अचानक जनरेटर का डीजल खत्म हो गया। शादी समारोह में अंधेरा छा गया। दुल्हन के दो भाई बाइक से डीजल लेकर वापस लौट रहे थे। इस दौरान सड़क हादसे में बिजली का तार टूट कर बाइक सवारों के ऊपर गिर गया। घटना में करंट की चपेट में आने से दोनों की मौत हो गई।

औंग थाना क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी अवधपाल की बेटी तनु की बारात सोमवार की रात कानपुर के किदवई नगर से आई थी। बारातियों के स्वागत सत्कार के बाद जनवासे से बड़ी धूमधाम से बारात अगवानी के लिए रवाना हुई। बारात जैसे ही दुल्हन के घर पहुंची, तभी अचानक जनरेटर का डीजल खत्म हो गया और शादी समारोह में अंधेरा छा गया। यह देख दुल्हन का 23 वर्षीय भाई दीपक और चचेरा भाई संदीप (26) आनन-फानन बाइक से डीजल लेने के लिए निकल गए। डीजल लेकर दोनों वापस लौट रहे थे। इस दौरान जैसे ही बाइक सवार रामपुर स्थित इंडस्ट्रियल एरिया के पास पहुंचे, तभी जल्दबाजी के चक्कर में तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक सड़क किनारे बिजली के खंभे से जा भिड़ी। जबरदस्त टक्कर लगने से बिजली का तार टूट कर ऊपर गिर गया। जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। शादी वाले घर में मातम हो गया।



शादी वाले घर में पसरा रहा मातम। अमृत विचार



संदीप सिंह।



दीपक सिंह।

### राहगीरों ने देख बुलाई पुलिस

राहगीरों ने उन्हें सड़क किनारे पड़ा देख परिवार और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस और परिजनों ने आनन फानन में दोनों को उठाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। दोनों भाइयों की मौत की जानकारी जब परिवार को हुई तो शादी वाले घर में चीख पुकार मच गई। शादी के जोड़े में सजी दुल्हन समेत बाराती और घराती रोते बिलखते अस्पताल की ओर दौड़ पड़े। अस्पताल में चीख पुकार मच गई।

### दुल्हन को संभाला गया, पूरी कराई गईं रस्में

किसी तरह लोगों ने दुल्हन को संभाला और शादी की बाकी रस्में पूरी करने को लेकर चर्चा की। जिस पर रिश्तेदारों और दुल्हन के परिवार वाले बमुश्किल राजी हुए। जिसके बाद दुल्हन को घर लेकर जाकर बाकी रस्मों को पूरा कराकर रात करीब तीन बजे दुल्हन को विदा कर दिया गया।

### पिता बोले- बेटी की डोली और बेटे की अर्थी कैसे उठाते

दुल्हन के पिता अवधपाल ने बताया, बेटे और भतीजे की लाश मॉर्चरी में रखी रही और मजबूरी में बेटी की शादी की बाकी रस्में पूरी की गईं। बेटे और भतीजे की लाश के बीच बेटी की डोली कैसे उठाते इसलिए रात को ही बेटी को विदा कर दिया। अब पोस्टमार्टम के बाद बेटे भतीजे के शव का अंतिम संस्कार किया जाएगा।

# हत्यारोपी पेशी के बाद पुलिस कस्टडी से फरार

संवाददाता फतेहपुर

- लापरवाही बरतने वाले तीन पुलिसकर्मियों पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार।** व्यापारी की हत्या के मामले में आरोपी अंकित उर्फ शेरा कोर्ट में पेशी के बाद सोमवार शाम पुलिसकर्मियों को चकमा देकर लॉकअप भाग निकला। पुलिस की कई टीमें नाकेबंदी कर देर तक उसकी तलाश में जुटी रहीं, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। मामले में देर शाम लाकअप प्रभारी लाल मोहन यादव की तहरीर पर हेड कांस्टेबल राजा सिंह, दिनेश कुमार दुबे और महिला आरक्षी लक्ष्मी यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के महाजनी गली निवासी अमित गुप्ता की मुंबई में धागा फैक्टरी थी। वह 29 जनवरी 2023 को चचेरे भाई की शादी में बिंदकी आया था। इस दौरान घर पर उसकी धारदार हथियार से हत्या कर दी गई थी। हत्याकांड में पुलिस ने तीन फरवरी को फैक्टरी मालिक की पत्नी पूनम गुप्ता, औंग थाना क्षेत्र के बसावनपुर निवासी अंकित उर्फ शेरा सिंह समेत अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया था। सोमवार को एक मामले में पॉक्सो कोर्ट प्रथम में अंकित उर्फ शेरा को पेशी पर लाया गया था। पेशी के बाद उसे लॉकअप ले जाया गया। लॉकअप परिसर के अंदर शौचालय बना है। मौका देखकर शौचालय की दीवार फांदकर अंकित भाग निकला। कुछ देर बाद अंकित के भागने का पता लगा। लॉकअप प्रभारी लालमोहन व यादव ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी। सीओ सिटी वीर सिंह, कोतवाल राजेंद्र सिंह समेत फोर्स जांच में जुटे और आसपास लोगों से पूछताछ की।

# डिवाइडर पर चढ़कर कार दूसरी लेन में पहुंची, चार गंभीर

**थरियांव।** ओवरटेक करने और बाइक सवारों को बचाने के चक्कर में तेज रफ्तार कार डिवाइडर पार करते हुए दूसरी लेन में पहुंच गई। हादसे में कार सवार चार लोग घायल हो गए। घायलों को पुलिस ने इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा है।

थरियांव थाना क्षेत्र के चकबरारी बिलंदा गांव निवासी धीरज विश्वकर्मा तीन साथियों के साथ खागा जा रहा था। तभी हसवा चौकी के सगुन ढाबा के पास एक बाइक सवार को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित हो कर कार डिवाइडर से चढ़ कर दूसरी लेन में पहुंच गई। जिससे कार पलट गई।

कार में ऋषभ मौर्या, दिलीप कुमार, अमरेश पाण्डेय निवासी चक बरारी बिलंदा सवार थे। हादसे की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची।

# हमारे आंगन-हमारे बच्चे कार्यक्रम में निपुण लक्ष्य के बांटे गए प्रमाण पत्र

संवाददाता, किशनपुर फतेहपुर

**अमृत विचार।** विजयीपुर विकास खंड में ब्लॉक रिसोर्स सेंटर में मंगलवार को हमारे आंगन-हमारे बच्चे, कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधानाध्यापकों व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने भी प्रतिभाग किया। रिसोर्स सेंटर में आयोजित हमारे आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती को माल्यार्पण कर सरस्वती वंदना के साथ की गई।

कार्यक्रम में ब्लॉक की करीब 50 से अधिक आंगनबाडी कार्यकत्री अभिभावकों व प्रधानध्यापकों ने प्रतिभाग किया। खंड शिक्षा अधिकारी रजनीश कुमार श्रीवास्तव ने ब्लॉक को निपुण बनाने के लिए आगनबाडी और प्रधानाध्यापकों को प्रेरित किया। खंड शिक्षा अधिकारी ने कार्यशाला में बच्चों के उत्साह वर्धन के लिए स्टेशनरी भी बांटी। साथ में ब्लॉक के निपुण बच्चों को प्रमाण पत्र भी दिए गए। ब्लॉक के बाल विकास परियोजना अधिकारी अरविंद कुमार ने आंगनबाडी कार्यकत्री को बताया कि निपुण लक्ष्य की प्राप्ति तभी हो सकती है। जब वो आंगनबाडी आने वाले बच्चों को अच्छी शिक्षा दीक्षा दें। वहीं निपुण लक्ष्य की प्राप्ति के लिए विद्यालयों में प्राथमिक विद्यालय रामपुर, सूदनपुर, पाम्भीपुर, प्राथमिक विद्यालय उम्मेदपुर, प्राथमिक विद्यालय उमरा को खंड शिक्षाधिकारी विजयीपुर ने सम्मानित किया। इस मौके पर ब्लॉक अकादमिक रिसोर्स के याजुवेंद्र सिंह, नवल वर्मा सहित कई प्रधानाध्यापक, आंगनबाड़ी कार्यकत्री व अभिभावक भी रहे।



कार्यक्रम समाप्त होने के बाद हाथ में पुरस्कार लिए बच्चे। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### गायत्री परिवार के सह समन्वयक बने शैलेन्द्र

**फतेहपुर।** शहर के हरिहरगंज स्थित गायत्री शक्तिपीठ मंदिर में गायत्री परिवार द्वारा हवन पूजन के साथ गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें गायत्री परिवार के अयोध्या जोन समन्वयक देशबंधु तिवारी एवं शुक्लागंज उप जोन समन्वयक शिवाकांत त्रिपाठी मुख्य अतिथि रहे। अध्यक्षता गायत्री परिवार के गिरधारी लाल गुप्ता ने की। गायत्री परिवार के जिला समन्वयक राजदीश यादव, जिला सह समन्वयक शैलेंद्र शरन सिंपल, जिला सह समन्वयक महिला आशा त्रिपाठी, युवा सह समन्वयक मनीष प्रभु, युवा सह समन्वयक महिला मधुलिका वैदिक सहित 13 ब्लाकों में सह समन्वयक के नामों की घोषणा की गई। गायत्री परिवार के अयोध्या जोन के समन्वयक देश बंधु तिवारी ने गुरुदेव आचार्य श्रीराम शर्मा के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रत्येक ब्लॉकों में यज्ञ कराने के लिए जोर दिया। सरजू प्रसाद शुक्ला, सुभाष चंद्र श्रीवास्तव, रामबाबू तिवारी, राम आसरे प्रजापति, ईश्वर सहाय गुप्ता, नर सिंह सेंगर, अवधेश पांडेय, ओंकार नाथ आर्य, सदाशिव पांडेय, विजय लक्ष्मी निगम, आशा यादव, लक्ष्मी सिंह, रविंद्र सिंह रहे।



गायत्री मंदिर परिसर में मौजूद लोग।

### निर्भीक होकर मतदान करने की अपील

**फतेहपुर।** आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए मंगलवार को प्रभारी निरीक्षक चांदपुर द्वारा मय पुलिस बल एवं सशस्त्र बलों (सीमा सुरक्षा बल) के साथ थाना चांदपुर क्षेत्र के गौरी औरा, रिठवा, दपसौरा, अमौली, केवलापुर , सठिगवां, सरहन बुर्जुग, मवई आदि गांवों में एरिया डोमिनेशन किया गया। वहीं निर्भीक एवं स्वतंत्र मतदान करने के लिए लोगों को जागरूक किया गया।

मिलेगी राहत | पिछले वर्ष दमकल विभाग ने शासन से किया पत्राचार, शासन ने संसाधनों का ब्योरा मांगा

# अब होगा आग बुझाने का पक्का इंतजाम

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** गर्मी में आग लगने की घटनाओं के दौरान हर साल दमकल विभाग जूझता है, वजह है विभाग के पास पर्याप्त संसाधन न होना। सीमित संसाधन और स्टाफ की कमी के बावजूद किसी तरह विभाग हर साल इन कठिनाईयों भरे दौर से गुजरता है। करीब साल भर पूर्व भेजे गए प्रस्ताव पर शासन ने मुहर लगाते हुए विभाग के पास मौजूद संसाधनों को ब्योरा मांगते हुए जल्द संसाधनों की पूर्ति करने का आश्वासन मिला है।

**विभाग को जगी उम्मीद :** पुराने कंडम हो चुके वाहनों से काम चला रहे विभाग को राहत तब मिली है कि जब हाल ही में शासन से नए संसाधन मिलने की सूचना मिली। लेकिन जनपद को इन नए संसाधनों में नया क्या मिलेगा यह स्पष्ट नहीं है। इसके अलावा विभाग ने जनपद में करीब सात और फायर स्टेशन खोलने के लिए शासन को पत्राचार किया था लेकिन अभी तक सिर्फ असोथर क्षेत्र में ही एक स्टेशन स्वीकृत हो सका है। जबकि जरूरत अधिक की है जिससे आग को तुरंत बुझाकर संपत्ति को बचाया जा सके। नए फायर स्टेशन खोलने सम्बन्धित शासन से कोई जवाब नहीं मिला है।



फायर ब्रिगेड का भवन।

### 11 वाहनों के सापेक्ष सिर्फ तीन चालक

विभाग के पास मौजूदा समय में छोटे-बड़े 11 वाहन हैं लेकिन उन्हें चलाने के लिए तीनों तहसीलों में महज तीन ही चालक हैं। ऐसे में बड़ी घटना होने पर विभाग के पास वाहन होने के बावजूद चालक न होने से बड़ी समस्या सामने खड़ी हो जाती है। विभागीय जिम्मेदारों का मानना है कि शासन की ओर से स्टाफ की भरपाई की जाए तो काम और आसान हो जाएगा।

### मौजूदा समय में संसाधन की जिले में यह स्थिति

| पद | तैनाती | जरूरत |
|---|---|---|
| सीएफओ | 01 | 01 |
| एफएसओ | 00 | 01 |
| द्वितीय दारोगा | 02 | 03 |
| लीडिंग फायरमैन | 03 | 09 |
| चालक | 03 | 08 |
| बडे.टैंकर | 06 | 10 |
| जीप-बोलेरो | 04 | 10 |
| फायर बुलेट | 01 | 03 |
| फोम टेंडर | 00 | 03 |
| फायरमैन | 24 | 53 |

जरूरत के हिसाब से संसाधन कम हैं। पिछले वर्ष शासन को इस बाबत पत्राचार किया गया था। अब शासन से जिले के संसाधनों का ब्योरा मांगा गया था, जो कि भेजा जा चुका है। उम्मीद है कि अप्रैल के दूसरे पखवाड़े में संसाधन उपलब्ध हो जाएंगे। इसके साथ ही बचाव कार्य में राहत होगी।

–उमेश गौतम, एफएसओ

# अपने घर से वोट डाल सकेंगे 85 वर्ष वाले मतदाता

**फतेहपुर।** आगामी लोक सभा चुनाव में 85 वर्ष से ऊपर के मतदाताओं के लिए अच्छी खबर है। इन्हे अपने अपने घर से ही वैलेट पेपर से मतदान करने की सहुलियत दी गई है। इसके लिए सम्बंधित वोटर को निर्धारित फार्म भर कर आवेदन करना होगा।

जिलाधिकारी सी. इंदुमती ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के नवीनतम दिशा-निर्देशानुसार जनपद के समस्त 85 वर्ष की आयु वर्ग से ऊपर के मतदाताओं को मतदान करने के लिए पोस्टल बैलेट की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। इसके लिए 85 वर्ष की आयु वर्ग से ऊपर के मतदाताओं को स्वेच्छा से पोस्टल बैलेट के माध्यम से निवास स्थान पर मतदान करने के लिए निर्धारित फार्म-12 डी में आवेदन कर अपने निवास स्थान पर मताधिकार का उपयोग कर सकते हैं। फार्म-12 डी अधिसूचना जारी होने के पांच दिनों के अन्दर सम्बन्धित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के बीएलओ उनकी सूची बनाएंगे।

# छात्रों ने खाई चिकनपॉक्स की दवा

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- इंडियन रेडक्रास सोसायटी द्वारा चलाया गया अभियान
- स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी गई

**अमृत विचार।** स्कूली बच्चों को बीमारियों से बचाने के लिए मंगलवार को इंडियन रेडक्रास सोसाइटी, आरोग्य भारती व डॉ सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में चेयरमैन व आरोग्य भारती के जिला सचिव डॉ. अनुराग श्रीवास्तव द्वारा चिकनपॉक्स बचाव महाभियान चलाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पंकज यादव जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

सर्वप्रथम बीएसए पंकज यादव द्वारा कम्पोजिट विद्यालय नारायणपुर के बच्चे को अपने हाथों से दवा खिलाकर अभियान का शुभारंभ किया गया। उसके बाद डॉ. अनुराग द्वारा कम्पोजिट विद्यालय नारायणपुर के 95 व प्राथमिक विद्यालय कृष्णबिहारी नगर के 63 कुल 158 बच्चों को चिकनपॉक्स से बचाव व रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने में सहायक होमियोपैथिक औषधि प्रदान की गई। डॉ. श्रीवास्तव ने बताया मौसम परिवर्तन के साथ कई संक्रामक बीमारियों का प्रसार होता है, जिनमें चिकनपॉक्स मुख्य है। जिसमें शरीर में दाने निकलते हैं, दानों में पानी भरा रहता है, तेज बुखार रहता है, जलन होती है।

अधिकतर बच्चे प्रभावित होते हैं। होमियोपैथी दवा के प्रभाव से रोग की सम्भावना कम हो जाती है साथ ही स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना चाहिये। खाने से पहले व शौच जाने के बाद साबुन से अच्छी तरह से हाथ धुलना चाहिए। रसीले फलों का सेवन व खाने एवं पीने के पानी को ढककर रखना चाहिये। वहीं बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि इन बच्चों को ऐसी औषधियों की विशेष आवश्यकता होती है, क्योंकि बच्चों की रोगप्रतिरोधक क्षमता कम होती है और होमियोपैथिक दवाओं के प्रयोग से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। इस अवसर पर प्रधानाचार्या रश्मि अवस्थी, संगीता चौहान व अध्यापिका गौरी सिंह चौहान, चैतन्य कुमार समेत छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



बच्चों को चिकनपाक्स की दवा खिलाते बीएसए। अमृत विचार

# वायरल डायरिया और बुखार बच्चों को बना रहा 'शिकार'

संवाददाता फतेहपुर


जिला अस्पताल की ओपीडी में बच्चों का इलाज करते डॉक्टर। अमृत विचार

- जिला अस्पताल की ओपीडी में पहुंचे 80 बच्चे
- उल्टी, दस्त व त्वचा के रोगियों की भी भरमार

**अमृत विचार।** सर्दी से गर्मी की तरफ बढ़ रहे मौसम के चलते एक से पांच साल तक के बच्चों में वायरल डायरिया का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। जिन्हें सर्दी-जुकाम के साथ ही दस्त की शिकायत हो रही है। मंगलवार को ओपीडी में वायरल डायरिया से ग्रसित करीब 70 से 80 बच्चे पहुंचे। जिन्हें दवा देने के साथ ही अभिभावकों को बच्चों की निगरानी करने और नियमित चेकअप कराते रहने की सलाह दी गई है। उधर, वायरल बुखार भी तेजी से पांव पसार रहा है।

ओपीडी में वायरल बुखार के मरीजों की संख्या सर्वाधिक रही। इन्हीं मरीजों में टायफाइड भी निकला। डॉक्टर खानपान में परहेज की सलाह दे रहे हैं। एक हजार से अधिक मरीजों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया। इनमें करीब सवा सौ के करीब बच्चे रहे। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. राजीव निगम ने बताया कि एक से पांच साल तक के बच्चों में वायरल डायरिया के मामले तेजी से बढ़े हैं।

बताया कि इस मौसम में खानपान का खास ख्याल रखना जरूरी है। खासतौर से छोटे बच्चों को सुबह-शाम की सर्दी से बचाएं। सर्दी लगने की वजह से बच्चों को निमोनिया की भी शिकायत हो रही है।

### इलाज के लिए भटक रहे त्वचा रोग के मरीज

जिला अस्पताल में त्वचा रोग विशेषज्ञ नहीं हैं। जिसके चलते त्वचा रोग से संबंधित मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। डॉक्टरों के अनुसार इस समय त्वचा रोग के मरीज काफी आ रहे हैं। सामान्य डॉक्टरों को दिखाने पर उन्हें आराम नहीं मिल रहा है। मजबूरी में उन्हें प्राइवेट अस्पताल तक दौड़ लगानी पड़ रही है।

### साफ दिख रहा मौसम में बदलाव का असर

मौसम में बदलाव का असर अस्पतालों में साफ दिखाई दे रहा है। ऐसे में सरकारी अस्पतालों में मरीजों की भीड़ उमड़ रही है। ओपीडी में डॉक्टरों के कक्ष के बाहर लंबी कतारें लगी रहीं। दवा काउंटर पर मरीजों को सबसे ज्यादा जद्दोजहद करनी पड़ी। कड़ी मशक्कत के बाद लोग काउंटर से दवा ले सके। मंगलवार को ओपीडी में ईएनटी सर्जन, बाल रोग विशेषज्ञ मरीजों को देख रहे थे। बाल रोग विशेषज्ञ ने बताया कि मौसम में बदलाव के चलते सबसे अधिक मरीज सर्दी, जुकाम, बुखार व खांसी के आ रहे हैं।

### उल्टी, दस्त के मरीजों की भी भीड़

अस्पताल में पिछले कुछ दिनों से मौसमी बीमारी खांसी, जुकाम, बुखार, उल्टी, दस्त के मरीजों की संख्या बढ़ रही है मरीजों को डॉक्टर को दिखाने के लिए भी लाइन में खड़े रहकर इंतजार करना पड़ रहा है। दवा वितरण की खिड़कियों पर भी मरीजों की भीड़ लगी रहती है मरीजों को अस्पताल के बरामदे में भीड़भाड़ देखीं जा सकती है। बारिश के कारण खाली जगहो में पानी भर गया है जिसके चलते मच्छर पनप रहे हैं। इससे बुखार के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है ऐसे में मलेरिया विभाग को चाहिए कि वार्डों में जाकर सर्वे करे और बीमारियों की रोकथाम के लिए उपाय किए जाएं फिलहाल गांवों में विभाग की ओर से किसी तरह की कोई पहल नहीं की गई जिसके चलते आगामी दिनों में डेंगू, मलेरिया के मरीज लगातार बढ़ सकते हैं। मौसम में बदलाव, बढ़ रहे वायरल के मरीज मौसम में बदलाव आने से वायरल के मरीजों की ओपीडी बढ़ रही है।

## रेलवे ट्रैक पर युवक व बच्ची के शव मिले

**फतेहपुर।** मलवां रेलवे स्टेशन में भोरपहर उस समय हड़कंप मच गया जब मालगाड़ी के चालक द्वारा जीआरपी को सूचना दी गई कि ट्रेन की चपेट में एक युवक और बच्ची आ गए हैं। सूचना पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज पहचान कराने का प्रयास कर रही है।

मलवां रेलवे स्टेशन के खंभा नंबर 957/30 अपलाइन पर करीब 40 वर्षीय एक युवक व दो वर्षीय बच्ची के क्षत विक्षत शव मिले हैं। मामले में स्टेशन मास्टर मलवां सूरज कुमार ने बताया की घटना की जानकारी मालगाड़ी द्वारा मिली। भोरपहर करीब तीन बजे शव जब जीआरपी पुलिस पहुंची तो शव कई टुकड़ों में बंटे थे। जिनकी पहचान नहीं हो सकी है। जीआरपी पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

## सार-संक्षेप


बस स्टाप के निर्माण को लेकर विधायक ने किया भूमि पूजन। अमृत विचार

### बस स्टाप के भवन निर्माण का विधायक ने किया भूमि पूजन

**बिंदकी फतेहपुर।** रोडवेज बस स्टॉप के पुराने जर्जर भवन के गिरने के बाद नए भवन का निर्माण होगा। इसके लिए मंगलवार को क्षेत्रीय विधायक जय कुमार सिंह ने भूमि पूजन किया और फावड़ा चलाकर शिलान्यास किया। उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार के उपलब्धियों के बारे में भी लोगों को बताया।नगर के मोहल्ला महरहा रोड स्थित रोडवेज बस स्टॉप के भवन के निर्माण के लिए बिंदकी क्षेत्र के विधायक जयकुमार सिंह ने भूमि पूजन किया। उन्होंने कहा कि जनता के हित के लिए लगातार लाभकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। विकास कार्य हो रहे हैं, जिसका लाभ जनता को मिल रहा है। कहा कि इस स्थान पर पहले बने रोडवेज बस स्टॉप का भवन जर्जर हो गया था। इस कारण काफी प्रयास के बाद नए भवन के निर्माण के लिए धन आवंटित कराया गया है। भवन निर्माण का शुभारंभ किया गया है, जल्द ही यह भवन बनकर तैयार होगा। जहां पर यात्रियों को सुविधा मिलेगी और काफी संख्या में बस भी खड़ी हो सकेंगी। जिससे लोगों को आवागमन में सुविधा होगी। इस मौके पर भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष मधुराज विश्वकर्मा, मंडल अध्यक्ष अतुल द्विवेदी, सभासद अनिल कुमार सोनकर, सभासद सत्यम अग्रवाल, गोलू गुप्ता, गोविंद बाबू टाटा, संजय मिश्रा, रचना हुसैन, स्वाति ओमर, अंकित गुप्ता, पवन तिवारी, सुजीत उमराव, त्रिवेंद्र दीक्षित, बृजेश मिश्रा, शुभम सिंह परिहार, छोटे उत्तम सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### ग्राम परिक्रमा अभियान पर ग्रामीणों से हुआ संवाद

**फतेहपुर।** भाजपा किसान मोर्चा द्वारा चलाए जा रहे ग्राम परिक्रमा अभियान के तहत मंगलवार को हसवां मंडल के ग्राम भभैंचा में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति, विशिष्ट अतिथि जितेन्द्र सिंह क्षेत्रीय मंत्री किसान मोर्चा कानपुर रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा विजय प्रताप सिंह ने किया। मुख्य अतिथि ने ने किसानों को मुफ्त बिजली, फसल आपदा से नष्ट होने पर अब 50 प्रतिशत की जगह 30 प्रतिशत नष्ट होने में मुआवजा,मोटा अनाज श्रीअन्न, ड्रोन दीदी, किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री आवास, किसानों को सिंचाई हेतु 151 अलग फीडर बन समेत अन्य योजनाओं की जानकारी दी। परिक्रमा अभियान के जिला आयोजक जयदेव सिंह ने सम्मानित मंच स्वागत ,बंधन अभिनंदन किया।

### गन्ने के खेत में लगी आग, मचा हड़कंप

**अमौली।** अमौली विकास खण्ड के में मानक की धज्जियां उड़ा रहे बिजली विभाग के कारण आग लगने की घटनाएं शुरू हो चुकी हैं। सबसे पहले किसानों की पकी खड़ी फसलें इनका शिकार हो रही हैं। अमौली विकास खण्ड के सरहन बुजुर्ग निवासी शिवबरन पुत्र स्व हीरालाल के गन्ने के खेत के ऊपर से दपसौरा फीडर की बिजली गई है। जहां पर 110 फुट की दूरी पर पोल गड़े हुए थे। जिस पर तार व जमीन की दूरी 10 फुट पर थी। ढीले तारों की वजह से गन्ना तार को टच कर गया, जिससे गन्ने के खेत पर अचानक आग लग गई। ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया लेकिन तब तक दस बिस्वा खेत का गन्ना जलकर खाक हो गया। जिस पर विभाग के द्वारा तत्काल 55 फुट की दूरी पर एक पोल लगाकर तारों की ऊंचाई को कुछ लिमिट तक पहुंचाया गया।

### शासन के कान तक नहीं पहुंची दिव्यांग की आवाज

**फतेहपुर।** राजस्व विभाग की स्पष्ट रिपोर्ट के बावजूद तालाब से दबंगों का कब्जा नहीं हट सका है। सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट आदेश (तालाब की भूमि तालाब में हो दर्ज) का पालन नहीं हो पा रहा है। मामला जनपद के सदर तहसील के आदमपुर गांव का है, जहां तालाब में नवैयत बदलकर गांव के कुछ लोगों के नाम भूमिधारी दर्ज कर दी गई। दर्ज जमीन में तालाब है। जो अभी भी तालाब की शक्ल में सामने है बावजूद शासन की हीलाहवाली के चलते अभी भी भूमिधारी में दर्ज है। गांव के एक दिव्यांग द्वारा 2014 से लगातार इस मामले को लेकर आवाज उठाई जा रही है।

# दोआबा के उत्पादों को अब मिलेगी एक नई पहचान

## ओडीओपी के तहत प्रधानमंत्री मोदी ने किया वर्चुअल उद्घाटन

संवाददाता फतेहपुर

- केन्द्रीय मंत्री ने रेलवे स्टेशन में किया शुभारंभ

**अमृत विचार।** एक स्टेशन एक उत्पाद के स्टाल का जिला मुख्यालय स्थित रेलवे स्टेशन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्चुअल तौर पर उद्घाटन किया गया। स्टेशन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद, केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि दोआबा के उत्पाद अब राष्ट्र स्तर पर पहचान पाएंगे यह जनपद के लिए गर्व की बात होगी। अब वोकल फॉर लोकल अभियान को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि जो काम दस साल में भाजपा की सरकार में हुआ है वह काम 70 साल में नहीं हुआ है। 70 साल तक विकास कार्य का पैसा भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया था और भाजपा की सरकार में काम दिखाई दिया। उन्होंने कहा कि अगर तीसरी बार उनको मौका मिलता है तो फतेहपुर की तस्वीर बदल जाएगी।

रेलवे के सहायक मंडल अभियंता अर्चित जैन की अध्यक्षता व युवा विकास समिति के प्रवक्ता आलोक गौड़ के सफल संचालन में आयोजित कार्यक्रम में यशराज म्युजिकल ग्रुप द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। मां गायत्री फूड प्रोडक्ट की मालविका सिंह ने बताया उनके द्वारा एक साल से यहां स्टाल संचालित किया जा रहा है। बताया कि अचार, मुरब्बा, जैम, जैली, स्कावायस, बुकनू और तमाम प्रकार के आंवला उत्पाद मिलेंगे। एक स्टेशन एक उत्पाद में यह उत्पाद अब स्थानीय व्यापारियों, शिल्पकरों को रोजगार व स्वरोजगार के मार्ग खोलेंगे। इस मौके पर मुख्य वाणिज्य निरीक्षक महेंद्र गुप्ता, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा और दिनेश बाजपेई, समाजसेवी लक्ष्मीचंद्र ओमर मोना और अशोक तपस्वी, कुलदीप भदौरिया, अरविंद तिवारी समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## डीएम ने स्कूलों में बाउंड्रीवाल बनाने के दिए निर्देश

**फतेहपुर।** प्रोजेक्ट अलंकार की बैठक में जिलाधिकारी सी. इंदुमती ने कहा कि जिन राजकीय इण्टर कालेज, माध्यमिक विद्यालयों में बाउंड्रीवाल नहीं हैं, जिसमें बाउंड्रीवॉल का निर्माण कराया जाना है, उसके लिए जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिए कि विद्यालय की आगणन सीट बनाई जाए और समिति से क्रास चेकिंग कराएं। संबंधित विद्यालयों की तहसीलवार उपजिलाधिकारी को सूची उपलब्ध करा दें, जिससे स्थलीय जांच की जा सके। बाउंड्रीवॉल के निर्माण में कोई भूमि विवाद नहीं है तो इस आशय का प्रमाण पत्र भी ले लें। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी प्रमोद सिंह चंद्रौल, जिला पंचायत राज अधिकारी उपेन्द्र राज सिंह, अधिशाषी अभियंता पीडब्ल्यूडी अनिल कुमार आदि रहे।

## जिले की खराब रैंकिंग को सुधार लें अफसर: डीएम


कलेक्ट्रेट के महात्मा गांधी सभागार में बैठक करतीं डीएम। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** सीएम डैस बोर्ड के विकास कार्यक्रमों की हकीकत जानने के लिए मंगलवार को कलेक्ट्रेट के महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी सी.इंदुमती ने सम्बंधित अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए कार्यो की समीक्षा की।

जनपद स्तरीय अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं उन्होंने शासन की विकासपरक, जनकल्याणकारी योजनाओं, निर्माण कार्यों की विस्तृत कार्यो की समीक्षा की। निर्देश दिये कि निर्माणाधीन परियोजनाओं को गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्यदायी संस्थाएं पूर्ण कराएं। सीएम डैस बोर्ड में जो रिपोर्ट फीड किया जाना है समय से कराएं, साथ ही त्रुटि हो गई है तो संबंधित अपने मुख्यालय से संपर्क कर सही कराएं। जिससे की जिले की रैंकिंग खराब न रहे। कहा कि आकांक्षी जनपद के जिन विभागों के इंडिकेटेरों पर कार्य किया जा रहा है, संबंधित पोर्टल पर संबंधित विभाग समय से फीड करें ताकि जनपद की रैंकिंग सही रहे।

## सीएए पर समाज का माहौल खराब कर रहा विपक्ष: साध्वी


प्रेक्षागृह में कार्डधारकों को नि:शुल्क बैग वितरण करतीं सांसद। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** सोमवार को लागू किए गए सीएए पर विपक्ष के हमले का मंगलवार को केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने जवाब दिया। उन्होंने कहा कि विपक्ष बिना समझे बयानबाजी कर समाज का माहौल खराब कर रहा है।

उन्होंने कहाकि नागरिकता संशोधन अधिनियम के तहत बगैर नागरिकता के भारत में रह रहे थे, बांग्लादेश, अफगानिस्तान, पाकिस्तान और श्रीलंका में रहने वाले ऐसे अल्पसंख्यकों को फायदा होगा, जिनके पास भारत की नागरिकता नहीं है। मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विडियोकॉन्फ्रेंसिंग के जरिए एक स्टेशन एक उत्पाद के अंतर्गत आदर्श रेलवे स्टेशन पर स्टॉल का उद्घाटन किया गया। इसके बाद राजकीय पुस्तकालय में डिजिटल लाइब्रेरी का लोकार्पण भी किया।

### लाभार्थियों को बांटे बैग

केन्द्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने शहर के सरदार वल्लभ भाई पटेल प्रेक्षागृह में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के 10 किग्रा के कैरी बैग का नि:शुल्क वितरण किया। जिसमें पात्र गृहस्थी योजना एवं अन्त्योदय अन्न योजना के लाभार्थियों को लाभ मिला। उन्होंने कहा कि आगामी 5 वर्ष तक भारत सरकार द्वारा नि:शुल्क खाद्यान्न का वितरण किया जायेगा।

## सूने घर में चोरों का धावा, लाखों का माल पार किया

**बिंदकी।** सूने घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर घर के अंदर घुसे और नगदी व सोने चांदी के आभूषण सहित लाखों रुपए की संपत्ति चोरी कर ले गए। चोरी की जानकारी हुई तो हड़कंप मच गया। मामले की सूचना पर पुलिस को दी गई, पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के अमेना गांव में सोमवार की रात को रामनरेश कुशवाहा के सूने घर में ताला तोड़कर चोर घुस गए और नगदी व जेवरात सहित लाखों रुपए की संपत्ति चोरी कर ले गए। सूचना मिलने पर उप निरीक्षक इबरार सिद्दीकी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। इस मामले में रामनरेश कुशवाहा ने बताया कि वह अपने परिवार के समेत एक रिश्तेदारी में निमंत्रण में गया था। जबकि उसके पिता रामदास कुशवाहा एक दूसरे निमंत्रण में गए थे बताया जाता है कि रामदास कुशवाह रात करीब दो बजे रात में निमंत्रण से घर वापस आए तो देखा कि दरवाजा खुला हुआ है और चोरी हो चुकी है।

**माह-ए-रमजान** चांद नजर आने के साथ ही तरावीह नमाज की हो गई थी शुरुआत

# शुरू हो गई रहमतों की बारिश

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** चांद नजर आते ही मुकद्दस रमजान के मुबारक महीने का आगाज सोमवार को हो चुका है। सोमवार को चांद देखने के बाद देर रात तक बाजारों और घरों में रौनक रही। तराबीह नमाज शुरू हो गई, पहला रोजा मंगलवार को रखा गया।

सब्र और शुक्र के साथ बरकतों रहमतों का महीना रमजान का आगाज हो गया है। सोमवार की शाम को चांद नजर आते ही बाजारों में भी खरीदारों की भीड़ रही। सहरी से लेकर इफ्तार का सामान खरीदा गया। इससे नमाज इशा तक बाजारों में रौनक रही। इशा की अजान होते ही बड़ी संख्या में नमाजी मस्जिदों में पहुंचे। इशा की नमाज बाद तराबीह की विशेष नमाज अदा की गई। तराबीह की नमाज को लेकर पहले ही मस्जिदों में हाफिज ए कुरान मुकर्रर कर दिए गए थे। रमजान का पहला रोजा रखने को सुबह उठने के भी इंतजाम किए जाते रहे। किसी ने मोबाइल पर अलार्म लगाया तो ग्रामीण इलाकों में एक एक लोगों को उठाने की जिम्मेदारी दी गई। रमजान महीने की शुरुआत होने से देर रात तक मुकद्दस रमजान शुरू होने की मुबारकबाद देने का भी सिलसिला चलता रहा। मंगलवार को पहला रोजा रखा गया और निर्धारित समय पर रोजा इफ्तार हुआ।

### साढ़े तेरह से 14 घंटे का होगा रोजा

जानकार बताते हैं कि इस बार मुकद्दस रमजान का पहला रोजा 13 घंटे 21 मिनट का होगा। देखा गया है कि रोजा सहरी और इफ्तार के टाइम टेबल की मानें तो पहला रोजा सुबह पांच बजे से शुरू होगा और शाम 6 :21 बजे इफ्तार किया जाएगा। इसके अलावा जैसे जैसे समय आगे बढ़ेगा रमजान का रोजा 14 घंटे के आसपास भी पहुंच जाएगा।

VAMCRH
VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL
SHAHJAHANPUR
Excellence towards profession

वरुण अर्जुन मेडिकल कालेज एवं रोहिलखंड हास्पिटल
एन.-एच. 24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर फोन : 05842-276501, 7521001988, 7521001989




**मेडिसिन विभाग :-** सामान्य रोग के समस्त गंभीर रोगियों का इलाज व भर्ती सुविधा विशेषज्ञ डाक्टरों की देख-रेख में की जाती है। टी.एम.टी. (TMT), ईको (ECHO), होल्टर (HOLTER), की जाँच, एम.आई.सी.यू. (MICU) की सुविधा 24 घंटे विशेषज्ञ द्वारा उचित दरों में उपलब्ध है।

**सर्जरी विभाग :-** पित्त की पथरी, हर्निया, हाइड्रोसिल, बवासीर, भगन्दर, आँत का फटना, अपेन्डिक्स आदि रोगों का समुचित उपचार व ऑपरेशन की सुविधा। पेशाब में रूकावट, खून आना, दूधिया पेशाब आना, गुर्दे एवं पेशाब संबंधित रोगों का परामर्श इलाज एवं दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। आंतो के ऊपरी भाग व निचला भाग,बड़ी आंत व गुदा की जाँच दूरबीन द्वारा व ICU की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

**स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग :-** बच्चे दानी में गांठ, बच्चेदानी का बाहर आना, माहवारी की समस्या, बार-बार गर्भपात होना तथा महिलाओं में बांझपन के इलाज की सुविधा, पेप स्मेयर की जाँच, कैंसर की जाँच, दूरबीन विधि द्वारा आपरेशन व सीजेरियन एवं नार्मल डिलीवरी की सुविधा एवं आई.सी.यू. (ICU) की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

**बाल रोग विभाग :-** बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं PICU की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध। नियोनेटल वेंटीलेटर की सुविधा, फोटो थैरेपी, एक्सचेंज, ट्रान्सफ्युजन, सरफेक्टेंट थैरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध हैं। बच्चों में खून की कमी, मिर्गी पीलिया, वजन कम होना, खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा। बच्चों के लिए नि:शुल्क टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध है, बच्चों के ऑपरेशन की सुविधा।

**कैंसर विभाग :-** स्तन कैंसर का ऑपरेशन Breast Conservation एवं Sentinel Node तकनीक के द्वारा। मुंह का कैंसर, जीभ का कैंसर, थायरॉइड कैंसर, गले का कैंसर, पेट का कैंसर, आंतों का कैंसर, लिंग का कैंसर, किडनी का कैंसर, फेफड़े का कैंसर, पित्ताशय का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर, पैनक्रियाज का कैंसर, चमड़ी का कैंसर, हड्डी का कैंसर का इलाज की सुविधा।

**नेत्र रोग विभाग :-** काला मोतिया की जाँच व इलाज, कार्निया की बीमारी का इलाज, आँख के पर्दे की जाँच व इलाज, मोतियाबिन्द के ऑपरेशन MSICS तथा फेको विधि द्वारा, भैगापन, नासूर, नाखूना आदि का इलाज व ऑपरेशन की सुविधा, कम्प्यूटर (Auto Refraction) द्वारा चश्मे के नम्बर व प्रमाणीकरण व जाँच की सुविधा सस्ते दरो पर उपलब्ध है। आप्थेल्मोस्कोप द्वारा आँख के पर्दे की जाँच, जर्मन माईक्रोस्कोप द्वारा आँख के आपरेशन की सुविधा। आँख में किसी भी प्रकार की चोट का इलाज और बच्चों की आँखो की बीमारियों का सभी प्रकार का इलाज। मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाना मुफ्त।

**हड्डी रोग विभाग :-** स्पाइन सर्जरी, ट्रामा सर्जरी, घुटने के जोड़ का प्रत्यारोपण, पोलियों का ऑपरेशन, बच्चों के पैरों के टेढ़ापन का ऑपरेशन, आर्थोस्कोपी, गठिया, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, गर्दन दर्द आदि रोगों का इलाज सस्ते दामों पर, फिजियोथैरेपी की सुविधा।

**मानसिक रोग विभाग :-** उत्तर प्रदेश में पहली बार Portable TDCS (Transcranial direct current stimulation) थैरेपी की सुविधा। ई.ई.जी (E.E.G.), ई.एम.जी. (E.M.G.) एवं ई.सी.टी. (ECT) की सुविधा साइकोथैरेपी की सुविधा, साइकोलोजिकल टेस्टिंग, IQ टेस्ट, की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। याददाश्त कम होना, भूख न लगना, नींद न आना, डर लगना, बेचैनी, घबराहट, मानसिक दौरे पड़ना, सिर में दर्द एवं तनाव आदि का समुचित उपचार।

**चर्म रोग विभाग :-** सफेद दाग, सोराइसिस का इलाज फोटोथैरेपी (PUVA Chamber) के द्वारा व अधिक पसीना आने का इलाज, Megasurg-gold द्वारा मस्से व तिल का इलाज एवं Microdermabrasion के द्वारा झुर्रियों एवं त्वचा के गड्ढों का इलाज, दाद खाज खुजली, मुहाँसे, कुष्ठ रोग, स्किन एलर्जी, हाथ पैर फटना, बालों का झड़ना, रूसी व डैंड्रफ आदि के इलाज की सुविधा विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा सस्ते दरों पर उपलब्ध।

**नाक कान एवं गला रोग विभाग :-** कान के पर्दे में छेद होना, कम सुनाई देना, नाक की हड्डी बढ़ना, नाखूना, घेंघा, नाक की हड्डी का टेढ़ा होना, टांसिल बढ़ना आदि रोगों का उपचार व आपरेशन सुविधा दूरबीन द्वारा गले के अन्दर की जाँच, इंपीडेस आडियोमेट्री, प्योरटोन आडियोमेट्री, सुनने की जाँच व मशीन लगाने की सुविधा उपलब्ध है।

**छाती व श्वास रोग :-** छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, बलगम आना, बलगम में खून आना, फेंफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. (PFT), बाई-पैप (BIPAP), सी-पैप (CPAP), सी.बी-नैट (CBNAAT) की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

**डायलिसिस विभाग :-** डायलिसिस की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

**ब्लड बैंक: -** ब्लड बैंक की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध है।

**डेंटल विभाग :-** समस्त प्रकार के दांतों के रोगों का इलाज।

**न्यूरो सर्जरी विभाग -** सर व दिमाग की चोट, ब्रेन हैमरेज, ब्रेन ट्यूमर , स्ट्रोक, लकवा, माइग्रेन, दिमागी टी.बी., मिर्गी के दौरे, रीढ़ की हड्डी में दर्द अथवा टी.बी., स्लिप डिस्क, सियाटिका,दिमाग में पानी या खून का थक्का जमना, कमर व गर्दन में दर्द, चलने में लड़खड़ाहट कमर की नस दबना, इत्यादि रोगों का समुचित परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध व इमरजेंसी न्यूरोसर्जरी (सर/दिमाग की चोटें) आई सी यू की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध।

**प्लास्टिक सर्जरी विभाग -** जन्मजात कटे-फटे होठ, तालू, मुँह व पैदाइशी निशान, जबड़े की हड्डियों के फ्रैक्चर व चेहरे की फटी चमड़ी, जन्मजात विकृत जननांग व विकृत सिर, जन्मजात कान, नाक का टेढ़ापन या विकृत, हाथों व पैरों की चिपकी उंगुलियां, जलने या दुर्घटना में कटे फटे निशान, चेहरे के दाग धब्बों आदि की कास्मेटिक सर्जरी आदि।

**स्किन विभाग -** लेजर द्वारा अनचाहे बालों को हटाना।

**उपलब्ध सुविधायें:-**

★ अत्याधुनिक 1.5 Tesla MRI मशीन द्वारा MRI Brain, MRI Knee Joint, MRI Spine आदि ★ 32 Slice-CT स्कैन मशीन द्वारा CT Head, सी.टी. स्कैन स्पाइन एवं सीटी चैस्ट। आदि ★ डायलेसिस की सुविधा ★ डिजीटल एक्सरे ★ Mammography ★ कान की जाँच (Audiometry), बैरा (BERA), इंपीडेंस (Impedance) ★ हृदय की जाँच, ECHO,TMT ★ पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट (PFT) ★ अल्ट्रासाउण्ड★ आँख की जाँच पेरीमेट्री, टोनोमेट्री/रिफरेक्शन । ★ दुरबिन विधी द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध

**परिवार स्वाथ्य कार्ड की सुविधा 200/- रु में एक साल के लिए उपलब्ध**

**मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाने के साथ मुफ्त।**

# सीएए लागू होने पर चौकन्ना रही पुलिस, रूट मार्च

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज


सदर कोतवाल के साथ शहर में रूट मार्च करते बीएसएफ जवान। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नागरिकता संशोधन अधिनियम लागू होने के बाद यूपी में हाई अलर्ट के चलते जिले में दिन भर पुलिस चौकन्नी रही। पुलिस ने बीएसएफ के साथ जिले भर में रूट मार्च कर जनता को सुरक्षा का भरोसा दिया।

केंद्र सरकार ने नागरिक संसोधन अधिनियम को लागू कर दिया है। इसके लागू हो जाने के बाद जिले की पुलिस अलर्ट हो गई है। शासन से आये आदेश के अनुपालन में जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला, एसपी अमित कुमार आनन्द ने पुलिस व प्रशासनिक मशीनरी को सक्रिय कर दिया है। जिले के प्रमुख कस्बों में पुलिस बीएसएफ जवानों के साथ रूट मार्च कर रही है।

मंगलवार को सदर कोतवाली प्रभारी विष्णुकांत तिवारी ने बीएसएफ जवानों के साथ शहर में रूट मार्च किया। इस दौरान वह सदर कोतवाली से शेखपुरा मोहल्ला होते हुए सिपाही ठाकुर, मिठाई गली होते हुए नगरपालिका से कोतवाली तक गए। पुलिस ने जनता व व्यापारियों को भरोसा दिलाया कि वह पूर्ण सुरक्षा में अपने व्यापार को करें। किसी तरह की दिक्कत होने पर पुलिस को जानकारी दें। सुरक्षा को लेकर शहर व कस्बों के प्रमुख चौराहों पर पुलिस पीएसी के जवानों की ड्यूटी लगा दी गई है। वह चौबीस घंटे लगातार ड्यूटी कर रहे हैं। ड्रोन कमरे से भी शहर में निगरानी की जा रही है।

- कस्बों के प्रमुख चौराहों पर पुलिस, पीएसी का पहरा

इसी तरह गुरसहायगंज, छिबरामऊ, तालग्राम, तिर्वा समेत अन्य कस्बों में पुलिस पीएसी के अलावा बीएसएफ के जवान लगातार निगरानी कर रहे हैं। एसपी ने बताया कि सोशल मीडिया पर पुलिस लगातार निगरानी कर रही है। यदि किसी ने अफवाह फैलाई तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी। इसके लिये विशेष निगरानी पुलिस टीम कर रही है।

## बाइक से गिरकर बुजुर्ग घायल

**सौरिख, कन्नौज।** तेज रफ्तार बाइक से गिरकर बुजुर्ग महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया जहां से गंभीर हालत में डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर चिकित्सा महाविद्यालय तिर्वा रेफर कर दिया गया।

तिर्वा कोतवाली के गांव कनपुरा निवासी साहिब सिंह की पत्नी सोमवती (32) मंगलवार की सुबह अपने नाती प्रांशु के साथ बाइक पर बैठकर छिबरामऊ जा रही थी। जैसे ही बाइक टडा रायपुर के पास पहुंची सोमवती बाइक से गिर गई। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया जहां से सिर में अधिक चोट होने के कारण गंभीर हालत में चिकित्सा महाविद्यालय रेफर कर दिया गया।

## देसी शराब की चार दुकानें खुद ही चलाएगा विभाग

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जिले की चार देसी शराब की दुकानों की बोली न लगने से इनको आबकारी विभाग नियमित रूप से संचालित करेगा। इसके लिए शासन को पत्र भेजा गया है। अन्य देसी, विदेशी मदिरा की दुकानों का का रिन्यूवल किया जा रहा है।

वित्तीय वर्ष 2024-25 में शराब की दुकानों का नए सिरे से संचालन किया जाएगा। विभाग ने अंग्रेजी शराब की 52 दुकानों, बीयर की 41, मॉडल शॉप चार के अलावा देसी शराब की 148 दुकानों को टेंडर व रिन्यूवल के माध्यम से ठेकेदारों ने लिया है। सीमांतनगर, बेहटी, मिश्रापुर व मदनापुर की देसी शराब की दुकानें वर्ष 2023-24 में जिन ठेकेदारों के पास थी उन्होंने किसी कारण से इनको छोड़ दिया है। दुकानों का टेंडर निकाला गया पर किसी ने आवेदन नहीं किया। इस कारण आबकारी विभाग ने शासन को पत्र भेज कर दोबारा टेंडर निकालने या अन्य विकल्प के संबंध में सुझाव मांगे हैं।

जिला आबकारी अधिकारी वरुण कुमार लाल ने बताया कि इन दुकानों का यदि आवंटन किसी कारण से नहीं होता है तो विभाग इन को दैनिक के हिसाब से संचालन कराएगा। चुनाव आचार संहिता समाप्त होने से बाद दोबारा टेंडर करा कर इन चारों शराब दुकानों का आवटन करेगा।

# गरीब बच्चों के लिए 49 करोड़ से बनेगा आश्रम पद्धति विद्यालय

### जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय के लिए 5.84 करोड़ की पहली किस्त स्वीकृत

विशेष

अजय मिश्र, कन्नौज


मिघौली में चिह्नित की गई विद्यालय के लिए जमीन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जनपद में अब गरीब, दलित व पिछड़े परिवारों के बच्चों को निःशुल्क पढ़ाने के लिए विद्यालय बनेगा। शासन ने इसको हरी झंडी दे दी है। जल्द ही निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा। बताया गया है कि जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय (राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय) की लागत 49 करोड़ रुपये होगी। इसके सापेक्ष 5.84 करोड़ रुपये की पहली किस्त भी जारी हो गई है।

संत रविदास मिशन के तहत जिला मुख्यालय से करीब 45 किमी दूर स्थित तहसील छिबरामऊ क्षेत्र के गांव मिघौली में 2.025 हेक्टेयर जमीन अधिग्रहीत हो गई है। इस पर समाज कल्याण विभाग की ओर से जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय (राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय) खोला जाएगा। बताया गया है कि शासन ने प्रदेश के सात जिलों में ऐसे विद्यालय खोलने को मंजूरी दी है।

इसमें पांच जनपदों के लिए पहली किस्त के रूप में 50 करोड़ रुपये वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए जारी हो गया है। जिले के मिघौली में 48.96 करोड़ रुपये से होने वाले इस विद्यालय के निर्माण कार्य के लिए शासन ने पांच करोड़ 84 लाख 55 हजार रुपये पहली किस्त में स्वीकृत कर दिए हैं। पूर्व में जिला समाज कल्याण अधिकारी रहे अंजनी कुमार व वर्तमान में सृष्टि अवस्थी भी जगह का निरीक्षण कर चुकीं हैं। बताया गया है कि करीब तीन साल में निर्माण कार्य पूरा हो सकेगा।

### बच्चों के प्रवेश के लिए सीटों का आरक्षण

- 60 फीसदी अनुसूचित जाति
- 25 फीसदी पिछड़ा वर्ग
- 15 फीसदी सामान्य वर्ग

### अभिभावकों की इतनी होनी चाहिए आय

- 46,080 रुपये ग्रामीण क्षेत्र के अभिभावकों की सालाना आय
- 56,460 रुपये शहरी क्षेत्र के परिवारों के लिए आमदनी

### पांच जिलों को कितना बजट जारी

- इन जिलों में बनेंगे विद्यालय पहली किस्त जारी
- मिघौली छिबरामऊ- कन्नौज 05 करोड़ 84 लाख 55 हजार रुपये
- बझेड़ी ऊन झिंझाना- शामली 11 करोड़ सात लाख रुपये
- ख्वाजगीरपुर चांदनहेड़ी- बागपत 11 करोड़ 14 लाख 45 हजार रुपये
- दयौरार जेवर- गौतमबुद्धनगर 11 करोड़ 32 लाख रुपये
- सिकरोही कॉट सदर- शाहजहांपुर 10 करोड़ 62 लाख रुपये

### विद्यालय में ये सुविधाएं निःशुल्क मिलेंगी

राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय में छात्र-छात्राओं को शिक्षा, आवासीय सुविधाएं, छात्रावास, यूनिफार्म, पाठ्य-पुस्तकें, स्टेशनरी, दैनिक उपयोग की सामग्री, भोजन व नाश्ता नि :शुल्क मिलेगा। विद्यालय में कंप्यूटर लगेंगे, विज्ञान की प्रयोगशाला होगी। कई तरह के उपकरण, स्क्रीन व प्रोजेक्टर होंगे। सोलर पैनल, खेलकूद का मैदान, प्राथमिक चिकित्सा कक्ष, ट्रांजिट हॉस्टल निर्माण, नेट वाई-फाई की सुविधा रहेगी।

### कक्षाओं में इस तरह मिलेगा प्रवेश

कक्षा छह में प्रवेश के लिए परीक्षा। कक्षा सात, आठ व नौ में रिक्त स्थानों के लिए प्रवेश परीक्षा। कक्षा 11 में प्रवेश हाईस्कूल की परीक्षा परिणाम के आधार पर होंगे।



"मिघौली में युवा कल्याण विभाग के खेल स्टेडियम व बिजली घर के निकट करीब पांच एकड़ जमीन पर विद्यालय बनेगा। इसके लिए कार्यदायी संस्था यूपी सिडको नामित हुई है। पहली किस्त जारी हो गई है। स्कूल में कक्षा छह से 12 तक के छात्र-छात्राएं पढ़ेंगे। हर कक्षा में 70-70 कुल 490 विद्यार्थियों के प्रवेश के लिए स्थान होंगे। एक कक्षा में 35-35 बच्चे पढ़ेंगे।

सृष्टि अवस्थी, जिला समाज कल्याण अधिकारी।

## तालग्राम बीईओ को मिला छिबरामऊ का अतिरिक्त प्रभार

**गुरसहायगंज।** शिक्षा निदेशक (बेसिक) प्रयागराज द्वारा छिबरामऊ बीईओ विमल तिवारी का स्थानांतरण कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आजमगढ़ कर दिया गया। इस पर बीएसए उपासना रानी वर्मा द्वारा द्वारा तालग्राम खंड शिक्षा अधिकारी रमेश चन्द्र चौधरी को ब्लाक छिबरामऊ का अतिरिक्त अस्थायी प्रभार दिया गया है।


रमेश चंद्र चौधरी।

## छत से गिरकर व्यवसायी की मौत

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज



घटना के बाद रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** संदिग्ध हालात में छत से गिरने से किराना व्यवसायी की मौत हो गई। घटना की जानकारी तब हुई जब पत्नी की अचानक नींद खुली और वह चारपाई पर नहीं दिखाई दिया। परिजनों ने पुलिस को घटना की जानकारी नहीं दी है।

कोतवाली के कमलेपुर्वा गांव निवासी रिंकू (35) पुत्र मेवालाल कस्बे के खैरनगर मार्ग पर अपना मकान बनाकर परिवार के साथ रह रहा था। परिवार के भरण पोषण के लिए उसने मकान के बाहर सड़क पर किराने की दुकान रखी थी। सोमवार देर शाम को दुकान बंद कर घर चला गया। रात में खाना खाने के बाद सभी परिजन छत पर ही सो गए। करीब एक बजे उसकी पत्नी की आंख खुली तो पति बिस्तर पर नहीं दिखाई दिया। वह खोजबीन करने लगी तो वह छत से नीचे घायल अवस्था में पड़ा दिखाई दिया। परिजन चिकित्सा महाविद्यालय लेकर गए लेकिन डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पत्नी ने बताया कि संभवतः पति रात में किसी समय छत पर जाकर टहलने लगा। तभी पैर फिसलने से छत से गिर गया होगा। कोतवाल विजय सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी नहीं है।

- खैरनगर स्थित मकान में ही दुकान, रात में हुई घटना, पत्नी जागीं तो पता चल सका

# बार अध्यक्ष पद के चार दावेदार, कुल 41 नामांकन

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज


नामांकन पत्र जमा करते अधिवक्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बार एसोसिएशन छिबरामऊ की 2024-25 की कार्यकारिणी की चुनावी प्रक्रिया सोमवार से शुरू हो गई। दो दिन नामांकन पत्रों की बिक्री के साथ अध्यक्ष, महामंत्री सहित अन्य पदों के लिए 41 प्रत्याशियों ने नामांकन किए। अध्यक्ष के लिए चार ने दावेदारी की।

दूसरे दिन मंगलवार को बार एसो. छिबरामऊ के अध्यक्ष पद के लिए जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव, अनूप कुमार दीक्षित, शिवनाथ सिंह यादव, अरविंद सिंह राठौर, महामंत्री पद के लिए पंकज मिश्रा, राजीव कुमार दीक्षित, ललित प्रताप सिंह ने नामांकन पत्र खरीदे। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर ब्रह्मदत्त यादव, बादाम सिंह शाक्य, उपाध्यक्ष प्रथम पद के लिए कृष्ण चन्द्र चतुर्वेदी, गौरव चतुर्वेदी, इब्ने अली, कुलदीप सिंह, रामबाबू शाक्य उपाध्यक्ष द्वितीय के लिए शैलेन्द्र सिंह, शिवप्रकाश, भइयालाल वर्मा, जयवीर सिंह यादव, धीरज कुमार तिवारी संयुक्त सचिव प्रशासन के लिए गुलाम हुसैन खान, मु.तनकीद, रवि मिश्रा, अजय यादव तथा संयुक्त सचिव पुस्तकालय सुमनलता शाक्य और संयुक्त सचिव प्रसारण के लिए अभिषेक दुबे ने नामांकन किए। इसके अलावा प्रशासनिक सदस्य वरिष्ठ पद पर निखिलेश कुमार द्विवेदी, अरूण शेखर तिवारी सहित 41 प्रत्याशियों ने नामांकन किए।

- आज आपत्ति, कल नाम वापसी और 20 मार्च को होगा मतदान

चुनाव अधिकारी ने बताया कि 13 मार्च को आपत्ति व निस्तारण तथा 14 मार्च दोपहर एक बजे तक नाम वापसी और 20 मार्च को मतदान होगा।

# नसबंदी के बाद गर्भवती हुई महिला, शिकायत

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

**अमृत विचार।** स्वास्थ्य विभाग की परिवार नियोजन योजना के तहत नसबंदी कराने के बाद महिला गर्भवती हो गई। जांच में जब यह बात पता लगी तो परिजन उसे लेकर सीएचसी तालग्राम पहुंचे। यहां चिकित्सकों ने उसे जांच और मुआवजा का हवाला देकर टरका दिया। महिला के परिजन ने डीएम से कार्रवाई की मांग की है।

ग्राम नंगापुरवा निवासी सरला देवी ने जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल को दिए शिकायती पत्र में बताया है कि उसने अपनी पुत्रवधू कल्पना पत्नी सूरज कुशवाहा की नसबंदी सीएचसी तालग्राम पर कराई थी। इसे गांव की ही आशा बेबी देवी लेकर गई थी। एक माह बाद पुत्रवधू गर्भवती हो गई। वह उसे लेकर सीएचसी तालग्राम पहुंची। जिम्मेदारों ने महिला को जांच और मुआवजा दिलाने की बात कह कर लौटा दिया। नौ महीने से पीड़िता न्याय के लिए चक्कर लगा रही है।

एमओईसी डॉ. कुमारिल मैत्रेय ने बताया कि नसबंदी के दौरान महिला की एक टयूब चिपकी थी। इससे एक ही टयूब की नसबंदी की गई थी। इसकी जानकारी भी सर्जन डॉ. संदीप कुमार द्वारा महिला के परिजनों को दे दी गई थी जो उसके नसबंदी फार्म पर भी अंकित किया गया था।

## धार्मिक स्थलों का हो रहा कायाकल्प : मंत्री

**कन्नौज।** सदर विधायक व समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने बताया कि सरकार 'वंदन' योजना के अंतर्गत धार्मिक, पौराणिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक महत्त्व के स्थलों का कायाकल्प कर रही है। प्रदेश सरकार धार्मिक स्थलों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में बाबा गौरीशंकर मंदिर के लिए 160.79 लाख तथा गुरसहायगंज में रामलीला मैदान के लिए 153.94 लाख रुपये सरकार द्वारा स्वीकृत किए गए हैं। जल्द ही दोनों स्थलों पर जनसुविधाओं के विकास कार्य प्रारंभ होंगे।


मंत्री असीम अरुण।

# दुकान से नकदी व बीज की बोरियां चोरी

संवाददाता छिबरामऊ, कन्नौज


दुकानदार से घटना की जानकारी लेते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नगर के बाईपास एनएच 34 जीटी रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास बीज की दुकान है। यहां से सोमवार की रात चोरों ने हजारों की नगदी सहित बीज की बोरियां चोरी कर लीं और फरार हो गए। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है।

फर्रुखाबाद निवासी अमित गुप्ता पुत्र सतीश चंद्र गुप्ता ने बताया कि उनकी छिबरामऊ नगर के एनएच 34 जीटी रोड पर राहुल बीज भंडार के नाम से दुकान है। वह मोहल्ला छपट्टी निवासी अपनी बहन के यहां रहकर दुकान संचालित कर रहे थे। बताया कि रोज की भांति मंगलवार की सुबह जब वह दुकान पर पहुंचे तो अंदर सामान बिखरा पड़ा था। इससे चोरी का पता चला तो मामले की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे उपनिरीक्षक अविनेश कुमार ने घटना के बारे में जानकारी की। अमित ने बताया कि गोलक में रखे 15 हजार रुपये तथा बीज की कुछ बोरियां चोरी हो चुकी थीं। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है।

## सार-संक्षेप


महाशिवरात्रि महोत्सव में बोलतीं बीके बहन और मौजूद अतिथि।

### आध्यात्मिक परिवर्तन की शक्ति प्रदान करता राजयोग

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की स्थापना वर्ष 1937 में हुई थी। इसकी पहली प्रशासिका ब्रह्माकुमारी जगदम्बा सरस्वती थीं। लगभग 72 देशों में 45000 से अधिक शाखाओं पर लगभग 05 लाख से अधिक विद्यार्थी नैतिक व आध्यात्मिक मूल्यों की शिक्षा लेते और राजयोग का अभ्यास करते हैं। यह विचार ब्रह्माकुमारी बहन नीलम ने व्यक्त किए। मंगलवार को वह नगर के फर्रुखाबाद रोड मोहल्ला रामगंज स्थित विश्वविद्यालय में महाशिवरात्रि महोत्सव में बोल रहीं थीं। महोत्सव में शिव की महिमा का बखान किया। वक्ताओं ने प्रवचन के दौरान बताया कि परमात्मा विश्व की सर्व आत्माओं के निराकार माता-पिता हैं। परमात्मा के साथ संबंध की स्मृति और परमात्मा के प्रति प्रेम को राजयोग कहा जाता है। राजयोग का अभ्यास व्यक्ति को आध्यात्मिक परिवर्तन की शक्ति प्रदान करता है। सिमरन शर्मा, भाजपा नगर अध्यक्ष धर्मेन्द्र कौशल, डॉ. एके गुप्ता, जितेन्द्र गुप्ता, डॉ. गायत्री, बहन पूनम, रेखा, रागिनी, विमला, कौशल गुप्ता, राम अवतार, रामवीर आदि मौजूद रहे।


बैंक शाखा का फीता काटकर उद्घाटन करते विजय मिश्र व एजीएम।

### ग्राहकों के लिए सुलभ होंगी बैंकिंग सुविधाएं : विजय मिश्र

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** केनरा बैंक शाखा खुलने से अब ग्राहकों को बैंकिंग कार्य के लिए घंटों लाइन नहीं लगानी पड़ेगी। यह बात एजीएम क्षेत्रीय कार्यालय कानपुर प्रभात राजवंशी ने कही। मंगलवार को नगर के फर्रुखाबाद रोड मोहल्ला रामगंज स्थित केनरा बैंक शाखा का कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव विजय मिश्र व एजीएम प्रभात राजवंशी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष जीतू तिवारी, राधेश्याम सेजवार, संदीप त्रिवेदी, दिलीप गुप्ता, रामनरेश दुबे, प्रबल प्रताप सिंह, डिवीजन मैनेजर अभिषेक कुमार, शाखा प्रबंधक आशुतोष यादव, लिपिक रजत गुप्ता, श्रद्धा मिश्रा, राजेश कुमार, पदमकांत दीक्षित, सुशील कुमार, अवधेश गुप्ता, राजीव दुबे, पीडी विश्वकर्मा, रामकुमार पाठक, डॉ. सरित दुबे, संजीव दुबे मुन्ना, विनय दुबे आदि मौजूद रहे।

मिलेंगी सुविधाएं — 1.60 करोड़ रुपये से होगा मंदिर का विकास, बढ़ेंगी बुनियादी सुविधाएं

# बाबा गौरीशंकर का सरकार ने किया 'वंदन'

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज


ऐतिहासिक सिद्धपीठ बाबा गौरीशंकर मंदिर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** इत्रनगरी के प्राचीन ऐतिहासिक सिद्धपीठ बाबा गौरीशंकर का 'वंदन' प्रदेश सरकार ने किया है। धार्मिक, पौराणिक, सांस्कृतिक व ऐतिहासक महत्व के स्थलों के विकास के लिए सरकार ने 'वंदन' योजना शुरू की है, जिसमें कन्नौज के बाबा गौरीशंकर व गुरसहायगंज के रामलीला मैदान के लिए 3.14 करोड़ रुपये का पैकेज दिया है। इससे इन धार्मिक स्थलों में बुनियादी सुविधाओं का विकास किया जाएगा।

सिद्धपीठ बाबा गौरीशंकर मंदिर अति प्राचीन है। पुरातत्व विभाग के अनुसार इस मंदिर का निर्माण छठवीं शताब्दी में किया गया था। आज भी देश-विदेश से हजारों भक्त प्रतिवर्ष बाबा के दर्शनों के लिए आते हैं। सावन माह में कांवड़ यात्रा का आयोजन होता है, जिसमें कई जिलों हजारों कांवड़ियां जलाभिषेक करने के लिए आते हैं। इस मंदिर में बिजली, पानी, सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए प्रदेश सरकार ने 1.60 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की है।

- गुरसहायगंज के रामलीला मैदान को भी मिला 1.53 करोड़ का पैकेज

इसी प्रकार गुरसहायगंज स्थित रामलीला मैदान के लिए 1.53 करोड़ रुपये का पैकेज दिया गया है। यहां भी आम जनता के लिए सभी सुविधाओं का विकास होगा। इससे पहले प्रदेश सरकार ने गंगा घाटों के विकास के लिए पैकेज दिया था, जिससे महादेवी घाट व जलेसर घाट पर विकास कार्य कराये जा रहे हैं।

# कारागार में स्वच्छता रखने के दिए निर्देश

संवाददाता, जलालाबाद, कन्नौज

**अमृत विचार।** सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व अपर जिला जज लवली जायसवाल ने मंगलवार को जिला कारागार का निरीक्षण किया। इसमें बंदियों से खानपान, चिकित्सा, पैरवी को अधिवक्ताओं के संबंध में जानकारी ली। जिम्मेदारों को जेल में स्वच्छता रखने के निर्देश भी दिए।

- एडीजे ने किया जिला कारागार का निरीक्षण



निरीक्षण करतीं एडीजे लवली जायसवाल।

जिला कारागार में एडीजे को कुल 12 बंदी भर्ती मिले। इसमें दो टीबी ग्रस्त मिले। इनकी उचित देखभाल, दवा व पौष्टिक भोजन के निर्देश दिए। कारागार की बैरकों, महिला बंदियों हेतु प्रशिक्षण केंद्र में निरंतर स्वच्छता रखने को कहा गया। निरीक्षण के बाद महिला बैरक में साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें महिला बंदियों को निजी स्वच्छता एवं सैनेटरी पैड्स के प्रयोग हेतु जागरूक किया गया। लीगल एड क्लीनिक में कार्यरत पराविधिक स्वयं सेवक को निरुद्ध बंदियों को विधिक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए गए।

# स्टेशन पर यात्रियों को मिलेगा विश्व प्रसिद्ध इत्र

## प्रधानमंत्री ने किया वर्चुअल उद्घाटन, स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन देगा रेलवे, दूर होगी बेरोजगारी की समस्या

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



एक स्टेशन एक उत्पाद के स्टाल की शुरुआत करते रेलवे के अधिकारी।



प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन को सुनते भाजपा नेता व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** एक स्टेशन-एक उत्पाद से अब रेल यात्रियों को रेलवे स्टेशन पर ही विश्व प्रसिद्ध इत्र मिल सकेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्टेशन पर बने स्टाल का वर्चुअली शुभारंभ किया। इस दौरान स्टेशन परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें लोगों को योजना के बारे में जानकारी दी गई तथा इन्फ्रास्ट्रक्चर व उद्योग जगत में रेलवे के प्रयासों के बारे में भी बताया गया।

मंगलवार को शहर के रेलवे स्टेशन पर पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर के जोनल रेलवे परामर्शदात्री समिति के सदस्य राजेश कुमार शर्मा उर्फ राज ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सहायक मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवध बिहारी ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। स्कूली बच्चों ने गणेश वंदना के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

राज शर्मा ने बताया कि पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल के 36 स्टेशनों पर एक साथ एक स्टेशन-एक उत्पाद का शुभारंभ प्रधानमंत्री ने किया है। इससे लंबी दूरी की यात्रा करने वाले रेल यात्री स्टेशन पर ही विश्व प्रसिद्ध इत्र खरीदकर घर ले जा सकेंगे। इससे रेलवे की सालाना आय में भी वृद्धि होगी। इसके बाद उन्होंने एक स्टेशन-एक उत्पाद शिलापट का अनावरण किया।

इस अवसर पर मंडल रेल परामर्शदात्री समिति के सदस्य सतेंद्र प्रताप सिंह, स्टेशन अधीक्षक अंजनी प्रसाद, आनंद कुमार, अमित प्रकाश, रविंद्र मिश्रा, रमेश मल्होत्रा, परशुराम देवल, संजीव पांडेय, सुधीर गुप्ता, शकील अहमद, रामजी सिसौदिया, सचिन वर्मा, सुभाष पाल, आरपीएफ के प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश मीणा समेत कई लोग उपस्थित थे।



जेवां गांव के सामने बना साइलो स्टोरेज। अमृत विचार

## गति शक्ति कार्गो टर्मिनल से मिलेगी सुविधा

संवाददाता, जसोदा, कन्नौज

- किसानों से सीधे खरीदा जाएगा गेहूं, 24 घंटे के भीतर खाते में पहुंचेगा भुगतान

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री मोदी ने जेवां गांव में बने भारतीय खाद्य निगम के गति शक्ति कार्गो टर्मिनल व साइलो स्टोरेज का लोकार्पण किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह टर्मिनल किसानों के लिए वरदान साबित होगा। इसमें किसानों से गेहूं खरीदकर भंडारित किया जाएगा और उनके खाते में 24 घंटे में भुगतान पहुंच जाएगा।

मंगलवार को जसोदा रेलवे स्टेशन पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सांसद सुब्रत पाठक व जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने भी भाग लिया।

भारतीय खाद्य निगम के विपणन अधिकारी अनिरुद्ध त्रिपाठी व साइलो स्टोरेज के प्रभारी ऋषि सक्सेना ने बताया कि यह पीपीपी मॉडल के तहत फूड कार्पोरेशन ऑफ इंडिया और अदानी ग्रुप के साझा उपक्रम के तहत गति शक्ति कार्गो टर्मिनल की स्थापना की गई है। यहां पर सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य पर किसानों और किसान सहकारी समिति के द्वारा गेहूं खरीदा जाएगा और भुगतान 24 घंटे के अंदर सीधे बैंक खाते में धनराशि पहुंचाई जाएगी। उन्होंने बताया कि किसान उप्र खाद्य एवं रसद विभाग के पोर्टल पर जाकर आधार कार्ड और खतौनी के माध्यम से अपना रजिस्ट्रेशन करवा लें। साइलो पर प्रदेश के कई जनपद और अन्य प्रदेशों से रेल मार्ग व ट्रकों से गेहूं आता है, जो यहां पर भंडारित किया जाएगा। इस दौरान मंडल वाणिज्य निरीक्षक राजकुमार वर्मा, अभिमन्यु सिंह, विवेक पाठक सतेंद्र कटियार उपस्थित रहे।

## महिलाओं की गोदभराई केंद्रों को दिए गए बर्तन

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- शहर परियोजनाओं की आंगनबाड़ी कार्यकत्री ने बनाए कई तरह के व्यंजन

**अमृत विचार।** बाल विकास एवं सेवा पुष्टाहार विभाग की ओर से शहर में तीन कार्यक्रम किए गए। पोषण पखवाड़ा के तहत व्यंजन प्रतियोगिता हुई। पांच गर्भवती की गोदभराई का कार्यक्रम किया गया। इसके अलावा आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए बर्तन दिए गए। दूसरी ओर पोषण पुनर्वास केंद्र में कुपोषित बच्चों के स्वस्थ्य होने पर डिस्चार्ज के समय उपहार दिए गए।

मंगलवार को तहसील सदर परिसर में स्थित पुराने भवन में बाल विकास नगर परियोजना कार्यालय में पहुंचकर जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश वर्मा ने नॉन लोकेटेड 36 आंगनबाड़ी केंद्रों के सापेक्ष 10 केंद्रों के लिए कार्यकत्रियों को बर्तन दिए। दूसरी ओर जिला अस्पताल में चल रहे पोषण पुनर्वास केंद्र में तीन कुपोषित बच्चों के स्वस्थ्य होने के बाद उनकी माताओं के लिए साड़ी, बर्तन व बच्चों के लिए खिलौने दिए गए। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि अक्टूबर 2023 से 12 मार्च (अब तक) कुल 30 बच्चों व उनके अभिभावकों को इस तरह की सामग्री दी गई है। उन्होंने सौरिख ब्लॉक की कल्पना का बच्चा पलक, शहर क्षेत्र की प्रीती का बच्चा पीहू व संध्या की बेटी शिवांगी को सामग्री दी। इस दौरान सुपरवाइजर छाया कटियार व अर्चना वर्मा भी रहीं।

**इन्होंने ने बनाई रेसिपी:** आंगनबाड़ी कार्यकत्री कुंती शाक्य, किरनबाला, सुशीला अवस्थी, संगीता कटियार, पूनम द्विवेदी, साजिया, संगीता दुबे, मंदाकिनी, मालती शर्मा, ममता पांडेय व ललिता दुबे ने कई तरह की रेसिपी बनाई है।

### मिलेट्स रेसिपी प्रतियोगिता में प्रियंका प्रथम

**कन्नौज।** उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के तहत मिलेट्स रेसिपी विकास एवं जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रेसिपी प्रतियोगिता में नौ छात्राओं के समूह ने प्रतिभाग किया। प्रथम स्थान पर प्रियंका, स्वाती व जितेश रहे। दूसरे नंबर पर कायरा, अनुष्का व आरुषि तो तीसरे नंबर पर मैविश और नरगिस रहीं। सभी को पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र दिए गए। जिला कृषि अधिकारी आवेश सिंह ने बताया कि नवीन मंडी स्थल सरायमीरा में कार्यक्रम हुआ। साथ ही मिलेट्स की खेती के लिए किसानों को प्रेरित किया। किसान मुकेश कटियार ने जीवामृत बनाने की विधि और उसके प्रयोग करने की विधि बताई। इस मौके पर जेएन मिश्रा, शिवपाल सिंह मौजूद रहे।

## विद्यालयों में गठित होंगे कॅरियर क्लब

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



शिक्षकों को प्रशिक्षण देतीं मास्टर ट्रेनर रागिनी मिश्रा। अमृत विचार

- राजकीय माध्यमिक स्कूलों के शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण
- 10 मिनट के लिए 38 परीक्षार्थी बने अध्यापक

**अमृत विचार।** सभी 19 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में कॅरियर क्लब व कॅरियर हब का गठन होगा। इसके जरिए छात्र-छात्राओं का भविष्य संवारने की जानकारी दी जाएगी। इससे पहले 38 शिक्षक-शिक्षिकाओं को प्रशिक्षित किया गया। मंगलवार को दो दिवसीय प्रशिक्षण समाप्त हो गया।

शहर के सोनी पारिया पब्लिक स्कूल में चल रहे कॅरियर गाइडेंस के प्रशिक्षण में पंख पोर्टल के अलावा मास्टर ट्रेनर रागिनी मिश्रा ने सभी राजकीय स्कूलों में क्लब गठन का तरीका बताया। जानकारी दी कि इसमें प्रधानाचार्य, प्रधानाध्यापक व नोडल शिक्षक आदि शामिल होंगे। प्रशिक्षण के अंतिम दिन समूह में गतिविधियां, पांच-पांच शिक्षकों की टीम का रोल प्ले रहा। इसके अलावा 10-10 बहु विकल्पीय प्रश्नों से 10 मिनट की परीक्षा भी हुई। इसके जरिए जानकारी की गई कि शिक्षकों ने दो दिनों के प्रशिक्षण में क्या-क्या सीखा है। मास्टर ट्रेनर का कहना है कि कॉपियों का मूल्यांकन जल्द होगा।

जीआईसी उमर्दा के प्रधानाचार्य नीतू गुप्ता ने कहा कि शिक्षकों ने जो भी कुछ सीखा है उसको अपने-अपने विद्यालय में बेहतर ढंग से लागू करें। डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह ने सभी प्रतिभागी शिक्षकों को प्रमाण पत्र दिए। मास्टर ट्रेनर अशफाख अहमद खां ने भी बात रखी। इस मौके पर प्रधानाध्यापक शिवमोहन सिंह कुशवाहा, प्रभारी प्रधानाचार्य जितेंद्र यादव, पूर्णिमा वर्मा मौजूद रहीं।

## कार में लगी आग सलामत बचे लोग

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर के पूर्वी बाईपास पर यात्रियों को ले जा रही इको कार में शार्ट सर्किट से आग लग गई। धुंए की चपेट में आने से चालक व एक महिला बेहोश हो गए। दोनों को सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया गया। जनपद मैनपुरी के थाना किशनी के ग्राम कुम्हौल निवासी किशनलाल कठेरिया पुत्र श्रीराम कठेरिया जनपद फर्रुखाबाद थाना जहानगंज के ग्राम जरारी स्थित अपनी ससुराल में अंतिम संस्कार में शामिल होने गए थे। वापस लौटते समय छिबरामऊ के पूर्वी बाईपास पर कार की वायरिंग में हुए शार्ट सर्किट की वजह से आग लग गई। धुंए की चपेट में आने से चालक वीरेंद्र सिंह व रचना देवी पत्नी दलवीर सिंह बेहोश हो गए। आसपास के लोगों ने सभी को बचाया।

## रामोत्सव में श्रीराम के 'अमृत विचार' की सुगंध

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



शिक्षक शिशिर कुशवाहा को सम्मानित करते बीएसए अनूप कुमार व डॉ .सर्वेष्ट मिश्र।

> शिक्षक शिशिर कुशवाहा ने अयोध्या में हुए रामोत्सव में उत्कृष्ट प्रस्तुतिकरण देकर जिले का मान बढ़ाया है। 'अमृत विचार' समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख के साथ भगवान राम के संबंधों को दर्शाकर एक नई चेतना का सृजन किया है। अन्य शिक्षकों को भी ऐसे शोधपरक कार्य करने चाहिए।
>
> –उपासना रानी वर्मा
> जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी

**अमृत विचार।** भगवान राम की पावन जन्मभूमि अयोध्या में हुए प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्रालय की तरफ से आयोजित रामोत्सव में मर्यादा पुरुषोत्तम के आदर्शों के साथ 'अमृत विचार' की सुगंध भी प्रवाहित हुई। लोकप्रिय समाचार पत्र अमृत विचार में भगवान राम के कन्नौज से संबंध को वर्णित करते हुए प्रकाशित आलेख के साथ शिक्षक ने जब भावपूर्ण प्रस्तुतिकरण दिया तो इत्रनगरी की प्रशंसा में तालियां बज उठीं और उन्हें कर्मयोगी शिक्षक सम्मान प्रदान किया गया।

सदर ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय फगुहा के सहायक अध्यापक शिशिर कुशवाहा ने 10 मार्च को अयोध्या में हुए रामोत्सव शैक्षिक समागम एवं गुरु वशिष्ठ के राम विषयक आध्यात्मिक संगोष्ठी में इत्रनगरी का प्रतिनिधित्व किया।

भगवान के कन्नौज से जुड़ाव को लेकर उन्होंने मंच से प्रस्तुतिकरण दिया तो उन्होंने 'अमृत विचार' के आलेख का उल्लेख किया और बताया कि 'भगवान राम अयोध्या के ही नहीं, बल्कि कन्नौज के भी हैं'। यह आलेख 23 जनवरी के अंक में प्रकाशित किया गया था, जिसे शिक्षक ने आधार बनाकर तथ्यात्मक व्याख्या की। इसके बाद उन्होंने शैक्षिक नवाचारों और बुनियादी शिक्षा की दशा और दिशा सुधारने के लिए किए गए प्रयासों का प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि 'अमृत विचार' समाचार पत्र शोधपरक आलेख प्रकाशित करता है, जिससे लोगों को पौराणिक धार्मिक व अध्यात्मिक जानकारी प्राप्त होती है। शिक्षक की इस उपलब्धि के लिए यूपी एडुलीडर्स ग्रुप के संस्थापक डॉ. सर्वेष्ट कुमार मिश्र व बस्ती जिले के बेसिक शिक्षा अधिकारी अनूप कुमार ने शिक्षक शिशिर कुशवाहा को कर्मयोगी शिक्षक सम्मान प्रदान किया।

## औरैया कांड में कन्नौज के शिक्षकों का हाथ, जांच शुरू

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- बीईओ पुष्पेंद्र जैन को विजिलेंस टीम ने घूस लेने के आरोप में किया था गिरफ्तार
- महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने मांगी जांच रिपोर्ट, शासन तक जबरन पकड़ने की गूंज

**अमृत विचार।** 29 फरवरी को बीएसए कार्यालय में एंटी करप्शन टीम द्वारा वरिष्ठ लिपिक विमल पांडेय को घूस लेने के आरोप में पकड़े जाने के अगले दिन एक मार्च को औरैया में भी बीईओ को इसी आरोप में विजिलेंस टीम ने गिरफ्तार किया। विभागीय अधिकारियों का तर्क है कि कहीं न कहीं एक अमान्य शिक्षक संगठन का इसमें हाथ है और दोनों जिलों की कार्रवाई गलत तरीके से हुई है। आपस में इसका कनेक्शन होने की संभावना है। इससे बेसिक शिक्षा विभाग ने जांच शुरू कर दी है। इसकी रिपोर्ट भी महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने तलब की है।

दरअसल, बीएसए अनिल कुमार ने पत्र भेजकर कन्नौज बीएसए उपासना रानी वर्मा से बिधूना के बीईओ पुष्पेंद्र जैन को पहली मार्च को विजिलेंस टीम की ओर से पकड़ने वाले मामले का जिक्र किया है। कहा है कि इस कार्रवाई में कन्नौज के भी एक सहायक अध्यापक का हाथ है। वह अमान्य शिक्षक संगठन का पदाधिकारी है। वीडियो, सोशल मीडिया प्लेटफार्म व व्हाट्सएप ग्रुपों में साक्ष्य भी मिले हैं। कन्नौज व औरैया कांड के मामले की गूंज जब शासन तक पहुंची तो महानिदेशक कंचन वर्मा ने विभागीय अधिकारियों से आख्या मांगी है। कहा गया है कि विद्यालय समय के दौरान आरोपी शिक्षक कन्नौज में मौजूद नहीं रहकर औरैया में विजिलेंस टीम की कार्रवाई में शामिल रहा। साथ ही बीईओ को जबरदस्ती 30 हजार रुपये लेने के आरोप में ट्रैप कराया गया। बीईओ के साथ भी मारपीट की गई। साथ ही बीईओ बिधूना के कक्ष में लगे सीसीटीवी कैमरों की केबिल काट दी गई। इससे बेसिक शिक्षा महकमे की छवि धूमिल हुई है। यह कार्य शिक्षक की गरिमा के विपरीत है।

शिक्षक के विरुद्ध उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक शिक्षक आचरण नियमावली-1956 के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के लिए बीएसए औरैया ने कहा है। पत्र मिलने के बाद बीएसए कन्नौज ने बीईओ कन्नौज, विपिन कुमार, जलालाबाद शिवेंद्र वर्मा और हसेरन के संजय कुमार की जांच कमेटी बनाई है। साथ ही जांच साक्ष्यों समेत जांच आख्या भी मांगी है।

### एनवीआर चुराने वालों पर होगी रिपोर्ट

**कन्नौज।** एंटी करप्शन टीम जब 29 फरवरी को बीएसए कार्यालय में आई थी तो उस दौरान दो युवकों ने बीएसए कक्ष में लगा सीसीटीवी फुटेज का एनवीआर चोरी किया था। दूसरे एनवीआर में कैमरों के जरिए यह मामला कैद हो गया। इस मामले में औरैया का शिक्षक पंकज कुमार निलंबित भी हो चुका है। अब उसके व सहयोगी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की तैयारी है। बीएसए उपासना रानी वर्मा ने कोतवाली सदर के निरीक्षक को पत्र लिखकर कहा है कि प्राथमिक स्कूल झबरा ब्लॉक बिधूना में सहायक अध्यापक पंकज कुमार (अब निलंबित) तैनात है। पंकज और उसके साथ आए आगरा के अज्ञात साथी के खिलाफ साक्ष्य मिटाने के लिए एनवीआर चोरी करने की रिपोर्ट दर्ज करने को कहा है। रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए बीईओ मुख्यालय को जिम्मेदारी दी गई है।

### मामले में दो शिक्षक हो चुके हैं निलंबित

एंटी करप्शन टीम की कार्रवाई के बाद प्राथमिक स्कूल गौरीबांगर ब्लॉक गुगरापुर के सहायक अध्यापक अनुराग सिंह को कन्नौज बीएसए ने निलंबित किया है। आरोप है कि गलत तरीके से वरिष्ठ लिपिक विमल पांडेय को ट्रैप कराया गया। दूसरे प्राथमिक स्कूल झबरा ब्लॉक बिधूना के सहायक अध्यापक पंकज कुमार को भी औरैया बीएसए अनिल कुमार ने निलंबित कर दिया है। अब उन्नाव व कन्नौज के अधिकारियों के पाले में गेंद पहुंची है। उनकी ओर से भी जल्द कार्रवाई हो सकती है, ऐसा कहा जा रहा है।

## सड़क दुर्घटनाओं में कई घायल

**छिबरामऊ।** कोतवाली क्षेत्र में हुई अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में सात लोग घायल हो गए। सौरिख रोड पर बाइक फिसलने से दो युवक तथा एन एच 34 जीटी रोड स्थित नॉर्मल रोड के पास दो बाइकों में आमने-सामने भिड़ंत में पांच लोग घायल हो गए। औरैया को ऐरवा कटरा निवासी अली वारसी पुत्र अनवर हुसैन अपने साथी मुस्तकीम पुत्र नासिर के साथ सोमवार देर शाम लगभग 8:30 बजे बाइक से छिबरामऊ से वापस जा रहे थे। सौरिख रोड पर बाइक का संतुलन बिगड़ गया और फि गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका डॉक्टरों की ओर से इलाज किया जा रहा है।

## सार-संक्षेप

### नगरकोट मंदिर में मां पीतांबरा का प्रथम वार्षिकोत्सव आज



नगरकोट मंदिर में विराजमान मां प्रीतांबरा माई की प्रतिमा।

**कन्नौज।** शहर के नगरकोटि मंदिर पठकाना मोहल्ले में 13 मार्च को मां पीतांबरा माई का वार्षिकोत्सव होगा। मोहल्ला पठकाना में स्थापित मां पीतांबरा मइया के स्थापना के एक वर्ष पूर्ण होने पर भक्तों की ओर से वार्षिकोत्सव पर विशाल भंडारे का आयोजन दोपहर 12 बजे से किया जायेगा। जानकारी देते हुए आशू दुबे ने बताया कि मइया की अर्चना करने वाले कई भक्तों के बिगड़े काम बने हैं।

### गर्भवती की हुई गोदभराई

**जलालाबाद, कन्नौज।** ब्लॉक सभागार में पोषण पखवाड़ा के तहत मंगलवार को गोद भराई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें ब्लॉक प्रमुख प्रतिभा दोहरे, महिला मोर्चा उपाध्यक्ष गीता पाठक, बीडीओ सोनिया श्रीवास्तव ने गर्भवती महिलाओं दीपा, प्रीति, सना, करिश्मा, काजल, नाजमा, मंजू को तिलक लगाकर व फल, मेवा देकर गोदभराई की। इस दौरान सीडीपीओ शेषमणि यादव, सुपरवाइजर शिवप्रभा, आंगनवाड़ी गीता चतुर्वेदी, अरुणा शर्मा, सुषमा, गीता, आशा पाठक, चंद्रशिला, मिथिलेश आदि मौजूद रहे।

### गांव में शव आते ही मचा कोहराम

**तालग्राम, कन्नौज।** सामूहिक विवाह समारोह में शामिल होकर लौट रहे कार सवार महिला-पुरूष की सड़क हादसे में मौत हो गई। चालक की गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्राम माधौनगर निवासी संजय कुमार कनौजिया उर्फ पिंटू (45) गांव की रेनू पत्नी राजकिशोर व कार चालक ग्राम वैसापुर निवासी अभिषेक पटेल के साथ कार से मैनपुरी के थाना भोगांव में सामूहिक विवाह कार्यक्रम में शामिल होने गया था। परिजनों ने बताया कि सोमवार देर रात भोगांव के निकट उसकी कार में ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी थी। इससे रेनू व संजय की मौत हो गई। जबकि कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मंगलवार को शव घर पहुंचते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई।

### पुलिस ने अवैध शराब सहित तीन को पकड़ा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** कोतवाल जयप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में समधन चौकी प्रभारी राजेश प्रताप सिंह ने मंगलवार को ग्राम इंदुईयागंज अंडरपास के निकट से खाड़ेदेवर निवासी दीपक को 60 लीटर अवैध शराब सहित गिरफ्तार कर लिया। सराय प्रयाग चौकी प्रभारी आनंद कुमार मिश्रा ने ग्राम सुलनपुर सराय प्रयाग के निकट से गिहार बस्ती निवासी देवेंद्र उर्फ पिंटू गिहार को 20 लीटर अवैध शराब सहित पकड़ लिया। कस्बा प्रभारी रोबिन सिंह ने ग्राम खाड़ेदेवर के पीछे रेलवे लाइन के निकट से गांव के रितिक को 20 लीटर अवैध शराब सहित गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली पुलिस ने तीनों आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की है।

### नगर पालिका में देखा गया सजीव प्रसारण

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर पालिका परिषद सभागार में मंगलवार शाम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम का इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान गोमती नगर लखनऊ से सजीव प्रसारण देखा गया। जिसमें नगर विकास, नगरीय रोजगार, गरीबी उन्मूलन, परियोजनाओं के लोकार्पण व विभागीय प्रदर्शनी का कार्यक्रम दिखाया गया। कार्यक्रम में पालिकाध्यक्ष मुन्नी देवी गुप्ता, अधिशासी अधिकारी अनिल पंडित, कार्यालय अधीक्षक आरपी सिंह, मनोज तिवारी, सभासद भैया लाल दुबे, दीपक गुप्ता, शिवा गुप्ता, संतोष गुप्ता, आफताब आलम आदि मौजूद रहे।

### लैब टेक्नीशियन एसोसिएशन का द्विवर्षीय चुनाव कल

**कन्नौज।** उत्तर प्रदेश प्रयोगशाला प्राविधिज्ञ संघ का द्विवर्षीय अधिवेशन व चुनाव जिला अस्पताल में 14 मार्च को होगा। यह जानकारी संघ के जिलाध्यक्ष सुनील कुमार पाठक ने दी। बताया कि संघ का अधिवेशन व चुनाव कराने के लिये संघ के प्रांतीय अध्यक्ष के अलावा फार्मासिस्ट संघ के जिलाध्यक्ष व मंत्री को भी आमंत्रित किया गया है।

बढ़ाया उत्साह | नेहरू कॉलेज में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता की शुरुआत

## दौड़ में प्रियंका, लंबी कूद में चंचल अव्वल

संवाददाता,छिबरामऊ, कन्नौज



नेहरू कॉलेज के मैदान पर आयोजित प्रतियोगिता में दौड़ लगातीं छात्राएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नेहरू कॉलेज में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के पहले दिन विभिन्न प्रतियोगिताएं हुईं। इनमें से दौड़ में आदित्य और प्रियंका तथा लंबी कूद में चंचल ने बाजी मारी।

प्रतियोगिता का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. जयवीर सिंह एवं वनस्पति विज्ञान की विभागाध्यक्ष डॉ. बबिता यादव ने किया। प्राचार्य ने छात्र-छात्राओं को खेल भावना के साथ प्रतिभाग करने के लिए शपथ दिलाते हुए कहा कि खेलकूद के माध्यम से शारीरिक एवं मानसिक विकास के साथ अनुशासन एवं सहयोग की भावना का विकास होता है। क्रीड़ाध्यक्ष डॉ. उदयपाल सिंह ने छात्र छात्राओं के मार्च पास्ट के बाद प्रतियोगिताएं कराईं। दो सौ मीटर छात्र वर्ग की दौड़ में आदित्य कुमार प्रथम, गौरव सिंह द्वितीय, रमन कुमार तृतीय तथा छात्रा वर्ग में प्रियंका प्रथम, मुस्कान गुप्ता द्वितीय व रुचिता पाल तृतीय स्थान पर रहीं। लंबी कूद छात्र वर्ग में चंचल सिंह प्रथम, गौरव सिंह द्वितीय, अमन राजपूत तृतीय एवं छात्रा वर्ग में कल्पना यादव प्रथम, शौर्या द्वितीय तथा रुचिता पाल तृतीय स्थान पर रहीं। शाट पुट थ्रो छात्र वर्ग में अर्पित राठौर पहले, प्रवीण यादव दूसरे, गौरव सिंह तीसरे स्थान पर रहे। छात्रा वर्ग में रुचिता पाल प्रथम, सृष्टि पाठक द्वितीय, दर्पण सिंह तृतीय स्थान पर रही। सौ मीटर दौड़ छात्रा वर्ग में प्रियंका पहले, सोनाली कमल दूसरे, विजया तीसरे स्थान पर रही। आठ सौ मीटर दौड़ छात्र वर्ग में आदित्य कुमार प्रथम, अमन राजपूत द्वितीय, गौरव सिंह तृतीय स्थान पर रहे। इसके अलावा जैवलिन थ्रो छात्र वर्ग में मोहित पहले, रमन शर्मा द्वितीय, प्रवीण यादव तृतीय तथा छात्रा वर्ग में दर्पण सिंह प्रथम, कल्पना द्वितीय तथा रीता तृतीय स्थान पर रही।

## एएनएम की मौत के मामले में ऑटो चालक पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता,कन्नौज

- 10 दिन पहले ड्यूटी के बाद घर जाते समय हरदोई रोड पर हुई थी दुर्घटना

**अमृत विचार।** 10 दिन पहले दुर्घटना में एएनएम की मौत के मामले में ऑटो चालक के खिलाफ रिपोर्ट सदर कोतवाली में दर्ज कराई गई है।

हरदोई जनपद के थाना मल्लांवा गांव बाजीगंज गोवर्धनीपुर निवासी अमित कुमार पुत्र रामनाथ सिंह ने सदर कोतवाली में ऑटो चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप लगाया कि दो मार्च को पत्नी अर्चना कनौजिया जो विनोद दीक्षित सीएचसी में एएनएम थी सह कर्मी अनुपम के साथ ऑटो पर बैठकर मल्लांवा जा रही थी। चालक तेजी व लापरवाही से ऑटो चला रहा था। पत्नी ने मना किया पर वह नहीं माना। हरदोई रोड पर सदर कोतवाली के गांव बख्सीपुर्वा के पास ऑटो पलट गया। सहकर्मी अनुपम ने उसे घटना के संबंध में फोन पर जानकारी दी। इसके बाद जब तक वह जिला अस्पताल पहुंचता लेकर पहुंचता तब तक उसकी मौत हो गई।

### शॉर्ट रेंज वेपन से वार्षिक फायरिंग कर किया अभ्यास

**कन्नौज।** पुलिस की शॉर्ट रेंज वेपन फायरिंग का पुलिस लाइन में अभ्यास कराया गया। एसपी ने निशाना लगाकर शुरुआत की। इसके बाद थाना कोतवाली प्रभारियों ने अभ्यास किया। पुलिस लाइन में मंगलवार को शॉर्ट रेंज बट पर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद व जनपद के अन्य पुलिस कर्मियों ने वार्षिक फायरिंग अभ्यास किया। इस दौरान कुछ पुलिस कर्मियों का निशाना नहीं लग सका। इस पर एसपी ने संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए।

## एक नजर

### डीपीएस की छात्रा ने प्राप्त की दूसरी रैंक

**फर्रुखाबाद।** डीपीएस की छात्रा ऋषिका सेंगर ने क्लास एक में सेकेंड रैंक प्राप्त की है। विद्यालय के डायरेक्टर विजय कटियार ने छात्रा को कांस्य पदक देकर सम्मानित किया। ऋषिका सेंगर आवास विकास निवासी ऋषि सेंगर की पुत्री है। उसने 98.6 फीसदी अंक प्राप्त कर परिवार तथा विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। नन्ही सी छात्रा की इस कामयाबी पर परिवार तथा विद्यालय में खुशी का माहौल है। ऋषिका सेंगर के दादा दादी ने छात्रा का मुंह मीठा करा कर बधाई दी। छात्रा का का कहना है कि वह आईएएस बनना चाहती है।



ऋषिका सेंगर।

### मारपीट कर बहू को घर से निकाला, तहरीर दी

**फर्रुखाबाद।** जहानगंज थाना क्षेत्र के जरारी निवासी आयशा ने सोमवार को ससुरालीजनों के खिलाफ तहरीर दी। इसमें बताया कि एक वर्ष पहले उसकी शादी हुई थी। आठ मार्च को ससुरालीजनों ने मारपीट कर उसको घर से निकाल दिया। एसओ जेपी शर्मा ने प्रकरण में जांच के बाद कार्रवाई करने का भरोसा दिया।

### डंडा मार बहू का सिर फोड़ा

**फर्रुखाबाद।** मऊ दरबाजा थाना क्षेत्र के मोहल्ला पट्टी मदारी निवासी शोभा की शादी पांच वर्ष पहले हुई थी। ससुराल वाले आए दिन उसके साथ गाली-गलौज करते थे। सोमवार की दोपहर शोभा कमरे में थी। तभी ससुरालीजन आए और गालियां देने लगे। विरोध करने पर ससुरालीजनों ने मारपीट कर दी। ससुर ने शोभा के सिर पर डंडा मार दिया। इससे वह लहूलुहान हो गई। शोभा ने थाने में तहरीर दी। पुलिस ने जांच के बाद कड़ी कार्रवाई करने का भरोसा दिया।

### युवती बोली-गंगा में कूदकर आत्महत्या कर रही हूं

**शमसाबाद।** नगर पंचायत के एक मोहल्ला निवासी एक पीड़ित पिता ने थाना पुलिस को लड़की गायब होने का प्रार्थना पत्र दिया और बताया 11:00 बजे के समय लड़की ने फोन पर सूचना दी की गंगा में कूद कर जान दे रही है। परिजन व मोहल्ले के लोग ढाई घाट पुल पर पहुंचे और काफी खोजबीन की लेकिन युवती का पता नहीं चल सका। थाना अध्यक्ष बलराज भाटी ने बताया लड़की के पिता ने तहरीर दी है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### कीटनाशक पीने से किशोर की हालत बिगड़ी

**फर्रुखाबाद।** कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव चिउलारा निवासी राजेश के पुत्र अंकित(14) ने कीटनाशक पदार्थ पी लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया।

# बारात जा रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

## सोमवार रात टॉपर और कढहर पुलिस चौकी के पास हुई दुर्घटना

संवाददाता, शमसाबाद

**अमृत विचार।** ननिहाल में बारात में शामिल होने बाइक से जा रहे युवक की अज्ञात वाहन की टक्कर से घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सुबह पुलिस ने बाइक की नंबर प्लेट के जरिए पता कर परिजनों को सूचना दी। परिजन घटना स्थल पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

थाना क्षेत्र के गांव बांसखेड़ा निवासी बालक राम कश्यप का 35 वर्षीय पुत्र नेतराम कश्यप अपने मामा गंगा सिंह शाहजहांपुर के थाना जलालाबाद के गांव फरीदपुर ननिहाल में एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहा था। रात में टॉपर और कढहर पुलिस चौकी के पास अज्ञात वाहन चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें नेतराम की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस ने रात में काफी खोजबीन की। लेकिन युवक के परिजनों का पता नहीं लगा। सुबह जलालाबाद कोतवाली के दरोगा राजकुमार सिंह ने बाइक नंबर प्लेट से युवक के परिजनों को सूचना दी। परिजन मौके पर पहुंचे और दरोगा राजकुमार सिंह ने शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए शाहजहांपुर भेज दिया। उसके एक पुत्र पिंटू 10 वर्ष और चार पुत्रियां है। पत्नी ईश्वर देवी का रो-रो कर बुरा हाल है। जलालाबाद कोतवाली के दरोगा राजकुमार सिंह ने बताया सुबह 10:00 बजे के लगभग परिजनों की तहरीर पर शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।




### मार्ग दुर्घटना में तीन घायल

■ कायमगंज-फर्रुखाबाद क्षेत्र के गांव मदारपुर निवासी हाकिम सिंह की पुत्री शिल्पी (18) गांव कुअंरपुर इमलाक निवासी दौला खां (72) व नगर के मोहल्ला चिलांका निवासी रीना (30) पत्नी सुधीर सड़क हादसे में घायल हो गए। तीनों घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### दुर्घटना में दंपति घायल

■ **फर्रुखाबाद।** जनपद मैनपुरी के थाना कुरावली के गांव सलेमपुर निवासी रामखिलाड़ी, पत्नी पिंकी के साथ सोमवार को जिला शाहजहांपुर कोतवाली जलालाबाद गांव ककरारा ससुराल जा रहे थे। ढाईघाट रोड पर पुल के पास पीछे से आए ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दी। दंपति सड़क पर गिरकर घायल हो गए। उन्हें सीएचसी पहुंचाया गया। वहां पिंकी की हालत गंभीर होने पर डॉक्टर अलीम अंसारी ने उसको लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया।

## जेल गया भाई का कातिल गोलू

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** बड़े बेटे की छोटे बेटे के हत्या कर देने पर पिता कुछ कहने में असमर्थ हो गया है। हत्या का कारण पूछने पर वह फफक कर रोने लगा। उधर हत्यारोपी को जेल भेज दिया गया है।

रजपालपुर के महाराज सिंह के तीन पुत्र में बड़ा पुत्र अजीत, उसके बाद रंजीत व सबसे छोटा गोलू उर्फ गोयल है। महाराज सिंह चीनी मिल रोड के किनारे खोखा रखकर साइकिल की मरम्मत करते है। उनकी पत्नी का काफी समय पहले निधन हो चुका है। बेटे की मौत की जानकारी पर मौके पर मौजूद महाराज सिंह ने बताया उसका बड़ा बेटा अजीत परिवार समेत दिल्ली में रहता है। जबकि उसके दोनो बेटे मेरे पास गांव में रहते है।

पिता से पुलिस ने जानकारी की तो पिता का कहना था वह काम पर लौट कर आकर सब्जी बना लेता था। जबकि बड़ा पुत्र रंजीत रोटी बना लेता है। उसका छोटा पुत्र गोलू कोई काम नहीं करता था। इतना कहते ही वह फफक पड़े। फिलहाल उसने अपने बेटेरंजीत की हत्या की रिपोर्ट छोटे बेटे के नाम दर्ज कराई है। पुलिस ने गोलू का चिकित्सीय परीक्षण करा कर न्यायालय में पेश किया न्यायालय ने उसे 14 दिन के रिमांड पर जिला जेल भेज दिया है।



सम्मान समारोह के दौरान मंचासीन राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला व अन्य। अमृत विचार

# राज्यमंत्री ने टॉपर्स को किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

● **भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ ने कराया शिक्षक सम्मान समारोह**

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी शिक्षक प्रकोष्ठ-शिक्षण संस्थान प्रकोष्ठ की ओर से लोकसभा शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जहां आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को जिताने का आह्वान किया गया। इस दौरान हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के जिला टॉपर विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

श्री बाबू सिंह जय सिंह आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल बेवर रोड भोजपुर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला व भाजपा शिक्षण संस्थान के प्रदेश संयोजक डॉ. दिवाकर मिश्रा ने किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में कई ऐतिहासिक निर्णय हुए हैं। आगामी लोकसभा चुनाव नए भारत का निर्माण करेगा। मुख्य वक्ता भाजपा शिक्षण संस्थान प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. दिवाकर मिश्रा ने कहा कि आजादी के बाद देश के बंटवारे की जिम्मेदार कांग्रेस है। सांसद मुकेश राजपूत ने प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल को ऐतिहासिक करार दिया। जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता, अभिषेक त्रिवेदी, डॉ. अजय मोहन शुक्ल, डॉ. सुवेंद्र सिंह, सुनील वाजपेई, वीरेंद्र सिंह राठौर, डॉ. रामबाबू और इंद्रा राठौर ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन सुरेंद्र पांडेय ने किया। इस अवसर पर भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉ. संदीप कुमार चतुर्वेदी, अनिल सिंह, अवनीश कुमार, डॉ. प्रभात अवस्थी, डॉ. विनीता तिवारी और वीरेंद्र कुमार मिश्र आदि मौजूद रहे।

# बेहतर कार्यों के लिए पांच प्रधान किए गए सम्मानित

संवाददाता कायमगंज फर्रुखाबाद

● **सांसद मुकेश राजपूत व ब्लाक प्रमुख अनुराधा दुबे ने संगोष्ठी की शुरुआत की**

**अमृत विचार।** परिषदीय विद्यालय के प्रबंध समितियों के अध्यक्षों, प्रधानाध्यापकों व ग्राम प्रधानों की ब्लाक स्तरीय उन्मुखीकरण संगोष्ठी में 5 प्रधानों को सम्मानित किया गया। वहीं राष्ट्रीय अविष्कार क्विज में विजेता प्रतिभागियो को भी सम्मानित किया गया।

संगोष्ठी का आयोजन सीपी गेस्ट हाउस में किया गया। इस मौके पर सांसद मुकेश राजपूत व ब्लाक प्रमुख अनुराधा दुबे, विधायक प्रतिनिधि शिल्पी गंगवार, खंड शिक्षा अधिकारी ओमप्रकाश पाल ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित किए। बीईओ की ओर से सभी अतिथियों को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए।

इस दौरान बच्चों ने लघु नाटक प्रस्तुत किया। राष्ट्रीय अविष्कार क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों को अतिथियों ने प्रमाण पत्र व शील्ड प्रदान की। इस मौके पर आपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत बेहतर कार्य करने वाले प्रधान प्रतिमा वर्मा, अमर सैफ उर्फ लाड़ले, अखिलेश गंगवार, अंकुर ठाकुर व रायपुर प्रधान को अंगवस्त्र पहना कर सम्मानित किया गया।

अशोक राजपूत, एसआरजी यदुराज पाल, रूचि वर्मा, वंदना रानी, एआरपी संदीप बर्धन, कुलदीप यादव, जसविंदर सिंह, ओमदत्त शर्मा, ज्योतिश्याम गौड़, आर्येंद्र कुमार सिंह, अवनीश चतुर्वेदी, मुकेश कुमार, अवधेश गुप्ता, जितेंद्र, मोहित शुक्ला, जावेद अख्तर खां, अमीर सिंह, अनुराग पाठक, असमी नाज आदि मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री आज फर्रुखाबाद में, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम



सभा स्थल का जायजा ले रहे पुलिस के अधिकारी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 13 मार्च को 13.50 बजे फर्रुखाबाद पहुंच रहे हैं। वह हेलीपैड खैराताल पर उतरकर सभा स्थल क्रिश्चियन इंटर कॉलेज मैदान के लिए प्रस्थान करेंगे। 13.55 बजे सभा स्थल पहुंचकर विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण, शिला न्यास करेंगे।

यह जानकारी देते जिलाधिकारी बीके सिंह ने बताया कि 14:00 बजे से 15 बजे तक मुख्य मंत्री क्रिश्चियन इंटर कॉलेज मैदान में मौजूद रहेंगे। 15:00 बजे सभा स्थल से हेलीपैड खैराताल के लिए प्रस्थान कर जाएंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर यहां व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी हेलीपैड से लेकर सभा स्थल तक निरीक्षण कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता भी मुख्यमंत्री की सभा के लिए बनाए जा रहे वाटरप्रूफ पंडाल का निरीक्षण कर रहे हैं। पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर की मौजूदगी में यहा पंडाल बनाया जा रहा है। पुलिस के आलाधिकारी सभा स्थल से लेकर हैलीपैड पर नजर रखे हुए हैं। खुफिया विभाग के अधिकारी पल

## पुलिसकर्मी मुस्तैदी से निभाएं जिम्मेदारी

**पुलिस ब्रीफिंग**

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री की सभा को लेकर जिलाधिकारी वीके सिंह और एसपी विकास कुमार ने पुलिस कर्मियों की ब्रीफिंग की। क्रिश्चियन ग्राउंड में 13 मार्च बुधवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनसभा को संबोधित करेंगे। इसको लेकर एसपी विकास कुमार ने सभी पुलिस कर्मियों को निर्देश दिए हैं कि सभी लोग अपने पास हेलमेट, रस्सा और डंडा अपने पास रखे। किसी भी बाहरी व्यक्ति को बिना पास देखे अंदर एंट्री न दें। सभी डीएम व एसपी से तत्काल संपर्क कर सकते है।



फोर्स को संबोधित करते पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी। अमृत विचार

● **डीएम और एसपी ने दिए निर्देश, अराजकतत्वों पर कार्रवाई करने को कहा**

सभी पुलिसकर्मी और अधिकारीगण मंच की तरफ फोकस करे। कोई भी व्यक्ति अराजकता फैलाने की कोशिश करे या अराजकता तत्व दिखाई पड़े तो तत्काल कार्यवाही करें।

डीएम डॉ. वीके सिंह ने बताया कि जिस पुलिसकर्मी और अधिकारी की जहां भी ड्यूटी लगाई गई है वह अपनी वहीं पर ड्यूटी करें। इधर-उधर न बैठे।

मुख्यमंत्री का कार्यक्रम सकुशल सम्पन्न करा कर पुलिसकर्मी अधिकारीगण जिले का नाम रोशन करें। इस दौरान एडीएम सुभाष चंद्र प्रजापति आदि। अधिकारी मौजूद रहे।

# क्षेत्र पंचायत की बैठक में गांव की समस्याओं पर रहा फोकस

संवाद दाताकायमगंज फर्रुखबाद

**अमृत विचार।** बीडीसी की बैठक में गांव की समस्याओ पर फोकस रहा। बैठक में सांसद भी पहुंचे। इस दौरान 14 बिंदुंओ पर चर्चा की गई।

ब्लाक कार्यालय के सभागार में क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक ब्लाक प्रमुख अनुराधा दुबे की अध्यक्षता में हुई। इसमें सांसद मुकेश राजपूत भी पहुंचे। बैठक में 14 बिंदुओं पर चर्चा की गई। सबसे पहले गत बैठक की कार्रवाई की पुष्टि की गई। जबकि भारत विकास योजनाओं पर विचार किया गया।

शिक्षा विभाग से संबंधित योजनाओ पर भी चर्चा की। इसके अलावा क्षेत्र में पशु चिकित्सा से संबंधित बीमारियों व स्वास्थ विभाग से संबंधित योजनाओं को लेकर बात रखी गई। मनरेगा के अंतर्गत लेबर बजट व कार्य योजना पर विचार किया गया। गर्मी को देखते हुए पेयजल समस्या पर विचार किया और खराब हैडपंपों के बारे में चर्चा की गई।

इसके अलावा ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रम, दिव्यांग वृद्घाअवस्था, विधवा पेंशन योजना, राज्य ग्रामीण अजीविका मिशन, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना, पंचम राज्य वित्त योजना, केंद्रीय वित्त योजना आदि पर चर्चा की। बीडीसी को सम्मानित किया गया। इस दौरान सांसद ने सरकार की लाभकारी योजनाओं का बखान किया।

बीडीओ सुनील कुमार, ब्लाक प्रमुख पति अरुण दुबे, वरिष्ठ सहायक पीके दुबे, एडीओ आईएसवी अनुराग सक्सेना, एडीओ समाज कल्याण विशाल वर्मा, सीडीपीओ, लेखाकार धर्मेंद्र, जेई आरईडी राजीव गोयल व क्षेत्र पंचायत सदस्य मौजूद रहे।

### धर्मपुर में नाली बनवाने की मांग

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** कंपिल क्षेत्र के गांव धर्मपुर निवासी विजय सिंह ने ब्लाक प्रमुख को एक प्रार्थना देकर कहा है उनके मकान के सामने कुछ लोग कूड़ा डालते है। इसको लेकर कई बार शिकायत की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे वह परेशान है। उन्होंने मांग की कूड़ा हटवाया जाए और नाली बनवाकर समस्या का समाधान कराया जाए।

# न्यायालय के आदेश पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र के गांव हरिसिंहपुर मुडगांव निवासी चंदन सिंह ने कोर्ट के आदेश पर पूर्व प्रधान विमला देवी, बृजेंद्र सिंह, रघुराज सिंह, पप्पू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। कहा कि गांव के मनीराम धोबी को पट्टे में जमीन मिली थी। जमीन पर मनीराम काबिज था। उसका कोई उत्तराधिकारी नहीं था। मनीराम की मौत हो गई।

आरोप है कि बृजेंद्र सिंह ने खुद का मनीराम को भतीजा बताकर फर्जी वसीयत तैयार कर ली। राजेपुर थाना क्षेत्र के गांव विरसिंहपुर निवासी रघुराज को वसीयत में गवाह बना लिया। इसके बाद वसीयत को चकबंदी अधिकारी के यहां पेश कर शपथ पत्र दिए। पूर्व प्रधान विमला देवी ने बृजेंद्र सिंह को मनीराम का भतीजा बताकर प्रमाण पत्र जारी कर दिया। इस तरह सभी लोगों ने मिलकर सरकारी जमीन हड़प ली। प्रकरण में कोतवाली व एसपी को प्रार्थना पत्र देने के बाद भी सुनवाई नहीं हुई। कोतवाल मनोज भाटी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।



● **फर्जी वसीयत कराने के आरोप में की गई कार्रवाई**

## अभद्रता करने के आरोप को नकारा

**फर्रुखाबाद।** थाना नवाबगंज में सुहेलदेव पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष से अभद्रता करने का मामला तूल पड़ गया है। पार्टी के जिला अध्यक्ष का आरोप है कि विधान सभा अध्यक्ष संतराम कश्यप को एक प्रार्थना पत्र के संदर्भ में थाने में बुलाया गया और उनका मोबाइल व गमछा छीनकर अभद्रता की गई। जिला अध्यक्ष संजय कश्यप का कहना है कि इस सूचना पर जब वह अपने कार्यकर्ताओं के साथ थाना नवाबगंज पहुंचे तो उनके साथ भी थाना अध्यक्ष ने अभद्रता की। यदि इस समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वह थाने का घेराव करेंगे। पुलिस का कहना है कि संतराम कश्यप को एक जांच के मामले में बुलाया गया था। उनसे किसी प्रकार की अभद्रता नहीं की गई। पूछताछ के बाद उन्हें वापस कर दिया गया। कुछ लोग इसे तूल दे रहे हैं।



रोजगार मेला में नियुक्ति पत्र देते अधिकारी। अमृत विचार

# रोजगार मेले में 238 युवाओं को दिए गए नियुक्ति पत्र

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** बद्री विशाल डिग्री कॉलेज में मंगलवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान 238 युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए, जिससे उनके चेहरे खिल गए। वक्ताओं ने युवाओं से ईमानदारी के साथ नौकरी करने को प्रेरित किया।

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय द्वारा लगाए गए रोजगार मेला में पंजीकरण कराने के लिए स्टॉलों पर युवाओं की भीड़ लगी रही। 510 युवाओं ने पंजीकरण कराया, जिनमें 418 का चयन साक्षात्कार के लिए किया गया। मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट सेल प्रभारी डॉ. प्रभात कुमार द्विवेदी ने 238 युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार गर्ग ने कहा कि रोजगार मेलों के माध्यम से शिक्षित युवाओं को नौकरी मिलेगी। प्राचार्य डॉ. सीडी यादव ने बताया कि 510 में 418 युवाओं का चयन साक्षात्कार के लिए किया गया था। 238 को जॉब लेटर बांटे गए। प्रबंधक विनोद कुमार दुबे ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम होने से युवाओं को रोजगार प्राप्त करने का प्लेटफार्म मिलेगा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रभात सिंह व डॉ. सुरेंद्र सिंह ने किया। प्रबंधक डॉ. विनोद कुमार दुबे, प्रो. राहुल कुमार, सुधीर यादव व मयंक राठौर आदि मौजूद रहे।

### पर्कोपाइन बनाने के लिए हुआ भूमि पूजन

**फर्रुखाबाद।** गंगा कटरी बाढ़ क्षेत्र में पर्कोपाइन बनाने के लिए सिंचाई विभाग के कर्मचारियों ने बाढ़ क्षेत्र के गांव के पास तटबंध का कार्य शुरू करने के लिए भूमि पूजन किया। इससे ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई है। बाढ़ क्षेत्र के गांव पैलानी दक्षिण के सामने सिंचाई विभाग के जेई सुखवंत राठौर लेबर व कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंचे और भूमि पूजन कराकर पर्कोपाइन का काम शुरू कराया। जेई ने बताया एक करोड़ 87 लाख की लागत से 800 मी का पर्कोपाइन बनेगा। इसी प्रकार बाढ़ क्षेत्र के गांव अचानकपुर में भी गांव के सामने आज भूमि पूजन शुरू हुआ और 600 मी क्षेत्र में 50-50 मीटर की ठोकरे बनाई जाएगी। पर्कोपाइन बनने से गांव में कटान की समस्या से राहत मिलेगी। जिससे ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई है।

**उपलब्धि** जिले के 808 स्कूल में 385 पाए गए निपुण, बीएसए ने कहा अभी प्रयास की जरूरत

# निपुण विद्यालय की टॉपटेन सूची में फर्रुखाबाद

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** निपुण विद्यालय आंकलन की टॉपटेन सूची में जनपद फर्रुखाबाद का नाम भी शामिल है। प्रदेश में जनपद फर्रुखाबाद ने नौवां स्थान प्राप्त किया है।

सरकार का लक्ष्य है कि निपुण मिशन के माध्यम से कक्षा 3 से 6 में पढ़ने वाले बच्चे वर्ष 2026-27 तक पढ़ना, लिखना और अंग्रेजी सीख जाएं। परिषदीय विद्यालयों में इस पर विशेष जोर भी दिया जा रहा है। वर्ष 2023 में इसके तहत निपुण टेस्ट भी कराया गया था। सरकार ने प्रदेश के सभी जनपदों का निपुण विद्यालय आंकलन कराने के लिए थर्ड पार्टी से सर्वे कराने के निर्देश दिए थे।

सर्वे कार्य में डीएलएड के प्रशिक्षुओं को लगाया गया था। जनवरी में घोषित निपुण विद्यालय आंकलन के परिणाम में जनपद फर्रुखाबाद ने टॉपटेन सूची में जगह बनाई है। फर्रुखाबाद जनपद प्रदेश में नौवें स्थान पर है। कासगंज प्रथम, महोबा द्वितीय व हमीरपुर तृतीय स्थान पर है। फर्रुखाबाद को 808 निपुण स्कूल का लक्ष्य मिला था, जिसमें 385 स्कूल सर्वे में निपुण पाए गए। बीएसए गौतम प्रसाद ने कहा कि सभी के प्रयास से टॉपटेन सूची में फर्रुखाबाद नौवें स्थान पर है। आने वाले समय में रैंकिंग में और सुधार करने का प्रयास किया जाएगा।




● **कासगंज ने मारी बाजी जौनपुर दसवें स्थान पर**

### निपुण विद्यालय आंकलन की टॉपटेन सूची में शामिल जनपद

| जनपद | रैंकिंग |
| --- | --- |
| कासगंज | 1 |
| महोबा | 2 |
| हमीरपुर | 3 |
| मथुरा | 4 |
| अंबेडकरनगर | 5 |
| अलीगढ़ | 6 |
| सुल्तानपुर | 7 |
| प्रयागराज | 8 |
| फर्रुखाबाद | 9 |
| जौनपुर | 10 |

# बच्चों को बेहतर शिक्षा से संस्कारवान बनाएं शिक्षक

संवाददाता, राजेपुर (फर्रुखाबाद)

● **राजेपुर प्राथमिक विद्यालय में उन्मुखीकरण कार्यक्रम**

**अमृत विचार।** प्राथमिक विद्यालय राजेपुर में मंगलवार को ब्लॉक स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख पल्लव सोमवंशी ने शिक्षा के क्षेत्र में चल रही सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। इसके साथ ही गुरुजनों का दर्जा ईश्वर से बड़ा बताया।

उन्होंने कहा कि सरकार बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए मिडडे मील, मुफ्त यूनीफार्म, जूता-मोजा के साथ ही स्मार्ट क्लास जैसी सुविधाएं दे रही है। अब शिक्षकों की भी जिम्मेदारी है कि वह बच्चों को ठीक तरह से पढ़ाएं। उन्होंने कहा कि शिक्षक का स्थान ईश्वर से ऊंचा होता है, इसलिए गुरुजनों की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है कि वह बच्चों को बेहतर शिक्षा दें। प्रधान संघ अध्यक्ष सुधीर गुप्ता, प्रधान प्रदीप गुप्ता और योगेंद्र सिंह ने भी संबोधित किया। खंड शिक्षाधिकारी अनूप कुमार, संतोष पाठक, इतेंद्र सिंह, संदीप गुप्ता और महेश कुमार आदि मौजूद रहे।

प्रदोषे दीपक : चन्द्र :,प्रभाते दीपक :रवि : ।
त्रैलोक्ये दीपक :धर्म :, सुपुत्र : कुलदीपक : ।।

संध्या काल में चन्द्रमा दीपक है, प्रभात काल में सूर्य दीपक है, तीनों लोकों में धर्म दीपक है और सुपुत्र कूल का दीपक है।

## संपादकीय

# सीएए का विरोध

लंबे इंतजार और तमाम विरोध के बाद सोमवार को नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) पूरे देश में लागू कर दिया गया। वर्ष 2019 में सीएए दोनों सदनों से पास हुआ था जिसके बाद देश में जगह-जगह विरोध प्रदर्शन हुए थे। दिल्ली के शाहीन बाग में कई महीने तक धरना प्रदर्शन चला था। विरोध के पीछे यह तर्क दिया जा रहा था कि यह कानून मुसलमानों की नागरिकता छीन लेगा। इसी तर्क के साथ सीएए के लागू होने के बाद फिर विरोध शुरू होने लगा है। कानून लागू होने के बाद देश की राजनीति गरमा गई है। विपक्षी पार्टियां विरोध में उतर आ आईं हैं। तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष और बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का कहना है कि वे बंगाल में इस कानून को लागू नहीं करेंगी। वहीं तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन भी कानून का विरोध करते हुए इसको राज्य में न लागू करने की बात कह रहे हैं। कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा लोकसभा चुनाव में लाभ के लिए तुष्टिकरण की नीति अपना रही है। इस कानून को लागू करने से भाजपा को आगामी चुनाव में कितना फायदा मिलेगा यह तो भविष्य के गर्भ में है, लेकिन विपक्षी पार्टियों के विरोध के बाद सवाल उठता है कि संसद द्वारा पारित कानून को लागू न करने की बात कहना कितना सही है। सर्वविदित है कि संसद द्वारा पारित किसी भी कानून को कोई भी राज्य सरकार राज्य में लागू होने से नहीं रोक सकती है। उसके बाद भी यह कहना कि हम राज्य में कानून लागू नहीं होने देगें, जनता को बरगलाने के सिवाय और कुछ नहीं है। केन्द्र सरकार द्वारा बार-बार इस बात का आश्वासन दिया जाता रहा है कि यह नागरिकता देने वाला कानून है न कि नागरिकता छीनने का कानून।

गौरतलब है कि नागरिकता संशोधन अधिनियम के तहत बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान में धार्मिक उत्पीड़न के शिकार गैर-मुस्लिम प्रवासियों को भारतीय नागरिकता मिल सकती है। इन देशों के हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी या ईसाई समुदायों के व्यक्ति जिन्होंने 31 दिसंबर 2014 को या उससे पहले भारत में प्रवेश किया था, कानून के तहत नागरिकता मांग सकते हैं। कानून का विरोध करने वालों का यह कहना है कि इस कानून में बाहर से आए मुसलमानों को नागरिकता देने का प्रावधान क्यों नहीं है? जबकि भारत की संस्कृति में 'वसुधैव कुटुंबकम्' की अवधारणा रही है। यह बात सही है कि भारतीय संस्कृति समस्त धरती को अपना घर मानती आई है, लेकिन क्या यह सत्य नहीं है कि बांग्लादेश से आए रोहिंग्या मुसलमानों ने अवैध रूप से देश में कब्जा नहीं कर रखा है, जो आए दिन देश विरोधी गतिविधियों में संलग्न पाए जाते हैं। यही स्थिति पाकिस्तान से आए लोगों की है, जो आए दिन देश की संप्रभुता व शांति को चुनौती देते हैं। देश की पार्टियों और विरोध करने वाले संगठनों को स्वहित में सोचने के बजाय देश हित सोचना चाहिए।

# धर्मः मानवीय सारतत्व की विलक्षण अनुभूति



प्रो . जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

धर्म उत्पीड़ित प्राणी की आह है, एक हृदयहीन संसार का हृदय है, ठीक उसी तरह जैसे वह भावविहीन परिस्थितियों की भावना है। वह जनता के लिए अफीम है। जनता के प्रातिभासिक सुख के रूप में धर्म के उन्मूलन का अर्थ है उसके वास्तविक सुख की मांग करना।

नागरिकों को धर्म मानने और न मानने की आजादी है, यह संविधान सम्मत है। सवाल यह है कि धर्म न मानने वालों से इतनी नाराजगी क्यों? समाज में ऐसे लोग हमेशा रहे हैं, जो धर्म को नहीं मानते, ईश्वर को नहीं मानते और समाज उनको सम्मान की नजर से देखता रहा है। हमारे समाज में धर्मविरोधी को कभी दंडित नहीं किया गया। दंड देने का चलन अंग्रेजों के आने साथ आया है। धर्म का आधुनिक युग में सबसे बड़ा संरक्षक साम्राज्यवाद है, कार्पोरेट घराने हैं। किसान-मजदूर धर्म को नहीं मानते, क्योंकि उनके पास धार्मिक कर्मकांड के लिए समय ही नहीं होता। अधिकांश औरतें भी धर्म के कांडों में शामिल नहीं होतीं। धर्म समाज में प्रतीकात्मक भूमिका निभाता है। धर्म अमीरों का वैचारिक रक्षा कवच है।

अनेक लोग हैं जो कार्ल मार्क्स के धर्म संबंधी विचारों को विकृत रूप में व्याख्यायित करते हैं। वे मार्क्स की धर्म संबंधी मान्यताओं को गलत देखते हैं फिर सभी मार्क्सवादियों पर हमला आरंभ कर देते हैं। सवाल यह है क्या मार्क्स की धर्म संबंधी मान्यताओं से धर्म की कोई सही समझ बनती है? क्या दुनिया में मार्क्सवादी धर्म के बारे में एक ही तरह सोचते हैं? कार्ल मार्क्स ने अपनी धर्म संबंधी मान्यताओं का विकास हेगेल की न्याय संबंधी मान्यताओं के मूल्यांकन के क्रम में किया था। मार्क्स ने लिखा, धार्मिक व्यथा, एक साथ वास्तविक व्यथा की अभिव्यक्ति तथा वास्तविक व्यथा का प्रतिवाद दोनों हैं।

धर्म उत्पीड़ित प्राणी की आह है, एक हृदयहीन संसार का हृदय है, ठीक उसी तरह जैसे वह भावविहीन परिस्थितियों की भावना है। वह जनता के लिए अफीम है। जनता के प्रातिभासिक सुख के रूप में धर्म के उन्मूलन का अर्थ है उसके वास्तविक सुख की मांग करना। मौजूदा हालात के संबंध में भ्रमों का परित्याग करने की मांग उन हालात के परित्याग की मांग करती है जिनके लिए भ्रम जरूरी बन जाते हैं। अतः धर्म की आलोचना भ्रूण रूप में आंसुओं की घाटी, धर्म जिसका प्रभामंडल है, की आलोचना है। यानी धर्म के अंत की शर्त है वास्तविक सुखों की सृष्टि, जब तक वास्तविक सुख पैदा नहीं कर पाते तब तक धर्म रहेगा। आम लोगों के दुख रहेंगे और आंसू भी रहेंगे। मार्क्स ने धर्म को उत्पीड़ित प्राणी की आह के रूप में देखा। धर्म के अंत का अर्थ है मनुष्य के दुखों का अंत। इस अर्थ में धर्म और दुख का गहरा संबंध है।

मार्क्स ने धर्म के बारे में लिखा है, "अधार्मिक आलोचना का आधार हैः मनुष्य धर्म की रचना करता है, धर्म मनुष्य की रचना नहीं करता है। धर्म मनुष्य की स्व-चेतनता और स्व-प्रतिष्ठा है, ऐसे मनुष्य की जो अभी तक अपने आपको जान नहीं पाया है या फिर फिर से भटक गया है, लेकिन मनुष्य जिसने इस संसार से बाहर पड़ाव डाल रखा हो, कोई अमूर्त प्राणी नहीं है। मनुष्य तो मनुष्य का संसार,राज्य और समाज है। मार्क्स ने धर्म के बारे में लिखा-धर्म, संसार का सामान्य सिद्धांत है, वह इसका सर्वज्ञान गुटका है, इसकी लोकप्रचलित तर्कपद्धति है, इसका आध्यात्मिक कीर्ति शिखर है, इसकी उमंग है, इसकी नैतिक स्वीकृति है, इसका भव्य अभिनंदन है, यह संतोष और औचित्य स्थापना का सार्वभौमिक स्रोत है। यह मानवीय सारतत्व की विलक्षण अनुभूति है, यद्यपि इसके मानवीय सारतत्व में सच्ची वास्तविकता निहित नहीं है। अतः धर्म के विरूद्ध संघर्ष का मतलब है, उस संसार के विरूद्ध किया जाने वाला परोक्ष संघर्ष, धर्म जिसकी आध्यात्मिक सुरभि है। यानी धर्म को समग्रता में देखना चाहिए,उसे अंशों में नहीं देखना चाहिए। इसलिए मार्क्स ने धर्म को सर्वज्ञान गुटका कहा है। धर्म मात्र पूजा या ईश्वर नहीं है, बल्कि उसका एक तर्कशास्त्र है, संस्कार है, यह मानवीय सारतत्व की विलक्षण अनुभूति है, धर्म के खिलाफ लड़ने का अर्थ है उसके द्वारा रचे संसार के खिलाफ संघर्ष करना।

अनेक धर्म विरोधी लोग अपनी संतई चमकाने के लिए धर्म के अंश विशेष की आलोचना करते हैं, लेकिन धर्मरचित समग्र संसार की आलोचना से कन्नी काटते हैं। इस प्रसंग में प्रेमचंद उल्लेखनीय हैं, उन्होंने लिखा है, इस अनीति भरे संसार में धर्म-अधर्म का विचार गलत है, आत्मघात है और जुआ खेलकर या दूसरों के लोभ और आसक्ति से फायदा उठाकर संपत्ति खड़ी करना उतना ही बुरा या अच्छा है जितना कानूनी दांव-पेंच से। भारत के देवभक्तों को प्रेमचंद के इस कथन पर गौर करना चाहिए। देवता हमेशा रहेंगे और हमेशा रहे हैं। उन्हें अब भी संसार धर्म और नीति पर चलता हुआ नजर आता है। वे अपने जीवन की आहुति देकर संसार से विदा हो जाते हैं,लेकिन उन्हें देवता क्यों कहो? कायर कहो, स्वार्थी कहो, आत्मसेवी कहो। देवता वह है,जो न्याय की रक्षा करे और उसके लिए प्राण दे दे। अगर वह जानकर अनजान बनता है तो धर्म से फिरता है, अगर उसकी आंखों में यह कुव्यवस्था खटकती ही नहीं तो वह अंधा भी है और मूर्ख भी, देवता किसी तरह नहीं और यहां देवता बनने की जरूरत भी नहीं।

देवताओं ने ही भाग्य और ईश्वर और भक्ति की मिथ्याएं फैलाकर इस अनीति को अमर बनाया है। मनुष्य ने अब तक इसका अंत कर दिया होता या समाज का ही अंत कर दिया होता, जो इस दशा में जिंदा रहने से कहीं अच्छा होता। नहीं, मनुष्यों में मनुष्य बनना पड़ेगा। दरिंदों के बीच में उनसे लड़ने के लिए हथियार बांधना पड़ेगा। उनके पंजों का शिकार बनना देवतापन नहीं, जड़ता है। आज जो इतने ताल्लुकेदार और राजे हैं वह अपने पूर्वजों की लूट का ही आनंद तो उठा रहे हैं और क्या उन्होंने वह जायदाद बेचकर पागलपन नहीं किया? पितरों को पिंडा देने के लिए गया जाकर पिंडा देना और यहां आकर हजारों रुपए खर्च करना क्या जरूरी था? और रातों को मित्रों के साथ मुजरे सुनना और नाटक-मंडली खोलकर हजारों रुपए उसमें डुबाना अनिवार्य था? वह अवश्य पागलपन था। उन्हें क्यों अपने बाल-बच्चों की चिंता नहीं हुई? अगर उन्हें मुफ्त की संपत्ति मिली और उन्होंने उड़ाया तो उनके लड़के क्यों न मुफ्त की संपत्ति भोगें? अगर वह जवानी की उमंगों को नहीं रोक सके तो उनके लड़के क्यों तपस्या करें?"

न्याय-अन्याय के सवाल आज भी प्रासंगिक हैं इस पर प्रेमचंद ने लिखा, कहां है न्याय? एक गरीब आदमी किसी खेत से बाली नोचकर खा लेता है, कानून उसे सजा देता है। दूसरा अमीर आदमी दिन-दहाड़े दूसरों को लूटता है और उसे पदवी मिलती है, सम्मान मिलता है। कुछ आदमी तरह-तरह के हथियार बांध कर आते हैं और निरीह, दुर्बल मजदूरों पर आतंक जमाकर अपना गुलाम बना लेते हैं। लगान, टैक्स व महसूल और कितने ही नामों से उसे लूटना शुरू करते हैं और आप लंबा-लंबा वेतन उड़ाते हैं, शिकार खेलते हैं, नाचते हैं, रंग-रेलियां मनाते हैं। यही है ईश्वर का रचा हुआ संसार? यही न्याय है?

नागरिकों को धर्म मानने और न मानने की आजादी है, यह संविधान सम्मत है। सवाल यह है कि धर्म न मानने वालों से इतनी नाराजगी क्यों? समाज में ऐसे लोग हमेशा रहे हैं, जो धर्म को नहीं मानते, ईश्वर को नहीं मानते और समाज उनको सम्मान की नजर से देखता रहा है। हमारे समाज में धर्मविरोधी को कभी दंडित नहीं किया गया। दंड देने का चलन अंग्रेजों के आने साथ आया है। धर्म का आधुनिकयुग में सबसे बड़ा संरक्षक साम्राज्यवाद है, कार्पोरेट घराने हैं। किसान-मजदूर धर्म को नहीं मानते, क्योंकि उनके पास धार्मिक कर्मकांड के लिए समय ही नहीं होता। अधिकांश औरतें भी धर्म के कांडों में शामिल नहीं होतीं। धर्म समाज में प्रतीकात्मक भूमिका निभाता है। धर्म अमीरों का वैचारिक रक्षा कवच है।


## प्रसंगवश

# मनुष्य और व्यवहार

मनुष्य का चिंतन और व्यवहार रहस्यों से भरा हुआ है। मनुष्य महसूस कर सकता है कि वह स्वतंत्र है, किंतु वस्तुतः है नहीं। वह बाह्य जगत से, अपने परिवेश से तो बंधा है ही, स्वयं से भी बंधा है। आंतरिक बंधन जितना महीन उतना ही मजबूत।

मनुष्य को साधारणतः उसका एहसास ही नहीं होता। होश संभालने का मतलब स्वयं का और बाह्य जगत का पार्थक्य-बोध। बाह्य जगत से मनुष्य भले स्वतंत्र हो जाए,स्वयं से स्वतंत्र होना असंभव। असली बंधन वही है। एक उदाहरण। सुसंगतता और लोकप्रियता का द्वंद्व सुसंगत बने रहने के लिए मनुष्य को जेन्यूइन,तथ्यपरक और सत्यनिष्ठ होना पड़ता है। उसकी प्रतिबद्धता अंदरूनी होती है,वह उसका झंडा नहीं गाड़ता। हर मुद्दे पर परस्पर सुसंगत स्टैंड लेना उचित, तथ्यपरक और सत्यनिष्ठ हुए बिना असंभव है।

यदि लोक स्वीकृति की भूख लगातार बनी रहे तो कोई सुसंगत नहीं रह सकता। लोक-स्वीकृति समय के प्रवाह के साथ रुख बदलने को बाध्य करती है। सुसंगतता और लोक स्वीकृति में से एक का चयन करना पड़े तो? इस तरह के चयन की सुविधा मनुष्य को उपलब्ध नहीं,क्योंकि वह करेगा वही जो उसकी मानसिक संरचना और अंतर्निहित प्रवृत्ति के अनुरूप होगा। यानी उसकी चेतना की प्रकृति में निहित होगा। स्वयं के संबंध में वह विवश है,



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

जिसे लोक-स्वीकृति चाहिए,उसे सुसंगतता की परवाह नहीं होगी। उसके लिए सुसंगतता वहीं तक जहां तक वह लोक-स्वीकृति के साथ चल सके। जिसे सुसंगतता की परवाह होगी, उसके लिए सुसंगतता अपने आप में साध्य बन जाएगी।

लोक स्वीकृति उसे काटेगी नहीं, किंतु दोनों में विरोधाभास की स्थिति उत्पन्न होने पर उसे कोई द्वंद्व नहीं होगा। कोई चयन या कोई निर्णय नहीं करना पड़ेगा। वह स्वतः सुसंगतता की ओर झुक जाएगा। परस्पर असंगत स्टैंड उसे जीने ही नहीं देगा। बेचारा मनुष्य! न अच्छा बनने लिए स्वतंत्र, न बुरा। बस मुगालता पाल सकता है। मनुष्य स्वयं के बारे में मुगालते में रहने के लिए नियतिबद्ध है और इस नियतिबद्धता से गाफिल भी। रहस्य में रहस्य!

# जार बनने की राह पर पुतिन



रश्मि त्रिपाठी
गोरखपुर

पुतिन के विरोधी एलेक्सी नवलनी की पिछली 16 फरवरी को अचानक मृत्यु हो गई है। उसके बाद उनकी पत्नी यूलिया नवेलनाया ने पुतिन से कई सवाल किए हैं।

हिलेरी क्लिंटन अपनी किताब "हार्ड च्वॉइसेस" में लिखती हैंः दूसरे विश्व युद्ध के दौरान एक रूसी योद्धा मोर्चे से घर वापस आया। जब वह अपने घर के नजदीक पहुंचा जहां वो रहता था, उसने सड़क पर कई लाशें देखीं जिन्हें कुछ आदमी ट्रकों में लाद रहे थे, जब वो नजदीक पहुंचा, उसने एक औरत की टांगे देखीं जिसने वही जूते पहने थे जिन्हें वो जानता था कि उसकी पत्नी के हैं। वो भागा और अपनी पत्नी की लाश मांगी। कुछ देर बहस के बाद उन लोगों ने उसे वो लाश दे दी और वो सिपाही अपनी पत्नी की लाश अपनी बांहों में उठाए वापस आ गया। थोड़ी पड़ताल करने पर उसे पता लगा कि वो जीवित है। वो उसे घर लाया, उसकी सेवा की और वापस तंदुरुस्त कर दिया।

आठ साल बाद 7 अक्टूबर 1952 को उनके यहां ब्लादिमीर पुतिन का जन्म हुआ। ये कहानी सोशल मीडिया पर खूब लोकप्रिय हुई थी, पर इसके आगे शायद लोगों को ये पता न हो कि पुतिन बस जन्मते नहीं हैं न बनाए जाते हैं वो खुद पुतिन बनना चुनते हैं। रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन के दादाजी स्परइडॉन इवानोविच दरअसल लेनिन और स्टालिन के पर्सनल शेफ थे। द्वितीय विश्व युद्ध में उनकी मां के ग्रेनेड हमले में घायल हो जाने के बाद उनके पिता ने उनकी बहुत सेवा की। वह एक फैक्ट्री में काम करते थे और उनकी मां ने कुछ दिनों तक गलियों में झाड़ू लगाने का काम भी किया।

पुतिन उन्हीं गलियों में वे एक स्ट्रीट फाइटर और चालाक बच्चों के रूप में पहचाने जाते थे। तब उनके पिता केजीबी में काम करने लगे थे। बड़े होने पर उन्होंने सोवियत खुफिया सेवाओं में केजीबी अधिकारी के रूप में काम किया, जहां उन्हें पुरस्कृत भी किया गया। 1989 में उन्होंने बर्लिन की दीवार का पतन देखा तब वह पूर्वी जर्मनी में ड्रेसडेन में थे। दो साल के बाद ही सोवियत संघ के पतन के साथ पुतिन व 8 लाख कर्मचारी और अधिकारी पूरी तरह बर्बाद हो गए। लेनिनग्राड यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएशन के बाद पुतिन कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ सोवियत संघ के सदस्य बन गए थे और साथ ही वे खुफिया एजेंसी केजीबी में एक मामूली पद पर नौकरी भी करने लगे थे। वहां वे लेफ्टिनेंट कर्नल तक की रैंक पर पंहुच गए थे।

1991 में सोवियत संघ के विघटन के साथ ही उन्होंने केजीबी से इस्तीफा दिया और अपना राजनीतिक कैरियर शुरू किया। वह सेंट पीटर्सबर्ग के मेयर ऑफिस में कमेटी ऑफ फॉरेन रिलेशंस के लिए चुने गए और उसके हेड बने इसके बाद 1994 से 1996 के बीच में वह सेंट पीट्सबर्ग में कई सरकारी पदों पर रहे और 1996 में मास्को चले गए जहां वे तत्कालीन राष्ट्रपति बोरिस येल्तसिन के प्रशासन से जुड़ गए। 1999 में कुछ समय के लिए वह प्रधानमंत्री रहे और फिर बोरिस येल्तसिन के इस्तीफे के बाद वे राष्ट्रपति बने। इसके बाद 2004 से 2008 तक फिर 2012 से लेकर आज तक राष्ट्रपति पद पर बने हुए हैं। पिछले कई सालों से उनके विरोध उनकी लोकप्रियता में उनकी सेहत को लेकर तरह-तरह की अटकलें लगाई जा रही थी, लेकिन वह आज तक नेता बने हुए हैं। पिछले कई सालों से उनके विरोध उनकी लोकप्रियता में उनकी सेहत को लेकर तरह-तरह की अटकलें लगाई जा रही थी, लेकिन वह आज तक नेता बने हुए हैं। इतने लंबे समय तक किसी शक्तिशाली देश में किसी एक व्यक्ति का प्रमुख पद पर बना रहना बेहद आश्चर्यजनक होता है। पुतिन चिंगारी को सुलगने ही नहीं देते हैं वे देश को अंतर्राष्ट्रीय मसलों में उलझाकर रखते हैं ताकि लोगों का ध्यान देश की समस्याओं पर न जाएं, जो भी आवाज उठाने की हिम्मत करता है उसका अंत किसी एक्सीडेंट या किसी और तरीके से आराम से ऐसे समय में किया जाता है जबकि जनता का जोश कम पड़ गया होता है। एक मजबूत नेता के रूप में पुतिन की छवि रूस के लोगों को आकर्षित करती है। इसीलिए इतने सालों से वे सत्ता के शीर्ष पर जमे हुए हैं। वे ताकत दिखाने से कभी गुरेज नहीं करते उनका कहना है कि लड़ाई करनी है तो पहले पंच खुद मारना होगा। वे जनता से जुड़कर उनके दिल में जगह बनाना भी जानते हैं।

पिछले साल अगस्त में वैगनर ग्रुप के प्रमुख येवगेनी प्रेगोझिन की दस लोगों के साथ विमान हादसे में मृत्यु हो गई। जबकि प्रेगोझिन को कभी पुतिन का करीबी और शेफ कहा जाता था। यूक्रेन युद्ध की शुरुआत में भी प्रेगोझिन पुतिन के साथ थे। ज्ञात रहे कि जून 2023 में वेगनर चीफ ने अपनी आर्मी के साथ रूस के शहर रोस्तोव ऑन डॉन पर कब्जा कर लिया था। हालांकि वे चौबीस घंटे में ही विद्रोह समाप्त कर चुके थे, पर पुतिन कभी विद्रोहियों को हल्के में नहीं लेते हैं।

अभी पुतिन के विरोधी एलेक्सी नवलनी की पिछली 16 फरवरी को अचानक मृत्यु हो गई है। उसके बाद उनकी पत्नी यूलिया नवेलनाया ने पुतिन से कई सवाल किए हैं। वे रूस की जनता की सहानुभूति ले चुकी हैं। लोगों को श्रद्धांजलि देने से रोका जा रहा है। इसलिए भी पुतिन की ओर उंगलियां उठनी शुरू हो चुकी हैं।

## सोशल फोरम

# पीड़ित शिक्षक

भ्रष्ट अधिकारीगण पैसा कमाने में लगे हैं। वे अवसर का लाभ उठाते हुए औचक निरीक्षण करेंगे। कोई शिकार फंसा तो कुछ ले-देकर उन्हें मुक्त कर देंगे।

विधानसभा में मुख्यमंत्री कहते हैं कि स्कूलों में पढ़ाई नौ से पांच के बदले दस से चार तक चलेगी। एक वीडियो में पाठक जी भी यही दुहराते हैं, लेकिन आजतक इससे संबंधित अधिसूचना जारी नहीं हुई है। शिक्षक पीड़ित हैं और सरकार शिक्षा को फुटबॉल बनाकर खेल रही है। दूर-दराज स्थित स्कूलों को समय पर पकड़ने के लिए शिक्षक भोरे घर से निकलते हैं और अंधेरा होने पर लौटते हैं। सरकार की दृष्टि में शायद यही शिक्षा का उत्थान है।



मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

आठ घंटे स्कूल में बैठकर गंवाने से बेहतर है दो घंटे जमकर बच्चों के साथ मेहनत करना। पांच से छह घंटे पर्याप्त हैं पढ़ाई के लिए, मगर चुनावी तिकड़मों में व्यस्त सरकार को फुर्सत कहां कि देखें स्कूलों में क्या हो रहा है? जनता के करोड़ों-अरबों रुपए शिक्षा में पानी की तरह बहाए जा रहे हैं और उपलब्धि शून्य के करीब है। अनेक स्कूल ऐसे हैं जहां के प्रधानाध्यापक इतने अक्षम हैं कि उनके पास कोई वर्ग तालिका ही नहीं है। न वर्ग करवाने में उनकी रुचि है। कुछ सजग बच्चे शिक्षक-शिक्षिकाओं के पास जाते हैं। वर्ग लेने का आग्रह करते हैं। अगर शिक्षकों का मन हुआ तो वर्ग लेने जाएंगे, वरना किसी और के पास भेज देंगे। भ्रष्ट अधिकारीगण पैसा कमाने में लगे हैं। वे अवसर का लाभ उठाते हुए औचक निरीक्षण करेंगे। कोई शिकार फंसा तो कुछ ले-देकर उन्हें मुक्त कर देंगे। जिस देश की राजनीतिक प्रणाली भ्रष्ट हो, उस देश में शिक्षा-प्रणाली अच्छी हो,यह असंभव है। राजनीतिक व्यवस्था में बदलाव के लिए प्रशांत किशोर अथक परिश्रम कर रहे हैं। जिन्हें बिहार की दशा सुधारने में दिलचस्पी हो, उन्हें उनसे बात करनी चाहिए और संतुष्ट होने पर उन्हें मजबूती देनी चाहिए। मेरी दृष्टि में इस राक्षसी राजनीति को शिकस्त देने का एक अच्छा अवसर हाथ आया है। इसमें चूकना नहीं चाहिए।

-फेसबुक वॉल से

# उत्तरोत्तर प्रगति के पथ पर भारतीय महिलाएं



प्रो . मीना यादव
हिंदी विभाग, बरेली कॉलेज बरेली

भारत में ब्रिटिश शासन काल से ही महिला सुधार संबंधी कानून बनाए जाने लगे थे। परिणामस्वरूप आज भारतीय संविधान में महिलाओं को अनेक अधिकार प्रदान किए हैं।

आधुनिक युग नवजागरण का युग है। संपूर्ण विश्व में महिला स्वातंत्र्य का युग चल रहा है। इसका प्रभाव भारत की महिलाओं पर भी पड़ा है, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं पर। 21 वीं शताब्दी में ग्रामीण महिला जागरण और जागरुकता में पर्याप्त प्रगति दृष्टिगोचर हो रही है। इसका मुख्य कारण महिला शिक्षा में विकास है।

आज की ग्रामीण क्षेत्र महिलाएं ग्रामीण संस्कृति को ध्यान में रखते हुए आधुनिकता के परिवेश में जी रही हैं। वह अनेक समस्याओं के साथ संघर्ष कर रही हैं। उन्हें सामाजिक समस्याओं के साथ-साथ आर्थिक समस्याओं से भी जूझना पड़ रहा है। इसीलिए उन्हें ग्रामीण क्षेत्र में या गांव से बाहर नौकरी करनी पड़ रही है। वह परिवार को आर्थिक संकट से उबारने का प्रयत्न भी कर रही हैं।

महिलाओं के नौकरी करने से जहां परिवार का जीवन सुखद एवं संपन्न बनता जा रहा है वहीं अनेक समस्याएं भी जन्म ले रही हैं। इस कारण उनके परिवार को वह सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं जिनकी अपेक्षा की जाती है। उनके बच्चे सहज स्नेह से वंचित रह जाते हैं। परिवार के वातावरण में एक अनकहा तनाव भी व्याप्त हो जाता है। ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को नौकरी करते हुए सादा जीवन उच्च विचार पर अमल करना लाभदायक तो होता है, किंतु गांव के परिवेश के साथ-साथ नौकरी कर पाना उतना ही कठिन भी होता है। भारतीय महिलाओं के विकास की गति आज भी धीमी है। इसका कारण हमारे पूर्वजों का महिलाओं को किसी प्रकार की स्वतंत्रता देने का विरोधी होना है। वैदिक काल में स्त्रियों को देवी, सहधर्मिणी, सहचरी आदि का दर्जा प्राप्त था। पौराणिक काल में महिलाओं को शक्ति स्वरूपा कहकर उनकी पूजा की जाती थी, परंतु 11 वीं शताब्दी से लेकर 19 वीं शताब्दी के मध्य का युग स्त्री जाति के लिए अभिशाप बनकर आया, उनके विकास, सम्मान और सशक्तिकरण पर गहरा आघात हुआ। मुगल शासन, सामंती व्यवस्था, विदेशी आक्रमण, विलासिता पूर्ण जीवन राजाओं का मुख्य उद्देश्य रह गया और इसी कारण बाल विवाह, पर्दा प्रथा और अशिक्षा आदि का जन्म हुआ। शासकों की विलासिता पूर्ण प्रवृत्ति ने महिलाओं को केवल उपभोग की वस्तु बनाकर रख दिया और महिलाओं का अस्तित्व खतरे में पड़ गया और समय के साथ यह सभी सामाजिक कुरीतियां में परिवर्तित हो गई जिससे महिलाओं का निजी एवं सामाजिक जीवन अभिशाप बन गया। ब्रिटिश काल में से महिलाओं के पुनरुत्थान का समय प्रारंभ हुआ जिसमें महिला सुधार से संबंधित कई प्रकार के सामाजिक एवं आर्थिक परिवर्तन किए गए।

स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात सरकार द्वारा महिलाओं के हित में कई योजनाएं तथा विकासात्मक कार्यक्रमों का संचालन किया गया। महिलाओं को आर्थिक विकास की मुख्य धारा में समाहित किया गया, महिलाओं ने शैक्षिक, राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक, आर्थिक, प्रशासनिक, खेलकूद आदि में विभिन्न प्रकार के नए आयामों तय किए। आज महिलाएं एक ही दायरे में न रहकर केवल शिक्षक, नर्स, डॉक्टर न बनाकर इंजीनियर, पायलट, वैज्ञानिक, टेक्नीशियन, पत्रकारिता जैसे नए क्षेत्रों में अपनी पहचान स्थापित कर रही हैं। यद्यपि आधुनिक काल में महिलाओं में शिक्षा का पर्याप्त विकास हो रहा है, किंतु परंपरागत परिवेश के कारण महिलाओं के प्रति और स्वयं महिलाओं के विचारों में विशेष परिवर्तन नहीं आया है। उन्हें चाहिए कि वह पुरुषों के वर्चस्व रूपी विचार से स्वयं मुक्त होकर न्याय और समानता के तत्व पर अपना दृष्टिकोण विकसित करें। देखा जाए तो महिलाओं की संख्या अल्पमत में नहीं है, फिर भी उनकी प्रगति, उनका योगदान अल्पमत में दिखाई प्रतीत होता है।

भारत में ब्रिटिश शासन काल से ही महिला सुधार संबंधी कानून बनाए जाने लगे थे। परिणामस्वरूप आज भारतीय संविधान में महिलाओं को अनेक अधिकार प्रदान किए हैं। स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर संविधान निर्माण तक अनेक महिला नेताओं का योगदान उल्लेखनीय है। स्वतंत्रता के पश्चात लगभग हर क्षेत्र में भारतीय महिलाओं ने सहभागिता ही नहीं की है,अपितु अनेक क्षेत्रों में नेतृत्व भी किया है, जो क्षेत्र महिलाओं के लिए वर्जित माने जाते थे वहां भी महिलाओं की भागीदारी हुई और आशानुरूप परिणाम भी प्राप्त हो रहे हैं। फिर भी सामाजिक समानता और समरसता के लिए पुरुष वर्ग की मानसिकता में परिवर्तन होना आवश्यक है।

# गाली का संबोधन और मित्र

कांग्रेस में तब ऐसे ही नेता होते थे। उनके करीब सौ किलो के लहीम-शहीम पुत्र मेरे गहरे मित्र थे। एक बार हमें एक विवाह समारोह में जाना था।

1988 की बात है। हमारे एक मित्र के पिता एमएलसी थे और यूपी खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के सभापति भी। फ्लैट और गाड़ी सरकार ने दे रखी थी। इस कुर्सी पर किसी भी प्रकार की सुविधा की कोई कमी नहीं होती, जो चाहा, हाजिर हो गया, लेकिन वो ऊंची सोच वाले सरल और मृदुभाषी व्यक्ति थे।

कांग्रेस में तब ऐसे ही नेता होते थे। उनके करीब सौ किलो के लहीम-शहीम पुत्र मेरे गहरे मित्र थे। एक बार हमें एक विवाह समारोह में जाना था। उन दिनों हम मोपेड धारी हुआ करते थे, जो दस साल से बराबर चल रही थी, लेकिन कभी- कभी बीमार भी हो जाती थी। कुल मिलाकर जैसे-तैसे वो हमारा बोझ उठा रही थी। दो का बोझ उठाना नामुमकिन था। समारोह के लिए हम लेट हो रहे थे। जाना भी दूर था। हमने मित्र से कहा पापा की कार ले लो। मित्र ने कहा कोई फायदा नहीं, कार भले सरकारी है, लेकिन पापा किसी को हाथ नहीं लगाने देते। हमने थोड़ा जोर दिया, हालात के दृष्टिगत शायद मान जाएं। मित्र ने कहा- ठीक है, तुम्हारी तसल्ली के लिए मांग लेता हूं। मित्र ने सकुचाते हुए पापा से विनती की, उन्होंने ध्यान से बात सुनी पुत्र को सर से पांव तक घूरा। फिर हमें भी घूरा, जेब में हाथ डाला। दस-दस के पांच नोट गिनकर पुत्र के हाथ पर रख दिए, रिक्शे या टेम्पो से चले जाओ। हाल ही में हमारे उन्हीं मित्र का 75वां जन्मदिन है। मित्र सिर्फ हमारे ही नहीं अनेक के हैं। वैसे मित्र हो या बैरी सबके दुःख-सुख में सबसे पहले हाजिर होते हैं। पूरे तन-मन और धन के साथ बरसों हम कर्मचारियों के अध्यक्ष रहे और महामंत्री भी, गालियां उनके मुंह से फूलों की तरह झरती हैं। जिस दिन गाली से संबोधन न दें समझो नाराज हैं।



वीर विनोद छाबड़ा
वरिष्ठ लेखक, लखनऊ

## एक नजर

### बाइक सवार छात्र को पीटा

इटावा। थाना सिविल लाइन में औरैया के थाना फफूंद क्षेत्र में गांव कनोती के केशव दुबे ने इस क्षेत्र के गांव के आकाश राजपूत तथा नारायण कालेज के पास रहने वाले प्रयांशु यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। कहा गया है कि विवेकानंद स्कूल में पेपर देकर बाइक से घर के लिए लौट रहा था, रास्ते में स्कूल से थोड़ी दूर घेरकर बाइक से उतारकर बंधक बनाकर मारपीट करने लगे। चीखपुकार सुनकर लोगों ने आकर बचाया फिर भी जान से मारने की धमकी देकर चले गए।

### समाजसेवी के निधन से महेवा कस्बे में शोक

महेवा, इटावा। कस्बा महेवा निवासी समाजसेवी अवधेश मिश्रा उर्फ मामा 55 वर्ष की ब्रेन हैमरेज के चलते मौत हो गई। सैफई अस्पताल से शव महेवा स्थित आवास पर आते ही परिजनों में कोहराम मच गया। जहां पर शोक व्यक्त करने वालों का तांता लगा रहा। दो वर्ष पूर्व उनकी पत्नी का सड़क दुर्घटना में निधन हो गया था। वह मूल रूप से अछल्दा के निकट सुभानपुर गांव के रहने वाले थे। शोक व्यक्त करने वालों में प्रमुख रूप से प्रधान महेवा कुमुद सिंह ,पूर्व प्रधान संजय पाल सुरेश दुबे ,सहकारी संघ अध्यक्ष महेवा राजीव चौधरी , जीतू ठाकुर ,संजीव दीक्षित ,भूरे तिवारी ,गौरव तिवारी ,बबलू दुबे ,बाबू दीक्षित आदि प्रमुख है ।

### गरीब कन्या की शादी में किया सहयोग

इटावा। क्षत्रिय स्वाभिमान मंच ने बहादुरपुर घार में एक कन्या के विवाह में दरवाजे के बर्तन भेंटकर सहयोग किया। कन्या के परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नही है । परिवार में कोई कमाने वाला नहीं है। संगठन के सहयोग से पूरे परिवार के चेहरे पर मुस्कान आ गयी। क्षत्रिय स्वाभिमान मंच के प्रमुख सदस्य महेश चौहान, अनुज चौहान, बंटी चौहान, विनोद राजावत ,दिनेश चौहान, रघुवीर चौहान ,गोविंद चौहान, तेज सिंह, नवीन चौहान आदि उपस्थित रहे। संगठन के अध्यक्ष विकास सिह भदौरिया उर्फ कुन्नू भाईया ने कहा भविष्य मे भी संगठन समाज के आर्थिक रूप से पिछड़े भाईयो की मदद किसी ना किसी रूप मे करता रहेगा ।

### गोशाला में बीमार पशु का इलाज कराने के निर्देश

जसवंतनगर, इटावा। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी श्याम बचन सरोज लुधपुरा के डूडा कालोनी में स्थित गोशाला देखने पहुंचे। वहां उन्होंने गोवंशी पशुओं के लिए भूसा, हरा चारा, पानी, सफाई आदि व्यवस्थाओं की देखरेख के लिए तैनात कर्मचारी प्रेम शंकर से जानकारी की। गोशाला में 75 गोवंशी संरक्षित होना बताया गया। भरण-पोषण के लिए भूसा पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होने और प्रतिदिन हरा चारा की उपलब्धता कराए जाने के विषय में जानकारी ली। गौशाला में बिना टैगिंग गोवंशो को देखकर उन्होंने केयर टेकरो को अतिशीघ्र टैगिंग करवाने को आदेशित किया। उन्होंने एक पशु को बीमार देखकर डॉक्टर को तत्काल बुलाने और जानवर का इलाज कराने की बात कही। इस दौरान पालिका के कर अधीक्षक अरविंद शर्मा, लिपिक सुरजीत सिंह आदि मौजूद थे।

### पदोन्नति के बाद एडीओ का हुआ तबादला

महेवा, इटावा। पंचायती राज विभाग ने ग्राम पंचायत अधिकारियों की पदोन्नति करते हुए गैर जिले तबादला कर दिया है। एडीओ महेवा श्याम वरन राजपूत को बांदा तथा प्रशांत कुमार पोरवाल को मैनपुरी स्थानांतरित किया गया है ।

# ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, साथी हुआ घायल

## अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में छह लोग हुए घायल, सभी अस्पताल भेजे गए

संवाददाता, जसवंतनगर (इटावा)


पवन यादव।

अमृत विचार। जिले के अलग अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में एक युवक की मौत हो गई। सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

पहली घटना जसवंतनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाईवे पर जसवंतनगर में तहसील के सामने हुई जहां तेजी से आ रहे ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक पास सवार एक युवक की मौत हो गई। उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। भिंड जिले के गांव धरई निवासी पवन यादव 26 वर्ष पुत्र सुरेंद्र सिंह अपने साथी अमित पुत्र रतन सिंह के साथ बाइक से एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए धरवार गए थे। सोमवार की देर शाम वापस अपने घर लौट रहे थे । जैसे ही उनकी बाइक हाईवे पर तहसील के सामने पहुंची तभी तेजी से आ रहे एक ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया जहां डाक्टरों ने पवन यादव को मृत घोषित कर दिया। जबकि अमित को इलाज के लिए पीजीआई भेजा गया है।

दूसरी घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाइवे पर हुई जहां बाइकों की भिंड़त में एक बाइक पर सवार दंपति घायल हो गए। फरूर्खाबाद जिले के अमृतपुर निवासी राज कुमार पुत्र राम कुमार अपनी पत्नी लक्ष्मी के साथ बाइक से इटावा आ रहे थे तभी उनकी बाइक में दूसरे बाइक सवार ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। फ्रेंड्स कालोनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत पचावली रोड पर पैदल जा रहे अमर सिंह शाक्य पुत्र गंगा राम व आयुष पुत्र लक्की को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों घायल हो गए। चकर नगर थाना क्षेत्र के गांव सहसों के पास अपनी बाइक के पास खड़े श्री निवास पुत्र हाकिम सिंह निवासी बहादुर पुर बलरई को दूसरी ओर से आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गए। इसके अलावा कोतवाली क्षेत्र के शास्त्री चौराहे के पर स्कूटी व बाइक में भिड़ंत हो गई। इस हादसे में अभिषेक पुत्र राजेश निवासी लाल पुरा घायल हो गए। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### कार और बाइक की भिड़ंत में तीन लोग हुए घायल

ऊसराहार, इटावा। कार और बाइक की भिड़ंत में बाइक सवार व कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गये जिन्हें ग्रामीणों ने पुलिस को घटना की सूचना दी, पुलिस ने सभी घायलों को पीजीआई सैफई भेजा। मामला ऊसराहार थाना क्षेत्र के समथर का है। जहां रविवार शाम करीब छह बजे वैवाह चौपला मार्ग पर बाइक सवार व कार आमने सामने टकरा गई। जिसमें बाइक सवार मुंशी निवासी गपचिया, सतीश निवासी अमवरी व कार चालक शंकर निवासी गंगापुर थाना चौबिया गंभीर रूप से घायल हो गये। बताते चलें बाइक सवार सवार समथर बाजार करके वापस अपने घर जा रहे थे तभी दोनों टकरा गई, घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने घायलों को निजी वाहन से उपचार के लिए भिजवाया। थाना प्रभारी बेचन सिंह ने बताया कि दुर्घटना आमने सामने से हुई है जिसमें तीन लोग घायल हुए हैं जिन्हें उपचार के लिए भेजा गया है।

## कार सवारों ने युवकों के साथ की मारपीट

बकेवर, इटावा। थाना क्षेत्र के ग्राम नसीरपुर बोझा के निकट कार सवार लोगों ने लोडर सवार दो लोगों से गाली गलौज करते हुए मारपीट कर लोडर को क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने एससी एसटी एक्ट के तहत अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।

भरथना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सराय चौरी निवासी सुभाष चंद्र ने बकेवर थाने में बताया कि एक मार्च को उसका पुत्र अवनीश व उसका भतीजा सुनील कुमार लोडर लेकर बकेवर जा रहे थे। ग्राम नसीरपुर बोझा के निकट पहुंचे कि तभी तनुज कुमार अपनी कार से अपने तीन साथियों के साथ आये और जाति सूचक गाली-गलौज करने लगे। मना किया तो लाठी डंडों से मारपीट करते हुए लोडर के शीशे तोड़ दिये। गाड़ी से लोडर का पीछा करते हुए ग्राम नौधना तक खदेड़ा। पुलिस ने पिता के प्रार्थना पत्र पर तनुज व अनुज कुमार, राज पुत्र अनुज कुमार निवासीगण ग्राम नसीरपुर बोझा एवं योगेंद्र सिंह निवासी ग्राम घुघसीना के विरुद्ध एससीएसटी एक्ट के तहत अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया। जिसकी विवेचना सी ओ भरथना अतुल प्रधान करेंगे।


विशिष्ट व्यक्तियों को सम्मानित करते जायंट्स के पदाधिकारी। अमृत विचार

## जायंट्स ग्रुप ने विभूतियों को इटावा रत्न से नवाजा

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन फाइव की यूनिट वन में संचालित जायंट्स ग्रुप आफ दतावली की अध्यक्ष संगीता तिवारी, पिलुआ महावीर के अध्यक्ष शमशुद्दीन शम्स, सैफई के अध्यक्ष राज कुमार कुशवाह, नवोदिता की अध्यक्ष अर्चना सिंह, पिलुआ महावीर स्टार के अध्यक्ष तिलक सिंह एवं सिलसिला समूह की अध्यक्ष सीमा के संयुक्त संयोजकत्व में यूनिट वन के समूहों का संयुक्त अधिष्ठापन समारोह, प्रथम यूनिट काउन्सिल मीट में आरियेण्टेसन अतिथि फ़ूड विलेज इटावा में भव्य समारोह के साथ संपंन हुआ।

समारोह में सभी समूहों के अध्यक्ष एवं उनके नव निर्वाचित निदेशक मंडल को यूनिट निदेशक आशा अवस्थी ने शपथ ग्रहण करायी। समूह पदाधिकारियों को दायित्व बोध की श्रृंखला में फेडरेशन कोआर्डिनेटर राम सजीवन ने वित्त निदेशकों को दायित्व बोध कराया। निवर्तमान फेडरेशन अध्यक्ष ऊषा यादव ने नवीन जायण्टस सदस्यों को शपथ ग्रहण कराते हुए समूह अध्यक्ष के पद दायित्व बोध कराया। भव्य समारोह में चिकित्सा के क्षेत्र में अद्वितीय योगदान के लिए इटावा के प्रख्यात ऑर्थोपैडिक सर्जन डॉ राजीव यादव एवं न्याय के क्षेत्र में अद्वितीय एवं अनुकरणीय योगदान करने वाले अजीत सिंह को इटावा रत्न से अलंकृत किया।

## नहर में गिरा युवक, तलाश करते रहे स्थानीय गोताखोर

संवाददाता बकेवर, इटावा

- पुलिस ने जाल लगाकर किया युवक को खोजने का प्रयास

अमृत विचार। पुराने नहर पुल लखना के नजदीक एक युवक नहर में गिरकर लापता हो गया। मौके पर पंहुची पुलिस ने स्थानीय तैराकों की मदद से युवक की तलाश शुरू कराई।

कस्बे के मोचियान मोहल्ला निवासी 42 वर्षीय जान बाबू पुत्र प्रेमचंद वाल्मीकि लखना नगर पंचायत सफाई कर्मचारी के रूप में तैनात हैं । मंगलवार की दोपहर दो बजे के करीब अपने सफाई के कार्य से निवृत्त होने के बाद अपने घर के नजदीक से होकर गुजरी भोगनीपुर नहर के किनारे पटरी पर खड़ा था। अचानक उसका पैर फिसल गया और वह नहर के पानी में गिरकर लापता हो गया। नहर में युवक को डूबते देख राहगीरों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। युवक के परिजन भी मौके पर आ गए। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। प्रभारी निरीक्षक राकेश शर्मा पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे। स्थानीय तैराकों की मदद से नहर के पानी में युवक तलाश शुरू कराई । प्रभारी निरीक्षक राकेश शर्मा ने बताया कि नहर में दो स्थानों पर जाल भी लगाया गया है। स्थानीय गोताखोरों की मदद से नहर में डूबकर लापता हुए युवक की खोजबीन कराई जा रही है। नहर के पानी का बहाव रोकने के लिए नहर विभाग के अधिकारियों से भी संपर्क किया गया है ।

## सरकारी हैडपंप से सबमर्सिबल हटवाया

महेवा, इटावा। ब्लॉक क्षेत्र महेवा की ग्राम पंचायत पृथ्वीरामपुर में सरकारी हैंडपंप में पड़े सबमर्सिबल पंप को ब्लॉक प्रशासन ने पुलिस बल की सहायता से निकलवाया।

ग्राम पृथ्वीरामपुर निवासी मानसिंह ने उपजिलाधिकारी भरथना को दिए प्रार्थनापत्र में बताया कि गांव के ही अमर कुमार उर्फ नागेंद्र पुत्र सोनेलाल द्वारा जबरन सबमर्सिबल डालकर किसी को पानी नहीं भरने दिया जा रहा है।

खंड विकास अधिकारी महेवा सूरज सिंह के निर्देशन में सहायक विकास अधिकारी पंचायत श्याम वरन राजपूत व सचिव बब्बू राजा ने पुलिस बल की सहायता से सोमवार को गांव पहुंचकर सबमर्सिबल को निकलवाया । बीडीओ ने चेतावनी दी कि जो लोग सरकारी नलों में पंप डाले है वह तत्काल निकाल लें।

# फ्रेट कॉरिडोर के बनने से आवाजाही होगी सुगम

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- अलग से कॉरिडोर बनने से रेलों का संचालन हुआ आसान : सरिता भदौरिया

अमृत विचार। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को अहमदाबाद से इटावा जिले में नवनिर्मित इकदिल रेलवे स्टेशन का वर्चुअल उद्घाटन कर राष्ट्र को समर्पित किया। इस मौके पर सदर विधायक सरिता भदौरिया ने दीप जलाकर उद्घाटन किया । मौजूद लोगों ने प्रधानमंत्री का लाइव प्रसारण देखा व सुना।

इस मौके पर सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कहा कि 600 करोड़ की लागत से सिग्नल एंड टेलीकॉम एवं रेलवे ट्रैक के न्यू इकदिल रेलवे स्टेशन भवन का निर्माण किया है। पूर्व डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के न्यू खुर्जा से साहनेवाल रेलखंड सहित डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के ऑपरेशन कंट्रोल सेंटर को राष्ट्र को समर्पित किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है।


दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन करतीं विधायक सरिता भदौरिया। अमृत विचार

प्रयागराज के वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता विकास कुमार चौरसिया ने पौधा भेंट कर सदर विधायक को सम्मानित किया । भाजपा किंसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष अवधेश कुमार चतुर्वेदी को डीएफसी के अधिकारी राजीव रोशन द्वारा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। रामकुमार चौधरी, श्याम चतुर्वेदी मंडल अध्यक्ष अभिषेक तिवारी प्रेमनारायण त्रिपाठी, आलोक राजपूत, गौरव राजपूत, पूर्व ब्लाक प्रमुख महेवा अशोक चौबे को रेलवे के अधिकारियों ने शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। रेलवे अधिकारी विकास कुमार चौरसिया ने बताया डीएफसी लाइन से उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए पश्चिम बंगाल के डालकुनी से लेकर लुधियाना के साहनेवाल तक ईडीएफसी का निर्माण हुआ है। इसके बनने से न सिर्फ उद्योगों को कच्चे माल की आपूर्ति आसान होगी बल्कि सप्लाई भी सुगम होगी। साथ ही ट्रेनों के मुख्य ट्रैक पर भी मालगाड़ियों का भार खत्म होगा। रेलवे ट्रैक 1337 किलोमीटर का है पूर्व डेडीकेटेड फ्रंट कॉरिडोर ट्रेक पर मालगाड़ियों की अभी रफ्तार करीब 30 से 35 किलोमीटर प्रति घण्टे की होती थी जो अब करीब 90 से 100 किलोमीटर प्रति घण्टे से ट्रेक पर दौड़ सकेंगी। जिससे आयात निर्यात समय से हो सकेगा और सवारी गाड़ियां भी समय से गंतव्य स्थान पर पहुंचेंगी।

# स्मार्ट फोन पाकर खिले छात्र-छात्राओं के चेहरे

संवाददाता भरथना,इटावा


छात्रा को मोबाइल प्रदान करते सपा विधायक प्रदीप यादव। अमृत विचार

- सपा की लैपटॉप वितरण योजना से प्रेरित है सरकार : विधायक

अमृत विचार। छात्र-छात्राओं को तकनीकी शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा चलायी गई लैपटॉप वितरण योजना से प्रेरित होकर वर्तमान सरकार छात्र-छात्राओं को निःशुल्क मोबाइल फोन वितरित कर रही है।

यह बात मंगलवार को कैप्टन विशाल सिंह पीजी कालेज में आयोजित निःशुल्क मोबाइल वितरण कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि दिबियापुर के सपा प्रदीप यादव ने कही। उन्होंने कहा कि मोबाइल बहुत उपयोगी वस्तु हैं,अगर आप इसका सही दिशा में उपयोग करेंगे,तो यह आपके शिक्षण कार्य में बहुत सहायक सिद्ध होगा। भरथना के सपा विधायक राघवेन्द्र गौतम,सपा के पूर्व राज्यमंत्री अशोक यादव,भरथना के पालिकाध्यक्ष अजय कुमार गुल्लू यादव,पूर्व प्रमुख हरिओम यादव,पूर्व जिपंस मनोज यादव बण्टी, करूणाशंकर दुबे के साथ ज्ञान की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का उद्घाटन किया ।

संस्था के प्रबंधक पुष्पेन्द्र यादव रिंकू,प्रेमचन्द्र गौतम, गोपाल यादव आदि ने आगन्तुक अतिथियों का माल्यार्पण,प्रतीक चिन्ह व अंगवस्त्र भेंटकर जोरदार स्वागत सम्मान किया। 460 छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किये गये। मोबाइल पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम के दौरान उर्मिला यादव,डायरेक्टर मनीषा यादव,अजय कुमार बण्टू,अनिल कुमार,अशोक कुमार,दीपक यादव,भूपेश कुमार सहित समस्त स्टाफ की मौजूदगी उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रधान सौरभ कुमार दोहरे ने किया।

## सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना में अनुदान

इटावा। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में प्रधानमंत्री का उद्देश्य देश में एक करोड़ घरों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाकर देश के लोगों को ऊर्जा के क्षेत्र में निर्भर बनाकर नया भारत समृद्धि भारत बनाना है। इस योजना में अनुदान भी दिया जाएगा।

नेडा के परियोजना अधिकारी विजय शंकर ने बताया कि केन्द्र सरकार ने सूर्य घर योजना में लोगो को अपने घरों पर ऑनग्रिड सोलर पावर प्लांट लगाने के निम्नवत केन्द्रीय अनुदान देने की घोषणा की है। इस योजना में केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा अनुदान दिया जाता है।

## साथ डांस करने से रोका तो दंपति को पीटा

बकेवर, इटावा। डीजे पर डांस को लेकर गेस्ट हाउस में दंपति को तीन आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया।

औरैया जनपद के अछल्दा थाना क्षेत्र के ग्राम कंधिया निवासी राघवेंद्र ने बताया कि वह ग्यारह मार्च को पत्नी संध्या देवी के साथ कस्बा लखना स्थित एक गेस्ट हाउस में शादी समारोह में शामिल होने के लिये आया हुआ । उसकी पत्नी संध्या अन्य महिलाओं के साथ गेस्ट हाउस में डीजे पर डांस करने लगी । तभी लखना निवासी युवक आये और महिलाओं के साथ डांस करने लगे। पत्नी संध्या ने युवकों से डांस करने लिये मना किया तो आरोपी गाली-गलौज करते हुए पत्नी संध्या की पीटने लगे। पत्नी को पिटता देख पति राघवेन्द्र बचाने आया तो उसको भी मार पीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित राघवेन्द्र के प्रार्थना पत्र पर सचिन, कपिल, गोपाल निवासी लखना थाना बकेवर इटावा के अलावा एक व्यक्ति अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज किया।

**कार्यालय नगर पंचायत इकदिल (इटावा)**

नोटिस

अर्न्तगत धारा 146 (2) नगर पालिका अधिनियम 1916 के अर्न्तगत द्वारा अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत इकदिल (इटावा)

सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि **श्रीमती सावित्री कुमारी पत्नी श्री सुभाष चन्द्र निवासीगण– ग्रा0 ककरैया व पो0–कुशगवां बादशाहपुर भरथना जनपद इटावा,** ने एक प्रार्थना पत्र के साथ बैनामा की छाया प्रति/नकल / हलफनामा वसीयत/वारिसान प्रस्तुत की है। उन्होने **एक किता प्लाट जिसका रकवा 61.89 वर्ग मीटर पूर्व पश्चिम 36 फीट उत्तर दक्षिण 18 फीट है। जिसकी सीमा पूर्व में रास्ता 14 फीट चौडा पश्चिम** में **नाला** उत्तर में **प्लाट शंखवार वाला** दक्षिण में **आरजी विक्रेता मोहल्ला सराय इकादिल श्री बाल कृष्ण पुत्र/पति श्री लालमन निवासी मोहल्ला मु0 कछियॉत इकदिल** से क्रय किया गया है। और प्रार्थना है कि उनका नाम मालिक की हैसियत से दर्ज किया जाय। अगर उपरोक्त सम्बन्ध में किसी को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस नोटिस पत्रासन के तीस (30) दिन के अन्दर अपनी आपत्ति साक्ष्य सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा वाद–विवाद नोटिस नगर पंचायत किसी आपत्ति पर विचार न कर सकेगी और वांछित नाम अंकित कर दिया जायेगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत इकदिल
इटावा

**कार्यालय नगर पंचायत इकदिल (इटावा)**

नोटिस

अर्न्तगत धारा 146 (2) नगर पालिका अधिनियम 1916 के अर्न्तगत द्वारा अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत इकदिल (इटावा)

सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि **श्रीमती राम देवी पुत्र/पति श्री पुत्तू लाल, निवासीगण मु0 दाईपुर पो0 ददौरा तहसील भरथना जनपद इटावा** ने एक प्रार्थना पत्र के साथ बैनामा की छाया प्रति/नकल / हलफनामा वसीयत/वारिसान प्रस्तुत की है। उन्होने **एक किता आवासीय प्लाट जिसका रकवा 55.76 वर्ग मीटर पूर्व पश्चिम 30 फीट उत्तर दक्षिण 20 फीट है। जिसकी सीमा पूर्व में रास्ता 12 फीट चौडा पश्चिम** में **खेत राना** उत्तर में **मकान पुत्तू लाल दक्षिण** में **प्लाट विक्रेता मोहल्ला स्टेशन रोड (सराय इकदिल) श्रीमती सरिता टण्डन पुत्र/पति श्री सुनील टण्डन, निवासी मोहल्ला मु0 सडक बाजार इकदिल** से क्रय किया गया है। और प्रार्थना है कि उनका नाम मालिक की हैसियत से दर्ज किया जाय। अगर उपरोक्त सम्बन्ध में किसी को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस नोटिस पत्रासन के तीस (30) दिन के अन्दर अपनी आपत्ति साक्ष्य सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा वाद–विवाद नोटिस नगर पंचायत किसी आपत्ति पर विचार न कर सकेगी और वांछित नाम अंकित कर दिया जायेगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत इकदिल
इटावा

**प्रदर्शन**

### अंतर्जनपदीय शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन ने प्रभारी बीएसए को सौंपा ज्ञापन

# जब समस्याएं हल होंगी, तभी चलाएंगे टैबलेट

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। परिषदीय शिक्षकों को विभाग से उपलब्ध कराये गये टैबलेट के माध्यम से विद्यालय के छात्रों की उपस्थिति तथा एमडीएम की सूचना ऑनलाइन मांगे जाने की बात कही गयी है। वर्तमान स्थिति में न्यायसंगत नही है। अंतर्जनदीय शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन इसका तब तक विरोध करेगा, जब तक शिक्षकों की समस्याओं का निस्तारण नहीं हो जाता।

अंतर्जनपदीय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष संजीव कुमार यादव ने कहा कि अभी तक विभाग द्वारा टैबलेट के लिए किसी प्रकार की सिम व डाटा उपलब्ध नहीं कराया गया है । संगठन के संज्ञान में आया है कि ब्लाक स्तर पर अधिकारी शिक्षकों पर व्यक्तिगत आईडी से सिम लेने का दबाव बना रहे हैं जोकि सही नहीं है। इस संबंध में जिलाध्यक्ष संजीव कुमार यादव के नेतृत्व में शिक्षकों के साथ टैबलेट के विरोध में प्रभारी बीएसए सर्वेश कठेरिया को ज्ञापन सौंपा।


प्रभारी बीएसए सर्वेश कठेरिया को ज्ञापन देते शिक्षक संघ के पदाधिकारी।

**यह रहे मौजूद :** ज्ञापन देने वालों में प्रदेश महामंत्री, जिलाध्यक्ष संजीव कुमार यादव के साथ जिला मंत्री विनय कुमार, कोषाध्यक्ष सुमति नारायण दीक्षित, उमाकांत,साधना दिवाकर, अखिलेश कुमार, नीरज पाल,प्रभाकर बघेल,धीरज अग्निहोत्री,ओमप्रकाश आर्य, विवेकराज दुबे, खुशनुमा बानो, रूपम सक्सेना, आरती पोरवाल, प्रवीण यादव, मौहर सिंह,चंद्रशेखर सिंह, अनिल यादव।

### यह हैं शिक्षकों की समस्याएं

1. विभागीय टैबलेट के ऑपरेशन हेतु सरकारी सिम व डाटा उपलब्ध कराया जाये।
2. ऑनलाइन सूचनाएं प्रेषण से पूर्व टैबलेट का विधिवत प्रशिक्षण प्रदान किया जाये।
3. शिक्षकों को राज्य कर्मचारियों की तरह एक महीने का उपार्जित अवकाश प्रदान किया जाये।
4. किसी भी आकस्मिक स्थिति में हॉफ सीएल का प्रावधान किया जाये।
5. सर्वर के काम न करने पर वैकल्पिक व्यवस्था के स्पष्ट दिशा निर्देश जारी किये जायें।


राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन देने जाते मुकुट सिंह व अन्य।

### एसबीआई पर सरकार के दबाव में काम करने का आरोप

इटावा। माकपा ने कहा है कि मोदी सरकार के दबाव में स्टेट बैंक चुनावी बांडों का विवरण देने का बहाना कर रही है। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रव्यापी आह्वान के तहत मंगलवार को राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित किया। इसमें उनसे सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन स्टेट बैंक और चुनाव आयोग से सुनिश्चित कराने के लिए हस्तक्षेप का अनुरोध किया गया। माकपा के कार्यकारी जिलामंत्री अमरसिंहशाक्य, जिला संचिव मण्डल के सदस्य संतोषशाक्य, प्रेमशंकरयादव, शहर मंत्री ओपीसिंह, ब्रांच मंत्री सकटनरायण सविता, डीवाईएफआई के कार्यवाहक जिलामंत्री मोनूयादव मौजूद रहे। कचहरी पर संक्षिप्त संबोधन में अमर सिंह शाक्य ने सुप्रीम कोर्ट के फैसला का स्वागत करते हुए लागू कराने की मांग की।

# '..तो बच्चों ने भी फर्ज निभाना छोड़ दिया'

संवाददाता भरथना,इटावा

- अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में कवियों ने बटोरीं तालियां

अमृत विचार। मां ने जबसे दूध पिलाना छोड़ दिया,बच्चों ने भी फर्ज निभाना छोड़ दिया, पंक्तियों ने साहित्य प्रेमियों को वर्तमान हालातों व रिश्तों में पनप रही दूरियों पर चिंतन करने को मजबूर कर दिया।

राधाकृष्ण आश्रम ग्राम नगला मोढादेव में स्व छेदालाल व अयोध्या प्रसाद यादव की पुण्य स्मृति में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कवियत्री डा मंजू यादव द्वारा मां शारदे की वंदना पढ़कर कवि सम्मेलन को गति प्रदान की गई। साथ ही शायर रौनक इटावी ने मां ने जबसे दूध पिलाना छोड़ दिया, बच्चों ने भी फर्ज निभाना छोड़ दिया, गजलकार अशोक यादव ने घेर लेता है जब भी अंधेरा मुझे, मां के आंचल में उजाला तलाश लेता हूं । निगाहों ही निगाहों में हुई कुछ प्यार की बातें, पढ़कर खूब तालियां बटोरी। वहीं अभिषेक श्रीवास्तव सरल,रवीन्द्र शर्मा, यशपाल यश,अनिल दीक्षित ने अपनी-अपनी रचनाओं के माध्यम से रूबरू कराया । हास्य व्यंगकार लटूरी लट्ठ ने अपनी ठहाकेदार प्रस्तुति कर श्रोताओं को खूब गुदगुदाया। इस मौके पर आयोजक पूर्व राज्यमंत्री श्रीकृष्ण यादव, शिवम यादव द्वारा वरिष्ठ चिकित्सक डा रामप्रकाश यादव सहित अन्य समाजसेवियों व आमंत्रित कवियों का माल्यार्पण,प्रतीक चिन्ह व अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत सम्मान किया गया। इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य, चेयरमैन अजय कुमार गुल्लू यादव,कैलाश यादव, मनोज यादव बंटी,पुष्कर सिंह यादव, करूणाशंकर दुबे,केके यादव, डा योगेंद्र दुबे,रामकुमार यादव,पुष्पेन्द्र यादव रिंकू, राधेमोहन यादव, अजय यादव,सभासद भीखम सिंह यादव,अर्जुन सिंह,पम्मी यादव,शिवा यादव आदि रहे।

**कार्यालय नगर पंचायत इकदिल (इटावा)**

नोटिस

अर्न्तगत धारा 146 (2) नगर पालिका अधिनियम 1916 के अर्न्तगत द्वारा अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत इकदिल (इटावा)

सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि **श्रीमती शशि देवी पति श्री राज नारायण, निवासीगण ग्राम बिहारीपुर पो0 साम्हो तहसील भरथना जनपद इटावा** ने एक प्रार्थना पत्र के साथ बैनामा की छाया प्रति/नकल / हलफनामा वसीयत/वारिसान प्रस्तुत की है। उन्होने **एक किता आवासीय प्लाट जिसका रकवा 635.6 वर्ग मीटर पूर्व पश्चिम 31 फीट उत्तर दक्षिण 20.6 फीट है। जिसकी सीमा पूर्व में प्लाट मो0 अकशर पश्चिम** में **रास्ता 15 फीट उत्तर** में **प्लाट चन्द्रवती दक्षिण** में **आरजी विक्रेता प्रथम पक्ष, मोहल्ला सराय इकदिल श्री वीरेन्द्र सिंह यादव पुत्र/पति श्री देवी सिंह, निवासी– बरहीपुरा शहर इटावा** से क्रय किया गया है। और प्रार्थना है कि उनका नाम मालिक की हैसियत से दर्ज किया जाय। अगर उपरोक्त सम्बन्ध में किसी को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस नोटिस पत्रासन के तीस (30) दिन के अन्दर अपनी आपत्ति साक्ष्य सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा वाद–विवाद नोटिस नगर पंचायत किसी आपत्ति पर विचार न कर सकेगी और वांछित नाम अंकित कर दिया जायेगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत इकदिल
इटावा

**कार्यालय नगर पंचायत इकदिल (इटावा)**

नोटिस

अर्न्तगत धारा 146 (2) नगर पालिका अधिनियम 1916 के अर्न्तगत द्वारा अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत इकदिल (इटावा)

सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि **श्री पुत्तू लाल पुत्र/पति श्री छेंदालाल, निवासीगण ग्राम दाईपुर व पो0 ददौरा तहसील भरथना जनपद इटावा** ने एक प्रार्थना पत्र के साथ बैनामा की छाया प्रति/नकल / हलफनामा वसीयत/वारिसान प्रस्तुत की है। उन्होने **एक किता आवासीय प्लाट जिसका रकवा 600 वर्ग मीटर पूर्व पश्चिम 30 फीट उत्तर दक्षिण 20 फीट है। जिसकी सीमा पूर्व में रास्ता 12 फीट चौडा पश्चिम** में **खेत राना** उत्तर में **प्लाट अन्जू आदि दक्षिण** में **प्लाट विक्रेता मोहल्ला सराय इकदिल श्रीमती सरिता टण्डन पति श्री सुनील टण्डन, निवासी– मोहल्ला सडक बाजार इकदिल** से क्रय किया गया है। और प्रार्थना है कि उनका नाम मालिक की हैसियत से दर्ज किया जाय। अगर उपरोक्त सम्बन्ध में किसी को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस नोटिस पत्रासन के तीस (30) दिन के अन्दर अपनी आपत्ति साक्ष्य सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा वाद–विवाद नोटिस नगर पंचायत किसी आपत्ति पर विचार न कर सकेगी और वांछित नाम अंकित कर दिया जायेगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत इकदिल
इटावा

# न्यू कंचौसी व न्यू अछल्दा स्टेशन का पीएम ने किया उद्घाटन

## वर्चुअल लोकार्पण कर प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर रेलवे प्रोजेक्ट लटकाने का लगाया आरोप, कार्यक्रम में जन प्रतिनिधियों के अलावा अधिकारी रहे मौजूद

संवाददाता, कंचौसी, औरैया

**अमृत विचार।** डेडिकेटिड फ्रेट मॉल कॉरिडोर के न्यू खुर्जा, न्यू साहेनवाल पूर्वी गलियारा और न्यू कंचौसी रेलवे स्टेशन का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के अहमदाबाद से 85 हजार करोड़ की विकास योजनाओं का वर्चुअल लोकार्पण किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 650 किमी लंबे रेलवे के मॉल कॉरिडोर के बनने से देश के 6 राज्य सीधे जुड़ जाएंगे। दो गुनी स्पीड से मालगाड़ियां एक जगह से दूसरी जगह जाने का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने रेल लाइनों के विद्युतकारण 19 रेलवे वर्क शॉप, 10 हजार मानव रहित रेलवे फाटक को आधुनिक बनाने और तमाम रेलवे स्टेशनों को सूर्य ऊर्जा से संचालित करने समेत 85 हजार करोड़ रुपये की योजनाए राष्ट को समर्पित की। जिससे मॉल कॉरिडोर के किनारे उद्योग लगाने का काम तेजी से किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि 10 साल की सरकार ने रेलवे का कायाकल्प करके हर रूट पर वंदे भारत, आस्था स्पेशल, आमरत भारत ट्रेनें चलाकर दिखा दिया है कि पांच साल में देश को विकसित देशों की कतार खड़ा होगा। यह मोदी की गारंटी है। मोदी ने काग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा की इतने सालों में कांग्रेस पार्टी की सरकार में रेलवे की तमाम परियोजनाएं लटकाती और भटकाती रही। इस मौके पर न्यू कंचौसी रेलवे स्टेशन पर डीएफसी द्वारा पंडाल और मंच सजा कर पीएम मोदी के लोकार्पण कार्यक्रम का गुजरात से वर्चुअल सीधा प्रसारण बड़ी स्कीन पर किया गया। जहां तमाम जनप्रतिनिधि रेलवे के अधिकारी क्षेत्र भर के लोग मौजूद रहे। समारोह में मुख्य अतिथि रसूलाबाद की विधायक पूनम संखवार, सहार ब्लाक प्रमुख ऋषि सिंह, मुख्य परियोजना प्रबंधक मनोहर अग्रवाल, रेलवे कानपुर के अधिकारी एडीईएन ए.के गुप्ता आदि लोगों ने कार्यक्रम को संबोधित किया। समारोह में स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समा बांध दिया। डॉल्स डिलाइट पब्लिक स्कूल कंचौसी के बच्चो ने देश भक्ति गीतों पर बेहतरीन प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में मौजूद लोगों का मन मोह लिया। इस मौके पर मंगलपुर थानाध्यक्ष जनार्दन सिंह, रेलवे सुरक्षा बल के अधिकारी प्रधानाचार्य उपेंद्र चतुर्वेदी, प्रधान अनुपम गुप्ता, प्रधान ब्रजेश राजपूत समेत क्षेत्र के सैकड़ों लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डीएफसी के प्रोजेक्ट मैनेजर विवेक ओझा ने किया।



वर्चुअल भाषण देते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। अमृत विचार


न्यू रेलवे स्टेशन के उद्घाटन के दौरान मौजूद जनप्रतिनिधि व बच्चे। अमृत विचार


सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।

### सुबह लगभग दस बजे प्रधानमंत्री ने किया उद्घाटन

औरैया नव निर्मित न्यू अछल्दा के नाम से बनी रेलवे स्टेशन का मंगलवार सुबह करीब 10 बजे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल उद्घाटन किया। कार्यक्रम को रेलवे स्टेशन पर लगायी गयी। एलईडी की बड़ी स्क्रीन पर प्रधानमंत्री संबोधन दिखाया गया। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सरकार के पहले एवं दूसरे कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाते हुये कहा कि हमारी सरकार में भरपूर विकास किया गया है। सरकार की तमाम योजनाओं से लोग लाभान्वित भी हो रहे हैं। इस मौके पर छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। सांसद ने बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। क्षेत्रीय सांसद रामशंकर कठेरिया ने कहा कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार व मोदी सरकार योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों तक पहुंचा रही है। प्रदेश में पिछली सरकारों द्वारा बनाया गया भय के वातावरण को योगी सरकार ने खत्म कर दिया है। अब आम नागरिक भयमुक्त होकर कहीं भी आ जा सकता है। क्षेत्रीय लोगों की भारी भीड़ जमा रही। इस मौके पर पूर्व मंत्री लाखन सिंह राजपूत, राज्यसभा सांसद गीता शाक्य के प्रतिनिधि मुकुट सिंह शाक्य, जिला पंचायत अध्यक्ष कमल दोहरे, ब्लॉक प्रमुख शरद राना, जितेंद्र सिंह सेंगर, दिबियापुर चेयरमैन राघव मिश्रा, पूर्व चेयरमैन राजेश पोरवाल भगवती प्रसाद चौरसिया आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### लापता युवक का शव नहर में उतराता मिला

**औरैया।** सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत भडारीपुर नहर पुल के समीप तीन दिन से लापता एक युवक का बरामद हुआ। ग्रामीणों द्वारा शव देखकर मामले की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना पाकर कोतवाली पुलिस के अलावा सीओ महेंद्र प्रताप भी मौके पर पहुंच गए थे तथा जांच पड़ताल करने में जुटे हुए थे। युवक की शिनाख्त तीन दिन से लापता मनोज कुमार पुत्र कुलदीप निवासी ग्राम भरसेन के रूप में हुई। वहीं परिजनों ने बताया की नहर में मिला शव उसके भतीजे मनोज कुमार (38) पुत्र कुलदीप का है। वह रविवार को सुबह साइकिल से शौच क्रिया के लिए गया था तभी से लापता था। मनोज दिल्ली में रहकर प्राइवेट नौकरी करता था। 18 फरवरी को उसकी चचेरी बहन सिंपी और दो मार्च को चचेरे भाई राजेश की शादी थी। इनमें शामिल होने वह पिछले दिनों गांव आया हुआ था।

### नेत्र चिकित्सालय की विद्युत केबल में लगी आग

**बिधूना, औरैया।** मंगलवार को डाक्टर राम मनोहर लोहिया नेत्र चिकित्सालय की विद्युत केबल में अचानक आग लग गई। जिसे फायर ब्रिगेड की मदद से बुझाया गया। अस्पताल के कर्मचारियों ने पहले नेत्र चिकित्सालय में लगे पाइप लाइन से आग बुझाने का प्रयास किया गया। लेकिन, अस्पताल में रखी पानी की टंकी में पानी न होने और विद्युत आपूर्ति बंद होने के चलते आग को नहीं बुझाया जा सका। आग की सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक श्रीकेश भारती पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। जबकि आसपास के लोग भी इकट्ठा हो गए। अस्पताल के आसपास बाउंड्री के पास पास के वाशिंदों द्वारा कूड़ा डाला जाता है, जिसमें लगी आग से केबल जलकर क्षतिग्रस्त हो गई है।

### चार मिनट क्रॉसिंग के बीच खड़ी हुई मालगाड़ी

**अछल्दा।** दिल्ली -हावड़ा रेल मार्ग पर मालगाड़ी की चपेट में मवेशी आने पर लोकोपायलट ने क्रॉसिंग के बीचोबीच खड़ी कर दी। इंजन को चेक कर ट्रेन को रवाना किया। मंगलवार की शाम 6 बजकर 35 मिनट पर इटावा से कानपुर मालगाड़ी ट्रेन जा रही थी तभी 13बी फाटक से पहले गाड़ी अचानक से मवेशी के टकरा गया। लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर क्रॉसिंग के बीचोबीच ट्रेन को रोक दिया।

### विधायक को सौंपा ज्ञापन

**अजीतमल, औरैया।** अजीतमल बाबरपुर रोडवेज समस्या संघर्ष मोर्चा के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन के माध्यम से विधायक से मांग रखी गयी कि अजीतमल बस स्टेशन के विशाल परिसर में 24 नई बसों के साथ अजीतमल रोडवेज बस डिपो की स्थापना की जाए।

# फफूंद में ट्रेनों के ठहराव की मांग ने पकड़ा जोर

संवाददाता, ककोर, औरैया

**अमृत विचार।** मंगलवार को दिबियापुर नगर में नहर कोठी पर सांसद से व्यापार मंडल व पार्टी कार्यकर्ताओं नें स्थानीय समस्याओं के निदान की बात रखी। फफूंद रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव की मांग ने जोर पकड़ लिया है।

मंगलवार को सोशल मीडिया पर लोगों ने लिखा कि पड़ोसी जनपद कानपुर देहात के झींझक, रूरा जैसे छोटे रेलवे स्टेशनों पर कई एक्सप्रेस ट्रेनों का स्टापेज शुरू हो रहा है। अकबरपुर सांसद देवेंद्र सिंह भोले के पैतृक गांव वाले रेलवे स्टेशन कंचौसी जैसे छोटे रेलवे स्टेशन पर भी फरक्का और ऊंचाहार जैसी ट्रेनों का ठहराव शुरू हो गया। लेकिन बारह करोड़ रुपये के ऊपर टिकट बिक्री से करोड़ों की सालाना आय देने वाले औरैया जिले के ए क्लास आदर्श रेलवे स्टेशन फफूंद पर कोरोना काल में बंद हुई ट्रेनों तक का अभी तक ठहराव शुरू नहीं हो सका है। स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि लोकसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लगने से पहले सांसद औरैया जिले के लिए ट्रेन ठहराव संबंधी कोई न कोई घोषणा कराने में सफल होंगे।

### हाथ से खरोंचकर लिख देंगे दिबियापुर

- गत 23 फरवरी को नगर पंचायत दिबियापुर में आयोजित एक कार्यक्रम में पहुंचे सांसद डॉ. रामशंकर कठेरिया से लोगों ने फफूंद रेलवे स्टेशन का नाम दिबियापुर करने की मांग की थी। उस दिन उन्होंने मंच से कहा था कि इसके लिए नगर पंचायत के चेयरमैन बोर्ड में प्रस्ताव पास करें और आगे बनने वाली मोदी सरकार में इसका नामकरण दिबियापुर करा देंगे। पक्का करा देंगे.. नहीं तो हाथ से खरोंच कर लिख देंगे दिबियापुर।

# मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है : अनूप गुप्ता

- भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं कानपुर बुंदेलखंड के क्षेत्रीय प्रभारी व एमएलसी ने भाजपा जिला कार्यालय में ली लोकसभा, विधानसभा संचालन एवं जिला टोली की बैठक
- सपा के जिला सचिव एवं आनेपुर के पूर्व प्रधान अमित तोमर ने सपा छोड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** इटावा लोकसभा में सभी बूथों पर पहले से अधिक वोट हासिल करने का लक्ष्य लोकसभा चुनाव में भाजपा ने रखा है। लोकसभा चुनाव को देखते हुए जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता की अध्यक्षता में भाजपा की इटावा लोकसभा, विधानसभा संचालन समिति की बैठक मंगलवार को भाजपा जिला कार्यालय तुर्कीपुर में हुई। इसमें जिले के सभी बूथों पर नए रिकॉर्ड के साथ जीतने का संकल्प लिया गया है। मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा प्रदेश महामंत्री और एमएलसी अनूप गुप्ता शामिल हुए। प्रदेश महामंत्री एवं एमएलसी व कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रभारी अनूप गुप्ता ने कहा कि पहले हम पहचान बनाने के लिए चुनाव लड़े, फिर दूसरे नंबर पर आने के लिए।

कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री राम किशोर साहू ने कहा कि ये चुनाव 2047 के विकसित भारत की नींव रखने, दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने, जाति और पंथ विहीन समाज खड़ा करने और प्रत्येक क्षेत्र में विश्व का सिरमौर बनने के लिए हैं। इटावा लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी नीरज चतुर्वेदी, सांसद प्रो. डा रामशंकर कठेरिया, कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी आनंद सिंह, पूर्व मंत्री लाखन सिंह राजपूत ने भी संबोधित किया। भाजपा जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता ने कार्यकर्ताओं के दम पर आश्वस्त करता किया कि इस बार के लोकसभा चुनाव में जिले की दोनों विधानसभाओं से भाजपा प्रत्याशी डॉ. रामशंकर कठेरिया रिकार्ड मतों से विजयी होकर नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के सपने को साकार करने का काम करेंगे।

वही कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी आनंद सिंह, जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता ,लोकसभा संयोजक रजनीश पांडेय आदि ने मुख्य अतिथि को चांदी का मुकुट ,स्मृति चिह्न ,विशाल शुक्ला व सर्वेश कठेरिया व उनकी टीम ने बड़ी माला पहनाकर स्वागत किया। लखनऊ से चलकर औरैया जिले की सीमा से लेकर औरैया तक भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह मुख्य अतिथि एवं प्रदेश महामंत्री का स्वागत किया। इस अवसर पर इटावा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष कमल दोहरे, इटावा लोकसभा प्रभारी नीरज चतुर्वेदी, बालकदास, राकेश पाल, पूर्व जिलाध्यक्ष श्रीराम मिश्रा, गोपाल मोहन शर्मा, महेंद्र मिश्रा, विनोद दुबे, ब्लाक प्रमुख आकाश सिंह, आशाराम राजपूत, कमलेश अवस्थी, प्रेम गुप्ता, चंद्रकांति मिश्रा,दिबियापुर चेयरमैन राघव मिश्रा रहे। उधर, भाजपा के प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता ने कोर ग्रुप की बैठक कर जरूरी दिशा निर्देश दिए। कोर ग्रुप में सदर विधायक गुड़िया कठेरिया भी मौजूद रही। भाजपा जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता के आवास पर गुड्डू शिवहरे,दीक्षांत गुप्ता,वेदांत गुप्ता,शार्व वाम शिवहरे ने ढोल नगाड़ों के साथ मलार्पण कर स्वागत किया।

भाजपा प्रदेश महामंत्री के समक्ष सपा के जिला सचिव एवं आनेपुर के पूर्व प्रधान अमित तोमर ने सपा छोड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।



मुख्य अतिथि का माला पहनाकर स्वागत करते भाजपाई। अमृत विचार


संतों का स्वागत करते लोग। अमृत विचार

### 84 कोसी परिक्रमा हुई प्रारंभ, किया स्वागत

**बिधूना, औरैया।** कस्बा कुदरकोट से प्रारम्भ हुई 84 कोसी परिक्रमा का श्रद्धाभाव से स्वागत किया गया।

मंगलवार को कस्बा बिधूना में जैसे ही साधू संतों की यात्रा पहुंची। बड़ी संख्या में महिला पुरुषों के द्वारा यात्रा का श्रद्धाभाव के साथ स्वागत किया गया। साथ ही कस्बा निवासी व्यापारी श्रीकांत गुप्ता के दिबियापुर रोड स्थित आवास पर भव्य स्वागत के बाद भंडारा आयोजित किया गया। जहां साधु संतों के भोज के बाद मौजूद लोगों को भी भंडारा ग्रहण कराया गया। यात्रा बिधूना से दिबियापुर, फफूंद, अटसू, बाबरपुर, अनंतराम, महेवा होते हुए इटावा जनपद में प्रवेश करेगी तथा बकेवर होते हुए चंदरपुर, कुनेरा आश्रम सहित इटावा जनपद के सैफई से होते हुए सरसईनावर से औरैया जिले के दोबा, एरवाकटरा से 22 मार्च को कुंदनपुर कुदरकोट रुकमणी धाम पहुंचकर सम्पन्न होगी।

# भक्ति को देखने के लिए लीन होना पड़ता है : आचार्य

संवाददाता, अजीतमल, औरैया

**अमृत विचार।** कस्बा के ततारपुर कला में सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा के दूसरे दिन आचार्य रामकृष्ण बाजपेई ने व्यास नारद संवाद, परीक्षित जन्म, सुकदेव महाराज, रसिका भूवि भाविका, कुन्ती चरित्र सहित विदुर मैत्री प्रसंग की कथा सुनाई।


कथा सुनाते आचार्य रामकृष्ण बाजपेई।

कथा सुनाते हुए आचार्य रामकृष्ण बाजपेई ने कहा कि जीवन जीना सीखना है तो श्री रामायण से सीखो और मरना सीखना है तो भागवत गीता से सीखो। त्रिवेणी संगम में गंगा, जमुना, सरस्वती का मिलन होता है। मिलन में गंगा जमुना तो दिखाई देती हैं, लेकिन सरस्वती को कोई नहीं देख पाता। गीता में विज्ञान, वैराग्य और भक्ति है, लेकिन विज्ञान और वैराग्य तो दिखाई देता है लेकिन भक्ति नहीं दिखाई देती। भक्ति को देखने के लिए लीन होना पड़ता है। जीव का कल्याण भगवत भजन से होगा क्योंकि जीव का जन्म प्रभु की भक्ति के लिए हुआ है, प्रभु का भजन जो जीव नहीं करता है पशु के समान होता है। अगर कल्याण चाहते हैं तो जन्म मरण के चक्कर से बचना चाहते हैं तो हरी भजों ।

**फफूंद संवाददाता के अनुसार:** ब्लाक भाग्यनगर की ग्राम पंचायत दशरौरा में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के 6वें दिन को भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया गया। कथावाचक आचार्य चन्द्रेश महाराज ने भगवान की अनेक लीलाओं में श्रेष्ठतम लीला रास लीला का वर्णन करते हुए बताया कि रास तो जीव का शिव के मिलन की कथा है। यह काम को बढ़ाने की नहीं काम पर विजय प्राप्त करने की कथा है। इस कथा में कामदेव ने भगवान पर खुले मैदान में अपने पूर्व सामर्थ्य के साथ आक्रमण किया है। लेकिन, वह भगवान को पराजित नहीं कर पाया उसे ही परास्त होना पड़ा है। भगवान श्रीकृष्ण के विवाह प्रसंग को सुनाते हुए बताया कि भगवान श्रीकृष्ण का प्रथम विवाह विदर्भ देश के राजा की पुत्री रुक्मणि के साथ संपन्न हुआ। इस मौके पर परीक्षित बने अवधेश मिश्रा और उनकी पत्नी स्नेह मिश्रा, जिला शासकीय अधिवक्ता अभिषेक मिश्रा, सहायक विकास अधिकारी अतुल मिश्रा, सर्वेश मिश्रा आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।


फफूंद कस्बा में आयोजित कथा के दौरान मौजूद श्रद्धालु। अमृत विचार

## सार-संक्षेप



रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते सीडीओ। अमृत विचार

### पोषण पखवाड़ा में कराया गया अन्न प्राशन

**ककोर, औरैया।** जिला मुख्यालय के विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा पोषण पखवाड़ा का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि यह पोषण पखवाड़ा 9 से 23 मार्च तक आंगनबाड़ी केंद्रों का आयोजन किया जा रहा है। जिससे गांव में सभी स्वच्छ रहकर, निरोगी बनें। बाद में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा पोषण पखवाड़ा वैन को हरी झंडी दिखाकर जनपद में रवाना किया गया। इसके साथ पांच नवजात शिशुओं को अन्नप्रासन भी कराया गया,तथा दो गर्भवती महिलाओं की गोद भराई रस्म अदायगीकी गई। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि पोषण अच्छा होगा तो बीमारियां शरीर से दूर रहेगी और नवजात शिशु भी स्वस्थ रहेगा। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी वीरेन्द्र कुमार के द्वारा पोषण पखवाड़ा के आयोजन एवं गतिविधियों के सम्बन्ध में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को विस्तार से बताया। इस अवसर पर बाल विकास परियोजना अधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह, जिला कार्यकम अधिकारी वीरेंद्र कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार, केशव तिवारी आदि मौजूद रहे।


खंड शिक्षा अधिकारी से मुलाकात करते शिक्षक संघ के पदाधिकारी। अमृत विचार

### नवनियुक्त बीईओ का किया गया स्वागत

**अजीतमल, औरैया।** विकासखंड में खंड शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार का शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष दीपक दुबे ने शिक्षकों सहित नव नियुक्त खंड शिक्षा अधिकारी का सम्मान समारोह और शिष्टाचार भेंट की। खंड शिक्षा अधिकारी प्रवीन कुमार ने मंगलवार को बीआरसी बाबरपुर पर कार्यभार ग्रहण कर लिया। प्राथमिक शिक्षक संघ ने खंड शिक्षा अधिकारी से शिष्टाचार भेंट कर वार्ता की। वार्ता में उन्होंने आश्वासन दिया कि ब्लॉक में किसी भी प्रकार की कोई भी समस्या नहीं आएगी। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष दीपक दुबे, मंत्री विक्रम दत्त, प्रदेश उपाध्यक्ष शिक्षामित्र संघ संत कुमार शुक्ला, शैलेश गुप्ता, प्रबल प्रताप, रमेश सिंह, पीयूष गौतम, संजय कुमार आदि शिक्षक मौजूद रहे।

**आवाज उठी** मौजूदा पुल के ऊपर नया पुल बनाने पर जोर, सांसद बोले-मुख्यमंत्री करेंगे अंतिम फैसला

# नहर बाजार के लोगों ने सांसद से उठाई बाईपास की मांग

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** मंगलवार को दिबियापुर नहर बाजार में लोगों ने क्षेत्रीय सांसद रामशंकर कठेरिया से बाईपास निकाले जाने की मांग की।

इस मौके पर मौजूद लोगों ने कहा कि वह लोग तकरीबन सात दशकों से यहां रह रहे हैं नगर के बीचोंबीच से निकला बिलरायॉ- पनवाड़ी स्टेट हाईवे यदि नगर क्षेत्र से होकर निकला तो तोड़फोड़ से सैंकड़ों लोग बेघर हो जायेंगे। इस मौके पर सासंद रामशंकर कठेरिया ने सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता पी एस पटेल तथा लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता अभिषेक यादव से प्रस्तावित नहर पुल एवं फोरलेन के सम्बन्ध में जानकारी ली। सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने बताया कि नहरपुल मौजूदा पुल से पूर्वी ओर बनाने की कार्ययोजना प्रस्तावित है। इस पर पूर्वी ओर के वासियों ने नया नहर पुल पश्चिमी ओर बनाने पर जोर दिया। इसपर पश्चिमी ओर आवासित लोग पूर्वी साइड मे पुल बनाने की मांग करने लगे । मामले की जटिलता देख सांसद ने कहा कि पूरा मामला शासन में लंबित है इस पर अंतिम फैसला मुख्यमंत्री करेंगे । इस मौके पर नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्षपति सुखलाल गुप्ता, नगर पंचायत अध्यक्ष राघव मिश्रा, भाजपा जिला महामंत्री कौशल राजपूत , भाजयुमो जिला मंत्री शैलेन्द्र राजपूत , विधायक प्रतिनिधि अजय पोरवाल ,सभासद कृष्णकुमार कश्यप , पूर्व सभासद सुभाष यादव एवं व्यापारी नेता अजय गुप्ता पैराडाइज समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।


अधिशासी अभियंता से बातचीत करते सांसद रामशंकर कठेरिया। अमृत विचार

### भाजपा प्रदेश महामंत्री को सौंपा ज्ञापन

**औरैया।** मंगलवार को जनपद भ्रमण पर आये भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं एमएलसी अनूप गुप्ता को स्थानीय लोगों ने बाईपास निकाले जाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा । भाजपा नेता कन्हैया लाल गुप्ता समेत कई लोगों ने ज्ञापन सौंपते हुये कहा कि नगर क्षेत्र भाजपा का पुराना गढ़ रहा है। फोरलेन निर्माण कार्य शुरू किया गया तो लोगों को परेशानी होगी। कारोबारी पंकज पोरवाल , सर्वेश चौबे, लल्ला बाबू पोरवाल, सोनू राठौर, प्रमोद पोरवाल, आशुतोष कठेरिया एवं राम आसरे शर्मा आदि ने प्रदेश महामंत्री से भूमि का मालिकाना हक दिलाए जाने की मांग की।

### अधिवक्ताओं ने किया विरोध प्रदर्शन

**बिधूना, औरैया।** अधिवक्ताओं के बस्तों के समीप बाह्य न्यायालय परिसर में बनाये जा रहे शौचालय के विरोध में सात मार्च से अधिवक्ताओं द्वारा किया गया विरोध प्रदर्शन आज मंगलवार को भी जारी रहा। इस अवसर पर सिविल बार एसोसिएशन बिधूना के अध्यक्ष गम्भीर सिंह शाक्य ने कहा कि अधिवक्ताओं के बस्तों के समीप बनाये जा रहे शौचालय के विरोध को लेकर सिविल बार एसोसिएशन द्वारा सिविल जज जूनियर डिवीजन के बाद बीते दिवस जनपद न्यायाधीश को भी अधिवक्ताओं के एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा ज्ञापन देकर अवगत कराया गया था लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। उन्होंने कहा जब तक समस्या का समाधान नहीं हो जाता तब तक विरोध रहेगा।

## एक नजर

### पूर्व आईपीएस बृजभूषण बनाए गए राज्य मानवाधिकार आयोग के सदस्य



**अमृत विचार, लखनऊ :** रिटायर्ड आईपीएस अधिकारी बृजभूषण को राज्य मानवाधिकार आयोग का सदस्य बनाया गया है। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की ओर से उनकी नियुक्त के बाद शासन ने बुधवार को आदेश जारी किया। प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद की ओर से जारी आदेश के अनुसार बृजभूषण का कार्यकाल तीन वर्ष या 70 वर्ष की आयु प्राप्त करने जो भी पहले घटित हो, तक के लिए होगा। मालूम हो कि बृजभूषण बीते वर्ष एडीजी जोन लखनऊ के पद से सेवानिवृत्त हुए थे।

### हेल्थ कार्ड के लिए लोकभवन में लगाया गया शिविर

अमृत विचार, लखनऊ : पंडित दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के तहत मंगलवार को लोक भवन में सचिवालय कर्मियों के हेल्थ कार्ड बनाने के लिए शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर लाभार्थियों को हेल्थ कार्ड वितरित किए गए ।इस मौके पर मुख्य सचिव के स्टॉफ अफसर रवीन्द्र कुमार ने सचिवालय कर्मियों से शिविर का लाभ लेने की अपील की।

# जल जीवन योजना से खराब हुई सड़क तो संस्था की जवाबदेही होगी तय: योगी

## मुख्यमंत्री ने की समीक्षा, कहा- तय समय सीमा के भीतर पूरा हो जाये काम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री योगी और अधिकारी। अमृत विचार

- मुख्यमंत्री ने खराब सड़कों की तत्काल मरम्मत कराने के दिए निर्देश
- गर्मी में नहीं होगी पेयजल की समस्या, विंध्य-बुंदेलखंड के लिए विशेष प्रबन्ध

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में जल जीवन मिशन की प्रगति की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा, पेयजल परियोजना के कारण जगह-जगह रोड की खुदाई हुई है। इससे आवागमन प्रभावित हो रहा है, दुर्घटना की आशंका भी बनी हुई है। कार्यदायी संस्था की यह जिम्मेदारी है कि कार्य समाप्ति के साथ ही सड़क की मरम्मत हो जाए। पेयजल परियोजना के कारण सड़क खराब न रहे। यदि ऐसा हुआ तो जवाबदेही तय की जाए।

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में' हर घर नल-हर घर जल' के संकल्प के साथ प्रदेश के 2.65 करोड़ ग्रामीण परिवारों को शुद्ध पेयजल मुहैया कराने का महाभियान चल रहा है। लगातार प्रयासों से आज 02 करोड़ 12 लाख से अधिक परिवारों के लिए शुद्ध पेयजल का सपना साकार हुआ है। शेष घरों को भी पाइप्ड पेयजल की सुविधा मिले, ऐसे में इस कार्य को समयबद्धता के साथ चरणबद्ध रूप से पूरा किया जाए।

मुख्यमंत्री के मुताबिक, अतिशीघ्र विंध्य-बुंदेलखंड के हर घर में नल से जल की सुविधा होगी। झांसी, ललितपुर, हमीरपुर, जालौन, बांदा, चित्रकूट, मीरजापुर, सोनभद्र सहित पूरे विंध्य-बुंदेलखंड में जल जीवन मिशन का कार्य आख़िरी चरण में प्रवेश कर गया है। अवशेष कार्यों को तेजी के साथ पूरा कराया जाए।

उन्होंने कहा कि गर्मी का मौसम प्रारंभ हो रहा है। ऐसे में बुंदेलखंड और विंध्य क्षेत्र में पेयजल के वैकल्पिक प्रबंध कर लिए जाएं। वर्षा कम होने के कारण जलाशयों में अपेक्षाकृत कम पानी है। हमें समय रहते इसके लिए व्यवस्था कर लेनी चाहिए। गर्मी में एक भी दिन एक भी परिवार को पेयजल की समस्या नहीं होनी चाहिए।

## सीएए से मुस्लिम समाज को घबराने की जरूरत नहीं

**अमृत विचार , लखनऊः** पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री ने कहा कि बीजेपी ने राजनैतिक फायदा लेने की कोशिश में सीएए को लागू कर दिया है। इसको लेकर मुस्लिम समाज को घबराने की जरूरत नही है।

पूर्व मंत्री अनीस मंसूरी की ओर से जारी प्रेस में नोट में कहा गया है कि भारत सरकार द्वारा सीएए कानून लागू किये जाने पर मुसलमानों को घबराने की जरूरत नहीं है। यह कानून नागरिकता देता है, छीनता नहीं है, इससे मुसलमानों का लेना देना नहीं है, यह कानून भारत सरकार बहुत पहले लेकर आयी थी और लागू करना चाहती थी लेकिन सरकार 2024 के लोकसभा चुनाव का राजनैतिक लाभ लेने के लिए इंतिजार कर रही थी। अनीस मंसूरी ने कहा कि भारतीय संविधान में लिखा है कि देश में किसी भी धर्म के शरणार्थियों को नागरिकता दी जा सकती है, सरकार को संविधान की इस बात पर विचार करना चाहिए। सीएए पर देश भर से आई आपत्तियों का समाधान नहीं किया और अपने राजनैतिक लाभ के लिये लागू कर दिया है, यह देश के लिए विभाजनकारी है।

## पासपोर्ट के चार अधिकारियों समेत पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सीबीआई ने पेमेंट-गेटवे के माध्यम से रिश्वत लेने के आरोप में की कार्रवाई

**अमृत विचारः** सीबीआई ने पेमेंट-गेटवे के माध्यम से रिश्वत लेने के आरोप में क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय गाजियाबाद के चार अधिकारियों समेत पांच लोगों के खिलाफ मंगलवार को एक केस दर्ज किया है। सीबीआई ने इस मामले में गाजियाबाद, मेरठ और मुजफ्फरनगर में आरोपियों के ठिकानों पर तलाशी ली है।

रीजनल पासपोर्ट ऑफिस गाजियाबाद के पासपोर्ट असिस्टेंट रवि किशन, चंद्रकांत, सीनियर पासपोर्ट असिस्टेंट पवन कुमार, जंदैल सिंह और प्राइवेट पर्सन मुजफ्फरनगर निवासी मोहम्मद फरहान गौड को मुकदमे में नामजद किया गया है।

आरोप है कि पेंडिंग पासपोर्ट के निस्तारण के नाम पर पासपोर्ट असिस्टेंट रविकिशन ने मोहम्मद फरहान गौड़ के जरिये 14 जून 2022 से 14 जून 2023 के बीच 73 हजार रुपए की रकम घूस के रूप में ली। फरहान ने ये पैसा यूपीआई और अपने परिचित लोगों के वॉलेट, बैंक खाते से ट्रांसफर किया।

इसके अलावा पासपोर्ट सहायक चंद्रकांत ने 8 अगस्त 2022 से 3 जनवरी 2023 के बीच 59700 रुपए मोहम्मद फरहान से लिए। इसी तरह सीनियर पासपोर्ट असिस्टेंट पवन कुमार ने 28 सितंबर 2022 से 2 जुलाई 2023 के बीच मोहम्मद फरहान से 22900 रुपए लिए।

सीनियर पासपोर्ट असिस्टेंट जंदैल सिंह ने भी 13 जून 2023 को एक लंबित पासपोर्ट जारी करने के बदले मोहम्मद फरहान से दो हजार रुपए लिए। ये सभी रकम ऑनलाइन ट्रांसफर की गई। शुरुआत में सीबीआई ने इसकी आंतरिक जांच की। प्रारंभिक जांच में आरोपों की पुष्टि हुई।

सीबीआई गाजियाबाद की एंटी करप्शन यूनिट ने इसके बाद इन सभी के खिलाफ भ्रष्टाचार का केस दर्ज कर लिया है।

# चित्रकूट और श्रावस्ती के लिए विमान ने भरी उड़ान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 19 सीटर विमान से पांच जिलों के लिए हो रहा है संचालन

**अमृत विचारः** उड़ान योजना के तहत फ्लाई बिग एयरलाइंस ने उड़ान सेवा शुरू कर दी है। चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से मंगलवार को चित्रकूट और श्रीवस्ती के लिए फ्लाई बिग एयरलाइंस के विमानों ने उड़ान भरी। मुरादाबाद के लिए विमान सेवा अगले सप्ताह से शुरू हो सकती है।

बता दें कि फ्लाई बिग एयरलाइंस की ओर से चित्रकूट, श्रावस्ती, मुरादाबाद, आजमगढ़ और अलीगढ़ के लिए उड़ान सेवा दो मार्च से शुरू होनी थी। इसके लिए शेड्यूल भी जारी हुआ था मगर इसको टाल दिया गया। रविवार को प्रधानमंत्री ने वर्चुअल उक्त पांच जिलों के हवाई अड्डे का लोकार्पण किया। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को चित्रकूट और श्रीवस्ती के लिए सेवाएं शुरू की गईं। जबकि बुधवार को भी चित्रकूट और श्रावस्ती के लिए विमान उड़ान भरेंगे। जबकि 14 मार्च को आजमगढ़ और अलीगढ़ के लिए विमान उड़ान भरेगा। एक सप्ताह के भीतर उड़ान का नियमित शेड्यूल जारी हो जाएगा। शेड्यूल जारी होने के साथ ही बुकिंग भी शुरू हो जाएगी।

# सचिवालय संवर्ग के 13 अधिकारी तत्काल प्रभाव से कार्य मुक्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- स्थानांतरण के बाद नया कार्यभार नहीं ग्रहण कर रहे थे अफसर

**अमृत विचारः** शासन ने स्थानांतरण के बाद कार्यभार ग्रहण न करने पर सचिवालय संवर्ग के 13 अफसरों को तत्काल प्रभाव से कार्य मुक्त कर दिया। दो अफसरों की वर्तमान तैनाती स्थल पर हाजिरी पर रोक लगाई गई है। इस सिलसिले में मंगलवार को सचिवालय प्रशासन विभाग ने आदेश जारी किया।

बीती 12 जनवरी को विशेष सचिव नियुक्ति विजय कुमार संखवार को कृषि विभाग में विशेष सचिव पद पर तैनात किया गया था, पर उन्होंने अभी तक नवीन तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण नहीं किया। शासन ने नियुक्ति विभाग से उन्हें तत्काल प्रभाव से कार्य मुक्त करते हुए कृषि विभाग में कार्यभार ग्रहण करने निर्देश दिया है। इसी तरह 1 मार्च को ही विशेष सचिव श्रम जयप्रकाश का स्थानांतरण कर उन्हें विशेष सचिव सचिवालय प्रशासन बनाया गया, कार्यभार ग्रहण न करने पर उन्हें भी तत्काल प्रभाव से कार्य मुक्त कर दिया गया है। बीते एक मार्च को ही विशेष सचिव ग्राम्य विकास सत्य प्रकाश उपाध्याय को विशेष सचिन श्रम के पद पर तबादला होने व कार्यभार ग्रहण न करने पर तत्काल प्रभाव से कार्य मुक्त किया गया है। कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग में उपसचिव पद पर कार्यरत अजय कुमार तिवारी को उप सचिव वित्त विभाग के पद पर कार्यभार ग्रहण न करने पर कार्य मुक्त किया गया है। उप सचिव नियुक्ति विभाग निरमेश कुमार शुक्ल को उपसचिव औद्योगिक विकास एवं अवस्थापना विभाग के पद पर भेजे जाने व कार्यभार ग्रहण न करने पर कार्यमुक्त किया गया है। उपसचिव पंचायती राज अमिताभ श्रीवास्तव को आवास एवं शहरी नियोजन विभाग में कार्यभार ग्रहण न करने पर कार्यमुक्त किया गया। इसी तरह विशेष सचिव गृह विश्वजीत सिंह को खेल विभाग में उपसचिव पद के लिए कार्यमुक्त किया गया। लोक निर्माण विभाग के उपसचिव राजकुमार को उपसचिव नियुक्ति के पद पर कार्यभार ग्रहण करने के लिए कार्य मुक्त किया गया। अनु सचिव नियुक्ति विभाग जूली दुबे को लोक निर्माण विभाग में नवीन तैनाती स्थल के लिए कार्य मुक्त किया गया। अनु सचिव नियुक्ति अभिजीत को खाद एवं रसद विभाग के लिए, अनु सचिव आवास एवं शहरी नियोजन को वित्त विभाग के लिए कार्य मुक्त किया गया। उप सचिव चिकित्सा शिक्षा सत्य प्रकाश सिंह के वित्त विभाग में कार्यभार ग्रहण न करने पर उन्हें वर्तमान तैनाती स्थल हस्ताक्षर करने पर रोक लगा दी गई है। इसी तरह संयुक्त सचिव माध्यमिक शिक्षा कृपा शंकर यादव के भी न्याय विभाग में कार्यभार ग्रहण न करने पर उन्हें हस्ताक्षर पर रोक लगा दी गई है।

# अटल राय बने निदेशक पंचायती राज, रमेश फिरोजाबाद के डीएम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव से पहले राज्य सरकार की ओर से प्रशासनिक फेरबदल जारी है। शासन ने मंगलवार को फिरोजाबाद के जिलाधिकारी समेत सात आईएएस अधिकारियों का तबादला किया। विशेष सचिव खाद्य एवं रसद अटल कुमार राय अब निदेशक पंचायती राज होंगे। फिरोजाबाद के डीएम रहे उज्ज्वल कुमार को विशेष सचिव एमएसएमई के पद पर भेजा गया है, जबकि उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के मिशन निदेशक रमेश रंजन को फिरोजाबाद का नया डीएम बनाया गया है। विशेष सचिव एमएसएमई अरुण प्रकाश अब विशेष सचिव नगर विकास होंगे। विशेष सचिव युवा कल्याण गौरव वर्मा को विशेष सचिव सचिवालय प्रशासन के पद पर तैनाती दी गई है। विशेष सचिव गन्ना विकास शेषनाथ को विशेष सचिव लोक निर्माण के पद पर भेजा गया है। अपर निबंधक सहकारिता ईशा प्रिया को विशेष सचिव पर्यटन का दायित्व सौंपा गया है।

**चुनाव आयुक्त की रेस में** : भारत निर्वाचन आयोग में दो चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति होनी है। इसे लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में 15 मार्च को बैठक होगी। माना जा रही है, चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के बाद लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने की उल्टी गिनती शुरू हो जाएगी। चुनाव आयुक्त की रेस में 1988 बैच की आईएएस राधा चौहान और राजस्थान कैडर के आईएएस रोहित कुमार सिंह का नाम चर्चा में है।

# जिस जाति की संख्या भारी उसी का बसपा प्रत्याशी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** राजग और इंडी गठबंधन से दूर बहुजन समाज पार्टी खामोशी से लोकसभा चुनाव में ताकत दिखाने की रणनीति पर आगे बढ़ रही है। पार्टी प्रमुख मायावती दलित समाज के साथ अन्य जातीय मतों के ध्रुवीकरण की सोशल इंजीनियरिंग फार्मूले पर सीटें जीतने की गणित को महत्व दे रही हैं। टिकट देने का सूत्र तय हुआ है कि जिस जाति की संख्या भारी, उसी का हो बसपा प्रत्याशी। पांच सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा में इसका साफ संदेश दिया गया है।

बसपा इसबार लोकसभा चुनाव में अपने प्रत्याशियों की घोषणा मुख्यालय के बजाय क्षेत्रीय कोआर्डिनेटर के जरिए कर रही है। चुनाव प्रबंधन से जुड़े एक वरिष्ठ नेता का कहना है कि प्रत्याशी चयन में बसपा किसी से पीछे नहीं है, बल्कि भाजपा और सपा के शोर-शराबे के साथ की जा रही घोषणाओं से इतर पार्टी सुप्रीमो मायावती एक-दो और पांच-दस सीटों की धीरे-धीरे प्रत्याशियों का चयन कोआर्डिनेटर का माध्यम से सामने ला रही है। हालांकि सूची लगभग सभी सीटों की तैयार है। यही नहीं पंजाब, राजस्थान, दिल्ली, मध्यप्रदेश, बिहार आदि राज्यों में प्रत्याशी चयन को लगभग अंतिम रूप दिया जा चुका है।

### कन्नौज से अकील अहमद पट्टा और बिजनौर से बिजेंद्र चौधरी प्रत्याशी

बसपा ने मंगलवार को कन्नौज लोकसभा सीट से अकील अहमद पट्टा और बिजनौर से बिजेंद्र चौधरी को प्रत्याशी घोषित कर सपा और भाजपा को घेरने की कोशिश की है। इसके पहले दो दिन में चार और प्रत्याशी घोषित हो चुके हैं, जो सभी मुस्लिम हैं। इनमें पीलीभीत से पूर्व मंत्री अनीस अहमद फूल बाबू, अमरोहा से मुजाहिद हुसैन और मुरादाबाद से इरफान सैफी हैं। इससे अंदरखाने जहां भाजपा नेता खुश हैं तो वहीं सपा-कांग्रेस गठबंधन नेताओं की चिंता बढ़ गई है। 2014 में भी बसपा ने अकेले चुनाव लड़ा था, जिसका फायदा भाजपा को मिला और मुरादाबाद मंडल की सभी छह सीटों पर जीत दर्ज की थी। जबकि 2019 में बसपा-सपा के गठबंधन से मुकाबला करने उतरी भाजपा मंडल में खाता भी नहीं खोल पाई थी।

- बसपा में सोशल इंजीनियरिंग और वोट ट्रांसफर कराने की रणनीति पर टिकट

वैसे बसपा का काशीराम के जमाने में फार्मूला था कि सोशल इंजीनियरिंग के जरिए दलितों के साथ अन्य पिछड़ी और अतिपिछड़ी जातियों को पार्टी से जोड़कर वोट बैंक बनाया जाए। मगर, बाद में मायावती ने ऐसे तमाम नेताओं को पहले शिखर तक पहुंचाया, फिर अलग-अलग आरोपों के सामने आने के साथ पर कतरने और बाहर का रास्ता दिखाना शुरू कर दिया। इससे वोट बैंक छिटकते गए। इसका असर है कि उप्र. विधानसभा में एक मात्र विधायक वाली पार्टी बनकर रह गई है।

मायावती का एक दशक पहले विधानसभा और लोकसभा में बेहतर प्रदर्शन के पीछे सबसे हिट गणित रही है कि इलाके में जिस जाति की संख्या ज्यादा हो, उसे टिकट देकर दलित वोट के समीकरण से सीट जीती जाए। मगर, इस जीत में निर्णायक की भूमिका तब सपा से बसपा में वोट करने वाले मुसलमानों की ज्यादा संख्या का असर ज्यादा रहा है। साथ ही, अन्य पिछड़ी जातियों का झुकाव बसपा में था। एक दशक से मोदी मैजिक के दौर में ओबीसी जातियों का समीकरण सपा और बसपा दोनों से बिगड़ गया है।

इस बार लोकसभा चुनाव में मुसलमानों का झुकाव इंडी गठबंधन के साथ ज्यादा दिख रहा है। ऐसे में बसपा जाट लैंड में जाट प्रत्याशी और मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रो में मुसलमानों को अब दिए गए टिकट से सपा और भाजपा दोनों को नुकसान पहुंचाती दिख रही है।

# यूपी में पर्यटन की अपार संभावनाएं : जयवीर




कार्यक्रम के दौरान पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह, साथ में अन्य। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- यूपी ट्रेवल मार्ट- 2024 को लेकर कार्यक्रम का आयोजन

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश धार्मिक, आर्थिक और प्राकृतिक संसाधनों से परिपूर्ण है। यहां पर्यटन की संभावनायें हैं। सरकार भी प्रयासरत है। दुनिया भर के टॉप ब्रांड आज अयोध्या में होटल बना रहे हैं। 2023 में करीब 48 करोड़ घरेलू पर्यटक यूपी पहुंचे थे। यह बात पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने मंगलवार को गोमती नगर स्थित एक होटल में यूपी सरकार और फिक्की की ओर से आयोजित यूपी ट्रेवल मार्ट-2024 के दौरान पत्रकारों से कही।

मंत्री ने कहा प्रदेश में पर्यटन स्थल की खासियत और पर्यटकों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी यूपी ट्रेवल मार्ट के जरिये की जा रही है। पर्यटन स्थल वहां से जुड़ी कहानियों की जानकारी से लोगों का आकर्षित करते हैं। बताया कि पर्यटन को बढ़ावा देने में कानून व्यवस्था और कनेक्टिविटी का योगदान होता है। इन तीनों मामलों में यूपी बेहतर है। बता दें सरकार के पर्यटन विभाग और फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) ने मिलकर यूपी ट्रैवल मार्ट (यूपीटीएम) के छठे संस्करण का आयोजन 25 से 29 अप्रैल 2024 तक गोरखपुर में करने की घोषणा की है। इसी को लेकर आयोजित कर्टन रेजर में फिक्की और यूपी पर्यटन और उप-समिति के अध्यक्ष प्रतीक हीरा ने यूपी ट्रैवल मार्ट की जानकारी दी।

## वर्ग पहेली-8

**बाएं से दाएं**

1. उर्दू उच्चारणानुसार वर्तनी (दे. गरूर)।

3. 1. छेद करना, बेधना, भेदना 2. क्षत या घाव करना 3. छिन्न करना, काटना 4. किसी तल में नुकीली वस्तु धंसाकर उसमें सुराख़ करना।

4. लंबा, विशाल, विस्तृत।

5. 1. छोटी पहाड़ी 2. टीला 3. चम्मच 4. एक ही काठ की बनी हुई नाव।

6. 1. चकमा देने वाला, फ़रेबी, फुसलाने वाला, झूठा आश्वासन देने वाला 2. दम देने या लगाने वाला, गांजा

7. विवश, लाचार, जिसपर ज़ब्र किया गया हो, नि:सहाय।


8. सुस्ती, शिथिलता, उत्साहहीनता।

9. 1. सामान्य, मामूली, सार्वजनिक, आम 2. बहुत-सी जगह पर मिलने वाला, साधारण।

10. वह कल्पित जिन्न या प्रेत जिसकी मुस्लिम समाज की स्त्रियों द्वारा पूजा की जाती है।

**ऊपर से नीचे**

2. रूढ़ परंपराओं को ज्यों का त्यों मान लेने वाली विचारधारा या प्रथा।



### वर्ग पहेली -7 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | 1 थी | ■ | 2 कि | य | त |
| 3 तू | ल | म | तू | ल | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | ■ | 4 क | ले | जी |
| ■ | 5 उ | घा | ड़ | ना | ■ | ■ |
| 6 ए | षा | ■ | ■ | ■ | ■ | 7 ख |
| ■ | गा | ■ | ■ | ■ | ■ | ट |
| 8 यौ | न | शो | ष | ण | ■ | ना |

## सुडोकू -87

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | 6 | | | | 5 | |
| | | | | 3 | | | 8 | |
| 1 | | | 4 | | | | | 6 |
| | | 7 | | 2 | | 6 | | |
| | | | 1 | | 7 | | | |
| 4 | | 3 | | 8 | | 5 | | |
| | 2 | | | | 9 | | | 3 |
| | 4 | | | 1 | | | | |
| | 6 | | | | 5 | 2 | | 1 |

### सुडोकू -86 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 4 | 6 | 1 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 1 | 6 | 2 | 8 | 9 | 5 | 4 | 3 | 7 |
| 8 | 9 | 7 | 2 | 3 | 4 | 1 | 6 | 5 |
| 4 | 2 | 8 | 9 | 7 | 3 | 6 | 5 | 1 |
| 6 | 1 | 3 | 5 | 8 | 2 | 7 | 9 | 4 |
| 9 | 7 | 5 | 4 | 6 | 1 | 8 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 1 | 7 | 2 | 9 | 5 | 4 | 6 |
| 2 | 4 | 9 | 1 | 5 | 6 | 3 | 7 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 8 | 9 | 1 | 2 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 13 मार्च,बुधवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष,तिथि-चतुर्थी 14 मार्च 01.25 तक तत्पश्चात पंचमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अश्विनी 18.24 तक तत्पश्चात भरणी।

**मेष:** आज परिवार के साथ काफी अच्छा समय बिताएंगे। कारोबार में सब कुछ आपके अनुसार ही होता प्रतीत होगा। इससे आपका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। आप बेहद आनंदित रहने वाले हैं। आपकी कार्य-कुशलता में वृद्धि होगी।

**वृष:** आज यात्राओं के लिए दिन सुखद नहीं रहेगा। सहयोगी आपसे किसी बात को लेकर असहमत हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नशीले पदार्थों का सेवन न करें। दांपत्य संबंधों के लिए समय अवश्य निकालें।

**मिथुन:** आज दोपहर के बाद शुभ समाचार मिल सकते हैं। भारी उद्योगों से जुड़े लोगों को उत्तम धन लाभ हो सकता हैं। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। धैर्यपूर्वक किए गए कार्यों में सफलता मिलेगी। प्रेमीजन की भावनाओं की कद्र करें।

**कर्क:** आज व्यावसायिक लक्ष्य समय पर पूर्ण हो जाएंगे। जीवनसाथी से सलाह लेना आपके लिए हितकर होगा। दूसरों की बातों को ज्यादा तूल न दें। संतान की उन्नति से गौरवान्वित महसूस करेंगे। नए घर या जमीन में निवेश सकते हैं।

**सिंह:** आज अनावश्यक खर्चे नियंत्रित रखें। आपको पड़ोसियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखना चाहिए। काल्पनिक विचारों से दूरी बनाकर रखें। आपके काम रुक-रुक कर होंगे। शत्रु पक्ष अचानक से आपके विरुद्ध सक्रिय हो सकता है।

**कन्या:** आज अपनी व्यक्तिगत समस्याओं को किसी से शेयर न करें। रक्तचाप की समस्या होने की आशंका है। ज्यादा सोचने की आदत से आपको बचना चाहिए। पुराने मित्रों से मुलाकात होगी,लेकिन आप किसी कारण इससे प्रसन्न नहीं रहेंगे।

**तुला:** आज अपनी जिम्मेदारियों के प्रति निष्ठावान रहेंगे। इस समय सारी परिस्थितियां आपके अनुकूल हैं। जीवनसाथी आपके एक अच्छे मित्र की भूमिका निभाएगा। अपने मन की बातें जीवनसाथी से साझा कर सकते हैं।

**वृश्चिक:** आज आपकी रचनात्मक क्षमता में वृद्धि होगी। यदि मन में किसी प्रकार का कोई भय था तो वह दूर हो सकता है। धार्मिक यात्रा की योजना बना सकते हैं। किसी बड़ी समस्या का समाधान होने से निश्चिंत होंगे।

**धनु:** आज कला क्षेत्र से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त हो सकता है। मित्रों के परामर्श पर गंभीरता से ध्यान दें। संतान को लेकर कुछ परेशानी होने की आशंका है। गृह निर्माण के कार्य तेजी से पूर्ण होंगे। प्रेम संबंधी मामलों में निराशा हाथ लग सकती है।

**मकर:** आज योग और प्राणायाम करना उत्तम होगा। निजी रिश्तों को लेकर गंभीर रहें। काम न बनने के कारण मन निराश हो सकता है। आत्मविश्वास में कमी महसूस कर सकते हैं। इस समय नया कार्य शुरू करना उचित नहीं है।

**कुंभ:** आज विदेश में शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों को कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। रिलेशनशिप के मामलों में भाग्यशाली रहेंगे। ऑनलाइन कारोबार में बड़ा लाभ मिल सकता है। लोग आपके ऊपर पूर्ण विश्वास रखेंगे।

**मीन:** आज व्यर्थ की गतिविधियों में समय नष्ट न करें। महत्वपूर्ण अवसर आपकी प्रतीक्षा कर रहे हैं, इसीलिए लापरवाही भारी पड़ सकती है। कमीशन से जुड़े मामलों के लिए दिन बहुत अच्छा है। अनुभवी व्यक्तियों से मार्गदर्शन लेना लाभकारी होगा।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
जान से प्यारा — सुबह : 11.01
दानवीर — शाम : 04.13

**Sony Max**
बाहुबली 2 — सुबह : 09.58
अनाड़ी — रात : 07.00

**Sony Pix**
एस्केप रूम — सुबह : 10.28
द कान्जरिंग — रात : 09.00

**Zee Cinema**
यहां — सुबह : 10.30
फ्रीकी अली — रात : 07.30

**Colors Cineplex**
स्वदेश — दोपहर : 12.45
उंगली — रात : 10.35

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात 07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक महिला रिक्शे वाले से- मैं तुम्हारे रिक्शे से उतरकर जा रही थी, फिर भी तुम ने भाड़ा क्यों नहीं मांगा?
रिक्शा वाला- जी, मैं शरीफ औरतों से पैसे नहीं मांगता।
महिला-अगर मैं बिना भाड़ा दिए चली जाती तो?
रिक्शा वाला- मैं समझ जाता कि आप शरीफ नहीं हैं और फिर मैं भाड़ा मांग लेता।

कल मिंकी ने पड़ोसन से मिक्सी मांगी।
पड़ोसन- यहीं आकर यूज कर लो।
दूसरे दिन उसी पड़ोसन ने कहा ,जरा अपनी झाड़ू दे दो।
मिंकी- तुम यहीं आकर यूज कर लो।

# पुलिस ने तीन लुटेरे दबोचे

## राहगीरों को लिफ्ट देकर सामान की चोरी करते थे शातिर

कार्यालय संवाददाता ,इटावा



पुलिस द्वारा पकड़े गए तीनों शातिर आरोपी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** चौबिया थाना पुलिस ने गस्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर चौपला कट के पास से एक कार में सवार लिफ्ट देकर लोगों के पास से सामान लूटने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उनके पास से नगदी के अलावा चोरी किया गया सामान भी बरामद हुआ है। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद उन्हें जेल भेज दिया गया।

एसएसपी संजय वर्मा ने बताया कि विपिन कुमार पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी हिसामुद्दीनपुर थाना ठठिया कन्नौज ने सूचना दी कि जब वह सौरिख कट से नोएडा जा रहा था तभी स्कार्पियो में सवार लोगों ने उसे लिफ्ट के बहाने गाड़ी में बैठा लिया जब स्कार्पियो आगरा लखनऊ एक्सप्रेस-वे के किमी संख्या-111 पर पहुंची तभी कार में सवार तीनों व्यक्तियों द्वारा पेशाब करने के बहाने गाड़ी को रोका गया तथा जैसे ही वह गाड़ी से उतरकर पेशाब करने लगा तभी स्कोर्पियो कार सवार व्यक्ति उसका बैग एवं मोबाइल चोरी करके आगरा की तरफ भाग गये । सूचना पर तत्काल थाना चौबिया पर मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने कार सवार लोगों की तलाश शुरू कर दी। जब पुलिस टीम अपराधियों की तलाश में थी तभी एक कार आती दिखायी दी । पुलिसने रूकने का इशारा किया गया तो गाड़ी चालक ने कार को चौपला की ओर भगाने का प्रयास किया गया । पुलिस टीम द्वारा आवश्यक बल प्रयोग करते हुये सर्विस रोड नगला दलजीत अंडर बाईपास के पास से उन्हें पकड़ लिया।

- **लैपटॉप, विजिटिंग कार्ड एटीएम कार्ड, मोबाइल, दो नंबर प्लेट व नकदी बरामद**

पकडे गए लोगों के पास से सामान के अलावा नगदी बरामद हुई। पूछताछ में पकड़े गए लोगों ने अपने नाम बादल कुमार पुत्र सुरेश पंडित निवासी करन जी वैशाली बिहार, सचिन पुत्र संजय महतो रत्ती भगवान पुर वैशाली बिहार,अमित शर्मा पुत्र रत्नेश्वर शर्मा निवासी धरम पुर वैशाली बिहार बताया। उन्होंने बताया कि वह लिफ्ट देकार लोगो का समान चोरी करते है। गाड़ी की पहचान छुपाने के लिए वह अलग अलग नंबर प्लेट लगा लेते है। पुलिस ने पकड़े तीनों आरोपियों को आवश्यक कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया।

## हत्या के दोषी दो भाइयों को उम्रकैद

**उन्नाव।** सदर कोतवाली अंतर्गत करीब 21 साल पहले चार भाइयों ने एक युवक पर फायरिंग करते हुए उसे मौत के घाट उतार दिया था। पुलिस ने हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर सभी पर गैंगस्टर की भी कार्रवाई की थी। मंगलवार को गैंगस्टर कोर्ट में अंतिम सुनवाई के बाद कोर्ट ने दो भाइयों को उम्र कैद की सजा दी। वहीं, इसी मामले के दो भाइयों की सुनवाई के दौरान मौत हो चुकी है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला तालिब सरांय निवासी करीमुल्ला ने 13 दिसंबर-2002 को भतीजे शब्बन पर हुए जानलेवा हमले की तहरीर में बताया था कि घटना वाले दिन उसके वालिद की तबियत अचानक बिगड़ गई। इस पर उसका बेटा यासीन व भतीजा सब्बन बाइक से तालिब सरांय गए थे। बताया था कि बाद में वह और उसका भाई शमीमुल्ला भी वालिद को देखने जा रहे थे। घर के सामने सड़क पर पहले से खड़े इम्तियाज ने भतीजे शब्बन को गोली मार दी। उसके साथ तीनों भाई शमशाद, नौशाद व सज्जाद पुत्र मुन्ने खां भी मौजूद थे। गोली लगने से घायल भतीजे को उठाकर जिला अस्पताल लाए थे। जहां से डाक्टर ने उसे कानपुर रेफर कर दिया था।

# स्टॉक में नहीं मिला उठान का सरकारी खाद्यान्न

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- **अहेरीपुर राशन कोटेदार की दुकान निरस्त, ग्रामीणों ने की थी गड़बड़ी की शिकायत**

**अमृत विचार।** अहेरीपुर ग्राम पंचायत के कोटा डीलर के स्टॉक में जनवरी-फरवरी व मार्च महीने का सरकारी राशन का गल्ला न मिलने पर पूर्ति निरीक्षक ने अहेरीपुर कोटा डीलर के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मामला दर्ज कराया है। इसके अलावा राशन की दुकान को निलंबित कर पास के ही ग्राम पंचायत वीरपुर कोटा डीलर से सम्बद्ध कर दिया है। पूर्ति निरीक्षक ने ग्रामीणों की शिकायत पर कोटा डीलर की शिकायत की जांच की थी।

भरथना तहसील के पूर्ति निरीक्षक शैलेंद्र सागर ने बकेवर थाने में अहेरीपुर कोटा डीलर शीला देवी के विरुद्ध दर्ज कराये मामले में बताया कि ग्रामीणों ने फोन से शिकायत दर्ज करायी कि कोटा डीलर अंगूठा लगवा कर ग्रामीणों को गल्ला नहीं दें रहीं हैं। शिकायत पर उन्होंने 7 मार्च को मौके पर जाकर जांच की थी। साथ ही कोटा डीलर से इस मामले में पूछताछ भी की थी, लेकिन कोटा डीलर शीला देवी कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दें सकीं यही नहीं कोटा डीलर की दुकान के स्टॉक को चेक किया गया तो उसमें जनवरी-फरवरी माह अवशेष स्टॉक व मार्च महीने के ग्रामीणों को दिया जाने वाला उठान का गल्ला उपलब्ध नहीं मिला। जिसमें 70.97 कुंतल गेहूं, 135.77 कुंतल चावल, 59.96 कुंतल बाजरा, 16 किलो मक्का व 48 किलो चीनी उपलब्ध नहीं मिली। इस स्टॉक के न मिलने के संबंध में कोटा डीलर शीला देवी से पूछताछ कर जानकारी मांगी गई लेकिन वह कोई संतोष पूर्ण उत्तर नहीं दे सकी। पूर्ति निरीक्षक ने बताया अहेरीपुर कोटा डीलर के यहां राशन कोटा का गल्ला उपलब्ध न मिलने पर उन्होंने इस संबंध में अपनी पूरी रिपोर्ट एसडीएम भरथना को भेजी थी। डीएम के निर्देश पर कोटा डीलर अहेरीपुर शीला देवी के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा के तहत मामला दर्ज कराया गया है। तथा कोटा की दुकान को फिलहाल निलंबित कर दिया गया है अहेरीपुर के कोटा का राशन वीरपुर के कोटा डीलर से सम्बद्ध कर दिया गया है।

## सार-संक्षेप




मतदाता जागरुकता रैली निकालते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

### ग्रामीणों को शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया

**इटावा।** श्री तिरुपति बालाजी महाविद्यालय सैफई रोड छिमारा की एनएसएस इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर में स्वयंसेवकों ने शिविर स्थल की साफ सफाई की। सर्वधर्म प्रार्थना सभा तथा स्वयंसेवकों ने एनएसएस गीत गाया। कार्यक्रम अधिकारी रश्मि गुप्ता ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। स्वयंसेवकों को मतदाता जागरूकता अभियान से संबंधित कार्य सौंपा गया। जिसके अंतर्गत सभी स्वयंसेवकों को शतप्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई गई। रैली का आयोजन किया गया। स्वयंसेवकों ने मतदाता जागरुकता अभियान से संबंधित स्लोगन लिखे हुए पोस्टर बैनर आदि हाथ में लेकर संपूर्ण ग्राम का भ्रमण किया। मतदाता जागरुकता अभियान के बाद सभी स्वयंसेवक शिविर स्थल पहुंचे। शिविर स्थल पर बौद्धिक सत्र का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. पुनीत मिश्रा ने अपने वक्तव्य के माध्यम से लोकतंत्र में मताधिकार के महत्व पर प्रकाश डाला।

### पुलिस ने किया पैदल मार्च, ड्रोन से हुई निगरानी

**बिधूना, औरैया।** कोतवाली कस्बा बिधूना में आगामी होली के त्यौहार और रमजान के महीने को लेकर पुलिस क्षेत्राधिकारी तथा कोतवाली प्रभारी ने भारी पुलिस बल के साथ कस्बे के प्रमुख मार्ग पर जहां पैदल मार्च किया। वही संवेदनशील इलाके में ड्रोन कैमरे से निगरानी की गई। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक चारू निगम के निर्देशन में पुलिस क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार सिंह व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक श्रीकेस भारती ने कोतवाली के उपनिरीक्षकों एवं महिला पुरुष आरक्षियों के साथ कस्बे के फीडर रोड, लोहा बाजार, दिबियापुर रोड, बेला रोड तथा भगत सिंह चौराहे पर पैदल मार्च किया। इस दौरान ड्रोन कैमरे से भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर निगरानी भी पुलिस के द्वारा की गई।




जैविक खेती से जुड़ी सामग्री प्राप्त करते किसान। अमृत विचार

### किसानों को दी गई जैविक खेती से जुड़ी सामग्री

**महेवा, इटावा।** जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री समृद्धि केंद्रों के सहयोग से किसानों को खेती के कार्यं से संबंधित सामग्री प्रदान की गई। साथ ही जैविक खेती को अच्छे प्रकार से करने की विधियां भी बताई गईं। कार्यक्रम के जिला समन्वयक लक्ष्य तिवारी, ब्लॉक कोआर्डिनेटर महेंद्र सिंह ने दर्जन भर किसानों को ड्रम ,बाल्टी ,छन्नी ,मग्गा ,डी-कम्पोजर ,तरल उर्वरक ,हेड स्पेयर आदि सामान प्रदान किया। बताया कि ब्लॉक महेवा के ग्राम गुलाबपुरा ,लवेदी ,नदगवा ,नवादाखुर्दकला ,इकनौर ,दिलीपनगर गांव को इस योजना में शामिल किया गया है। प्रति गांव 20 हेक्टेयर का लक्ष्य निर्धारित है। हर गांव में 20 से 50 किसान को लाभान्वित किया जाना है। इस दौरान सहायक विकास अधिकारी कृषि अनुराग दुबे ,राजकीय बीज भंडार प्रभारी बृजेन्द्र बाबू सहित दर्जनों किसान मौजूद रहे।




मतदाता जागरुकता रैली निकालते बच्चे। अमृत विचार

### मतदाताओं को जागरूक करने को निकाली रैली

**महेवा, इटावा।** आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए शत प्रतिशत मतदान के लिए स्वीप टीम महेवा के निर्देशन में प्राथमिक विद्यालय भरईपुर के छात्र/छात्राओं ने मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत रैली निकाल कर मतदाताओं को जागरूक किया। खंड शिक्षा अधिकारी उदय सिंह राज ने मतदाताओं को शपथ दिलाकर कार्यक्रम समापन की घोषणा की। स्वीप टीम महेवा प्रभारी अर्चना चौधरी, चन्द्र जीत सिंह,नीरज सिंह ,आलोक दोहरे,रेखा सोनी,ग्राम प्रधान सोनी यादव,पुष्पेंद्र यादव,नीता,सावनश्री, कल्पना,विजय यादव,अजय कुमार,शिव शंकर,जगतार सिंह,राम सरोवन,हेमराज,राजेंद्र कुमार, राम नारायण सिंह आदि ने सहभागिता की।

# अलग-अलग सड़क हादसों में सात लोग गंभीर घायल

**नवाबगंज उन्नाव।** कानपुर-लखनऊ हाईवे पर अलग-अलग सड़क हादसों में 7 लोग गंभीर घायल हो गये। जिनमें प्राथमिक उपचार के बाद दो लोगों को जिला अस्पताल भेजा गया। एक ऐसा भी रहा जिसकी बाईक ट्रक के नीचे आ गयी लेकिन, उसे हल्की खरोंच ही आई। जिससे लोगों ने कहा कि मारने वाले से बचाने वाला बड़ा होता है। पहली घटना पक्षीविहार के पास हुई। जिसमें दो बाईक सवार विमलेश व विकास पुत्र राजनरायन निवासी करोवन सदर कोतवाली घालय हो गये। जिन्हें स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। वहीं, दूसरी घटना अजगैन के सामने हुई। जिसमें 4 लोग रोहित व अंकित पुत्र भिखारीलाल शर्मा व अमित पुत्र संजय सिंह नवाबगंज, दीपक पटेल पुत्र प्रीतम निवासी भूपतीखेड़ा गोमती नगर लखनऊ को चोटें आईं। सभी को स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जिसमें गंभीर हालत देख विमलेश व विकास को जिला अस्पताल भेजा गया। इसके अलावा तीसरी घटना भल्लाफार्म के पास हूई। जिसमें सुरेश पुत्र गुरुचरन निवासी असोहा की बाइक ट्रक के नीचे आ गयी। लेकिन, वह इसमें बाल-बाल बच गया।

# सीएए व चुनावों को लेकर प्रशासन अलर्ट

कार्यालय संवाददाता, इटावा



जसवंतनगर में पैदल मार्च करते डीएम अवनीश राय व एसएसपी संजय कुमार।

- **डीएम व एसएसपी ने फोर्स के साथ किया पैदल मार्च**

**अमृम विचार।** नागरिकता संशोधन कानून लागू होने तथा लोकसभा चुनाव को देखते हुए जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है। इसके लिए डीएम अवनीश कुमार राय तथा एसएसपी संजय कुमार वर्मा मंगलवार को फोर्स के साथ सड़क पर उतरे और पैदल मार्च करके लोगों को सुरक्षा का अहसास कराया। दोनों अधिकारियों ने मुख्य शहर में अर्द्ध सैनिक बलों तथा पुलिस के साथ पैदल मार्च किया।

डीएम तथा एसएसपी ने फोर्स के साथ शहर में पक्का तालाब चौराहा से नौरंगाबाद चौराहा, इस्लामियां इंटर कॉलेज होते हुए शास्त्री चौराहा तक पैदल मार्च किया। उन्होंने इस्लामिया इंटर कॉलेज एवं राजकीय इंटर कॉलेज में चुनाव के मद्देनजर बूथों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इन मतदान केन्द्रों पर बिजली, पानी ,जनरेटर आदि की व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के लिए कहा ताकि चुनाव के समय कोई परेशानी ना हो। निरीक्षण के दौरान आईटीबीपी के इस्पेक्टर मोहम्मद समीर के नेतृत्व में दो पार्टिया, आईटीबीपी की शामिल रही। एसपी सिटी अभयनाथ त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी सदर विक्रम सिंह राघव, क्षेत्राधिकारी अमित कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी जसवंतनगर कुमार सत्यम जीत, क्षेत्राधिकारी जसवंतनगर विवेक जावला भी साथ रहे।

# गौशालाओं से बाहर घूम रहे अन्ना मवेशी

संवाददाता, फफूंद, औरैया



खेत पर खड़ी फसल को चौपट करते गोवंश। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भले ही सरकार द्वारा गोवंश को गौशालाओं में आश्रय देने के तमाम वायदे और दावे किए जा रहे हैं। लेकिन, जमीनी धरातल पर इन सरकारी दावों को संबंधित अधिकारियों की उदासीनता से पलीता लगता नजर आ रहा है। 90 प्रतिशत आवारा गोवंश किसानों की फसलें उजाड़ने के साथ सड़कों पर चहलकदमी कर यह आवारा गोवंश बड़े पैमाने पर मार्ग दुर्घटनाओं को भी अंजाम दे रहे हैं, जिससे गोवंश की धमाचौकड़ी से समूचे जिले में हाय तौबा मचा हुआ है।

कहने को तो प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा आवारा गोवंश को गौशालाओं में आश्रय देने के जिले के संबंधित आला अधिकारियों को निर्देश देने के साथ आवारा गोवंश के गौशालाओं में पहुंचाने के तमाम दावे भी किए जा रहे हैं लेकिन जिले में जमीनी धरातल पर देखने में आ रहा है कि 90 प्रतिशत आवारा गोवंश के झुंड के झुंड किसानों की लाखों रुपए की लागत और मेहनत से उगाई गई फसलों को तहस-नहस कर पर बर्बाद कर रहे हैं जिससे किसानों की बदहाली पिछले कई वर्षों से निरंतर बढ़ती ही जा रही है। यही नहीं सबसे गौरतलब बात तो यह है कि आवारा गोवंशों के झुंड के झुंड सड़कों पर टहलने भागने से आए दिन बड़ी मार्ग दुर्घटनाएं हो भी रही है जिससे जिले में आवारा गोवंश की समस्या से हाय तौबा मचा हुआ है। जिले में गौशालाओं की हालत यह है कि 95 प्रतिशत अस्थाई गौशालाओं में उंगलियों पर गिनने लायक इक्का-दुक्का गोवंश ही आश्रय पाते नजर आ रहे हैं और पिछले कई सालों में आश्रय पा रहे यह गोवंश भी संबंधित प्रशासन की बदइंतजामी के चलते भूख प्यास बीमारी से आए दिन दम तोड़ते ही नजर आ रहे हैं इसके बावजूद संबंधित प्रशासन इस पर पर्दा डालकर गौशालाओं में बेहतर इंतजाम के दावे कर अपनी पीठ भी थपथपाने से नहीं चूक रहा है। आवारा गोवंश के कहर से पिछले लंबे अर्से से फसलों की बर्बादी से आर्थिक तंगी और कर्जदारी से जूझ रहे हैं। अनिल , विशाल, गोरेलाल, सर्वेश , राजू आदि क्षेत्रीय जागरूक लोगों व किसान नेताओं ने आवारा गोवंश की समस्या से जल्द निजात दिलाने की मांग करते हुए समस्या का समाधान न किए जाने पर इसके खिलाफ आंदोलनात्मक कदम उठाने की भी चेतावनी दी है।

# दस हजार रुपये मांगने पर महिला दरोगा निलंबित

संवाददाता सैफई, इटावा

- **सिपाही के परिजनों से मांग रही थी रुपये, विभागीय जांच के दिए गये आदेश**

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के गोबेपुर गांव में एक मार्च को अवकाश पर आए हेड कांस्टेबल की हत्या होने के प्रकरण में पीड़ित पक्ष से हैवरा चौकी इंचार्ज को कथित दस हजार रुपये की रिश्वत मांगने के आरोप में एसएसपी ने महिला दरोगा को निलंबित कर दिया है।

थाना क्षेत्र के गोवेपुर निवासी अनिल कुमार यादव पुत्र सर्जन सिंह यादव मथुरा जिले में पुलिस के परिवहन शाखा में कार्यरत थे। आलू की खुदाई कराने के लिए एक मार्च को तीन दिन की छुट्टी पर घर आए। हेड कांस्टेबल अनिल कुमार के ताऊ दर्शन सिंह, उनके पुत्र ओमपाल व पौत्र अभिषेक ने एक मार्च को ट्यूबवेल पर बने बरामदे में सोते समय चेहरे पर फावड़ा व दराती से कई वार कर के हत्या कर दी थी। मृतक के भाई नीरज की तहरीर पर ताऊ दर्शन सिंह उसके पुत्र ओमपाल व पौत्र अभिषेक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की जांच चौकी इंचार्ज हैवरा द्वारा की जा रही थी। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि चौकी इंचार्ज ने मृतक के परिजनों से दस हजार रुपये की मांग की। जिसकी शिकायत एसएसपी से की गई। एसएसपी ने प्रभारी निरीक्षक से जांच कराकर निलंबित करने को कहा।

**एसएसपी को दिया धन्यवाद**

भारतीय किसान यूनियन के तहसील अध्यक्ष जनवदे सिंह ने एसएसपी संजय कुमार वर्मा को धन्यवाद देते हुए कहा दरोगा के खिलाफ जो कार्रवाई की है, इसके लिए वह अपने संगठन की तरफ से आभार जताते हैं।

# 23 किलो सोना बरामदगी में इत्र कारोबारी पीयूष जैन बरी

**'कालेधन का कुबेर'**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **स्पेशल सीजेएम कोर्ट ने सुनाया फैसला, वर्ष 2021 में छापेमारी में आवास से बरामद हुआ था सोना**
- **इत्र कारोबारी ने जब्त लगभग 18 करोड़ के सोने पर छोड़ा दावा 56.86 लाख पेनाल्टी जमा की**

**अमृत विचार।** इत्र कारोबारी पीयूष जैन के घर से मिले 23 किलो सोने के मामले में मंगलवार को फैसला आया। कस्टम विभाग की छह शर्तें पूरी करने के बाद स्पेशल सीजेएम की कोर्ट ने इत्र कारोबारी को दोष मुक्त करार दिया। वर्ष 2021 में जीएसटी इंटेलीजेंस महानिदेशालय (डीजीजीआई) अहमदाबाद की छापेमारी में इत्र कारोबारी के कानपुर व कन्नौज स्थित ठिकानों से 197 करोड़ रुपये नकद और 23 किलो सोना बरामद हुआ था।

जीएसटी चोरी व कस्टम एक्ट के तहत सोना तस्करी का मुकदमा दर्ज कराया गया था। इत्र कारोबारी पीयूष जैन के आनंदपुरी निवासी में छापेमारी के दौरान टीम ने आवास की दीवारें और फर्श तोड़ी थीं तो नोटों की गड्डियां गिरने लगी थीं। डीजीजीआई टीम ने रुपयों से भरे 42 बक्से जब्त किए थे। टीम ने पीयूष जैन के कन्नौज स्थित आवास में भी छापेमारी की थी, वहां से करीब 23 किलो सोना बरामद किया गया था। टीम ने छापेमारी में 197 करोड़ रुपये व 23 किलो सोना जब्त कर जीएसटी चोरी व सोना तस्करी के आरोप में कस्टम एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया था। इसके बाद आरोपी पीयूष जैन को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। कस्टम एक्ट के मामले में पीयूष जैन ने मुख्य आयुक्त कस्टम (निवारक) प्रक्षेत्र पटना को प्रार्थना पत्र दिया गया था, जिसमें मामले में बरामद किया गया सोना जब्त कर दोष मुक्त करने की अपील की गई थी। इस पर कस्टम विभाग ने छह सूत्रीय मांग पूरी करने के निर्देश दिए थे। इनमें 30 दिन के भीतर 56.86 लाख रुपये पेनाल्टी जमा करने, आरोपी द्वारा जब्त सोने व अन्य सामग्री के पर कोई दावा न करने, लखनऊ आयुक्त (अपील) के समक्ष वापस ली गई अपील पुर्नजीवित न करने तथा उन्मुक्ति का आदेश न्यायालय के अनुमोदन के आधीन होगा जैसे दिशा-निर्देश शामिल थे। पीयूष जैन ने कस्टम विभाग की शर्तों को पूरा करते हुए 56.86 लाख की पेनाल्टी जमा कर दी थी। इसके बाद पीयूष जैन ने स्पेशल सीजेएम स्नेहा की कोर्ट में मुकदमा खत्म करने की अपील दाखिल की थी। मंगलवार को कोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए पीयूष जैन को दोष मुक्त करार दिया। अब इत्र कारोबारी के खिलाफ बरामद किए गए लगभग 200 करोड़ कैश के मामले में सुनवाई होनी है।

**खुशखबरी** कन्नौज के सांसद सुब्रत पाठक करेंगे उद्घाटन, दो साल तक कस्बावासियों को करना पड़ा इंतजार, अब मिलेगी राहत

# आज से शुरू हो जाएगा बिधूना नेत्र चिकित्सालय

कार्यालय संवाददाता, औरैया



चिकित्सालय का जायजा लेते सीएमओ डॉ. सुनील कुमार वर्मा।

**अमृत विचार।** बिधूना स्थित डॉ. राममनोहर लोहिया नेत्र चिकित्सालय के संचालित होने को लेकर दो साल से कस्बावासी इंतजार कर रहे थे। लेकिन, अब इंतजार की घड़िया समाप्त हो गई हैं। 13 मार्च यानी आज से अस्पताल का विधिवत संचालन शुरू हो जाएगा। आज अस्पताल का औपचारिक उद्घाटन सांसद सुब्रत पाठक करेंगे।

अधीक्षक ने सोमवार को चार्ज संभाला है। वहीं, एक बाबू ने भी ज्वाइन किया है। 10 अन्य स्टाफ 13 मार्च तक ज्वाइन कर लेंगे। वहीं सोमवार को अस्पताल में साफ- सफाई के साथ ही फर्नीचर की खेप पहुंची है। बिधूना में छह करोड़ 93 लाख रुपये की लागत से 50 बेड के डॉ. राममनोहर लोहिया अस्पताल की बिल्डिंग को तैयार किया गया था। 6 नवंबर 2021 को मुख्यमंत्री ने इसका लोकार्पण किया था। दो साल से लटके अस्पताल के संचालन को लेकर गत 19 जनवरी को डिप्टी सीएम व स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने ट्वीट करते हुए चिकित्सीय स्टाफ की तैनाती के संबंध में जानकारी साझा की थी।

डेढ़ माह बीत जाने के बाद भी चिकित्सकों व स्टाफ ने यहां कार्यभार ग्रहण नहीं किया था। मामले का संज्ञान लेते हुए सीएमओ डॉ. सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि उनके स्तर से अस्पताल को फर्नीचर मुहैया कराते हुए अस्पताल की सफाई शुरू कराई गई। सोमवार को कांशीराम संयुक्त चिकित्सालय व ट्रॉमा सेंटर कानपुर नगर में तैनात रहे डॉ. धीरेंद्र कुमार सक्सेना ने नेत्र चिकित्सालय में अधीक्षक का चार्ज संभाल लिया है। इसके साथ ही बाबू अभिषेक ने भी ज्वाइन कर लिया है।

जिले की सीएचसी पीएचसी व अस्पतालों में तैनात 10 चिकित्सीय स्टाफ ने भी चार्ज संभाल लिया है। एक बाबू ने भी ज्वाइन कर लिया है। अन्य स्टाफ को बुधवार यानी आज ज्वाइन करने की संभावना है। जिन्हें संबंधित सीएचसी, पीएचसी व अन्य जगहों से रिलीज करने के निर्देश दे दिए गए हैं। नेत्र चिकित्सालय में फर्नीचर पहुंचा दिया गया है। साफ-सफाई कराई जा रही है। सीएमओ ने रिलीज करते हुए नेत्र चिकित्सालय में तैनाती ग्रहण करने के निर्देश जारी कर दिए हैं।

# अजीतमल व बिधूना में सीबीसी जांच शुरू, दिबियापुर में बाकी

**औरैया।** जिले में सीबीसी जांच दिबियापुर सीएचसी में प्रभावित है। सहार, बिधूना, अजीतमल में रीजेंट पहुंचते ही जांचे शुरू हो गई हैं। दिबियापुर सीएचसी में रोजेंट पहुंचने के बाद भी मशीन का संचालन शुरू नहीं हो सका है। सीबीसी की जांच बाहर से कराने में 300-500 रुपये खर्च करने पड़ रहे हैं। चिकित्सीय मत के अनुसार स्वास्थ्य सेवाओं की दिशा में जांचों की उपयोगिता अहम है। मरीजों को उपचार से लेकर परामर्श का आधार होती हैं।

सीएचसी स्तर पर पिछले दिनों अजीतमल, बिधूना व दिबियापुर में एक माह से सीबीसी जांचे रीजेंट के अभाव में बंद थी। खेप पहुंचने के साथ ही अजीतमल व बिधूना में जांचें तो शुरू हो गई लेकिन दिबियापुर सीएचसी में सीबीसी मशीन अभी तक प्रभावी नहीं हो सकी है। स्वास्थ्य अधिकारियों की माने तो टेक्निकल टीम की ओर से मरम्मत के बाद ही मशीन को चालू किया जा सकेगा। फिलहाल दिबियापुर सीएचसी में पहुंचने वाले मरीजों को बाहर से सीबीसी जांच करानी होगी। बता दें कि पिछले माह काफी हद तक रीजेंट के अभाव में सीबीसी जांचे बंद हो गई थी। इस दौरान मरीजों को अस्पताल के बाहर से जांच करानी पड़ी। वहीं दिबियापुर में अभी यह सिलसिला और चलने वाला है।

**बोले अधिकारी**

सीएमओ डॉ. सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि दिबियापुर सीएचसी में सीबीसी मशीन में तकनीकी खराबी को दूर करने के लिए टेक्निकल टीम से संपर्क किया गया है। जल्द ही मशीन की मरम्मत कराते हुए सीबीसी जांचें शुरू की जाएंगी।

## मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 1005 फ्लेंग 1115 डीएमओ 885 बोल्ड 1180, सम्भल-चन्दौसी-शिवालिक 1015 फ्लेंग 1130 बोल्ड 1180 डीएमओ 900।

## कानपुर मंडी

**अनाज (प्रति क्वि.)-**

| | |
|---|---|
| गेहूंदड़ा | 2525–2550 |
| आरआर 21 | 2700–2750 |
| गेहूंफारम | 2800–2850 |
| जौ | 2000–2100 |
| ज्वार | 2600–4000 |
| बाजरा | 2125–2175 |
| मकाई | 2000–2200 |

**दलहन (प्रति क्वि.)**

| | |
|---|---|
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 5800–5900 |
| अरहर | 7500–8000 |
| मसूर | 5500–5600 |
| मटर | 3700–4000 |
| उड़दहरा | 10000–10200 |
| उड़दकाला | 6000–8000 |
| मूंग | 8500–8800 |

**दाल (प्रति क्वि.)**

| | |
|---|---|
| अरहरफूल | 14400–14500 |
| अरहरस्पेशल1 | 12000–12100 |
| चनादाल | 7100–7200 |
| मटरदाल | 4950–5050 |
| मसूरमलका | 7000–7050 |
| मसूरदाल | 7100–7150 |
| उड़ददाल | 9000–12000 |
| उड़द धोवा | 10500–13000 |
| मूँगदाल | 8800–10300 |
| मूँग धोवा | 9800–11500 |

**चावल (प्रति क्वि.)**

| | |
|---|---|
| अरवा | 2000 – 2300 |
| बासमती नं.1 | 8500 – 10000 |
| सेला | 2500 – 3000 |
| बासमती नं.2 | 6500 – 7500 |

**आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)**

| | |
|---|---|
| आटा | 1490–1550 |
| मैदा | 1450–1500 |
| सूजी | 1500–1550 |

**चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)**

| | |
|---|---|
| शाहपसंद | 1430–1475 |

**तिलहन (प्रति क्वि.)**

| | |
|---|---|
| लाही | 4900–4950 |
| अलसी | 4500–4600 रुपये। |

# औद्योगिक उत्पादन वृद्धि धीमी पड़कर 3.8% पर

## जनवरी के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक के आंकड़े जारी, दिसंबर वृद्धि दर 4.2 प्रतिशत थी

नई दिल्ली, एजेंसी



विनिर्माण, खनन और बिजली क्षेत्रों के खराब प्रदर्शन की वजह से जनवरी, 2024 में देश की औद्योगिक उत्पादन वृद्धि धीमी होकर 3.8 प्रतिशत रह गई। मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के संदर्भ में मापा जाने वाला कारखाना उत्पादन की वृद्धि जनवरी, 2023 में 5.8 प्रतिशत रही थी। वहीं, एक महीने पहले दिसंबर, 2023 में आईआईपी की वृद्धि दर 4.2 प्रतिशत रही थी, जबकि नवंबर में यह 2.4 प्रतिशत रही थी। इसके साथ ही चालू वित्त वर्ष के पहले 10 माह यानी जनवरी तक औद्योगिक उत्पादन वृद्धि 5.9 प्रतिशत रही है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में औद्योगिक उत्पादन 5.5 प्रतिशत बढ़ा था। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने बयान में कहा-जनवरी, 2024 में भारत का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक 3.8 प्रतिशत बढ़ गया।

नवीनतम आंकड़ों के मुताबिक, विनिर्माण क्षेत्र की उत्पादन वृद्धि जनवरी में घटकर 3.2 प्रतिशत रह गई जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 4.5 प्रतिशत थी। जनवरी के महीने में बिजली क्षेत्र का उत्पादन भी धीमी 5.6 प्रतिशत की रफ्तार से बढ़ा। एक साल पहले इसी अवधि में बिजली क्षेत्र का उत्पादन 12.7 प्रतिशत बढ़ा था। इसके अलावा समीक्षाधीन महीने में खनन उत्पादन वृद्धि भी साल भर पहले के नौ प्रतिशत के मुकाबले घटकर 5.9 प्रतिशत रह गई। देश में उपयोग पर आधारित वर्गीकरण के मुताबिक, जनवरी माह में पूंजीगत उत्पाद खंड की वृद्धि घटकर 4.1 प्रतिशत रह गई, जबकि एक साल पहले की अवधि में यह 10.5 प्रतिशत रही थी।

### खुदरा मुद्रास्फीति मामूली नरम होकर 5.09% पर



खुदरा मुद्रास्फीति फरवरी में मामूली घटकर चार महीने के निचले स्तर 5.09 प्रतिशत पर आ गई। इसके साथ, यह लगातार छठे महीने भारतीय रिजर्व बैंक के दो से छह प्रतिशत के संतोषजनक दायरे में है। मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, खाद्य वस्तुओं के दाम में तेजी के बावजूद उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति जनवरी में 5.1 प्रतिशत के लगभग बराबर है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के मुताबिक, खाद्य वस्तुओं की महंगाई फरवरी में 8.66 प्रतिशत रही जो इससे पिछले महीने 8.3 प्रतिशत से मामूली अधिक है। मासिक आधार पर सब्जियों, फल, तेल और वसा, दाल तथा उसके उत्पादों की महंगाई में मामूली कमी आई।

## मांडविया ने जन औषधि केंद्र संचालकों के लिए शुरू की ऋण योजना

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य और रसायन एवं उर्वरक मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को कहा कि जन औषधि केंद्रों के संचालकों के लिए सिडबी की ऋण सहायता योजना इस नेटवर्क को आगे बढ़ाने और मजबूती देने में मददगार साबित होगी। मांडविया ने ऋण सहायता योजना और इसके लिए एक समर्पित वेबसाइट की शुरुआत करने के बाद कहा कि जन औषधि केंद्र के छोटे संचालकों को बिना किसी गारंटी के सिडबी से कर्ज उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि सिडबी की इस योजना से जन औषधि केंद्र के संचालकों को कारोबार शुरू करने या उसका विस्तार करने में मदद मिलेगी। ऐसे कर्ज पर गारंटी, चाहे कार्यशील पूंजी हो या सावधि ऋण को सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट (सीजीटीएमएसई) की तरफ से मुहैया कराया जा रहा है।

## आंकड़ों की कमी से किसानों की आय का पता लगाना मुश्किल

नई दिल्ली, एजेंसी

● नीति आयोग के सदस्य रमेश चंद बोले-ये कमी बन गई है बाधा



नीति आयोग के सदस्य रमेश चंद ने कहा है कि किसानों की आय दोगुनी हुई है या नहीं, इसका पता लगाने के रास्ते में कृषकों और अन्य स्रोतों से उनकी आय को लेकर आंकड़ों की कमी बाधा बनी हुई है। उन्होंने कहा कि किसान गैर-कृषि स्रोतों से अधिक कमाई कर रहे हैं।

रमेश चंद ने यह भी कहा कि कृषि वस्तुओं की कीमतें किसी कानून के जरिये तय नहीं की जा सकती, क्योंकि इसके गंभीर प्रभाव हैं। यह न तो कृषि क्षेत्र और न ही किसानों के हित में हैं। उन्होंने बातचीत में कहा-सरकार ने किसानों की आय दोगुनी करने का लक्ष्य तय किया था ताकि हम इसके लिए और अधिक प्रयास करें। इस लक्ष्य के हिसाब से हम कहां हैं, इसका आकलन करने की जरूरत है। लेकिन आवश्यक आंकड़े हमारे पास उपलब्ध नहीं हैं। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने 2016 में 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा था। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए रणनीतियों के बारे में सुझाव देने को लेकर अप्रैल, 2016 में अंतर-मंत्रालयी समिति बनाई गई थी।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 74,900 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 67,400 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 50,200–50,400 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 65,750 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 65,650 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 74,000 |
| चांदी तैयार | 74,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 65,400 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 64,400 |
| चांदी पक्की | 733 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 65,400 |
| चांदी आभूषण | 73,800। |

## यूएसएफओ, प्रसार भारती और डिजिटल कॉमर्स के लिए ओएनडीसी की साझेदारी

नयी दिल्ली, एजेंसी

दूरसंचार विभाग (डीओटी) के अंतर्गत सार्वभौमिक सेवा दायित्व निधि (यूएसओएफ) ने प्रसार भारती और डिजिटल कॉमर्स के लिए ओएनडीसी के साथ एक त्रिपक्षीय समझौता किया है। यह समझौता देश भर में सस्ती और सुलभ डिजिटल सेवाओं का प्रसार करेगा।

समझौते का उद्देश्य सार्वभौमिक सेवा दायित्व निधि (यूएसओएफ) के अंतर्गत भारतनेट बुनियादी ढांचे पर आधारित ग्रामीण भारत के लिए ब्रॉडबैंड सेवाओं को ओटीटी और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के साथ सहयोग करना है। डिजिटल नवाचार के लिए अनुकूल वातावरण को प्रोत्साहन देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पना और अटूट प्रतिबद्धता ग्रामीण भारत को सशक्त बनाने के लिए संपर्क, सामग्री और वाणिज्य के समन्वय वाले इस अद्वितीय सहयोग को रेखांकित करती है।

यूएसओएफ देश में ग्राम पंचायतों और गांवों में हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड तथा मोबाइल कनेक्शन को सक्षम बनाने में सहायक रहा है। किया गया यह समझौता ज्ञापन प्रत्येक उपभोक्ताओं के बीच समूह प्रसार भारती ओटीटी को एक सेवा के रूप में सक्षम करेगा।

## वनवेब को जल्द स्पेक्ट्रम आवंटन की उम्मीद

**नई दिल्ली।** भारती समूह द्वारा समर्थित वनवेब ने स्पेक्ट्रम के लिए आवेदन किया है और उसे उम्मीद है कि रेडियो तरंगों का शीघ्र आवंटन हो जाएगा। ह्यूजेस कम्युनिकेशंस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एचसीआईपीएल) के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक शिवाजी चटर्जी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि कंपनी को इस साल जून तक वाणिज्यिक उपग्रह संचार सेवाएं शुरू होने की उम्मीद है। एचसीआईपीएल और वनवेब ने पूरे भारत में 'लो अर्थ ऑर्बिट' (एलईओ) संपर्क सेवाएं मुहैया कराने के लिए एक छह वर्षीय वितरण भागीदार समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

## जीडीपी वृद्धि दर 8% के करीब रहेगी: नागेश्वरन

मुंबई, एजेंसी

● मुख्य आर्थिक सलाहकार बोले उत्साह में सजग रहने की जरूरत



उद्योग और सेवा क्षेत्र की गतिविधियों में तेजी के कारण वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर आठ प्रतिशत के करीब रहेगी। मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी अनंत नागेश्वरन ने मंगलवार को यह बात कही।

उन्होंने पंजीकृत निवेश सलाहकार संघ (एआरआईए) के एक कार्यक्रम को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिसे संबोधित करते हुए कहा कि वृद्धि सांख्यिकी मंत्रालय के 7.6 प्रतिशत के अनुमान से अधिक होगी। उन्होंने कहा कि निकट अवधि में भारत की संभावनाओं के बारे में आशावादी होने के कई कारण हैं।

नागेश्वरन ने कहा-अगर चौथी तिमाही के जीडीपी आंकड़े उस गति से बहुत कम नहीं होते हैं, जो हमने पहली तीन तिमाहियों में देखे हैं, तो सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 7.6 प्रतिशत के बजाय आठ प्रतिशत के करीब रहेगी। गौरतलब है कि सांख्यिकी मंत्रालय ने चालू वित्त वर्ष में वृद्धि दर 7.6 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। उन्होंने हालांकि जीत की खुशी से प्रभावित हुए बिना लक्ष्य की ओर विनम्रता के साथ काम करने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एक देश के रूप में हमें उच्च गति छोटी अवधि के लिए नहीं, बल्कि लंबी अवधि के लिए बनाए रखनी है। सीईए ने कहा कि 2023-24 में उद्योग और सेवाओं में वृद्धि भी देखी जा रही है।

# राष्ट्रीय

# 10 साल तो ट्रेलर है, अभी तो बहुत दूर तक जाना है : मोदी

## प्रधानमंत्री ने की गुजरात के साबरमती में 1,200 करोड़ रुपये के गांधी आश्रम स्मारक की शुरुआत

अहमदाबाद, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों के पास देश की विरासत को बचाने की ''राजनीतिक इच्छाशक्ति'' नहीं थी और जो देश अपनी विरासत को संजोकर नहीं रखता, उसका भविष्य भी अंधकारमय हो जाता है। मोदी ने गुजरात के अहमदाबाद शहर के साबरमती में 1,200 करोड़ रुपये के गांधी आश्रम स्मारक 'मास्टरप्लान' की शुरुआत की और 12 मार्च, 1930 को महात्मा गांधी द्वारा निकाले गए प्रसिद्ध दांडी मार्च या नमक मार्च के 94 साल पूरे होने के अवसर पर आयोजित एक समारोह में पुनर्विकसित कोचरब आश्रम का भी उद्घाटन किया। साथ ही प्रधानमंत्री



अहमदाबाद में गांधी आश्रम स्मारक के मास्टर प्लान के शुभारंभ के दौरान मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन किया गया। ● एजेंसी

नरेंद्र मोदी आज गुजरात से 10 वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने कहा कि ये 10 साल का काम सिर्फ एक ट्रेलर है, मुझे अभी लंबा सफर तय करना है।

प्रधानमंत्री ने इस मौके पर कहा-जो देश अपनी विरासत को संजोकर नहीं रखता, वह अपना भविष्य भी खो देता है। साबरमती आश्रम न सिर्फ देश, बल्कि पूरी मानव जाति के लिए एक धरोहर है। मोदी ने कहा-साबरमती आश्रम न केवल हमारे स्वतंत्रता संग्राम, बल्कि विकसित भारत के लिए भी तीर्थस्थल बन गया है। आज बापू की सोच हमारे देश के उज्ज्वल भविष्य को एक स्पष्ट दिशा दे रही है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद बनी सरकारों के पास देश के ऐसे धरोहर स्थलों को संजोकर रखने के लिए कोई राजनीतिक इच्छाशक्ति नहीं थी। कहा-इसका एक कारण भारत को विदेशी नजरिए से देखने की आदत थी और दूसरा कारण, तुष्टीकरण की मजबूरी थी।

### 85,000 करोड़ की रेलवे परियोजनाओं का उद्घाटन

प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार को 10 नयी वंदे भारत ट्रेन की शुरुआत करने के साथ 85,000 करोड़ रुपये की रेलवे परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने यहां 'डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (समर्पित माल ढुलाई गलियारा यानी डीएफसी) परिचालन नियंत्रण केंद्र' का दौरा करने के बाद गुजरात में अहमदाबाद के साबरमती क्षेत्र से परियोजनाओं की शुरुआत की। प्रधानमंत्री ने रेलवे कार्यशालाओं, लोको शेड, पिट लाइन/कोचिंग डिपो, फलटण – बारामती नयी लाइन और इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन प्रणाली उन्नयन कार्य की आधारशिला रखी तथा पूर्वी डीएफसी के न्यू खुर्जा से साहनेवाल (401 मार्ग किमी) खंड और पश्चिमी डीएफसी के न्यू मकरपुरा से न्यू घोलवड खंड (244 मार्ग किमी) के बीच समर्पित माल गलियारे के दो नए खंड राष्ट्र को समर्पित किए। उन्होंने चार वंदे भारत ट्रेनों के विस्तार की भी शुरुआत की। उन्होंने विभिन्न रेलवे स्टेशन पर 50 प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र राष्ट्र को समर्पित किए।

## आप अयोग्य ठहराए जाने पर कोर्ट क्यों नहीं गए

नई दिल्ली, एजेंसी

**अयोग्यता मामला**

● उच्चतम न्यायालय ने कांग्रेस के 6 बागी विधायकों से किया सवाल



उच्चतम न्यायालय ने हाल में राज्यसभा चुनाव में 'क्रॉस वोटिंग' करने वाले कांग्रेस के छह बागी विधायकों से मंगलवार को पूछा कि वे उन्हें अयोग्य ठहराए जाने के खिलाफ उच्च न्यायालय क्यों नहीं गए।

हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने 29 फरवरी को पार्टी व्हिप का 'उल्लंघन' करने पर कांग्रेस की अर्जी पर छह विधायकों को (सदन की सदस्यता के लिए) अयोग्य करार दिया था। इस व्हिप के अनुसार, उन्हें विधानसभा में मौजूद रहकर बजट के पक्ष में मतदान करना था। बागी विधायकों ने विधानसभा अध्यक्ष के फैसले को चुनौती देते हुए उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर की थी, जो न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्र की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आयी। इन याचिकाकर्ताओं के वकील ने यह कहते हुए पीठ से इस मामले की सुनवाई 15 या 18 मार्च के लिये स्थगित कर देने का अनुरोध किया कि वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे उनकी ओर से पेश होंगे, लेकिन वह सुनवाई में शामिल नहीं हो सके हैं। इस पर न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा-लेकिन, हमें एक बात बताइए, आप उच्च न्यायालय क्यों नहीं गए?'' जब वकील ने कहा कि याचिकाकर्ताओं ने याचिका में इसकी वजह स्पष्ट की है और यह कि वे विधायक के रूप में निर्वाचित हुए हैं, तब पीठ ने कहा कि यह मौलिक अधिकार नहीं है। वकील ने कहा कि यह दुर्लभ मामला है, जहां 18 घंटे के अंदर विधानसभा अध्यक्ष ने हमें अयोग्य करार दिया। पीठ ने इस मामले की अगली सुनवाई 18 मार्च तय की। याचिकाकर्ताओं ने पठानिया, राज्य के संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान तथा अन्य को इस याचिका में प्रतिवादी बनाया है। कांग्रेस के इन बागियों ने 27 फरवरी को राज्यसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी हर्ष महाजन के पक्ष में मतदान किया था और बाद में वे बजट पर 'मत विभाजन' में अनुपस्थित रहे थे।

## एक नजर

### मुंबई में इमारत गिरने से 3 श्रमिकों की मौत

**मुंबई।** मुंबई के बोरीवली में मंगलवार को एक निर्माणाधीन इमारत का एक हिस्सा गिर जाने से तीन श्रमिकों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति की हालत गंभीर है। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना दोपहर करीब एक बजे सोनी वाडी इलाके में कल्पना चावला चौक पर हुई। बताया कि निर्माणाधीन 24 मंजिला इमारत की 16वीं मंजिल पर स्थित मचान का कुछ हिस्सा गिर गया, जिससे चार श्रमिक घायल हो गए। उन्हें कांदिवली स्थित शताब्दी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनमें से तीन श्रमिकों को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया, जबकि चौथे पीड़ित की हालत गंभीर है।

### छह वाट का बल्ब बचाएगा 30 प्रतिशत बिजली

**नई दिल्ली।** ऊर्जा बचत समाधान मुहैया कराने वाली सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ईईएसएल ने मंगलवार को छह वाट के एलईडी बल्ब की पेशकश की। इस बल्ब से बिजली की खपत में लगभग 30 प्रतिशत की बचत होगी। यह एलईडी बल्ब किफायती प्रकाश योजना उजाला के तहत उपभोक्ताओं को मिलेगा। बता दें कि एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड (ईईएसएल) बिजली मंत्रालय के तहत एक संयुक्त उद्यम है।

## मोदी ने सीएए के जरिए हिंदू, जैन और सिख शरणार्थियों को सम्मानित किया

हैदराबाद, एजेंसी

● तेलंगाना में अमित शाह ने स्वयंसेवकों की बैठक को किया संबोधित



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) के जरिये हिंदू, बौद्ध, सिख और जैन शरणार्थियों को नागरिकता देकर सम्मानित किया है। यहां भाजपा सोशल मीडिया स्वयंसेवकों की एक बैठक को संबोधित करते हुए शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी ने तुष्टिकरण और वोट-बैंक की राजनीति के कारण सीएए का विरोध किया।

शाह ने सीएए लागू करने को जायज ठहराते हुए कहा, ''हमने कहा था कि हम सीएए लाएंगे। कांग्रेस पार्टी ने सीएए का विरोध किया।'' उन्होंने कहा, ''आजादी के बाद कांग्रेस और हमारे संविधान निर्माताओं का यह वादा था कि बांग्लादेश, अफगानिस्तान और पाकिस्तान में धार्मिक आधार पर सताये गए लोगों को भारत आने पर नागरिकता प्रदान की जाएगी, लेकिन तुष्टीकरण और वोट-बैंक की राजनीति के कारण कांग्रेस पार्टी ने सीएए का विरोध किया।'' उन्होंने कहा कि पाकिस्तान और बांग्लादेश से लाखों-करोड़ों लोग अपनी आस्था और सम्मान को बचाने के लिए भारत आए लेकिन उन्हें नागरिकता नहीं दी गई। उन्होंने कहा-नागरिकता नहीं मिलने से उन्होंने अपने देश में खुद को अपमानित महसूस किया।

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सीएए के जरिए हिंदू, बौद्ध, जैन और सिख शरणार्थियों को नागरिकता देकर उनका सम्मान किया है। शाह ने अनुच्छेद 370 के कुछ प्रावधानों को निरस्त करने, अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण, लोकसभा व राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण, तीन तलाक को खत्म करने और देश के सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में उभरने जैसी मोदी सरकार की कुछ उपलब्धियों को रेखांकित किया।

## राहुल ने महाराष्ट्र में किया जातिगत गणना का वादा

मुंबई, एजेंसी



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि यदि उनकी पार्टी की सरकार बनती है, तो वह जातिगत गणना और आर्थिक एवं वित्तीय सर्वेक्षण कराएगी तथा भाजपा नीत शासन में 'कमजोर' हुए वन अधिकार अधिनियम को भी मजबूत करेगी। 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के गुजरात से महाराष्ट्र में प्रवेश करने के बाद आदिवासी-बहुल नंदुरबार जिले में उन्होंने कहा कि भारत की आबादी में आदिवासियों की आठ प्रतिशत हिस्सेदारी है और कांग्रेस यह सुनिश्चित करेगी कि उन्हें विकास में उनकी जनसंख्या के अनुरूप हिस्सा मिले। उन्होंने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी पार्टी की सरकार 50% अधिक आदिवासी आबादी वाले गांवों को "संविधान की छठी अनुसूची" में शामिल करेगी, ताकि स्थानीय स्तर के फैसले आदिवासियों की सहमति के बिना लागू नहीं किए जा सकें।

## केंद्र सरकार ने बनाई न्यूज एजेंसी अनुराग ठाकुर आज करेंगे शुभारंभ

**नई दिल्ली, ब्यूरो:** केंद्र सरकार ने समाचार एजेंसियों की तर्ज पर अपनी न्यूज एजेंसी का सृजन किया है। इसका शुभारंभ केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर आज करेंगे।

सरकारी न्यूज एजेंसी शुरू करने की संरचना प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी ने तैयार की थी। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले यह न्यूज़ एजेंसी ऑनलाइन हो जाएगी। कोई भी देश का नागरिक समाचार माध्यम जैसे अखबार, मैगजीन, यू ट्यूबर, डिजिटल मीडिया आदि इस एजेंसी के माध्यम से फ्री सेवा का लाभ उठा सकेंगे।

## राशन वितरण घोटाले में शाहजहां शेख की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने राशन वितरण में कथित घोटाले की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच के सिलसिले में, तृणमूल कांग्रेस के निलंबित नेता शाहजहां शेख की अग्रिम जमानत याचिका मंगलवार को खारिज कर दी। ईडी ने मामले में पश्चिम बंगाल के मंत्री ज्योतिप्रिय मलिक को इससे पहले गिरफ्तार किया था। वह 2011 से 2021 तक प्रदेश सरकार में खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री थे। न्यायमूर्ति देबांगशु बासक ने शेख के वकील और ईडी की दलीलें सुनने के बाद अग्रिम जमानत की याचिका खारिज कर दी। इससे पहले, ईडी ने शेख की याचिका का विरोध किया।

## मोरारजी देसाई योग संस्थान में 9 माह से निदेशक नहीं

नई दिल्ली, ब्यूरो

**लापरवाही**

● आयुष मंत्रालय को अपनी पसंद की है तलाश

**अमृत विचार:** उत्तर भारत के योग क्षेत्र में अपनी उत्कृष्ट पहचान बनाने वाला "मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान" पिछले 9 माह से नेतृत्व विहीन है। डा. ईश्वर वी बसवारेड्डी द्वारा गत वर्ष अवकाश ग्रहण करने के बाद निर्देशक का पद रिक्त है।

संस्थान के सूत्रों के मुताबिक डॉ. बसवारेड्डी गत वर्ष 30 जून को रिटायर हुए थे। उससे पहले इस पद पर योग्य उम्मीदवार के लिए विज्ञापन भी जारी किया गया था लेकिन आयुष मंत्रालय ने किसी को भी उक्त पद के लिए उपयुक्त नहीं समझा और मंत्रालय के एक निदेशक विक्रम सिंह को कार्यवाहक के रूप में संस्थान की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंप दी गई। उन्होंने 13 दिसंबर तक निदेशक पद का अतिरिक्त कार्यभार संभाला। इसी बीच चर्चा थी कि किसी योग गुरु को निदेशक बनाया जाएगा। लेकिन 22 दिसंबर को आयुष मंत्रालय की एक अन्य निदेशक विजय लक्ष्मी भारद्वाज को अतिरिक्त कार्यभार सौंप दिया गया। इसकी वजह से मंत्रालय के तमाम फैसले काफी विलंब से हो रहे हैं क्योंकि क्योंकि फुल टाइमर निदेशक नहीं है।

उल्लेखनीय है कि अशोक रोड स्थित मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान का परिसर कभी पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के योग गुरु धीरेंद्र ब्रह्मचारी का आवास हुआ करता था। उनकी मृत्यु के बाद शहरी विकास मंत्रालय ने यह परिसर धीरेंद्र ब्रह्मचारी के शिष्यों से खाली करवा लिया और वहां पर आलीशान इमारत बनवाकर मोरारजी देसाई योग संस्थान की स्थापना कर दी गई थी। स्थापना के कई वर्षों बाद तक इस संस्थान में केवल डिप्लोमा होता था। लेकिन पूर्व निदेशक डा. बसवारेड्डी के अथक प्रयासों के चलते इसमें बीएससी एवं एमएससी पाठ्यक्रम को भी लागू कर दिया गया। इन दिनों पीएचडी पाठ्यक्रम की भी तैयारी चल रही थी और इस संस्थान को योग विश्वविद्यालय के रूप में विकसित करने की भी प्रक्रिया शुरू हुई थी। मगर आयुष मंत्रालय की आयुर्वेदिक लॉबी के दबाव के चलते इस संस्थान को योग विश्वविद्यालय के रूप में विकसित करने का फैसला वापस ले लिया गया और अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान परिसर में योग की जगह आयुष विश्वविद्यालय बनाने की प्रक्रिया शुरू हो गई।

कुल मिलाकर आयुष मंत्रालय की आयुर्वेद एवं प्राकृतिक चिकित्सकों की वजह से योग संस्थान में ग्रहण लगा हुआ है।उसका सबसे बड़ा उदाहरण 9 माह से निदेशक पद पर किसी की नियुक्ति न होना है।

इस संबंध में योग संस्थान के प्रवक्ता ने बताया कि निदेशक पद पर किसी योग्य योग गुरु को नियुक्त करने के लिए दो-दो बार विज्ञापन दिए जा चुके हैं और प्रक्रिया जारी है।

# भारतवंशी बनवा सकेंगे ओसीआई कार्ड : मुर्मू

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मॉरीशस की तीन दिवसीय राजकीय यात्रा के दौरान की घोषणा

पोर्ट लुइस, एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को कहा कि भारत ने मॉरीशस में रह रहे भारतवंशियों की सातवीं पीढ़ी को भारत की विदेशी नागरिकता (ओसीआई) कार्ड देने के लिए विशेष प्रविधान को मंजूरी दी है। यह कदम यहां के युवाओं उनके पूर्वजों की भूमि से फिर से जोड़ने का एक प्रयास है।

इस दौरान उन्होंने घोषणा की कि भारत सरकार पवित्र गंगा तालाब परिसर का धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटक केंद्र के रूप में पुनर्विकास करने में मॉरीशस सरकार की मदद करेगी। वह तीन दिवसीय मारीशस की राजकीय यात्रा पर हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु मंगलवार को मारीशस के 56वें राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल


ऐतिहासिक दांडी मार्च की वर्षगांठ पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करतीं राष्ट्रपति मुर्मू।

हुईं। इस दौरान उन्होंने बधाई देते हुए कहा कि वह समारोह में भाग लेकर बेहद खुश हैं और प्रार्थना करती हैं कि दोनों देशों के संबंध मजबूत बने रहें। इधर, मॉरीशस विश्वविद्यालय ने मंगलवार को राष्ट्रपति मुर्मु को डाक्टर आफ सिविल ला की मानद उपाधि से सम्मानित किया। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने 'एक्स' पर लिखा, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महात्मा के सार्वभौमिक आदर्शों को याद किया और मॉरीशस में सांस्कृतिक समझ को बढ़ावा देने वाले महात्मा गांधी संस्थान में बापू को श्रद्धांजलि दी। समारोह में राष्ट्रपति ने मॉरीशस में अपनी सांस्कृति विरासत को संरक्षित करने और उसे भावी पीढ़ियों तक पहुंचाने के लिए प्रवासी भारतीयों को धन्यवाद दिया। आज मॉरीशस का राष्ट्रीय दिवस है। राष्ट्रपति मुर्मू इसमें बतौर मुख्य अतिथि पहुंची हैं। उन्होंने मॉरीशस में महात्मा गांधी मेट्रो स्टेशन तक एक छोटी मेट्रो यात्रा भी की। विदेश मंत्रालय ने एक अन्य पोस्ट में कहा, महात्मा गांधी के दांडी मार्च की शुरुआत के ऐतिहासिक दिन राष्ट्रपति मुर्मू ने मेट्रो में थोड़ी देर यात्रा की और मॉरीशस के महात्मा गांधी मेट्रो स्टेशन पहुंचीं।

# लोस चुनाव में 8.1% नए मतदाताओं की बढ़ोतरी

*इस साल होने वाले लोकसभा चुनाव में 96.8 करोड़ से अधिक नागरिक मतदान करेंगे। ये लोग ही भारत को दुनिया में वोट डालने वाले सबसे बड़े लोकतांत्रिक देशों में से एक बनाते हैं। यह संख्या 2019 के चुनावों से पहले रजिस्टर्ड 89.6 करोड़ लोगों से 8.1% अधिक है। इस बार कुल मतदाताओं में 49.7 करोड़ पुरुष मतदाता (2019 से 6.9% अधिक) और 47.1 करोड़ महिलाएं (9.3% अधिक) शामिल हैं। यह देश की आबादी का 66.8% है। देश में इस बार 21.6 करोड़ 18-29 वर्ष की आयु के मतदाता है। इनकी संख्या कुल मतदाताओं के 22% से अधिक हैं।*



## 2 करोड़ युवा पहली बार करेंगे मतदान

लेटेस्ट वोटर लिस्ट में 18-19 आयु वर्ग के लगभग 1.85 करोड़ पहली बार मतदाताओं को जोड़ा गया है। यह 2019 में जोड़े गए 18-19 वर्ष के बच्चों से 22.7% अधिक है। साथ ही, 17 साल से अधिक उम्र के युवाओं से नामांकन के लिए 10.6 लाख अग्रिम आवेदन प्राप्त हुए हैं। 2024 की अंतिम सूची के अनुसार, 20-29 आयु वर्ग के मतदाताओं की कुल संख्या 19.7 करोड़ से अधिक है। 1 जनवरी, 2024 तक थर्ड जेंडर मतदाताओं की कुल संख्या 48,044 है। यह 2019 में 39,683 से अधिक है, जबकि पीडब्ल्यूडी (विकलांग व्यक्ति) मतदाता 45.6 लाख से 88.4 लाख हो गए हैं। यह संख्या लगभग दोगुनी बढ़ी है। नवीनतम सूची में 1.86 करोड़ वरिष्ठ नागरिक शामिल हैं। इनमें 2.38 लाख 100 साल या इससे अधिक उम्र के व्यक्ति हैं।

## 12 राज्यों में महिला वोटर अधिक



मतदाताओं के लिंग अनुपात (प्रति 1,000 पुरुष मतदाताओं पर महिलाओं की संख्या) में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। ये 2019 में 928 से बढ़कर इस बार 948 हो गया है। पिछले पांच वर्षों में 3.2 करोड़ पुरुषों की तुलना में 4 करोड़ से अधिक महिला मतदाता जुड़ी हैं। 2019 के लोकसभा चुनावों में 43.1 करोड़ के बाद से, इस वर्ष महिला मतदाताओं में 9.3% की वृद्धि हुई है। जबकि पुरुष मतदाताओं में 46.4 करोड़ से 6.9% की वृद्धि हुई है। तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़ और केरल सहित एक दर्जन राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में महिला मतदाताओं की संख्या पुरुष मतदाताओं से अधिक है।

## यूपी में मतदाताओं की संख्या बढ़ी

यूपी में इस बार करीब 26 लाख मतदाता बढ़े हैं। कुल वोटर्स की संख्या 15.30 करोड़ हो गई है। इस बार 57 लाख लोगों के नाम मतदाता सूची में जोड़े गए हैं। जबकि 31 लाख लोगों के नाम सूची से कटे हैं। 1 जनवरी 2024 तक जोड़े गए युवा मतदाताओं की संख्या 15 लाख है। मतदाता पुनरीक्षण अभियान के अनुसार इस बार प्रदेश में महिला, पुरुष मतदाताओं का अनुपात और सुधरने की उम्मीद है। चुनाव आयोग का इस पर खास फोकस रहा है। यही वजह है कि पिछले 10 वर्षों में पुरुषों की तुलना में महिला मतदाताओं की संख्या में इजाफा हो रहा है। पिछले वर्ष मतदाता सूची में एक हजार पुरुषों की तुलना में 867 महिलाएं थीं, इस वर्ष यह अनुपात और सुधरने की उम्मीद है। नए मतदाता बनने के लिए फॉर्म-छह भरना होगा। मतदाता सूची से नाम कटवाने के लिए फॉर्म-सात व मतदाता सूची में दर्ज त्रुटिपूर्ण नाम सुधारने या फिर पता बदलने के लिए फॉर्म-आठ भरना होगा।




## एक नजर

### हूती हमलों के जवाब में अमेरिका और ब्रिटेन ने किए हवाई हमले

**लंदन।** लाल सागर में जहाजों पर हूती हमलों के जवाब में अमेरिका और ब्रिटेन ने यमन पर करीब 15 हवाई हमले किए हैं। अल-मसीरा प्रसारक ने मंगलवार को बताया कि अमेरिका और ब्रिटेन के विमानों ने उत्तरी यमन के सादाह प्रांत पर पांच हमले किए। इसके अलावा, उन्होंने होदेइदाह प्रांत सहित पश्चिमी यमन में लगभग 15 हमले किए। यमन के बड़े हिस्से को नियंत्रित करने वाले हूती आंदोलन ने नवंबर 2023 में इजराइल से जुड़े किसी भी जहाज पर हमला करने की कसम खाई थी जब तक कि वह गाजा पट्टी में सैन्य कार्रवाई बंद नहीं कर देता।

### हिजबुल्लाह ने इजराइल पर दागे 100 रॉकेटः इजराइली रक्षा बल

**यरूशलम।** इजराइल की ओर से लेबनान पर किए गए हवाई हमलों के जवाब में हिजबुल्लाह आतंकवादियों ने मंगलवार सुबह उत्तरी इजराइल की ओर करीब 100 रॉकेट दागे। इजराइली रक्षा बलों (आईडीएफ) के अनुसार लेबनान के हिजबुल्लाह आतंकवादियों ने अपर गैलिली क्षेत्र और इजराइल के आधिपत्य वाले गोलान हाइट्स पर रॉकेट दागे हैं। देश की हवाई रक्षा प्रणालियों ने कुछ रॉकेटों को हवा में ही मार गिराया। हमलों में किसी के हताहत होने के बारे में तत्काल कोई जानकारी नहीं मिली है। आईडीएफ ने एक बयान में पुष्टि की कि हिजबुल्लाह के रॉकेट हमलों के जवाब में उसके लड़ाकू विमानों ने सुबह रॉकेट दागने के लिए इस्तेमाल किये गए तीन लॉन्चरों पर हमला किया।

### मध्य पाकिस्तान में इमारत ढही नौ लोगों की मौत, कई घायल

**मुल्तान।** पाकिस्तान के मुल्तान शहर में मंगलवार तड़के एक तीन मंजिला आवासीय इमारत ढह गई, जिससे नौ लोगों की मौत हो गई। वरिष्ठ सरकारी अधिकारी रिजवान कादिर ने कहा कि इमारत का मलबा आसपास के घरों पर भी गिरा, जिससे कई लोग घायल हो गए। उन्होंने बताया कि मृतकों में एक ही परिवार के चार सदस्य शामिल हैं। पाकिस्तान में इमारतों का ढहना आम बात है, लागत में कटौती के लिए सुरक्षा दिशानिर्देशों की अनदेखी की जाती है। जून 2020 में देश के सबसे बड़े शहर कराची में एक इमारत गिरने से 22 लोगों की मौत हो गई थी।

### बोलीविया में भूस्खलन, बारिश और बाढ़ से 51 लोगों की मौत

**ला पाज।** बोलीविया में नवंबर से अब तक भारी बारिश के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन से 51 लोगों की जान चली गई है। नागरिक सुरक्षा उप मंत्री जुआन कार्लोस कैल्विमोंटेस ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि बारिश से दक्षिण अमेरिकी देश में 43 हजार से ज्यादा परिवार प्रभावित हुए हैं। बोलीविया में बारिश और प्राकृतिक आपदाओं के कारण मानवीय संकट का सामना करना पड़ रहा है। बोलीविया में बारिश का मौसम आमतौर पर नवंबर में शुरू होता है और मार्च तक रहता है।

# आतंकवाद से निपटने की प्रतिबद्धता में दोहरे दृष्टिकोण की गंधः रूचिरा

## यूएन में भारत के निशाने पर चीन, वीटो शक्तियों के उपयोग पर की कड़ी निंदा

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में वैश्विक आतंकवादियों को काली सूची में डालने से रोकने के लिए अपनी वीटो शक्तियों का उपयोग करने वाले देशों की कड़ी निंदा की है। कहा कि यह अभ्यास अनावश्यक है और आतंकवाद की चुनौती से निपटने में परिषद की प्रतिबद्धता के प्रति दोहरे दृष्टिकोण की गंध आती है।



संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के एक सत्र में भाग लिया। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर स्वीकृत आतंकवादियों के लिए वास्तविक साक्ष्य-आधारित सूची प्रस्तावों को बिना किसी उचित औचित्य के रोकना अनावश्यक है और जब आतंकवाद की चुनौती से निपटने में परिषद की प्रतिबद्धता की बात आती है तो दोहरेपन की बू आती है उन्होंने कहा कि पिछले साल, भारत और अमेरिका द्वारा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की 1267 अलकायदा प्रतिबंध समिति को पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के आतंकवादी साजिद मीर को वैश्विक आतंकवादी के रूप में नामित करने के लिए एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया था, जिसपर चीन ने तकनीकी रोक लगा दी थी।

### अरुणाचल को लेकर चीन की आपत्ति को भारत ने किया खारिज

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अरुणाचल दौरे पर चीन की टिप्पणी को लेकर भारत ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम प्रधानमंत्री की अरुणाचल प्रदेश यात्रा के संबंध में चीनी पक्ष की टिप्पणियों को खारिज करते हैं। अरुणाचल प्रदेश राज्य भारत का अभिन्न और अटूट हिस्सा था, है और हमेशा रहेगा। दरअसल, प्रधानमंत्री मोदी के अरुणाचल दौरे को लेकर चीन ने भारत के समक्ष विरोध दर्ज कराया था। चीन ने सोमवार को कहा कि पीएम मोदी के पिछले सप्ताह अरुणाचल प्रदेश का दौरा करने को लेकर उसने भारत के समक्ष राजनयिक विरोध दर्ज कराया है और भारत के इस कदम से सीमा विवाद के केवल (और) जटिल होने की बात कही। साथ ही चीन ने इस क्षेत्र पर फिर से अपना दावा जताया।

### तनाव से ना भारत को कुछ हासिल हुआ, न ही चीन को : जयशंकर



**नई दिल्ली।** पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ लगभग चार वर्षों से चल रहे सीमा विवाद की पृष्ठभूमि में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को कहा कि इस अवधि में तनाव से हममें से किसी को भी फायदा नहीं हुआ। साथ ही कहा कि भारत उचित हल खोजने के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन वह ऐसा होना चाहिए जो समझौतों का सम्मान करता हो और वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) को मान्यता देता हो। उन्होंने यह भी कहा कि भारत ने पाकिस्तान के साथ बातचीत के लिए अपने दरवाजे कभी बंद नहीं किए, लेकिन आतंकवाद का मुद्दा बातचीत के केंद्र में उचित और स्पष्ट रूप से होना चाहिए। हाल ही में दक्षिण कोरिया और जापान की यात्रा से लौटे जयशंकर ने एक कार्यक्रम में सीमा मुद्दे को हल करने के लिए अतीत में चीन की ओर से गई पेशकश पर उनके विचारों के बारे में कहा, सीमा विवाद पर बातचीत में शामिल किसी भी देश को यह विश्वास करना होगा कि इसका समाधान होना चाहिए।

## पाकिस्तानः नवाज के करीबी इशाक डार बने विदेश मंत्री



**इस्लामाबाद।** अर्थशास्त्री इशाक डार ने मंगलवार को नए विदेश मंत्री के रूप में कार्यभार संभाला। आर्थिक संकट में घिरे पाकिस्तान की नई सरकार भारत और अन्य पड़ोसियों के साथ अपने संबंधों को सुधारने के प्रयास कर रही है ।

प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अपने मंत्रिमंडल में 19 सदस्यों को शामिल कर किया है। वह पार्टी प्रमुख और तीन बार के नवाज के भी खास हैं। इससे पहले वह चार बार पाकिस्तान के वित्त मंत्री की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं।

# स्व-निर्वासन के बाद पूर्व पीएम नवाज के बेटे लौटे पाकिस्तान

लाहौर, एजेंसी



- पनामा पेपर्स घोटाले में नाम आने के बाद 2018 में छोड़ा था देश

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के दोनों बेटे छह साल बाद ब्रिटेन से वापस अपने देश लौटे हैं। दरअसल, पनामा पेपर्स घोटाले में जवाबदेही अदालत द्वारा उनके गिरफ्तारी वारंट को निलंबित करने के बाद छह साल के आत्म-निर्वासन के बाद वह पाकिस्तान वापस आए हैं।

2016 के पनामा पेपर्स घोटाले में नाम आने के बाद हसन नवाज और हुसैन नवाज ने 2018 में देश छोड़ दिया था। एक जवाबदेही अदालत ने उन्हें 2018 में एवेनफील्ड मामले में अपराधी घोषित किया था और उनके खिलाफ गैर-जमानती स्थायी गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। यह मामला शरीफ परिवार के लंदन में लग्जरी अपार्टमेंट के स्वामित्व और अधिग्रहण के इर्द-गिर्द घूम रहा है। सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) पार्टी ने एक बयान में कहा, "नवाज के बेटे मंगलवार को लंदन से यहां पहुंचे और उन्हें कड़ी सुरक्षा में उनके जाति उमरा लाहौर स्थित घर ले जाया गया। मालूम हो कि नवाज शरीफ पीएमएल-एन सुप्रीमो हैं।

# फेक न्यूज पर लगेगी लगाम, गूगल ने ईसी से मिलाया हाथ

**नई दिल्ली।** अल्फाबेट इंक के स्वामित्व वाली गूगल ने आगामी आम चुनावों के दौरान गलत सूचना के प्रसार रोकने, फेक न्यूज को बढ़ावा देने और एआई से तैयार किए गए डाटा को रोकने के लिए भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) के साथ हाथ मिलाया है।

गूगल इंडिया ने इसकी जानकारी अपने एक ब्लॉग में दी है। गूगल ने कहा है कि भारत में आगामी लोकसभा चुनाव के लेकर खास तैयारी की गई है। गूगल ने कहा है कि हम चुनाव आयोग के साथ मिलकर काम कर रहे हैं ताकि लोगों को चुनाव और वोटिंग से संबंधित जानकारी अंग्रेजी और हिंदी दोनों में सटीक तौर पर मिल सके। गूगल ने कहा है कि हम एआई से तैयार किए गए कंटेंट को पहचान करने के तरीके भी लोगों को बताएंगे। इस तरह के मौके पर विज्ञापनदाता एआई का गलत इस्तेमाल करते हैं, लेकिन हम भी यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हम लोगों को अधिक पारदर्शिता के साथ जानकारी मिले। हमारी विज्ञापन नीतियां पहले से ही लोगों को गुमराह करने के लिए हेरफेर किए गए मीडिया के इस्तेमाल पर रोक लगाती हैं, जैसे डीपफेक या छेड़छाड़ की गई सामग्री।

## जल बिन सब सून...



**बेंगलुरु :** गत वर्ष कम बारिश और अब पारा बढ़ने के साथ कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में पानी का संकट गहरा गया है। लोग पानी की बूंद-बूंद को परेशान हैं। शहर की सड़कों पर पानी के टैंकर दौड़ते नजर आ रहे हैं। पानी की समस्या के कारण सामान्य दिनों में 700 से 800 रुपये में मिलने वाले पानी टैंकरों की कीमत 1500 से 1800 तक पहुंच गई है। जल संकट को लेकर लोग सड़कों पर उतर आए हैं, हाथों में मटकी लेकर महिलाओं ने देश की आईटी राजधानी कहे जाने वाले शहर में विरोध प्रदर्शन किया। • एजेंसी

# गुजरात में एटीएस-एनसीबी की कार्रवाई, 6 पाकिस्तानी गिरफ्तार

गुजरात, एजेंसी

- 480 करोड़ की ड्रग्स बरामद
- संयुक्त टीम ने अब तक जब्त की तीन हजार करोड़ की ड्रग्स

गुजरात एटीएस ने इंडियन कोस्ट गार्ड और एनसीबी के साथ एक संयुक्त अभियान चलाया। इस ऑपरेशन में छह पाकिस्तानियों को भारी मात्रा में ड्रग्स के साथ पकड़ा गया। इस ऑपरेशन में 480 करोड़ रुपये की ड्रग्स जब्त की गई है। सभी आरोपियों को पोरबंदर लाया जाएगा। कोस्ट गार्ड, एटीएस और एनसीबी ने मिलकर अब तक 3,135 करोड़ रुपये की ड्रग्स जब्त की है।

एनसीबी ने इस ऑपरेशन को लेकर कहा कि 11 और 12 मार्च को रात भर के संयुक्त अभियान में, भारतीय तटरक्षक बल ने एक पाकिस्तानी नाव को 6 चालक दल के साथ और लगभग 480 करोड़ रुपये मूल्य की लगभग 80 किलोग्राम ड्रग्स के साथ पकड़ा। नाव को पोरबंदर से लगभग 350 किलोमीटर दूर अरब सागर में आईसीजी जहाजों और डोर्नियर विमान के समुद्री-हवाई समन्वित अभियान में पकड़ा गया। ऑपरेशन में आईसीजी, एनसीबी और एटीएस गुजरात के बीच अच्छे समन्वित प्रयासों का प्रदर्शन हुआ। पिछले तीन वर्षों में एटीएस गुजरात और एनसीबी के साथ संयुक्त रूप से आईसीजी द्वारा की गई यह दसवीं गिरफ्तारी है, जिसमें 3,135 करोड़ रुपये मूल्य की 517 किलोग्राम नशीले पदार्थ की मात्रा है।

## हिंदू-अमेरिकी संगठन ने भारत में सीएए लागू होने पर जताई खुशी

**वाशिंगटन।** अमेरिका में भारतवंशी समुदाय ने भारत में सीएए लागू किए जाने पर खुशी जताई है। अमेरिकी हिंदू समूहों का मानना है कि भारत में सीएए अमेरिका में धार्मिक शरणार्थियों के लिए लागू लाडेनबर्ग संशोधन को प्रतिबिंबित करता है।

मीडिया के मुताबिक, हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन (एचएएफ) की कार्यकारी निदेशक सुहाग शुक्ला ने कहा, भारत में लंबे समय से लंबित सीएए कुछ अत्यंत असहाय शरणार्थियों की रक्षा करता है। यह उन्हें वह मानवाधिकार प्रदान करता है, जिनसे उन्हें वंचित कर दिया गया था। यह उन्हें अपने जीवन का पुनर्निर्माण करने के लिए आवश्यक नागरिकता का स्पष्ट और त्वरित मार्ग प्रदान करता है।

# बिना एनआरसी के आवेदन पर किसी को भी नागरिकता मिली तो दे दूंगा इस्तीफाः सीएम हिमंत

**गुवाहाटी, एजेंसी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने सीएए को लेकर मंगलवार को बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि अगर एनआरसी के लिए आवेदन नहीं करने वाले किसी व्यक्ति को नागरिकता मिल गई तो वह अपने पद से इस्तीफा देने वाले पहल व्यक्ति होंगे।



मीडिया के अनुसार, असम के सीएम ने कहा कि 'अगर एनआरसी के लिए आवेदन नहीं करने वाले किसी व्यक्ति को नागरिकता मिल जाती है तो मैं इस्तीफा देने वाला पहला व्यक्ति होऊंगा। दरअसल, चार साल बाद केंद्र सरकार ने सोमवार शाम को नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के लिए एक अधिसूचना जारी की। यह 2024 के लोकसभा चुनाव के कुछ हफ्ते पहले ही लागू की गई है। विपक्षी राजनेताओं के विरोध के बीच दिसंबर 2019 में संसद द्वारा सीएए को पहले ही मंजूरी दे दी गई थी। सरमा की टिप्पणी सोमवार को सीएए को लागू करने के लिए केंद्र में भाजपा सरकार की आलोचना करने वाले विपक्षी दलों के साथ पूरे असम में विरोध प्रदर्शन के बाद आई है।

**विज्ञान** विकिरण का बड़ा जोखिम है अंतरिक्ष पर्यटन, वैज्ञानिकों की चेतावनी-संचालकों को सावधानी बरतनी बेहद जरूरी

# स्पेस टूरिज्म विश्व में तेजी से पसार रहा पैर, निजी कंपनियां आगे

बबलू चंद्रा, नैनीताल

**अमृत विचार :** स्पेस टूरिज्म यानी अंतरिक्ष की सैर कराने वाला रोमांचक पर्यटन है। मगर इस पर्यटन में खतरे भी कम नही हैं। हाल में हुए शोध में चेतावनी दी है कि ब्रह्मांड से आने वाला विकिरण अंतरिक्ष यात्रियों के लिए बड़ा खतरा हो सकता है।

लिहाजा संचालकों को सावधानी बरतनी बेहद जरूरी है। स्पेस टूरिज्म का सपना शायद सदियों पुराना रहा हो , लेकिन इसने वर्ष 2020 से जोर पकड़ा है। बेहद जोखिमभरा पर्यटन होने के बावजूद वर्तमान में दुनिया के हजारों लोग इस पर्यटन का आनंद लेना चाहते हैं। मगर इस पर्यटन में अंतरिक्ष मौसम विकिरण बड़ा जोखिम हो सकता है। इससे निपटने के लिए सुरक्षा उपाय पुख्ता किए जाने की सख्त जरूरत है।

दरअसल सौर विकिरण अंतरिक्ष में आए दिन पहुचते रहता है। जिससे स्वास्थ्य को बड़ा नुकसान हो सकता है। जिसमें कैंसर सबसे बड़ा खतरा है। साथ ही डीएनए को भी खतरा हो सकता है। इस पर अमेरिकी सरे विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने शोध किया है। सभी जानते हैं कि हमारा वायुमंडल सूर्य से आने वाले विद्युत आवेशित कणों से बचाता है और सूर्य से आने वाले विकिरण को चुम्बकीय क्षेत्र में समाहित कर लेता है। जिस कारण प्राकृतिक रूप से हमारे स्वास्थ्य की रक्षा होती है। मगर अंतरीक्ष में यह रक्षा सम्भव नही है। अंतरिक्ष मौसम विशेषज्ञों ने स्पेस टूरिज्म के तेजी से बढ़ते प्रचलन ने नए नियम बनाने की सख्त पैरवी की है। जिससे विकिरण संबंधित खतरे से यह पर्यटन मुक्त हो। सरे स्पेस सेंटर में शोधकर्ता क्रिस रीस के अनुसार अंतरिक्ष पर्यटन विशिष्ट है और तेजी से उद्योग के रूप में विकसित हो रहा है। मगर अंतरिक्ष उड़ानों के दौरान अधिक लोग ब्रह्मांडीय विकिरण के संपर्क से प्रभावित हो सकते हैं।



स्पेस एक्स का अंतरिक्ष यान।

### शून्य ग्रेविटी का एहसास कराता है स्पेस टूरिज्म

स्पेस टूरिज्म आसमान में उतनी ऊंचाई तक ले जाता है, जहां शून्य ग्रेविटी का एहसास होता है। यह ऊंचाई 100 किमी तक होती है और लगभग आठ मिनट में यात्री इस ऊंचाई तक पहुँच जाते हैं। इस सफर में पृथ्वी को निहारना सुखद एहसास दिलाता है। यह यात्रा करीब डेढ़ घंटे की होती है। मगर इसका परीक्षण कई चरणों मे कई महीने चलता है।

### टूरिज्म में तेजी से बढ़ रही प्रतिस्पर्धा

अंतरिक्ष पर्यटन में प्रतिस्पर्धा तेजी से बढ़ने लगी है। जिसमें निजी स्तर पर कुछ देशों की कंपनियां शामिल हैं। इस दौड़ में स्पेस एक्स, वर्जिन गैलेक्टिक व ब्लू ओरिजन सबसे आगे हैं। इन कंपनियों के जरिए अभी तक कई दर्जन यात्री अंतरिक्ष की सैर कर चुके हैं। बड़ी बात यह है कि यह कंपनियां अब चंद्रमा व मंगल ग्रह की सैर कराने की तैयारियों में जुटे हुए हैं । जिसमें स्पेस एक्स का दावा है कि वह सबसे पहले मंगल पर अपने यात्रियों को पहुचाएगा। अंतरिक्ष पर्यटन की बढ़ती मांग को लेकर अमेरिका की निजी कंपनी स्पेस-एक्स सबसे आगे हैं, जो आने वाले कुछ सालों में मंगल की सतह पर कदम रखेगी।

## रूस का सैन्य विमान दुर्घटनाग्रस्त, बाल बाल बचे 15 लोग

**मॉस्को।** रूस में मंगलवार को एक विमान दुर्घटना का शिकार हो गया। हादसे के वक्त विमान में 15 लोग सवार थे। इस घटना में रूस ने जानकारी देते हुए कहा कि उसका एक इल्यूशिन आईएल-76 सैन्य मालवाहक विमान मंगलवार को उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

दुर्घटना के वक्त विमान के एक इंजन में आग लग गया जिसकी वजह से यह हादसा हुआ। हादसे के वक्त विमान में 15 लोग सवार थे। रूसी सोशल मीडिया नेटवर्क पर असत्यापित वीडियो में एक विमान को जलते हुए इंजन के साथ नीचे की ओर जाते हुए दिखाया गया है। हेलीकॉप्टर के चक्कर लगाते समय धुएं का बहुत बड़ा गुबार आसमान में उठता हुआ देखा गया।

# छह माह बाद आईएसएस से धरती पर लौटे अंतरिक्ष यात्री



केप कैनावेरल, एजेंसी

अंतर्राष्ट्रीय स्पेस स्टेशन (आईएसएस) पर छह माह बिताने के बाद चार देशों के चार अंतरिक्ष यात्री मंगलवार को धरती पर लौट आए। अंतरिक्ष यात्रियों का कैप्सूल मंगलवार को अमेरिका में घूमता रहा और फिर फ्लोरिडा पैनहैंडल के निकट मेक्सिको की खाड़ी में उतरा। नासा के जैसमिन मोघबेली ने लौटने वाले दल का नेतृत्व किया।

दल में डेनमार्क के एंड्रियास मोगेन्सन, जापान के सातोशी फुरुकावा और रूस के कॉन्स्टेंटिन बोरिसोव भी शामिल रहे। ये गत अगस्त आइएसएस पर पहुंचे थे और गत सप्ताह उनके स्थान पर अन्य अंतरिक्ष यात्री आइएसएस पहुंच गए। मोहबेली पर परिक्रमा परिसर छोड़ने के बाद रेडियो पर कहा कि हमने आपके लिए कुछ पीनट बटर और टॉर्टिला (मैक्सिकन रोटी) छोड़ा है।

इसके जवाब में नासा की लोरल ओ हारा ने जवाब दिया कि मुझे आपकी पहले से ही याद आ रही है और उपहार के लिए धन्यवाद।